RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 22
लखनऊ, रविवार, 8 नवंबर, 2020
पृष्ठ 16+4 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




रामायण की प्रासंगिकता
आज के अंक के साथ
एजेण्डा

# बाइडेन चुने गए अमेरिका के राष्ट्रपति

- डोनाल्ड ट्रंप को कड़े मुकाबले में हराया
- भारतवंशी कमला हैरिस होंगी उपराष्ट्रपति
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाइडेन को दी बधाई

**भाषा।** वाशिंगटन/नई दिल्ली



**अमेरिकी** राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने शनिवार को रिपब्लिकन पार्टी के अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप को कड़े मुकाबले में हरा दिया। प्रमुख अमेरिकी मीडिया संस्थानों की रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार पेन्सिलवेनिया राज्य में जीत दर्ज करने के बाद 77 वर्षीय पूर्व उपराष्ट्रपति बाइडेन अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति होंगे। इस राज्य में जीत के बाद बाइडेन को 270 से अधिक इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिल गए जो जीत के लिए जरूरी थे। पेन्सिलवेनिया के 20 इलेक्टोरल वोटों के साथ बाइडेन के पास अब कुल 273 इलेक्टोरल वोट हो गए हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने से पहले बाइडेन पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में उपराष्ट्रपति पद पर रह चुके हैं। वह डेलावेयर के सबसे लंबे समय तक सीनेटर रहे हैं। भारतवंशी सीनेटर कमला हैरिस अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित होने वाली पहली महिला हैं। 56 वर्षीय हैरिस देश की पहली भारतवंशी, अश्वेत और अफ्रीकी अमेरिकी उपराष्ट्रपति होंगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो बाइडेन को बधाई दी, कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए वह उनके साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। वहीं बाइडेन ने शनिवार को कहा कि वह अमेरिकी जनता द्वारा उन पर और उनकी साथी तथा उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस पर जताए गए विश्वास को लेकर सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने देशवासियों से कहा कि यह एकजुट होने का समय है। बाइडेन (77) ने तीन नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका के प्रमुख समाचार संस्थानों द्वारा उन्हें विजेता घोषित किए जाने के बाद पहले बयान में कहा, मैं अमेरिकी जनता द्वारा मुझ पर और कमला हैरिस पर जताए गए विश्वास को लेकर सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा, कई बाधाओं का सामना करते हुए बड़ी संख्या में अमेरिकी जनता ने मतदान किया। इससे एक बार फिर यह साबित हो गया है कि लोकतंत्र अमेरिका के दिल की गहराई में बसा है। बाइडेन ने कहा, अभियान समाप्त होने के साथ ही यह समय क्रोध और कठोर बयानबाजी को पीछे छोड़कर राष्ट्र के तौर पर एक साथ आने का है। यह अमेरिका को एकजुट करने का समय है।बाइडेन और हैरिस अगले वर्ष 20 जनवरी को पद की शपथ लेंगे। बाइडेन ने ट्वीट किया, अमेरिका, आपने हमारे महान देश का नेतृत्व करने के लिए मुझे चुना, इससे मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। आगे का काम मुश्किल जरूर है लेकिन मैं आपसे वादा करता हूं: मैं सभी अमेरिकियों का राष्ट्रपति बनूंगा-भले ही आपने मुझे अपना मत दिया हो या नहीं। आपने मुझमें जो भरोसा जताया है, मैं उसे कायम रखूंगा। जिस वक्त प्रमुख मीडिया संस्थानों ने बाइडेन की जीत की खबर जारी की उस वक्त ट्रंप वर्जीनिया में गोल्फ खेल रहे थे। वर्ष 1992 में जॉर्ज एच डब्ल्यू बुश के बाद ट्रंप ऐसे पहले राष्ट्रपति हैं जो पुन:निर्वाचन के प्रयास में विफल रहे। पेन्सिलवेनिया में ट्रंप के काफी पिछड़ जाने के बाद प्रमुख मीडिया संस्थानों ने बाइडेन को विजेता बताना आरंभ कर दिया था।

पेनसिल्वेनिया, एरिजोना,नेवाडा और जॉर्जिया में मतगणना अभी भी चल रही है। इन चारों राज्यों में बाइडेन को अच्छी खासी बढ़त मिल चुकी है। सीएनएन ने कहा, जो बाइडेन अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति होंगे। वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा, एडिसन रिसर्च के मुताबिक पूर्व उपराष्ट्रपति जो बाइडेन के पेन्सिलवेनिया में जीतने और इसके 20 इलेक्टोरल वोट पाने के आसार हैं। इससे उनके पास आवश्यक 270 से अधिक मत हो जाएंगे। स्थानीय समयानुसार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे स्थिति काफी स्पष्ट हो गई। न्यूयार्क टाइम्स ने लिखा, जोसफ रॉबिनेटे बाइडेन ( शेष पेज 7 )

# नीतीश की विदाई और तेजस्वी की सरकार बनने के आसार

**बिहार चुनाव एग्जिट पोल**

- वोटरों को भाया महागठबंधन का बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा का मुद्दा
- भाजपा और जदयू की दोस्त पर चिराग फैक्टर पड़ा भारी, जंगलराज के तीर से अछूती रही नई पीढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



बिहार विधानसभा के लिए वैशाली में तीसरे चरण के मतदान में भाग लेते लोग

**बिहार** में एनडीए को करारा झटका लगने के आसार दिखाई दे रहे हैं क्योंकि शनिवार को विधानसभा चुनाव पर जारी एग्जिट पोल के मुताबिक यहां पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सत्ता से बेदखल हो सकते हैं और तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में राजद के नेतृत्व वाली सरकार बन सकती है।

बिहार विधानसभा चुनावों के लिए तीसरे और अंतिम चरण का मतदान शनिवार को हुआ और करीब 55 फीसदी वोटरों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अंतिम चरण में 243 सदस्यों वाली विधानसभा की 78 सीटों के लिए मतदान हुआ।

सभी एग्जिट पोल में जहां महागठबंधन को साफ बढ़त मिलती दिखाई दे रही है, वहीं बदलाव की यह बयार इतनी तेज है कि इंडिया टुडे-एक्सिस एग्जिट पोल में महागठबंधन को 138-161 सीट मिलती दिखाया गया है, जबकि चाणक्य ने 180 सीटों का अनुमान लगाया है। एग्जिट पोल भविष्यावाणी एनडीए के लिए एक सख्त संदेश है कि यदि विपक्ष आम आदमी की चिंताओं से जुड़े मुद्दों को सफलतापूर्वक उठाने में कामयाब रहता है तो हिंदुत्व आधारित अभियान को तवज्जो देने वाले कम हैं। यदि 10 नवंबर को एग्जिट पोल में की गई भविष्यवाणियां सही साबित होती हैं तो यह एनडीए के रणनीतिकारों के लिए करारा झटका होगा जिन्हें एक महीने पहले तक 243 सदस्यीय विधानसभा में 200 सीटें जीतने का भरोसा था।

18 महीने पहले ही लोकसभा चुनावों में एनडीए ने 40 में 39 सीटें जीतकर अपना दबदबा कायम किया था। उसकी झोली में 54 फीसदी वोट गए थे जबकि महागठबंधन को 29 फीसदी वोटों से संतोष करना पड़ा था। सरकारी विरोधी लहर के अलावा नीतीश कुमार को चिराग पासवान ने काफी नुकसान पहुंचाया। उन्होंने हर जदयू प्रत्याशी के खिलाफ उम्मीदवार उतारा और वे नीतीश कुमार को बाहर करने के एकमात्र मकसद के साथ चुनाव में उतरे थे। पूरे चुनाव अभियान में ( शेष पेज 7 )

# हर घर करेंगे रौशन और देंगे सस्ती बिजली: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हर घर को रौशन करेंगे तथा सस्ती बिजली देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर की विद्युत प्रणाली को मजबूत करने के लिये हेतु 4 नई विद्युत परियोजनाओं की घोषणा सहित लगभग 216 करोड़ रुपए की लागत की विभिन्न विद्युत परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

शिलान्यास की गई 7 ऊर्जा परियोजनाओं की लागत 94.95 करोड़ रुपए तथा लोकार्पित 6 परियोजनाओं की लागत 12 करोड़ रुपए से अधिक है। इनमें प्रस्तावित 4 नई विद्युत परियोजनाओं की अनुमानित लागत 108 करोड़ 50 लाख रुपए है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के सांसद रविकिशन शुक्ला, विधायक विपिन सिंह, शीतल पाण्डेय, संत प्रसाद से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने लोकार्पित एवं शिलान्यास की गई विद्युत परियोजनाओं को गोरखपुर और प्रदेशवासियों को दीपावली से पूर्व, ऊर्जा विभाग द्वारा अनुपम भेंट बताते हुए कहा कि विगत साढ़े तीन वर्षों में ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत के क्षेत्र में प्रदेश के कायाकल्प के कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए, जिन्होंने राज्य की तस्वीर को बदलने का कार्य किया।

इन वर्षों के दौरान 1.75 लाख गांवों व मजरों का विद्युतीकरण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के घर रौशन हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार का दृष्टिकोण रचनात्मक व सकारात्मक होने के कारण बगैर किसी भेदभाव के लोगों को विद्युत परियोजनाओं सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। आम आदमी के जीवन स्तर में व्यापक सुधार आया है। ईज आफ लिविंग राज्य सरकार की प्राथमिकता है। पूर्व सरकारों में विद्युत आपूर्ति में कटौती होती थी, लेकिन अब निर्बाध विद्युत आपूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुसार लोगों को प्राप्त हो रही है। नि:शुल्क विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। नए विद्युत उपकेन्द्रों और ट्रांसफार्मर्स की स्थापना की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्युत सुधार के कार्यक्रमों को अलग-अलग स्तर पर तेजी के साथ संचालित किया जा रहा है। सब स्टेशनों की क्षमता में भी मांग के अनुसार वृद्धि की गई है। सरकार का ध्यान सभी वर्गों के प्रति होने के ( शेष पेज 7 )

# नेकां और पीडीपी मिलकर लड़ेंगे जिला विकास परिषद चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के मुख्यधारा के सात दलों ने शनिवार को घोषणा की कि वे केन्द्र शासित प्रदेश में जिला विकास परिषद (डीडीसी) के चुनाव मिलकर लड़ेंगे। नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी समेत ये सातों दल तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य का विशेष दर्जा बहाल करने के लिए बनाए गए गुपकर घोषणापत्र गठबंधन (पीएजीडी) का हिस्सा हैं। जम्मू कश्मीर के निर्वाचन आयोग की ओर से शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार डीडीसी और सरपंच तथा पंच के विभिन्न पदों के लिए एक दिसम्बर से 24 दिसंबर के बीच आठ चरणों में चुनाव होगा। पीएजीडी ने पिछले महीने अपने गठन के बाद जम्मू में हुई पहली बैठक में डीडीसी चुनाव लड़ने का फैसला किया। गठबंधन के प्रवक्ता सज्जाद गनी लोन ने कहा, (बैठक का) एक एजेंडा आगामी डीडीसी चुनाव भी था और समय की कमी के बावजूद, आम सहमति से मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि पीएजीडी सभी औपचारिकताएं पूरी करेगा और इसके अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी ( शेष पेज 7 )

# युवाओं को कारोबार की सुगमता देगा देश

- आईआईटी दिल्ली के दीक्षांत समारोह में बोले प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि देश अपने युवाओं को कारोबार करने की सुगमता देगा और युवाओं को लोगों, खासकर निर्धनतम लोगों, को नवाचार के जरिए सुविधाजनक जीवन देने के लिए काम करना चाहिए। मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के 51वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस ने सिखाया है कि वैश्वीकरण महत्वपूर्ण है लेकिन इसके साथ-साथ आत्मनिर्भरता भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के बाद की दुनिया बहुत अलग होने जा रही है जिसमें सबसे बड़ी भूमिका प्रौद्योगिकी की होगी और वह आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता की बहुत बड़ी ताकत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्वीकरण महत्वपूर्ण है लेकिन इसके साथ-साथ आत्मनिर्भरता भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज का भारत अपने युवाओं को कारोबार करने में सुगमता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वे अपने नवाचार के माध्यम से देश के करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव ला सकें। उन्होंने युवाओं से कहा, देश आपको व्यापार करने में सुगमता प्रदान करेगा और आप इस देश के लोगों के जीवन को सुगम बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। मोदी ने छात्रों से आग्रह किया कि वे गुणवत्ता पर ध्यान दें और कभी समझौता न करें। वे विश्वसनीयता सुनिश्चित करें और बाजार में दीर्घकालिक विश्वास का निर्माण करें। साथ ही सुनिश्चित करें कि उनके नवोन्मेष व्यापक जन स्तर पर उपयोगी हों। उन्होंने कहा कि देश ने हाल के दिनों में दिखाया है कि किस तरह से प्रौद्योगिकी, शासन को सर्वाधिक गरीबों तक पहुंचने के लिए सबसे शक्तिशाली साधन हो सकती है। उन्होंने कहा कि देश सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी में तेजी से प्रगति कर रहा है और आम नागरिकों के जीवन को आसान बना रहा है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी ने अंतिम स्तर तक वितरण को प्रभावी बनाया है और भ्रष्टाचार के दायरे को कम किया है।

प्रधानमंत्री ने छात्रों से कहा कि आप निराश हो सकते हैं कि हमारे समय में ही कोविड-19 महामारी क्यों हुई, लेकिन इस पर अलग तरीके से सोचें। आपको कार्यस्थल और दुनिया में उभर रहे नए मानदंडों के अनुकूल होने का पहला फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें महसूस हुआ है कि भारत के हर कोने में कुछ न कुछ नवाचार हो रहा है और यह सीधे तौर पर आत्मनिर्भर भारत की विचारधारा से संबंधित है।

# बिहार चुनाव के अंतिम चरण में 57.91 प्रतिशत मतदान

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**बिहार** विधानसभा चुनाव के तृतीय एवं अंतिम चरण के लिए शनिवार को अनुमानित 57.91 प्रतिशत मतदान हुआ। साल 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में 60.51 प्रतिशत मतदान हुआ था। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, शाम 6 बजे तक पश्चिम चंपारण जिले की विधानसभा सीटों पर 56.02 प्रतिशत, पूर्वी चंपारण में 57.16 प्रतिशत, सीतामढ़ी में 55.84 फीसदी, मधुबनी में 56.36 प्रतिशत , सुपौल में 61.19 प्रतिशत, अररिया में 54.58 प्रतिशत और किशनगंज में 62.55 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसके अलावा तीसरे चरण में पूर्णिया की विधानसभा सीटों पर 59.25 प्रतिशत, मधेपुरा में 59 प्रतिशत, सहरसा में 60.20 प्रतिशत, दरभंगा में 54.91 प्रतिशत, मुजफ्फरपुर -57.57 प्रतिशत , वैशाली में 52.68 प्रतिशत और समस्तीपुर में 58.15 प्रतिशत मतदान हुआ। शाम 6 बजे तक वाल्मिकीनगर लोकसभा सीट पर उपचुनाव में 56.02 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 41,893 | |
| निफ्टी | 12,263 | |
| सोना | 51,717 | /10g |
| चांदी | 64,578 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आईपीएल में सट्टेबाजी करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने आईपीएल में सट्टेबाजी करने वाले गिरोह के सट्टेबाज गगनदीप सिंह उर्फ रिक्की निवासी भिलावा चंदरनगर थाना आलमबाग लखनऊ को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 4,69,000 रुपए नगद, ऑनलाइन सट्टेबाजी में प्रयोग करने के 3 मोबाइल फोन, सट्टेबाजी का आंकड़ा लिखने वाले अभिलेख का बंडल एवं अन्य कागजात बरामद हुए। आईपीएल में सट्टा लगवाने वालों के खिलाफछानबीन कर रही एसटीएफकी टीम ने सटीक सूचना के आधार पर आलमबाग थाना क्षेत्र के भिलावा चंदन नगर निवासी गगनदीप सिंह रेखी उर्फ रिक्की को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। (विस्तृत पेज 3)

# इस साल की इसरो की पहली लांचिंग कामयाब, दस सेटेलाइट एक साथ भेजे

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीहरिकोटा



**भारत** ने अपने नवीनतम भू-पर्यवेक्षण उपग्रह ईओएस-01 तथा अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के नौ उपग्रहों को शनिवार को यहां ध्रुवीय रॉकेट से प्रक्षेपित किया। कोविड-19 महामारी के बीच यह इस साल का पहला अंतरिक्ष मिशन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने इसरो को बधाई दी है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी-सी49) ने चेन्नई से करीब 110 किलोमीटर दूर यहां सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से अपराह्न तीन बजकर 12 मिनट पर प्रक्षेपण के करीब 20 मिनट के बाद ईओएस-01 व अन्य उपग्रहों को एक के बाद एक कक्षा में स्थापित किया। ईओएस-01 से कृषि, वानिकी और आपदा प्रबंधन में मदद मिलेगी। यह कोविड-19 महामारी के कारण लागू लॉकडाउन की वजह से पटरी से उतरे तयशुदा 10 प्रक्षेपण कार्यक्रम प्रभावित होने के बाद इस साल का पहला प्रक्षेपण है। इसरो ने आज अमेरिका, लिथुआनिया और लक्जमबर्ग के उपग्रह प्रक्षेपित किए। इसरो के अध्यक्ष के सिवन ने मिशन को सफल करार देते हुए इसे इसरो के लिए असामान्य बताया क्योंकि एक रॉकेट वर्क फ्रॉम होम की तरह नहीं हो सकता और सभी इंजीनियरों और टेक्नीशियनों को विभिन्न केंद्रों से सफर कर यहां आकर श्रीहरिकोटा में रॉकेट प्रक्षेपण के लिए साथ मिलकर काम करना पड़ता है।

उन्होंने मिशन नियंत्रण केंद्र में कहा, आज, मैं यह घोषित करते हुए बेहद खुश हूं कि पीएसएलवी-सी49 ने भू-पर्यवेक्षण उपग्रह ईओएस-01 और ग्राहकों ( शेष पेज 7 )

# मलेरिया के प्रकोप पर भी पूर्वानुमान जारी करेगा आईएमडी

- अगले मानसून से शुरू होगी सेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** का मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) अगले मानसून से मलेरिया के प्रकोप का पूर्वानुमान जारी करने की शुरुआत करेगा।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम राजीवन ने शनिवार भारतीय विज्ञान अकादमी द्वारा मौसम एवं जलवायु पूर्वानुमान में हुई प्रगति विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कहा कि भारत की योजना उच्च दक्षता कंप्यूटिंग (एचपीसी) क्षमता को मौजूदा 10 पेटाफ्लॉप्स से बढ़ाकर 40 पेटाफ्लॉप्स करने की है और इससे मौसम पूर्वानुमान में उल्लेखनीय मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस समय एचपीसी के मामले में भारत का अमेरिका, ब्रिटेन और जापान के बाद स्थान है। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते पृथ्वी विज्ञान विभाग द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया था कि राष्ट्रीय मानसून मिशन और एचपीसी पर करीब 990 रुपए खर्च किए गए हैं और इसका लाभ इस निवेश के मुकाबले 50 गुना अधिक है। संगोष्ठी के बाद राजीवन ने कहा कि वेक्टर जनित (मच्छर आदि से फैलने वाली बीमारी) बीमारियों के प्रकोप का पूर्वानुमान लगाने के बारे में आईएमडी ने मलेरिया होने का वर्षा एवं तापमान से संबंध का अध्ययन किया है।

उन्होंने कहा, आईएमडी ने सबसे पहले नागपुर से मिले मलेरिया के आंकड़ों का अध्ययन किया है। यह अन्य स्थानों पर भी लागू होगा। इससे बड़े पैमाने पर मलेरिया का पूर्वानुमान लगाना संभव हो सकेगा। राजीवन ने कहा कि इसी तकनीक का इस्तेमाल डेंगू और हैजा जैसी मानसून संबंधी बीमारियों के पूर्वानुमान में किया जाएगा। उन्होंने कहा, आईएमडी मलेरिया का पूर्वानुमान लगाने की सेवा अगले मानसून में शुरू कर देगा। उल्लेखनीय है कि विश्व मलेरिया रिपोर्ट -2019 के अनुसार अफ्रीका के उप सहारा क्षेत्र में बसे 19 देशों और भारत में दुनिया के करीब 85 प्रतिशत मलेरिया के मामले आते हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल के मुताबिक देश में मलेरिया के सबसे अधिक मामले पूर्वी और मध्य भारत व उन राज्यों से आते हैं जहां जंगल, पहाड़ और आदिवासी इलाके हैं। इन राज्यों में ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर के राज्य जैसे त्रिपुरा, मेघालय मिजोरम शामिल हैं। भारत में मलेरिया के मामलों में लगातार कमी आ रही है। वर्ष 2001 में देश में मलेरिया के 20.8 लाख मामले आए थे जबकि वर्ष 2018 में इनकी संख्या चार लाख के करीब रही।

## पर गए कतरे

देश की सबसे पुरानी पार्टी की सूबे की इकाई में एक युवा प्रवक्ता की अति सक्रियता और अध्यक्ष से उसकी नजदीकी बाकी प्रवक्ताओं को बुरी तरह खटक रही है। प्रवक्ताओं की फौज इस युवा प्रवक्ता से इस कदर आजिज हो गई कि सब मिलकर उसे पटखनी देने में जुट गए हैं। इसी के तहत पिछले दिनों सभी प्रवक्ताओं ने मिलकर अध्यक्ष के सामने युवा प्रवक्ता के खिलाफ जबरदस्त विरोध जताया। इस आक्रोश का एक कारण यह भी है कि अध्यक्ष ने इस युवा प्रवक्ता को प्रवक्ताओं की टीम का संयोजक बना रखा था। जिस वजह से युवा प्रवक्ता इन लोगों पर अपना हुकुम चलाने लगे थे। प्रवक्ताओं के विरोध को देखते हुए अध्यक्ष ने युवा प्रवक्ता से साफ साफ कह दिया है कि उनको संयोजक उन्हीं ने बनाया था। सभी प्रवक्ता समान हैं और सब पार्टी कार्यालय में अपना एक एक दिन बांट लें। अब कोई किसी का इंचार्ज नहीं है। युवा प्रवक्ता के पर कतरे जाने के बाद अब सभी प्रवक्ता काफी खुश नजर आ रहे हैं।

## बिन दूल्हा बारात

सौ साल की दहलीज को पार करने के दौर में पहुंच चुके अपने मैनेजमेंट गुरु ने अभी तक बगैर दूल्हे के ही बारात का खाका खींच दिया है। ऐसे में अब आने वाला वक्त ही बताएगा कि बारात में कौन कौन आकर्षण का केन्द्र होगा। इसको लेकर मैनेजमेंट गुरु अभी खुद कन्फर्म नही हैं। हुआ यूं कि पिछले दिनों सार्वजनिक मुलाकात के दौरान पूरा खाका खिंचते हुए मैनेजमेंट गुरु ने टॉप 10 के नाम गिना दिए। इस टॉप टेन में सेंट्रल से लेकर स्टेट तक की हिस्सेदारी है। इन सभी के नाम गिनाते हुए मैनेजमेंट गुरु ने कहा कि इनसे बातचीत का दौर जारी है। लेकिन मैनेजमेंट गुरु ने यह नही बताया कि किन के प्रोग्राम फाइनल हो चुके हैं। आजकल तो महामहिम भी राजदरबार से ही सारे कार्यक्रम निपटा रही हैं। अब ऐसे में आने वाले दिनों में मैनेजमेंट गुरु किस तरह आयोजन करते हैं यह देखने वाला होगा। फिलहाल अभी तक तो बिना दूल्हा ही बारात का कार्यक्रम जारी किया गया है।




## दिया करेगा रौशन

एकला चलो की नीति पर चल रहा है नगर निगम । शहर में नगर निगम, हाउस टैक्स वसूली के बाद गाय के गोबर से निर्मित गोमय दिये बेचकर नया कीर्तमान स्थापित करेगा। बाजारों, चौराहों पर परंपरागत गणेश लक्ष्मी की मूर्ति वाले स्टालों के साथ गोमय दियों की बिक्री भी की जाएगी। बड़े साहब के आने के बाद नगर निगम जहां एक ओर नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है वहीं कुछ चापलूसों को यह नहीं भा रहा है। यह प्रदेश का पहला नगर होगा जो ईको फ्रैंडली दिये और गणेश की मूर्ति बनाने का कार्य कर रहा है। अब से पहले पह काम नहीं किया गया। हालांकि नगर निगम के ही कुछ लोग इस सराहनीय कार्य की यह कहते हुए चुटकी ले रहे हैं कि नगर निगम दिये बेचकर 350 करोड़ की देनदारी चुकाएगा। नगर निगम के नये बड़े साहब की सक्रियता विभाग में काहिलों को अखर रही है लेकिन दूसरी ओर ईमानदार अफसर काफी खुश हैं। नगर निगम के कार्यों की कैबिनेट मंत्री से लेकर महापौर ने भी प्रशंसा की है। यही नहीं स्टालों पर सबसे पहली ग्राहक भी मेयर बनीं। इस पहल पर नगर निगम की कार्यशैली पहले की अपेक्षा काफी सुधरती दिख रही है जिसका प्रमाण टॉप टवेंटी में शहर का नाम स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में आना भी है।

## अब मेरा कौन सहारा...

भाजपा की एक महिला नेता की हालत बिन मां के बच्चे जैसी हो गई है। बात बात पर यह नेता अपनी महिला बॉस को याद करके रो पडती हैं। रोये भी क्यों न। महिला को अपने बॉस के कारण एक आयोग में सरकारी ओहदा मिला था। लोकसभा चुनाव ऐसा आया कि इस नेता की महिला बॉस सांसद बनी पर मंत्री पद जाने के साथ लाल बत्ती चली गई। और महिला नेता भी पैदल बाद में पैदल हो गईं। फिर से पद पाने के लिये इधर.उधर भटक रही हैं लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। अभी पिछले दिनों इस आयोग में एक महिला की ताजपोशी हुई। इस ताजपोशी ने उन्हें हिलाकर रख दिया। महिला नेता ने इधर उधर कहा कि दीदी नहीं हैं तो अब भला उनकी कौन सुनेगा।दरअसल योगी सरकार बनने से पहले महिला नेता की बॉस कांग्रेस में हुआ करती थी। पाला बदला तो योगी सरकार में मंत्री बन गई लेकिन लोकसभा चुनाव में सांसद बनने के बाद मंत्री पद चला गया। अब धीरे धीरे उनके करीबियों को किनारे किया जा रहा है।

## राहत वाली मैडम

यूपी की नौकरशाही में कुछ अफसर अपने काम-काज के कारण चर्चा में रहते हैं। इसमें ऐसे भी लोग हैं जो फाइलों को रोके रखने के कारण ही चर्चा का विषय होते हैं। ऐसे ही एक साहब हैं जो प्रदेश के खजाने का भार उठा रहे हैं। उनकी चिर परिचित आदत से हर विभाग के अपर मुख्य सचिव से लेकर प्रमुख सचिव तक के अफसर परेशान रहते हैं। वह इसलिए कि खजाने के मालिक हर पत्रावली को दबा कर बैठ जाते हैं। इससे जरूरी काम के लिए धन नहीं अवांटित हो पाता और योजनाएं प्रभावित हो जाती हैं लेकिन आज कल खजाने की मालकिन आ जाने से हर विभाग के प्रमुख अधिकारियों को सुकून है। क्योंकि मैडम धड़ाधड़ पत्रावलियों को स्वीकृत कर रही हैं जिससे लंबे समय से अटकी पत्रावलियों के भी दिन आ गए हैं। इससे पहले जो साहब थे उनको कोरोना की वजह से आराम करने की सलाह दी गई है। महिलाओं का कल्याण करने वाली मैडम को सरकार ने खजाने की चाबी भी दे दी है। इसलिए अब ज्यादातर को आराम और सुकून है।

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

**भारतीय जीवन बीमा निगम**
मण्डल कार्यालय, "जीवन प्रकाश" 30, हजरतगंज,
लखनऊ- 226 001, दूरभाष : 0522-2626653, 2616421

**निविदा आमंत्रण सूचना**

भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, लखनऊ, GST पंजीकृत फर्मों से निम्नलिखित संवर्गों में निविदाएं आमंत्रित करता है।

1– प्रीप्रिंटेड कांटिनियूवस स्टेशनरी बलैंक विद लोगो, कांटिनियूवस स्टेशनरी पालिसी बाण्ड हेतु। (Pre-printed continuous stationery blank with Logo, continuous stationery policy bonds)
2– प्रिंटेड क्राफ्ट लिफाफे (Printed Craft Envelopes)
3– प्रिंटेड पॉलिसी प्लास्टिक वैलेट (Printed plastic policy wallet)

निविदा प्रेषित करने की अंतिम तिथि **20.11.2020**, समय शाम 03.00 बजे तक है। निविदा शुल्क रू0 118/– तथा ई.एम.डी. (Non Interest Bearing) निविदा मूल्य का 2% (दो प्रतिशत) राशि नकद की रसीद/ बैंकर चेक/बैंक ड्राफ्ट, जो लखनऊ में देय हो, प्रत्येक निविदा के साथ अलग–अलग संलग्न करें। लिफाफे पर निविदा संवर्ग अवश्य लिखें।

विस्तृत जानकारी, शर्तें एवं आवेदन पत्र का प्रारूप एल.आई.सी. की वेबसाईट **www.licindia.in** में Tender शीर्षक के अंतर्गत से डाउनलोड करें या कार्यालय सेवा विभाग, भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, लखनऊ से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। निगम के पास किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक**

# कम रिकवरी दर वाले जिलों पर दें विशेष ध्यान : योगी

- कर्मियों को दीपावली पर्व से पहले वेतन भुगतान कराए जाने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड.19 के प्रति निरन्तर सतर्कता बरतने पर बल दिया है। उन्होंने कहा है कि कोविड.19 के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी प्रयास जारी रखे जाएं। उन्होंने कम रिकवरी दर वाले जनपदों में चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाकर कोविड.19 के मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सुबह कोविड अस्पताल में तथा शाम को इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में बैठक नियमित रूप से आहूत की जाए। इस बैठक में कोविड.19 के नियंत्रण के लिए संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगे की रणनीति तय की जाए। लखनऊ में वायरोलाजी सेन्टर की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इसे नेशनल इन्स्टीट्यूट आफ वायरोलाजी, पुणे की तर्ज पर विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार सृजन पर ध्यान केन्द्रित किया जाए। अधिक से अधिक संख्या में नौकरी प्रदान करने और स्वत: रोजगार की व्यवस्था की जाए। उन्होंने उप्र कामगार और श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग के निर्देशों की जिलों में क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जनपद स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए।



भारत स्काउट और गाइड के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर जल शक्ति मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बैच भेंट किया

## दस नवंबर तक संचालित करें रैन बसेरे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि अगले तीन दिन में रैन बसेरों को संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सालयों तथा मेडिकल कालेजों मे भी रैन बसेरे की व्यवस्था की जाए। रैन बसेरों में स्वच्छता तथा सेनिटाइजेशन सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। रैन बसेरों के संचालन में सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने रैन बसेरों में कोविड.19 की जांच की व्यवस्था आवश्यक रूप से किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में रैन बसेरों के संचालन के सम्बन्ध में शासन द्वारा दिशा.निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव राजस्व द्वारा सभी जिलाधिकारियों एवं मण्डलायुक्तों को शीत लहर से बचाव हेतु समस्त तैयारियां 10 नवम्बर, 2020 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर रैन बसेरों का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। परिपत्र में वैश्विक महामारी कोविड.19 से उत्पन्न स्थिति तथा ठंड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के लिए की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - सीतापुर**

पत्रांक–34/टी0सी0–04/2020–21 **अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना** दिनॉक–06 नवम्बर, 2020

एतदद्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद सीतापुर सीमान्तर्गत विभिन्न निर्माण इत्यादि कार्य 15वॉ वित्त आयोग/14वॉ वित्त आयोग की निधि से कराये जाने हेतु ई–टेण्डर के माध्यम से ई–निविदाएं दिनांक 07.11.2020 से दिनांक 12.11.2020 को समय 05.00 PM तक आनलाइन डाउनलोड एवं अपलोड की जायेगी, वेबसाइड पर ई–निविदा प्रकाशन दिनांक 07.11.2020 को समय 11.00 AM एवं निकाय कार्यालय में मूलरूप से दिनांक 13.11.2020 को समय 05.00 PM तक प्राप्त की जायेगी। उक्त निविदाएं दिनांक 14.11.2020 को समय 11.00 AM बजे खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदाएं वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है, निविदा प्रपत्र शुल्क आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर पालिका परिषद, सीतापुर के ओरियन्टल बैंक ऑफ कामर्स सीतापुर के खाता संख्या 01591010000660 आई0एफ0एस0सी कोड ORBC0100159 में ऑनलाइन जमा किया जा सकेगा अथवा चेक/डी0डी0आर0 जमा की जा सकेगी तथा प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र / किसान विकास पत्र / एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सीतापुर के नाम बन्धक हो, स्वीकार किया जायेगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद, सीतापुर में निहित होगा। अन्य शर्ते/जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय के सम्बन्धित अनुभाग से की जा सकती है, किसी भी कार्य दिवस में अवकाश होने की स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया अगले कार्य दिवस में पूर्ण की जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य+ टैक्स | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | **15वॉं वित्त आयोग** | | | | |
| 01 | जल–निकासी के साथ सडक निर्माण – तहसील सदर में सुलभ शौचालय के होते हुये, व्यापार कर कार्यालय तक तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग भण्डारण कक्ष से तहसील के सामने तक इण्टरलांक सडक एवं आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1726000.00 | 34600.00 | 1200.00+ जी.एस.टी. | 01 माह |
| 02 | जल–निकासी के साथ सडक निर्माण – वार्ड रोटी गोदाम के मो0 ब्रम्हपुरी में वीरेन्द्र के मकान से राजू यादव के मकान तक नाली एवं इण्टरलांक सडक का निर्माण कार्य। | 826000.00 | 16600.00 | 1200.00+ जी.एस.टी. | 01 माह |
| 03 | जल–निकासी के साथ सडक निर्माण – मो0 बिजवार में मेन रोड से बब्लू के मकान एवं मोहन लाल के मकान से असर्फी के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 479000.00 | 9600.00 | 600.00 + जी.एस.टी. | 01 माह |
| 04 | जल–निकासी के साथ सडक निर्माण – मो0 ग्वाल मण्डी में शरीफ अहमद से सरवर खान के मकान, शर्माजी प्लाट से शौकत अली के मकान, नसीर खान से शर्माजी प्लाट, प्रदीप अवस्थी से विद्याधर शर्मा के मकान तक आर.सी.सी. नाला एवं नाली निर्माण कार्य। | 370450.00 | 7450.00 | 600.00 + जी.एस.टी. | 01 माह |
| 05 | जल–निकासी हेतु निर्माण– वार्ड बट्सगंज में बाल्मीकी मंदिर से नाला तक एवं फकीरे लाल के मकान एवं राजा व अकबर के मकानो के सामने आर0सी0सी0 नाली एवं क्रास निर्माण कार्य। | 255000.00 | 5100.00 | 600.00 + जी.एस.टी. | 01 माह |
| 06 | जल–निकासी के साथ सड़क निर्माण – मो0 रोटीगोदाम में मोनी श्रीवास्तव के मकान के पास से शिवपूजन शुक्ला व गुड्डन बाजपेयी के मकान तक नाली एवं इण्टरलाकिंग का कार्य। | 600000.00 | 12000.00 | 1200.00+ जी.एस.टी. | 01 माह |
| | **14वॉं वित्त आयोग** | | | | |
| 07 | शमशान घाट मार्ग पर आवागमन सुविधा हेतु सडक निर्माण – मो0 दुर्गापुरवा में शमशानघाट के मुख्य मार्ग से बाबा गोपालदास आश्रम तक डामर रोड की मरम्मत व पुर्ननिर्माण कार्य। | 655100.00 | 13200.00 | 1200.00+ जी.एस.टी. | 01 माह |
| 08 | जल आपूर्ति हेतु – मो0 आवास विकास के ब्लाक बी0 में 7.5 एच0पी0 मिनी नलकूप के अधिष्ठापन का कम्पलीट कार्य (एक अद्द) | 848904.00 | 17000.00 | 1200.00+ जी.एस.टी. | 01 माह |

नियम व शर्तें :–

1. किसी भी टेस्टिंग पर आने वाले खर्च का वहन ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
2. निर्माण कार्यो हेतु निविदादाता निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व कार्य एवं कार्य स्थल के बारे में भली–भॉति परिचित हो ले।
3. निविदा स्वीकृत होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार को कार्य के पूर्व अनुबन्ध करना होगा।
4. उपरोक्त निर्माण कार्यो का भुगतान धन की उपलब्धता होने पर किया जायेगा।
5. निविदा प्रपत्र के साथ अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।
6. निविदा स्वीकृत होने के पूर्व ठेकेदार को शासनादेश संख्या 622/23–12–2012–2 आर्डर/08 टी0सी0 दिनांक 08.06.2017 में निहित निर्देशो के अनुसार कार्य की विभागीय दरो से निविदा 01 से 10 प्रतिशत तक दर कम होने पर 0.5 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कमी पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक दरो की कमी पर प्रति 01 प्रतिशत कमी पर 01 प्रतिशत अतिरिक्त सिक्योरिटी/परफारमेंस गारण्टी धनराशि देय होगी। उक्त धनराशि अनुबन्ध के समय जमा करने की बाध्यता होगी।
7. उ0प्र0 भवन और सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा शर्त विनियमन नियमावली 2009 के अनुसार कार्य के निर्माण लागत का एक प्रतिशत की दर से उपकर (सेस) की धनराशि सम्बन्धित बोर्ड को स्थानान्तरित की जायेगी। जिसको समाविष्ट करते हुए निविदा–दाता अपनी निविदा दर अंकित करे।
8. ठेकेदार के नाम निर्माण कार्य स्वीकृत होने की दशा में ठेकेदार को भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 एवं तत्सम्बन्धी प्रदेश नियमावली 2009 के प्राविधानो के अन्तर्गत श्रमिक व निर्माण स्थल का पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
9. अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
10. किसी निविदा के अंदर यह निविदा डालकर लोड करवाना।
11. साइनेज की जगह "दिशा सूचक पट" का उल्लेख करना।
12. BOQ अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व लोड करना होगा।
13. ई0जी00एफ0 ई0एस0आई0 का पंजीकरण प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए।
14. ई0सी0आर0/ई0पी0एफ0 चालान व बैंक कर्न्फेमेशन स्लिप मास्टर रोल की फोटोकापी भुगतान के पूर्व पालिका को प्रस्तुत करे।
15. बिना कारण बताए निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, सीतापुर में निहित रहेगा।
16. कार्यो में विभागीय नियमावली शासनादेशों में दी गई व्यवस्था पूर्णरूप से लागू रहेगी।
17. सशर्त निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नही किया जायेगा।
18. कार्य प्रारम्भ के पूर्व तथा कार्य होते हुए, कार्य पूर्ण की 3–3 फोटोग्राफ और कार्य प्रभारी अभियन्ता के साथ की उपलब्धता कराने पर ही भुगतान की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

**(गुरू प्रसाद पाण्डेय)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**सीतापुर**

**(राधेश्याम जायसवाल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**सीतापुर**

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैं, श्रीमती ओमलता मिश्रा पत्नी स्व0 रामचन्द्र मिश्रा, निवासिनी–हरिओम नगर, थाना–मड़ियॉव, सीतापुर रोड, लखनऊ, अपनी पुत्री श्रीमती आराध्या मिश्रा के खराब आचरण के कारण अपने समस्त रिश्ते समाप्त कर अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं आज से उसके किसी क्रिया–कलाप व कृत्य से मेरा कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

मैं, आर्मी नं0 4194896W L/Hav दीपक जोशी पुत्र श्री तारा दत्त जोशी, यूनिट 15, कुमाऊँ मार्कत 56 एपीओ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश Bhavesh Joshi अंकित हो गया है, जबकि उनका वास्तविक नाम Bhawesh Joshi (D.O.B. 27.02.2011) है, जिसे मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाना नितान्त आवश्यक है।

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपनी पुत्री सविता कनौजिया एवं उनके पति गौरव कुमार कनौजिया दोनों से असंतुष्ट होने के कारण उनको अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया है तथा उक्त दोनों व्यक्तियों से मेरा किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। राजरानी पत्नी ओमप्रकाश निवासी ग्राम– बालामऊ पश्चिम पोस्ट– बालामऊ जिला हरदोई

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैं सुरेंद्र सिंह भाटी S/o धनपाल सिंह भाटी यूनिट 15 कुमाऊँ C/o 56 ए.पी.ओ ग्राम भाटपचलाना तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मध्य प्रदेश 456313 सेना नंबर 4193632 एच मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम गायत्री देवी दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम गायत्री कंवर है।

## मोबाइल पर मिलेगी हज यात्रा से जुड़ी जानकारी

**लखनऊ( पीएनएस )।** सरकार ने हज 2021 पर जाने वाले जायरीनों को बड़ी राहत दी है। जायरीनों को हज से जुड़ी सभी जानकारियां एवं हज यात्रा की फ्लाइट की सूचना उनके मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश के सभी 560 अनुदानित मदरसों पर ई–फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां से हज आवेदनकर्ता निशुल्क आवेदन कर सकेंगे। इससे हज पर जाने के लिए आवेदनकर्ताओं को आवेदन करने के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। हज 2021 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गई। अल्पसंख्यक कयाण मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार हज यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार संवेदनशील है। हज यात्रा की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी जिलों में संचालित 560 अनुदानित मदरसों में हज फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पहली बार हज यात्रियों को निशुल्क आवेदन करने की सुविधा सुलभ कराई गई है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से राज्य हज समिति मुख्यालय पर भी यह ई.फैसिलिटेशन सेंटर स्थापित किया गया है। हज कार्यालय से आवेदन हेतु संपर्क करने वाले इच्छुक व्यक्ति अब निशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हज यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराए जाने और हज के प्रचार प्रसार के लिए पहली बार यात्रा से संबंधित जानकारी देने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए कैलेंडर और डायरी छपवा कर सभी जिलों में ई.फैसिलिटेशन सेंटर तथा हज प्रशिक्षण से जुड़े लोगों को इसे निशुल्क प्रदान की गई है। इससे आवेदन करने वाले व्यक्तियों को सभी जरूरी सूचनाएं समय पर घर बैठे एसएमएस के माध्यम से मिल सकेंगी। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की वेबसाइट को और अधिक हज यात्रियों की सुविधा के लिए उच्चीकृत कराया जा रहा है।

# 26 जनवरी से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गाड़ी दौड़ाने की तैयारी में यूपीडा

- यूपीडा चेयरमैन, आईआईडीसी, एसीएस इंडस्ट्री ने किया हवाई सर्वेक्षण व निरीक्षण
- भौतिक कार्य 62 प्रतिशत व मिट्टी का कार्य 92 प्रतिशत तक हुआ पूरा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट पूर्वाचल एक्सप्रेस–वे को 26 जनवरी से आम जनता के लिए खोलने की तैयारी यूपीडा कर रहा है। इसमें लखनऊ–बाराबंकी के बीच मार्ग को आम जनता के लिए खोला जाएगा जबकि पूरा एक्सप्रेस–वे मार्च तक शुरू करने के लिए काम किया जा रहा है। इसको लेकर यूपीडा के चैयरमैन अवनीश अवस्थी, आईआईडीसी आलोक टंडन और अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास व अवस्थापना आलोक कुमार की संयुक्त टीम ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का हवाई सर्वेक्षण और स्थलीय निरीक्षण किया।



अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। कोई दिक्कतें न आएं इसलिए दिन प्रतिदिन इसकी मॉनीटरिंग तेज की जा रही है। कोशिश यही है कि लखनऊ से बाराबंकी तक का जो हिस्सा है उसे 26 जनवरी तक हरहाल में शुरू करा दिया जाए।

अवनीश अवस्थी शनिवार को बाराबंकी के हैदरगढ़ स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के पैकेज एक व दो के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए मीडिया से बात करते हुए कहा कि आईडीसी की अध्यक्षता में टीम जांच को आई है। पैकेज–1 व 2 को जो हिस्सा लखनऊ व बाराबंकी के मध्य पड़ता है उसे शुरू कराने को कार्य तेज किए जा रहे हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

## रेलवे ने किया मॉकड्रिल

**लखनऊ।** ऐशबाग रेलवे स्टेशन के नजदीक पटरी से ट्रेन पलटने की सूचना से हड़कंप मच गया। शनिवार तड़के 4 बजे लखनऊ की ओर जाने वाली पूजा स्पेशल ट्रेन क्रासिंग गेट संख्या 02 के पास पटरी से उतर गई। सूचना पर मंडल रेल प्रशासन तुरंत हरकत में आ गई। मौके पर यात्रियों की मदद करने एनडीआरएफकी टीम पहुंच गई। दरअसलए रेलवे की कार्य कुशलता को परखने के लिए मॉकड्रिल किया गया था। डीआरएम डाण् मोनिका अग्निहोत्री के निर्देश पर सुरक्षा एवं संरक्षा की कार्यकुशलता के मकसद से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 11 वीं बटालियन द्वारा संयुक्त रूप से आज बड़े स्तर पर आपदा प्रबंधन आधारित मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। आपद मोचन बल तथा रेलवे राहत बचाव टीम ने अपने अत्याधुनिक उपकरणों के साथ ट्रेन के डिब्बों में फंसे यात्रियों एवं मृतकों को निकाला। कोच की छत व साइड को काटकर अंदर जाकर फंसे हुए यात्रियों को बिना हानि पहुंचाए सुरक्षित निकाल कर उनका प्राथमिक उपचार मेडिकल टीम द्वारा कराया गया। सुबह पौने आठ बजे बचाव कार्य पूरा हुआ। इस संयुक्त बचाव अभियान में रेलवे व एनडीआरएफके टीम मौजूद रही। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक ;इन्फ्रास्ट्रक्चरद्ध संजय यादवए वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी अनिल कुमारए एनडीआरएफ के सहायक कमाण्डेंट नीरज कुमार तथा पैरा मेडिकल स्टाफ एवं यांत्रिकए वाणिज्यए इंजीनियरिंगए सिग्नलए परिचालन तथा संरक्षा विभाग के अधिकारी सुपरवाइजर एवं कर्मचारी व सुरक्षा कर्मी उपस्थित थे।

## रोडवेज बसों में एडवांस बुकिंग

**लखनऊ।** दीपावली पर रोडवेज बसों में एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। यात्री यूपीएसआरटीसी की वेबसाइट पर जाकर आसानी से टिकट बुक करा सकते है। दीपावली के मौके पर लखनऊ के आठ प्रमुख मार्गों पर 55.60 एसी बसें लगाई गई है। यात्री इन बसों में एडवांस अथवा तत्काल में सीब बुक करा सकते है। इनमें लखनऊ से दिल्लीए देहरादूनए हरिद्वारए आगराए झांसीए प्रयागराजए कोटाए गोरखपुर व बलिया रूटों पर अतिरिक्त एसी बसें लगाई है। इनमें वोल्वोए स्कैनियाए एसी शताब्दीए एसी स्लीपरए महिला पिंक बसए एसी जनरथ बस व सस्से किराये की जनरथ बसें शामिल हैं। इस बार रोडवेज 12 से 21 नवंबर तक अतिरिक्त एसी व साधारण बसें चलाने जा रहा है। इस दौरान यात्रियों को दस दिनों तक बसों की सुविधाएं मिलेंगी।

## माल भाड़े को मिल रहा है बढ़ावा

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के प्रयास से माल भाड़ा को बढ़ावा मिल रहा है। इसी क्रम में तमिलनाडु के वालाजाबाद स्टेशन से बक्शी का तालाब स्टेशन के लिए 25 वैगनों की बुकिंग की गई। जिसमें शनिवार को 125 चार पहिया वाहन मालगाड़ी से बीकेटी रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। गाड़ियों को बक्शी का तालाब स्टेशन पर उतारा गया। डीआरएम डाण् मोनिका अग्निहोत्री के नेतृत्व में भाड़ा प्रोत्साहन योजना से व्यापारियों को काफी सहूलियतें दी जा रही हैं। इससे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का रूझान रेलवे की तरफ बढ़ा है।

# आईपीएल की सट्टेबाजी में गिरफ्तार

## आलमबाग से पकड़ा गया, 4.69 लाख रुपए बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ**ने आईपीएल ट्रॉफी क्रिकेट में सट्टेबाजी करने वाले गिरोह के सट्टेबाज गगनदीप सिंह उर्फ रिक्की निवासी भिलावा चंदरनगर थाना आलमबाग लखनऊ को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 4,69,000 रुपए नगद, ऑनलाइन सट्टेबाजी में प्रयोग करने के 3 मोबाइल फोन, सट्टेबाजी का आंकड़ा लिखने वाले अभिलेख का बंडल एवं अन्य कागजात बरामद हुए।

आईपीएल में सट्टा लगवाने वालों के खिलाफछानबीन कर रही एसटीएफ की टीम ने सटीक सूचना के आधार पर आलमबाग थाना क्षेत्र के भिलावा चंदन नगर निवासी गगनदीप सिंह रेखी उर्फ रिक्की को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ से गगनदीप सिंह रेखी ने बताया कि उसका मेन बुकी अनवर निवासी सुजानपुर, थाना आलमबाग, लखनऊ है। तथा उसके पेण्टर जावेद निवासी आलमबाग, लखनऊ, मनीष जायसवाल निवासी गोसाईगंज, लखनऊ और रिंकू निवासी बड़ा भरवारा चिनहट, लखनऊ हैं। उसके पास से बरामद मोबाइल फोन को डिब्बा फोन कहते है। इस समय यह सीधी लाइन से जुड़ा हुआ है। इसे दूरभाष से आईपीएल मैच खेल रही टीमों के भाव बताये जाते हैं। जैसे यदि डिब्बा फोन से 5052 पंजाब बोला गया तो 50 पंजाब का तथा 52 विरोधी टीम का भाव है। इस भाव पर जिस टीम का नम्बर पहले बोला जाता है वह जीताऊ टीम तथा जिसका भाव बोला जाता है, उसे लंगड़ी टीम (हारने वाली टीम) कहते हैं। सट्टे की भाषा में मेरा डिब्बा फोन को बुकी बोला जाता है। मुख्य डिब्बा फोन से उसके जैसे कई बुकी कनेक्शन लिये हुए हैं। इस कनेक्शन का पैसा हर माह अदा करना होता है। उसके जैसे बुकी से भाव जानकर पैसे का दांव लगाने वाले खिलाड़ियों को पंटर बोला जाता है। प्रत्येक पंटर खेलने के लिए बुकी के पास अग्रिम धनराशि जमा कराता है तथा कमाए गये दांव के आधार पर हुई हार जीत के आधार पर मैच के अन्त में बुकी द्वारा पंटर का हिसाब किया जाता है। जीती हुई धनराशि बुकी द्वारा पंटर को अदा की जाती है तथा हारने पर पंटर द्वारा जमा की गयी अग्रिम धनराशि बुकी द्वारा काट ली जाती है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक दांव पर बुकी को कमीशन के रूप में निर्धारित धनराशि भी मिलती है। पंटर के फोन करने पर मैच के दौरान बुकी उस डिब्बा फोन से मिले भाव बताता है। भाव सुनकर पंटर अपने दांव लगाता है। जिस फोन से पंटर से बुकी के रूप में वह बात करता है उसमें रिकार्डिंग होती है ताकि हिसाब में विवाद होने की दशा में सबूत के तौर पर सुनाया जा सके। इसके अतिरिक्त सादे कागज पर भी पंटर के नाम सहित भाव तथा उसके द्वारा दांव पर लगायी गयी धनराशि लिखी जाती है। पूछताछ पर प्रकाश में आये अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।



## पुलिसकर्मी बन उतरवाए जेवर

**लखनऊ।** गोमतीनगर इलाके में शनिवार सुबह जालसाजों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर एक बुजुर्ग से उनके जेवर उतरवा लिए और मौके से फरार हो गए। मामले की भनक लगते ही पीड़ित ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद ठगी का केस दर्ज कर लिया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी, उन्होंने कहा आगे हुआ है मर्डर, जेवर उतार कर रख लो गोमतीनगर के 4/161 विपुलखण्ड निवासी 55 वर्षीय श्याम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि शनिवार सुबह घर के पास वह अपने एक मित्र को उनकी गाड़ी तक छोड़ने गए थे। उन्होंने बताया की मित्र को छोड़कर जब वह वापस अपने घर के लिए लौटने लगे तो उन्हें रास्ते में एक युवक मिला गया जिसने खुद को पुलिसकर्मी बताया। पीड़ित के मुताबिक आरोपी युवक ने उनसे कहा कि आगे एक मर्डर हो गया है। लिहाजा आप अपने गले की चैन व अंगूठी एक कागज में लपेट कर अपने पास रख लें। आरोपी के झांसे में आकर श्याम प्रकाश ने अपने जेवर उतार कर एक कागज में लपेट लिए। आरोप है की इस दौरान जालसाज ने उनके कागज की पुड़िया को बदल लिया और पास खड़े बाइक सावर युवक के साथ आरोपी मौके से फरार हो गया। वहीं बाद में घर जाने पर उन्हें घटना की भनक लगी। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर सीसीटीवी की मदद से ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

## बिछड़े मासूम को माँ से मिलाया

**निगोहां** लखनऊ। निगोहां कस्बे में एक मासूम रोता बिलखता मिलाए गस्त कर रहे सिपाही मासूम को थाने लेकर आये जिससे सम्बंधित मैसेज इंस्पेक्टर ने सोशल मीडिया पर चलायाए सूचना पाकर मासूम की माँ थाने पहुंची जिसके बाद पुलिस ने बच्चे को माँ के सुपुर्द कर दिया। शनिवार की दोपहर निगोहां कस्बे में एक तीन वर्षीय मासूम को अकेले और रोता देख गस्त कर रहे सिपाही विनोद कुमार व विरेन्द्र कुमार थाने ले आये और मामले की जानकारी निगोहां इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह को दी जिसके बाद इंस्पेक्टर ने माशूम को खाना खिलाया और उसका फोटो व सूचना सन्देश सोशल मीडिया पर वायरल किया। कुछ घण्टो बात रायबरेली के करनपुर निवासी माशूम की माँ गोल्डी थाने पहुंची जिसके बाद जांच पड़ताल करके बच्चे को माँ के सुपुर्द कर दिया गया। गोल्डी ने बताया कि वह निगोहां बाजार में कुछ जरूरत का सामान लेने आई थी उसी समय भीड़ में उसका बच्चा गुम गया।अपने बच्चे से मिलने के बाद माँ ने इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह व सी ओ निगोहां सैय्यद नईम.उल हसन सहित पुलिस टीम को धन्यवाद दिया।



## भागीरथी के थ्री बीएचके का मिला आवंटन पत्र

**लखनऊ।** उप्र आवास एवं विकास परिषद द्वारा अवध शिल्प ग्राम 3 बीएचके फ्लैट का आवंटन किया गया। पहले ग्राहक को उप आवास आयुक्त द्वारा आवंटन पत्र दिया गया। शिल्प ग्राम के लगे कैंप में ग्राहकों की लैटों में काफी रुचि दिखी। योजना के लैटों को लेने के लिए आधा दर्जन लोगों ने और फार्म खरीदें। शनिवार को अवध शिल्प ग्राम योजना में आवास एवं विकास परिषद द्वारा भागीरथी, मंदाकनी सहित दूसरी योजनाओं के फ्लैटों के आवंटन पत्र वितरित कार्यक्रम किया गया। उप आवास आयुक्त नीलम द्वारा पहले हरि कुमार मिश्र ग्राहक को 3 बीएचके का आवंटन पत्र दिया गया। पहले ग्राहक को आवंटन पत्र मिलते ही उन्हें खुशी का ठिकाना नहीं रहा। भगीरथी सहित विभिन्न योजना के लैट में रुचि दिखाते हुए भारी सं या में लोग मौजूद रहे। आधा दर्जन ग्राहकों ने फार्म खरीदा। साथ ही चार ग्राहकों ने अरावली, नंदनी और भगीरथी योजना के लैटों की पंजीकरण धनराशि भी जमा किया।



## कारोबारी का फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हजरतगंज** के रामतीर्थ मार्ग नरही में रहने वाले कोयला कारोबारी परवेज अहमद (30) का शव रस्सी के सहारे लटकता मिला। शनिवार को पत्नी महजबी फातिमा ने देखा तो हड़कम्प मचा। पुलिस मौके पर पहुंची। तो पत्नी परवेज को लेकर सिविल अस्पताल पहुंच चुकी थी। इसी दौरान आवेश भी पहुंचा। डाक्टरों ने परवेज को मृत घोषित किया। तो परिवार के ही लोगों में हाथापाई के बाद विवाद शुरू हो गया। बवाल बढ़ा तो पुलिस के हस्ताक्षेप के बाद शव को मर्चरी भेजा। पीएम रिपोर्ट में हैंगिंग आयी। बाद में महजबी फातिमा ने जेठ उजरियांव निवासी आवेश अहमद पर मारपीट के बाद हत्या कर शव लटकाये जाने का आरोप लगाया। मामले की तहरीर कोतवाली में दी। तो पुलिस ने आवेश के खिलाफखुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज किया। पीड़िता का कहना है कि परवेज को उनके पिता ने मौत से पहले 16 लाख रुपये दिये थे जबकि आवेश को मकान दिया था। फिर भी आवेश रकम के लिए परवेज से विवाद करते थे। उन्होंने रकम हड़पकर नरही स्थित कोयले की दुकान भी हड़पने चाहते थे। इसी के चलते पिछले दो दिनों से वो परवेज से झगड़ रहे थे। परवेज ने रकम हड़पने की शिकायत पुलिस से की थी। जहां उसने दोनों पक्षों को बुलाकर समझौते की कोशिश की। बाद में बीती शुक्रवार रात घर आकर धमकाया था। जिसके बाद परवेज गायब हो गये। उनका शव सुबह लटका मिलाए तब हड़कम्प मचा। वहीं आरोपी आवेश का कहना है कि खाते में जमा रकम परवेज ने पत्नी के दबाव में ससुराल वालों को दे दी थी। उसका पत्नी से विवाद हुआ था। जिसके बाद उसने खुदकुशी की है।

### पत्नी ने मृतक के भाई के विरुद्ध दर्ज करवाई रिपोर्ट

# राजधानी में कोरोना के 240 नए केस, पांच की जान गई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में शनिवार को कोरोना वायरस के 240 नए केस सामने आए हैं। जबकि 5 लोगों की इलाज के दौरान मौत हुई है। राजधानी में अभी तक 64,170 कोरोना संक्रमण के मामले सामने आ चुके हैं। आज 325 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अभी तक 60,993 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 3177 केस एक्टिव हैं। लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में 8353 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमे प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 22, आलमबाग 19,गोमती नगर 19, रायबरेली रोड 21,कैंट 11 , चौक 15, आशियाना 20, विकास नगर 13, , तालकटोरा 11 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। वही आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 112 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से 112 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 57 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। उधर, प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान कोरोना के कुल 1901 नए मामले सामने आए हैं। वहीं इस दौरान 25 लोगों की इस महामारी की चपेट में आकर मौत हो गई जबकि 2010 लोग इलाज के बाद पूर्णतः उपचारित होने के बाद डिस्चार्ज कर दिए गए। प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान लखनऊ में 240, कानपुर नगर में 98, प्रयागराज में 64, गाजियाबाद में 100, गोरखपुर में 38, गौतम बुध नगर में 145, वाराणसी में 91, मेरठ में 132, बरेली में 45, मुरादाबाद में 6, अलीगढ़ में 49, झांसी में 43, सहारनपुर में 23, आगरा में 56, अयोध्या में 14, बाराबंकी में 13, बलिया में 14, लखीमपुर खीरी में 13, शाहजहांपुर में 17, देवरिया में नौ, मुजफ्फरनगर में 30, जौनपुर में 7, महाराजगंज में 6, आजमगढ़ में 14, कुशीनगर में 8, हरदोई में पांच, मथुरा में 42, रामपुर में तीन, इटावा में 27, बुलंदशहर में 43, बस्ती में 12, प्रतापगढ़ में 17, गोंडा में 9, गाजीपुर में चार, सीतापुर में 11, रायबरेली में 40, सुल्तानपुर में आठ, उन्नाव में 4, फर्रुखाबाद में 12, सोनभद्र में 24, चंदौली में 14, अमरोहा में चार, सिद्धार्थनगर में 14, पीलीभीत में 11, बहराइच में 7, बिजनौर में पांच, हापुड़ में 22, बदायूं में 17, मैनपुरी में सात, फतेहपुर में 23, फिरोजाबाद में 17, कन्नौज में दो, जालौन में 10, अमेठी में 10, संत कबीर नगर में 6, मिर्जापुर में 15, शामली में 7, हाथरस में दो, श्रावस्ती में एक और महोबा में कोरोना के 6 नए मरीज मिले हैं।

### प्रदेश में मिले 1901 और मरीज 25 लोगों की मौत

# बाइक सवार दारोगा को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वृंदावन** योजना सेक्टर.9 के पास बाइक सवार सब इंस्पेक्टर को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीजीआई पुलिस ने उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पीजीआई कोतवाली में तैनात सब इंस्पेक्टर रवीन्द्र नाथ अपने परिवार के साथ चौक थाने के सरकारी आवास में रहते है। रवींद्र नाथ मूल रुप से बलिया जनपद के निवासी है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम करीब 5 बजे रवींद्र नाथ हाईकोर्ट से लौट रहे थे। इसी दौरान वृन्दावन योजना सेक्टर.9 मामा चौराहे के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उन्हें पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया और उनके परिजनों को घटना की सूचना दी। इंस्पेक्टर पीजीआई कण्व कुमार मिश्र ने बताया कि सब इंस्पेक्टर रवींद्र नाथ का एक पैर में फैक्चर हो गया है और इसके साथ ही उन्हें अन्य गंभीर चोटें भी आई हैं।

## बेसमेंट की खुदाई के दौरान मलबा गिरने से घायल मजदूर की मौत

**चिनहट** के मल्हौर इलाके में शुक्रवार को बेसमेंट की खुदाई करते समय मलबा गिरने से घायल हुए बाराबंकी के हैदरगढ़ निवासी राजकरन की शनिवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गयी, वहीं हादसे में राजकरन के साथ घायल एक अन्य मजदूर छोटू का ट्रामा में इलाज चल रहा है। फिलहाल डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर बताई है। इंस्पेक्टर चिनहट धनंजय पांडेय ने बताया कि घायल व मृतक मजदूर के परिजनों की ओर से थाने में अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। परिवार वालों तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह था मामला चिनहट बाजार के पास स्थित मजार के मुतवल्ली मोहम्मद सैयद अतीक शाह मल्हौर कस्बे में अपने परिवार संग रहते है। उन्होंने बताया था कि उनके दो मकानों में पिछले कुछ दिनों से निर्माण कार्य चल रहा था। इस दौरान उनके नए मकान का कार्य पूरी तरह खत्म हो गया थाए जबकि पुराने मकान में बेसमेंट की खुदाई का काम चल रहा था। अतीक शाह के मुताबिक शुक्रवार को उन्होंने लेबर अड्डे से कुछ मजदूरों को लाकर मकान में काम शुरू करवाया था।

# भीषण ठंड में 23 शेल्टर होम गरीबों को देंगे गर्मी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ठंड** बढ़ने के साथ नगर निगम द्वारा शेल्टर होम को व्यवस्थित किया गया है। नगर निगम द्वारा 23 शेल्टर होम की लिस्ट जारी की गयी है। अधिकारियों को नगर आयुक्त ने इन शेल्टर हो स में कोरोना से बचाव के सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। शेल्टर होम में पल्स आक्सीमिटर, सेनेटाइजर और हैंडवाश के साथ मेडिकल किट रखी जाए। शेल्टर होम के आस पास सफाई, फॉगिंग कराकर वातावरण को सुरक्षित किया जाए। शनिवार को शीत ऋतु के शुरु होते ही नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त अमित कुमार ने नगर निगम के 23 शेल्टर हो स की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया है। अपर नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया है कि सभी शेल्टर हो स में नियमित सफाई व्यवस्था करें। शेल्टर हो स में कोविड-19 के दिशा-निर्देशों के तहत बी-सेनीटाईजेशन की कार्यवाही के साथ-साथ इन्फ्रारेड थर्मामीटर, पल्स आक्सीमीटर, सेनेटाईजर, हैण्डवाश और मेडिकल किट अविल ब रखने का आदेश दिया है। शेल्टर हो स में तैनात कर्मियों कोइन संसाधनों के प्रयोग के लिए प्रशिक्षित कर शेल्टर होम एवं उनमें उपलब्ध इन संसाधनों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रत्येक शेल्टर होम में कोविड-19, डेंगू आदि से बचाव के लिए बैनर, होर्डिंग से प्रचार-प्रसार भी करने के निर्देश हैं। जोनल अधिकारियों को शेल्टर हो स में बेड, त त, बिस्तर, दरी, क बल और बाल्टी- मग्गा उपलब्ध कराने होंगे। पेयजल शसाथ दरवाजे, खिड़कियों की मर मत कराने के निर्देश दिए हैं। रात्रि के दौरान क्षेत्रीय नगर अभियंताओं को अलाव की नियमित व्यवस्था करानी होगी। यही नहीं शेल्टर होम में तैनात कर्मचारियों के नाम, उनकी ड्यूटी शि ट और मोबाईल न बर शेल्टर हो स की दीवार पर लिखवाने के साथ ही शेल्टर हो स के बाहर यह भी लिखवाना होगा कि ं कि शेल्टर होम में स्थित आश्रयहीन व्यक्तियों को नि:शुल्क ठहरने की व्यवस्था है। कर अधीक्षकों, अवर अभियंताओं को रात्रि में फुटपाथ, सड़क पर सो रहे लोगों को शेल्टर में लोन की जि मेदारी ी दी गयी है।

### अधिकारियों को शेल्टर होम को व्यवस्थित करने के निर्देश शेल्टर होम में पल्स आक्सीमटर, सेनेटाइजर और हैंडवाश के साथ मेडिकल किट रखनी होंगी

## स्वेटर पाकर झूम उठे स्कूली बच्चे

**मोहनलालगंज।** सर्दियों से बचाव के लिए शनिवार को मोहनलालगंज के प्राथमिक विद्यालय प्रथम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार के हाथों मुफ्त स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। स्वेटर वितरित करते हुए, बीएसए ने स्कूली बच्चों से कोरोना काल में आन.लाइन माध्यम से कराई जा रही पढ़ाई के बारे में जानकारी भी ली। मोहनलालगंज के प्राथमिक विद्यालय प्रथम में शनिवार को परिषदीय स्कूलों के बच्चों को नि:शुल्क स्वेटर वितरण का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार ने मासूम छात्र.छात्राओं को स्वेटर वितरित करते हुए पढ़.लिखकर तरक्की पाने के लिए कठिन परिश्रम को कामयाबी का मूलमंत्र बताया। कोरोना काल की विषम परिस्थितियों में चल रही आनलाइन क्लासेज के बारे में जानकारी ले रहे बीएसए ने अभिभावकों से पढ़ाई.लिखाई में बच्चों की मदद करने का आह्वान किया।



## गणतंत्र दिवस पर दिखेगा चुनौतियों के बीच बढ़ता यूपी

**लखनऊ।** योगी सरकार ने अगले साल होने वाले गणतंत्र दिवस (26 जनवरी, 2021) का थीम तय कर दिया है। राजधानी लखनऊ में आयोजित राजकीय समारोह में चुनौतियों के बीच बढ़ता उत्तर प्रदेश की झलक प्रस्तुत की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने शनिवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। झांकी में प्रदेश की बेहतर कानून व्यवस्था, आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति, इन्वेस्टर समिट, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोजगार योजना, प्रदेश में रोजगार का सृजन तथा कृषि क्षेत्र में हुई प्रगति की झलक दिखाई जाएगी। कोरोना काल की विभीषिका के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस तत्परता और प्रतिबद्धता से कार्य किया गया, आपदाकाल में सामान्य जन की स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ.साथ सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का जैसा प्रयास प्रदेश में किया गया, उससे राष्ट्रीय पटल पर प्रदेश को नई पहचान दी है। गणतंत्र दिवस की झांकी में यह सभी बिंदु प्रतिबिंबित होंगे।

## एलयू के शताब्दी समारोह के बीच राजभवन ने दी

# दीक्षांत समारोह को हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शताब्दी** वर्ष के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह कार्यक्रम को राजभवन ने हरी झंडी दे दी है। विवि का यह समारोह 21 नवम्बर को होगा। कोविड के खतरे की संभावना के बीच समारोह सीमित दायरे में होगा। कार्यक्रम के दौरान कुलपति, चांसलर व चक्रवर्ती मेडल सहित गोल्ड, रजत और ब्रोंज में कुल 15 मेडल ही वितरित किये जायेंगे। जबकि अन्य मेडल किसी अन्य कार्यक्रम के दौरान वितरित होंगे।

शताब्दी वर्ष के बीच दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर राजभवन से हरी झंडी मिलने के पीछे विवि के कुलपति प्रो आलोक राय की मेहनत है। क्योंकि इससे पूर्व राजभवन की तरफ से मना कर दिया गया था। फिर भी कुलपति प्रयासरत रहे, जिसके चलते राजभवन को आयोजन की हरी झंडी देनी पड़ी। हर बार दीक्षांत समारोह में 196 मेडल्स बांटे जाते थे, वहीं इस बार राज्यपाल केवल 15 महत्वपूर्ण मेडल बांटेंगी बाकि मेडल के लिए बाद में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। विवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक कोविड .19 के प्रतिबंध के कारण केवल 15 पदक ही केवल इस दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान किए जाएंगे। अन्य सभी विभागीय पदक जो पूर्व छात्रों अथवा किसी अन्य के द्वारा प्रायोजित किये गए हैं, को किसी एक अन्य तारीख में छात्रों को प्रदान किए जाएंगे जिसके तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। वता दें 21 नवंबर को शताब्दी वर्ष समारोह के तहत हैरिटेज वॉक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना था। जिसको पीछे खिसका कर 19 नवंबर को कर दिया गया है।



### 21 नवंबर को होगा दीक्षांत समारोह, केवल चांसलर व चक्रवर्ती सहित 15 मेडल होंगे वितरित

## भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**निगोहां।** आबकारी व निगोहां पुलिस की संँयुक्त टीम ने शनिवार को अवैध शराब बनाने व बेचने वालों पर शिकंजा कसा जहां निगोहां व नगराम थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर दो महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मुकेश कुमार आबकारी निरीक्षक सेक्टर.4ए अभिषेक मिश्रा आबकारी निरीक्षक सेक्टर.2 लखनऊ प्रवीण कुमार प्रधान आबकारी सिपाहीए कुंज बिहारी मिश्रा आबकारी सिपाहीए ललित कुमार आबकारी सिपाहीए अखिलेश कुमार आबकारी सिपाही एवं स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से दबिश दी गई। ग्राम कनेरी थाना नगराम में गिरफ्तार महिला का नाम वकीला पत्नी अमरेन्द्र के पास से 10 लीटर कच्ची शराब वही निगोहां में गिरफ्तार महिला का नाम अंजू पत्नी राम विलास के पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया।

## दस पॉलिटेक्निक संस्थानों में लैंग्वेज लैब बनेंगे

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के 10 जिलों में स्थापित पॉलिटेक्निक संस्थानों में लैंग्वेज लैब की स्थापना के लिए धनराशि 175 लाख रुपए की मंजूरी दी है। इस निर्णय से राजकीय पॉलीटेक्निक, इटावा, संजय गांधी पालीटेक्निक, अमेठी, सावित्रीबाई फुले राजकीय पालीटेक्निक, आजमगढ़ के अलावा जनपद कानपुर देहात में स्थापित एमएमआईटी के छात्रों को लाभ होगा।


## यूको बैंक — कब्जा नोटिस

अँचल कार्यालयः बी-1/122 विनीत खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ-226010 फोनः 0522- 4937664, ईमेलः zo.lucknow@ucobank.co.in

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (अधिनियम नं0 54, सन् 2002) के तहत एतद् द्वारा नोटिस जारी किया जाता है कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 पठित धारा 13(2) एवं 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे लिखित खातों के सामने दी गई तारीखों को डिमाण्ड नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख के 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने की मांग की गयी थी। उधारकर्ताओं द्वारा उक्त राशि का भुगतान न करने पर उधारकर्ताओं और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा नोटिस जारी किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उन्हें दी गयी शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित सम्पत्ति का अधिग्रहण प्रत्येक खाते के सामने दी गयी तारीख को कर लिया है। उधारकर्ता / बंधनकर्ता को विशेष रुप से और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इन सम्पत्तियों में कोई लेन–देन न करें और इसमें किसी प्रकार का लेन–देन राशि और उस पर निहित ब्याज हेतु यूको बैंक के अधिभारित होगा।

| क्र सं. | खातेदार का नाम, पता व शाखा का नाम | बकाया राशि (रू0) | सम्पत्ति का विवरण व मालिक का नाम | डिमाण्ड नोटिस/ अधिग्रहण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री आलोक अस्थाना पुत्र श्री नरेंद्र कुमार अस्थाना एवं नरेंद्र कुमार अस्थाना पुत्र श्री जंग बहादुर अस्थाना निवासी मकान नं. 418/1053 (117 A), गढ़ी पीर खान, सखा मंदिर के पास सादतगंज, लखनऊ 226003 शाखाः हज़रतगंज। | 14,46,984.00 + ब्याज +अन्य व्यय | सम्पत्ति का सभी भू भाग, मकान नं. – 418/1053 (117 A), गढ़ी पीर खान, सखा मंदिर के पास, सादतगंज, लखनऊ 226003, पर स्थित, **मालिकः** श्री नरेंद्र कुमार अस्थाना पुत्र श्री जंग बहादुर अस्थाना, **चौहद्दीः उत्तरः** सेक्कन महराज का मंदिर, **दक्षिणः** खुला मैदान, **पूर्वः** प्रेम चंद्र सक्सेना पुत्र स्वर्गीय श्री राम जीवन सक्सेना का गार्डन, **पश्चिमः** लेन, **क्षेत्रफलः** 1210 वर्ग फुट। | 18.03.2020 05.11.2020 |

दिनांकः 08.11.2020 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

# पांच सदी बाद होगा दीपोत्सव का अद्भुत नजारा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रभु** श्रीराम की नगरी अयोध्या में इस बार का दीपोत्सव और दिवाली ऐतिहासिक होगी। इसका मुख्य कारण है करीब पांच सदी बाद श्रीराम जन्म भूमि पर मन्दिर निर्माण शुरू होने के बाद पहली बार दीपोत्सव होने जा रहा है, जो लोगों के लिए किसी सपने से कम नहीं है। करीब 492 साल बाद यह पहला मौका होगाए जब श्री रामजन्म भूमि पर भी खुशियों के दीप जलेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अयोध्या से गहरा जुड़ाव जगजाहिर है। लिहाज़ा अयोध्या दीपोत्सव को वैश्विक उत्सव बनाने में वह कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हर व्यस्था पर उनकी नजर है। कहां, कब क्या होना है इसका प्रस्तुतिकरण भी वह देख चुके हैं। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन प्रयागराज कुंभ की भव्यता-दिव्यता और स्वच्छता के लिए वैश्विक पटल पर सराहना पा चुके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब दीपोत्सव को वैश्विक आयोजन बनाने में पूरी शिद्दत से जुटे हैं। 11 से 13 नवम्बर तक आयोजित होने वाले दीपोत्सव की एक-एक तैयारी पर सीएम की नजर है। इस बार योगी सरकार का अयोध्या में यह चौथा दीपोत्सव है। अन्य दीपोत्सव की तरह इसमें भी दीपकों के मामले में रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है।

मालूम हो कि करीब पांच शताब्दी पूर्व 1527 में मुगल सूबेदार मीरबांकी के अयोध्या जन्मभूमि पर कब्जा किया था। इसके बाद से अब देश ही नहीं, दुनिया के करोड़ों

## ● दीपोत्सव को वैश्विक बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही सरकार, सीएम खुद कर रहे निगरानी

रामभक्तों का श्री राम जन्मभूमि पर मन्दिर निर्माण का सपना पूरा हो रहा है। ऐसे में इस दीपोत्सव को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। हालांकि कोरोना के नाते इस अवसर पर अयोध्या में सीमित लोग ही जाएंगे, पर वर्चुअल रूप से हर कोई घर बैठे अयोध्या के भव्य और दिव्य दीपोत्सव का आनंद ले सकता है।

आजादी के पहले से लेकर अब तक मंदिर आंदोलन में गोरक्षपीठ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मसलन 1949 को जब विवादित ढांचे के पास रामलला का प्रकटीकरण हुआए तो पीठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ कुछ साधु.संतों के साथ वहां संकीर्तन कर रहे थे। उनके शीष्य ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ 1984 में गठित श्रीरामजन्म भूमि मुक्ति यज्ञ समिति के आजीवन अध्यक्ष रहे। उनकी अगुआई में अक्टूबर 1984 में लखनऊ से अयोध्या तक धर्मयात्रा का आयोजन हुआ। उस समय लखनऊ के बेगम हजरत महल पार्क में एक बडा सम्मेलन भी हुआ था। एक फरवरी 1986 में जब फैजाबाद के जिला जज कृष्ण मोहन पांडेय ने विवादित स्थल पर हिंदुओं को पूजा अर्चना के लिए ताला खोलने का आदेश दिया था, पीठ के तत्कालीन पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथजी वहां मौजूद थे। संयोगवश जज भी गोरखपुर के थे और तत्कालीन मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह भी गोरखपुर के ही थे।

1989 में 22 सितंबर को दिल्ली में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें नौ नवंबर को जन्मभूमि पर शिलान्यास कार्यक्रम की घोषणा की गई थी, उसके अगुआ भी अवेद्यनाथजी ही थे। तय समय पर दलित समाज के कामेश्वर चौपाल से मंदिर का शिलान्यास करवाकर उन्होंने बहुसंख्यक समाज को सारे भेदभाव भूलकर एक होने का बडा संदेश दिया था। हरिद्वार के संत सम्मेलन में उन्होंने 30 अक्टूबर 1990 से मंदिर निर्माण की घोषणा की। 26 अक्टूबर को इस बाबत अयोध्या आते समय पनकी में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। 23 जुलाई 1992 को मंदिर निर्माण के बाबत उनकी अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव से मिला था। सहमति न बनने पर 30 अक्टूबर 1992 को दिल्ली की धर्म संसद में छह दिसंबर को मंदिर निर्माण के लिए कारसेवा की घोषणा कर दी गई थी। अवेद्यनाथ के ब्रह्मलीन होने पर बतौर पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने इस जिम्मेवारी को बखूबी संभाला। उन्होंने अपने गुरु के सपनों को अपना बना लिया। उत्तराधिकारी, सांसद, पीठाधीश्वर और अब मुख्यमंत्री के रूप में भी। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी अयोध्या और राममंदिर को लेकर उनका जज्बा और जुनून पहले जैसा ही रहा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-सीतापुर**

पत्रांक-प.नं.-18/5/सं.अनु./न.पा.परि.सी./2020 दिनांक-05.11.2020

**नीलामी सूचना**

नगर पालिका परिषद सीतापुर सीमा अन्तर्गत मोहल्ला कोट स्थित लगने वाली बकरा-बकरी बाजार का शुल्क वसूली ठेका वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु दिनांक 12.11.2020 समय 2.00 बजे नगर पालिका परिषद सीतापुर प्रांगण में नीलामी कार्यवाही की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर पालिका की शर्तों के अनुसार नीलामी में भाग ले सकते हैं।

नियम-शर्तों की जानकारी संबंधित पटल से कार्यालय दिवसों में की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**सीतापुर।**

**कार्यालय नगर पंचायत महोना, लखनऊ**

संख्या-602/न0पं0म0/कु0 सूचना/2020-21 दिनांक-06 नवम्बर 2020

**अल्पकालीन कुटेशन सूचना**

नगर पंचायत महोना, लखनऊ में शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुये नगर निधि, नगर पंचायत महोना की धनराशि से अलाव जलाये जाने हेतु लकड़ी आपूर्ति हेतु दिनांक 13.11.2020, समय 12.00 बजे तक मुहरबन्द कुटेशन आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त प्राप्त कुटेशन उपरोक्त तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे कुटेशन दाताओं के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोले जायेंगे। प्राप्त कुटेशनों को स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। सामग्री आपूर्ति सम्बन्धित नियम व शर्तें प्रत्येक कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत महोना**
**लखनऊ**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद खलीलाबाद, जनपद-संतकबीरनगर।**

पत्रांक-728/न0पा0 दिनांक-04.11.2020

**अति अल्पकालिक ई-टेण्डर सूचना**

नगर पालिका खलीलाबाद को 14वां वित्त आयोग, एवं राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से बायोरेमेडिएशन कार्य हेतु आन लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है, आन लाइन निविदा दिनांक-13.11.2020 को 01.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जायेगी। आन लाइन निविदा दिनांक-13.11.2020 को अपरान्ह 04.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ठ की वेबसाइट htt://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। नगर पालिका परिषद खलीलाबाद सीमान्तर्गत फर्म को ही वरीयता दी जायेगी। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**खलीलाबाद, संतकबीरनगर**

## पीएम वाराणसी को कल देंगे विकास योजनाओं का तोहफा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी सोमवार 9 नवम्बर को अपने लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के द्वारा इस आयोजन में सम्मिलित होंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि वाराणसी में वर्तमान में लगभग 9000 हजार करोड़ रुपये की 135 परियोजनायें निर्माणाधीन हैं। अब तक उनके द्वारा वाराणसी के लिए 8500 करोड़ रुपये लागत की 157 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया जा चुका है।

वाराणसी में बीएचयू कैंसर सेन्टर व लहरतारा कैंसर सेन्टर का निर्माण कराया गया है। इन दोनों चिकित्सालयों में अब तक 3 लाख से अधिक रोगियों का इन्वेस्टिगेशन व हजारों रोगियों का रजिस्ट्रेशनए सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरिपी व रेडियो डाइग्नोसिस किया जा चुका है।

## व्यापारियों के विरोध के बाद तोड़फोड़ करने आया एलडीए का दस्ता लौटा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**व्यापारियों** के जोरदार विरोध के बाद तोड़फोड़ करने आया एलडीए का दस्ता बिना कोई कार्रवाई किए वापस हो गया। शनिवार सुबह 10 बजे जागरूक व्यापारी मंडल के सैकड़ों व्यापारी पुरनिया स्थित राम भवन मार्केट के स्वामी चंद्रशेखर गुप्ता के मार्केट पर प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में इकट्ठे हुए। यहां लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ भवन को गिराने के लिए आ चुके थे। जागरूक व्यापारी मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्रा के साथ महामंत्री शरद तिवारी, संरक्षक संदीप अग्रवाल, विनय अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, मनीष गुप्ता, आलोक ऐरन, श्याम जी तिवारी, संजय श्रीवास्तव, सुबोध निगम सहित तमाम व्यापारियों ने प्राधिकरण की कार्रवाई को पूरी तरह गलत बताया। इसी बीच पार्षद कुमकुम राजपूत, पार्षद पृथ्वी गुप्ता, पार्षद मुन्ना मिश्रा और सुदर्शन कटियार भी आ गए। पार्षद कुमकुम राजपूत से लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से तीखी बहस भी हुई। उसी समय विधायक डॉ. नीरज बोरा भी आ गए और उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारियों के सामने व्यापारियों का पक्ष प्रभावशाली ढंग से रखा। इसके बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण के लोग अपनी टीम के साथ बिना कोई कार्रवाई के वापस लौट गए।

## माटीकला प्रदर्शनी में 2.60 लाख रुपये से अधिक की हुई बिक्री

**लखनऊ।** खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड कार्यालय में माटीकला बोर्ड की ओर से आयोजित 10 दिवसीय माटीकला प्रदर्शनी में शनिवार दूसरे दिन लगभग 2.60 लाख रुपये से अधिक उत्पादों की बिक्री हुई। प्रदर्शनी में 14 जनपदों के माटीकला शिल्पकारों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया है। इसमें मिट्टी की लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं, गोरखपुर का टेराकोटा तथा मिर्जापुर की ब्लैक पाटरी लोगों में आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बने हुए है।

इसके अतिरिक्त मिटट्री से निर्मित डिजाइनर दिये, मूर्तियां, बर्तन, कुकर, कढ़ाई तथा पानी की बोतल भी लोगों को खूब पसंद आ रही है। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव, खादी एवं ग्रामोद्योग डॉ. नवनीत सहगल ने दी। उन्होंने बताया कि पारंपरिक कला से जुड़े मिट्टी कारीगरों का उत्साहवर्धन करने तथा अलग-अलग जगहों की कलाकृतियों को एक मंच पर लाकर बड़ा बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। खरीददारों में प्रदर्शनी के प्रति खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

**उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड** **शुद्धि-पत्र** इस कार्यालय की ई-निविदा सूचना संख्या- 18/अ0अ0(जा0) ई0/श0भ0वि0/ल0/ 2020-21 के विरुद्ध आमंत्रित निविदा जो दिनांक 06.11.2020 को खोली जानी थी जो अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 24.11.2020 अपरान्ह 12.00 बजे खोली जायेगी। अन्य नियम/शर्तें पूर्ववत रहेंगी। **अधिशासी अभियन्ता (जानपद) इकाई उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 9वां तल शक्ति भवन विस्तार, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ।** पत्रांक-1525 दिनांक 7.11.20 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

## उत्तर प्रदेश में रोजगार संकट है, नौजवान परेशान है: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री को अपनी दिव्यशक्ति से हकीकत को फसाना बना देना खूब आता है। प्रदेश में रोजगार संकट है, नौजवान परेशान है। मुख्यमंत्री झूठे आंकड़ों से लोगों को भ्रमित करते हैं। वास्तव में प्रदेश में मनरेगा, माटी कला सहित जिन.जिन योजनाओं से रोजगार के अवसर सृजित करने की लम्बी चौड़ी डींगे हांकी जा रही हैं वे सब स्वयं संकट ग्रस्त हैं। इनसे सम्बन्धित दो जून रोटी के लिए भी तरस रहे हैं। खुद सरकारी वोकेशनल करियर सर्विस पोर्टल बताता है कि सितम्बर के मुकाबले अक्टूबर 2020 में ही रोजगार में 60 प्रतिशत गिरावट आई है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में मनरेगा मजदूरों को भुगतान नहीं मिल रहा है। बदायूं में भुगतान वेबसाइट में खराबी आने के कारण उनके खातों में रूपए ट्रांसफर नहीं हुए।

## शिक्षक-स्नातक चुनाव में बीजेपी जुटी व्यूह रचना में

### ● सांसदों से लेकर जिलाध्यक्षों को दी गई जिम्मेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** अब उप चुनाव के बाद शिक्षक, स्नातक विधान परिषद चुनाव तैयारी बैठकों से चुनावी बिगुल फूंककर विजय का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने बरेली के जिला कार्यालय में आयोजित बरेली-मुरादाबाद शिक्षक स्नातक चुनाव बैठक तथा प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने पार्टी मुख्यालय में लखनऊ शिक्षक-स्नातक चुनाव की बैठक के दौरान बूथ जय के लिए जिम्मेदारी तय की। पार्टी ने बैठकों के माध्यम से एमएलसी चुनाव क्षेत्र के तहत आने वाले सभी जिलाध्यक्ष, सांसद, विधायक, नगर निकाय अध्यक्ष, सहित चुनाव संयोजकों तथा प्रभारियों को चुनाव की जिम्मेदारियां सौंप कर चुनावी विजय का माइक्रोमैनेजमेंट साझा किया। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि पार्टी सभी सीटों पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता ने अथक परिश्रम के साथ सबसे अधिक मतदाता बनाने का काम किया है जो पार्टी की निश्चित विजय का आधार होगा। अब इन सभी मतदाताओं से सतत सम्पर्क व संवाद के साथ हमें जुड़े रहना है। सबका साथ-सबका विकास के साथ राष्ट्र नवनिर्माण के पथ पर बढ़ रही बीजेपी में सबका विश्वास समाहित है। उन्होंने कहा कि पार्टी सौ में साठ हमारा है के लक्ष्य को लेकर चुनाव में मतदाताओं के बीच पहुंचेगी।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा व सुनील बंसल ने लखनऊ विधान परिषद खण्ड निर्वाचन क्षेत्र की बैठक में कहा कि हमारी विचारधारा में शिक्षक युग निर्माता व छात्र देश का भाग्यविधाता है और केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई शिक्षा नीति हमारी इस विचारधारा को परिलक्षित करती है।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, सिधौली-सीतापुर**

पत्र सख्या- 2288/वि0नि0/ई-टेण्डरिंग/मनरेगा/2020-21, दिनॉक- 3.11.2020

इस कार्यालय के पत्र संख्या-2116/वि0नि0/ई-टेण्डरिंग/मनरेगा/2020-21, दिनॉक-21.10.2020 द्वारा आमन्त्रित की गई निविदा में अपरिहार्य कारणोंवश आंशिक संशोधन किये जाने के फलस्वरुप सभी निविदा एवं शर्ते दिनॉक-04.11.2020 से दिनॉक-11.11.2020 अपरान्ह 12:00 बजे तक www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेंगी, जहां से इन्हे डाउनलोड किया जा सकता है। निविदादाता दिनॉक-10.11.2020 सायं 05:00 बजे तक अपनी निविदा समस्त सम्बन्धित अभिलेखों सहित उपरोक्त वेबसाईट पर अपलोड कर सकते हैं। धरोहर एवं निविदा शुल्क की धनराशि निम्न विवरण के कॉलम-5 एवं 6 में अंकित है। निविदा शुल्क का बैंक ड्राफ्ट जो खण्ड विकास अधिकारी, सिधौली के पक्ष में देय हो एवं धरोहर धनराशि का टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत एवं खण्ड विकास अधिकारी, सिधौली के पक्ष में बन्धक हो, के साथ विकास खण्ड-सिधौली में रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, पैनकार्ड, जी0एस0टी0, आधार कार्ड तथा 100 रु0 के स्टाम्प पर निर्धारित प्रारुप पर शपथ पत्र ऑनलाईन स्कैन करते हुये निविदा के साथ अपलोड करना होगा तथा अपलोड किय गये समस्त प्रपत्रों की मूल प्रतियॉ बन्द लिफाफे में दिनॉक-08.11.2020 को सांय 03:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराना होगा। मूल प्रपत्रों/निविदा शुल्क/धरोहर धनराशि के अभाव में अपलोड निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा ऐसे निविदादाता के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुये पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी। प्रत्येक कार्य के लिये अलग-अलग निविदा भरना होगा। कार्य सम्बन्धी विस्तृत विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की संख्या | सामग्री हेतु स्वीकृत लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लागत का 2 प्रतिशत) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पाण्डेय रामपुर से बैकुण्ठधाम मन्दिर तक इण्टरलॉकिंग व खड़न्जा | 1 | 2125077.00 | 42501.54 | 1000 | 2 माह | मनरेगा |
| 2 | सीरगंज से चन्दनपुर तक इण्टरलॉकिंग | 1 | 2302877.00 | 46057.54 | 1000 | 2 माह | मनरेगा |
| 3 | टड़ई पुल से टड़ई खुर्द पुल तक सी0सी0 निर्माण | 1 | 1813384.00 | 36267.68 | 1000 | 2 माह | मनरेगा |
| 4 | कंजा में आर0सी0सी0 पुलिया का निर्माण | 1 | 2456257.00 | 49125.14 | 1000 | 2 माह | मनरेगा |

टेक्निकल बिड दिनॉक-12.11.2020 को प्रातः 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में गठित विभागीय निविदा समिति द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड सही पाये जाने पर फाईनेन्शियल बिड दिनॉक-12.11.2020 को अपरान्ह 12:00 बजे ऑनलाईन खोली जायेंगी। जिस निविदादाता की निविदा स्वीकृत की जायेगी उसके द्वारा अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक एफ0डी0आर0 तथा 100 रु0 के स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत करने पर ही अनुबन्ध स्वीकृत किया जायेगा।

**(जितेन्द्र बहादुर सिंह)**
**खण्ड विकास अधिकारी,**
**सिधौली-सीतापुर।**

## बीस शहीदों के नाम से सड़कों का किया गया नामकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए शहीद हुए वीर जवानों के नाम से उनके जनपदों में सड़कों का नामकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश के 20 वीर शहीदों के नाम से सरकार द्वारा सड़कों का नामकरण किया गया है । इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक जनपद उन्नाव के सिकंदरपुर करन से अचलगंज .पुरवा मार्ग का नामकरण शहीद विजय कुमार मार्ग तथा पुरवा मझिगवां मार्ग से कउवागढी. समाधा संपर्क मार्ग का नामकरण शहीद अजीत कुमार आजाद मार्ग एजनपद शामली में आदमपुर भौराकला मार्ग का नामकरण शहीद अमित कुमार मार्ग तथा पानीपत खटीमा किमी 40 से शामली भौराकला मार्ग का नामकरण शहीद प्रदीप कुमार मार्ग जनपद मथुरा के बाजना से जरैलिया मार्ग का नामकरण शहीद पंकज कुमार सिंह मार्ग तथा बरारी फीडर मार्ग का नामकरण शहीद जितेंद्र पाल मार्ग एजनपद प्रतापगढ़ के बेलखरी. टिकरी मार्ग का नामकरण शहीद अनूप कुमार सिंह मार्ग एजनपद रायबरेली के वनपुरवा संपर्क मार्ग का नामकरण शहीद महेश कुमार यादव मार्ग एजनपद बांदा के सहेवा संपर्क मार्ग का नामकरण शहीद देवेंद्र मिश्र मार्ग एजनपद प्रयागराज के एनएच भीटी से गुप्ता बस्ती होते हुए कान्तापुर संपर्क मार्ग का नामकरण शहीद नेबूलाल मार्गए जनपद आगरा के फतेहाबाद-रिहावली मार्ग का नामकरण शहीद बबलू कुमार मार्गए तथा एएसआर मार्ग से कहरई कौलक्खा होकर एडीआई मार्ग का नामकरण शहीद कौशल कुमार रावत मार्ग, जनपद झांसी के भोजला संपर्क मार्ग का नामकरण शहीद सुल्तान सिंह मार्ग जनपद एटा के जैथरा. कुरावली मार्ग का नामकरण शहीद सुबोध कुमार सिंह मार्ग एजनपद कन्नौज के हसेरन बिधूना मार्ग से अजान संपर्क मार्ग का नामकरण शहीद प्रदीप सिंह मार्गए जनपद कानपुर देहात के डेरापुर-मंगलपुर मार्ग का नामकरण शहीद रोहित कुमार यादव मार्ग जनपद कानपुर देहात के ही ग्राम रैगवां संपर्क मार्ग का नामकरण शहीद श्याम बाबू मार्ग, जनपद मैनपुरी के लाखनमऊ से विनायकपुर सोडरा मार्ग का नामकरण शहीद राम वकील मार्गए जनपद देवरिया के छपिया जयदेव मार्ग का नामकरण शहीद विजय कुमार मौर्या मार्ग तथा जनपद महाराजगंज के हरपुर धनुआडीह से ताल्ही मार्ग का नामकरण शहीद पंकज कुमार त्रिपाठी मार्ग से किया गया है।

गौरतलब है कि उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा घोषित ष्जय हिन्द वीर पथ योजना के तहत इन सड़क का नामकरण शहीदो के नाम से किया गया है।

## स्काउट गाइड बनकर बच्चों में होता है अनुशासन की भावना का विकासः राज्यपाल



**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्काउट एवं गाइड्स द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्काउट एवं गाइड बनकर बच्चों में अनुशासन की भावना का विकास होता है तथा वे सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोगी की भूमिका निभाकर अपना सक्रिय योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि स्काउट एवं गाइड्स से अधिक से अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं जुड़े, इसके लिये वे प्रयास करेंगी। राज्यपाल को आज राजभवन में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड की स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने स्टीकर (झण्डा) लगाया। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री एवं उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड के अध्यक्ष डॉण् महेन्द्र सिंह द्वारा कोरोना काल में स्काउट एवं गाइड द्वारा किये गये कार्यों पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल को संस्था की अन्य गतिविधियों से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश स्काउट एवं गाइड के प्रादेशिक आयुक्त एवं उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रभात कुमार, उत्तर प्रदेश स्काउट एवं गाइड के प्रादेशिक सचिव ललिता प्रदीप सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### किसान परेशान, आधे दाम पर बिक रहा धान

**मोहनलालगंज।** धान खरीद में केन्द्र प्रभारियों की अड़ंगेबाजी किसानों को बाजार में औने-पौने दाम पर धान बेंचने पर विवश कर रही है। धान खरीद कराने के लिए सरकारी क्रय केन्द्रों के चक्कर लगाते फिर रहे किसानों की शिकायत पर विधायक अम्ब्रीश पुष्कर ने सीएम को पत्र लिखकर धान खरीद में बरती जा रही लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के धान क्रय केन्द्रों पर बैंक और खतौनी सत्यापन न होने का कहकर किसानों को दौड़ाया जा रहा है। यही नहीं आनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी हो जाने पर भी धान नम बताकर किसानों से धान खरीदने में अड़ंगेबाजी की शिकायतें सामने आ रही हैं। लिहाजा धान खरीद की सरकारी दर 1868 रुपए कुन्तल के बजाए किसान बाजार में बिचौलियों के हाथ 800-1000 रुपए कुन्तल की दर से धान बेंचने को विवश हो रहे हैं। निगोहां एसिसेण्डी एमोहनलालगंज एअमेठी एगोशाईगंज और समेसी से लगातार मिल रहीं किसानों की शिकायतों को लेकर विधायक अम्ब्रीश पुष्कर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर धान खरीद केन्द्र प्रभारियों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। विधायक ने खरीद प्रक्रिया की निगरानी कर रहे अफसरों को निर्देशित कर किसानों की समस्याएं दूर कराने की मांग की है।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

**लखनऊ(पीएनएस)।** जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को आरटीओ (प्रशासन) रामफेर द्विवेदी के साथ बैठक हुई। स्मार्ट सिटी के तहत आयोजित बैठक में कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए डीएम ने आवेदकों के हित में कई दिशा निर्देश दिए। जिसमें ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय के पास जनसुविधा केंद्र खोलने की बात कहीं। इसके अलावा बैठक में आरटीओ के अलावा अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम को पूरा करने के लिए कहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के टोल प्लाजों से ओवर लोड वाहनों की सूचना उपलब्ध कराये जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया है। परिवहन विभाग की समस्त आनलाइन सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने की बात कही है। जनपद के समस्त ब्लैक स्पॉट्स पर निगरानी रखने के साथ सुधार किया जाए। आगामी सड़क सुरक्षा सप्ताह के मद्देनजर प्रचार प्रसार शुरू किया जाए। वहीं परिवहन संबंधी कार्यो एवं लक्ष्य के मामले में 45 दिनों तक साप्ताहिक बैठक डीएल पर होगी।

### पूर्व अध्यक्ष के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में ललित कला एवं संगीत विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह ने चित्रकला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह एक सिद्धहस्त चित्रकार होने के साथ ही उत्कृष्ट शिक्षक भी थे। उनकी मृदुभाषिता और मिलनसारिता के सभी कायल रहे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह के निधन से कला जगत को हुई क्षति की भरपाई होना कठिन है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### अर्णव गोस्वामी के गिरफ्तारी के खिलाफ भाजपा का आक्रोश

**लखनऊ।** मुंबई पुलिस द्वारा वरिष्ठ पत्रकार अर्णव गोस्वामी की गिरफ्तारी और उनके साथ बदसलूकी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओ ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का पुतला फूंका। अर्णव गोश्वामी के समर्थन में चिनहट कस्बे से पैदल मार्च कर कार्यकर्ता चिनहट तिराहा पहुँचे, जमकर प्रदर्शन किया। शनिवार को प्रदर्शन के दौरान चिनहट वार्ड के भाजपा पार्षद प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण राय ने बताया कि नाराज कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय लोगों ने आवाज बुलंद करते हुए नारेबाजी कि नही चलेगी, नही चलेगी, ठाकरे की हिटलरशाही नही चाहेगी। प्रदर्शनकारियो में विजय शर्मा, संतोष रंजन पाण्डे, नविन राय, गौरव राय, अविनाश राय, शिवेंदु राय शिवम, अनिल जायसवाल, संजीव कुमार लोग सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रदेश में डेंगू बीमारी ले रही है महामारी का रूपः लल्लू

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि पूरे प्रदेश में डेंगू बीमारी ने महामारी का रूप धारण कर लिया है। सरकार की लापरवाही के चलते राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों में हजारों लोग डेंगू की चपेट में हैं और अस्पतालों में जीवन-मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं। लल्लू ने आरोप लगाया है कि योगी सरकार सिर्फ बयानबाजी कर रही है और डेंगू की रोकथाम और समुचित इलाज हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी में आज 8 नये डेंगू के मरीज सामने आये हैं। प्रदेश का कोई ऐसा अस्पताल नहीं है जहां डेंगू के मरीज न भर्ती हों। एक तरफजहां कोरोना महामारी में आम जनता आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रही है वहीं डेंगू की बीमारी ने उसे और तंगहाल बना दिया है। सिर्फराजधानी में अभी तक 564 से अधिक डेंगू के मरीजों की संख्या पहुंच गयी है। वहीं केजीएमयू, बलरामपुर, सिविल अस्पताल एवं लोहिया अस्पताल में तीन दर्जन से अधिक मरीज भर्ती हैं। इससे पूरे प्रदेश में डेंगू के प्रकोप का अंदाजा लगाया जा सकता है। लल्लू ने योगी सरकार पर आरोप लगाया है कि यदि डेंगू से बचाव हेतु सरकार ने पूरी तत्परता और गंभीरता से उपाय किये होते तो आज प्रदेश की जनता को अपनी जान को जोखिम में पड़ने से बचाया जा सकता था।

### मेट्रो के एमडी ने दिए काम तेज करने के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक ने अपने एक दिवसीय कानपुर दौरे पर कानपुर मेट्रो परियोजना के सिविल निर्माण कार्यों का जायजा लि या। इस दौरान प्रबंधन निदेशक ने आईआईटी, कानपुर से मोतीझील के बीच निर्माणाधीन 9 किलोमीटर लंबे प्रयॉरिटी कॉरिडोर के सभी मेट्रो स्टेशनों की प्रगति का निरीक्षण किया, निर्माण की प्रगति पर संतोष किया। साथ ही एमडी ने यूपी मेट्रो के इंजीनियरों से काम को और भी तेज़ गति से अंजाम देने के लिए संभावनाएं तलाशने को कहा। शनिवार को प्रबंधक निदेशक कुमार केशव ने निरीक्षण के दौरान कहा कि कानपुर मेट्रो के सिविल निर्माण की प्रगति को देखते हुए मैं यूपी मेट्रो के इंजीनियरों और कॉन्ट्रैक्टर एफ़कॉन्स के काम से काफ़ी खुश हूं, लेकिन साथ ही, एक सार्वजनिक होने के नाते हमारी यह भी जिम्मेदारी है कि हम लगातार और भी बेहतर और तेज ढंग से काम करने की संभावनाएं तलाशते रहें ।

### अंतरराज्यीय गिरोह के चार तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों को सोनभद्र से गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 800 किलोग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपए है। एसटीएफ को जानकारी मिली थी कि उड़ीसा से अवैध मादक पदार्थ की खेप लेकर कुछ तस्कर सोनभद्र जिले के चोपन थाना क्षेत्र में आने वाले हैं। टीम ने सूचना के आधार पर एक ट्रक में नमक की बोरियों के नीचे छिपाकर रखा गया 800 किलोग्राम गांजा (मादक पदार्थ) बरामद किया। एसटीएफ के मुताबिक गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान आगरा निवासी बीरन सिंह, श्रावस्ती निवासी प्रवेश यादव, मिर्जापुर निवासी राजेंद्र जायसवाल और जितेंद्र प्रताप सिंह के तौर पर हूई। पकड़े गए अभियुक्तों ने बताया कि वे बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ गांजा की तस्करी का कार्य करते है जिनका एक संगठित गिरोह है एवमं गिरोह का सरगना अवधेश पांडेय पुत्र रमेश पांडेय , निवासी. कस्बा व थाना मड़िहान , जनपद मिर्जापुर है ।

# डोनाल्ड ट्रंप का निंदनीय कृत्य

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई सप्ताह से डाक मतपत्रों को खराब बता रहे थे। इससे उन्होंने अमेरिकी चुनाव व्यवस्था की विश्वसनीयता पर दाग लगाया है।

एम्ब्रोस इवांस प्रिचार्ड
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।





अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में मतगणना के परिणाम आ रहे हैं जिनसे स्पष्ट होता जा रहा है कि इस अत्यंत रोमांचक चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन आगे चल रहे हैं। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अविश्वसनीय रूप से देर रात अपनी विजय की घोषणा कर दी। इस प्रकार उन्होंने स्वयं को गलत तरीके से चुनावी धोखाधड़ी के शिकार की तरह पेश किया है। ऐसा कर डोनाल्ड ट्रंप अपने प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन को कोई रियायत नहीं देना चाहते हैं। इस कृत्य से डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में सत्ता हस्तातंरण प्रक्रिया को गहरा धक्का दिया है। विडंबना है कि अपनी पराजय को गरिमापूर्ण ढंग से स्वीकार न करने वाले राष्ट्रपति को हटाने के लिए कोई संवैधानिक प्रक्रिया अमेरिकी संविधान में निर्धारित नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रनिर्माताओं ने अनुमान लगाया तथा उम्मीद प्रकट की थी कि निवर्तमान राष्ट्रपति गरिमापूर्ण व्यवहार करेंगे। हालांकि थामस जैफर्सन ने हमेशा यह भय भी प्रकट किया था कि किसी दिन कोई नया सीज़र जबरन राष्ट्रपति के अपने पद पर बना रहने का प्रयास करेगा। विडंबना है कि अमेरिका के एक राष्ट्रनिर्माता अलेक्जेंडर हैमिल्टन के दिमाग में भी यह बात पहले ही आई थी।

राष्ट्रपति ट्रंप ने देर रात अपनी विजय की घोषणा कर इन आशंकाओं को सही साबित किया है जो राजनीतिक रूप से गलत कृत्य है। इससे चुनाव में हारने पर उनके नजदीकी रणनीतिकारों की रणनीति स्पष्ट होती है जिस पर वे लंबे समय से काम कर रहे थे। उन्होंने 'अमेरिकी जनता से भयानक धोखाधड़ी' का आरोप लगाया। यह टिप्पणी वर्तमान स्थिति से लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास है। चुनाव के दिन कार्रवाई के बारे में उनकी टीम के लीक टेपों से अब कोई संदेह नहीं है कि इस रणनीति की पहले से योजना बनाई गई थी। यह पहले से तैयार बदानम करने की रणनीति है ताकि डाक मतपत्रों की गणना से डेमोक्रेट उम्मीदवार को आगे बढ़ने से रोका जा सके। अमेरिकी चुनावों में यह 'ब्लू शिफ्ट' परिघटना सामने आई है जो हर साल स्पष्ट होती जा रही है। इस बार कोरोनावायरस संक्रमण से बचने के लिए 100 मिलियन मतदाताओं ने डाक मतपत्रों का प्रयोग किया है।

ट्रंप कई सप्ताह से डाक मतपत्रों को खराब बता कर अमेरिकी चुनाव व्यवस्था को बदनाम करने का प्रयास कर रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने न्याय विभाग पर कब्जा करने तथा स्विंग राज्यों की कार्यकारी मशीनरी में रिपब्लिकनों का प्रभुत्व सुनिश्चित करने का प्रयास किया। उन्होंने अपने समर्थकों से केवल व्यक्तिगत रूप से वोट देने की अपील की जिसका स्पष्ट उद्देश्य दो प्रकार के मतदान के प्रति पार्टी में मतभेद पैदा करना था। जो बाइडेन द्वारा ओपीनियन पोल में बढ़त बनाने के बाद इसे एक रणनीति के रूप में देखा गया। इस रणनीति के कारण पैदा परिस्थिति हम सबने देखी है। अनेक राज्यों में ट्रंप की शुरुआती बढ़त बाद में गायब हो गई। इससे षडयंत्र की आशंकाओं को बल मिला जिसे सोशल मीडिया ने बढ़ा-चढ़ा कर पेश करते हुए बताया जैसे कि सेना मौके की प्रतीक्षा कर रही है।

यह स्थिति खतरनाक है और इसकी तुलना 20 साल पहले अल गोर द्वारा फ्लोरिडा में पुन: मतगणना की मांग से नहीं की जा सकती है। ट्रंप लोकप्रिय मतों तथा संभवत: निर्वाचक मंडल मतों में भी हार चुके हैं। इसके बावजूद वे परिणामों की घोषणा से पहले इनको उलटने के सारे प्रयास कर रहे हैं। अनेक राज्यों में कानूनी गुरिल्ला युद्ध के लिए टीमें तैयार हैं। शायद बाजारों ने स्थिति की गंभीरता समझी है। अमेरिका में सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया लूसियस सिनसिनेटस की अवधारणा पर है। एमहर्स्ट के विधि प्रोफेसर लारेंस डगलस के शब्दों में 'हमारा संविधान सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण सुनिश्चित करने के बजाय उसका पूर्वानुमान करता है।' उनके अनुसार बारहवें संशोधन तथा 1887 के एलेक्टोरल काउंट एक्ट की संरचना के कारण आक्रामक राष्ट्रपति को मौका मिला है। निर्वाचक मंडल के लिए मत निर्धारित करते समय राज्य लोकप्रिय चुनाव के नतीजों का अनुसरण करने के लिए बाध्य नहीं हैं, हालांकि व्यवहार में वे हमेशा यही करते रहे हैं। यदि चुनाव की वैधता पर संदेह हो या सड़कों पर भारी अव्यवस्था पैदा हो जाए तो राज्य विधायिकाओं को अपनी इच्छानुसार किसी को भी नियुक्त करने की संवैधानिक शक्ति प्राप्त है।

स्विंग राज्यों में इन संस्थाओं पर अधिकांशत: रिपब्लिकनों का नियंत्रण है। पेंसिलवानिया की जनरल असेम्बली में ट्रंप सहयोगियों ने डेमोक्रेटों की विजय की स्थिति में चुनावी धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। अब देखना होगा कि क्या ट्रंप द्वारा नियुक्त जज मतपत्रों के देर में आने के कारण उनको अवैध ठहराने का काम करते हैं, हालांकि उनको सही समय पर भेजा गया था? क्या रिपब्लिकन इस प्रकार के दमन के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपने 6:3 बहुमत का लाभ उठाते हैं? उम्मीद है कि ऐसा नहीं होगा, लेकिन फिलहाल यह सवाल प्रासांगिक है।

कम से कम वाशिंगटन में 8 दिसंबर को निर्वाचक मंडलों की 'सुरक्षित' समय सीमा तथा 6 जनवरी को नई कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपति चुनाव मतगणना को वैध ठहराने तक विकलांगता की स्थिति बनी रहेगी। यह अव्यवस्था लगातार बढ़ रही वैश्विक महामारी के समय है। 1932 में चार महीने के व्यवधान के बाद ऐसी स्थिति नहीं पैदा हुई है। उस समय बैंकिंग व्यवस्था लगभग ध्वस्त हो गई थी जो महान मंदी के समय पैदा स्थिति की तरह था। उसी समय जापान ने चीन पर हमला किया था, हिटलर ने बर्लिन पर कब्जा कर लिया था और दुनिया अचानक बदल गई थी।

आशंका है कि जब ट्रंप अपनी वकीलों की टीम के साथ अमेरिका में विभाजन पैदा करेंगे, उसी समय चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ताइवान में कुछ कर सकते हैं। स्वेच्छाचारी शासक अमेरिकी राष्ट्रपति से ऐसे ही व्यवहार की आशा करते हैं। इससे विद्रोह का प्रचार करने का मौका मिलता है। आने वाले दिनों में जो भी हो, पर डेमोक्रेट सिनेट पर कब्जा करने में विफल हुए हैं। उनकी सीटें वहां कम भी हो सकती हैं। इस प्रकार जनादेश चरम वामपंथी झुकाव की ओर नहीं है। डेमोक्रेटों का लंबे समय से विश्वास है कि 'जनसंख्या संरचना भविष्य है' तथा पार्टी का नस्ली व सामुदायिक गठजोड़ संख्याबल में अधिक रहेगा। लेकिन यह चुनाव एक चेतावनी देता है। इसमें पहचान की राजनीति के प्रति घृणा स्पष्ट है तथा अंतिफा में मूर्तिभंजकों की 'खारिज करो' संस्कृति का विरोध सामने आया है।

'दीवाल' के बावजूद डेमोक्रेटों का फ्लोरिडा व दक्षिण टेक्सास में लैटिनो से नियंत्रण समाप्त हो गया है। लैटिनो आप्रवासियों की बिजनेस संस्कृति, उनके कैथोलिकवाद तथा परिवारों द्वारा ट्रंप परंपराओं से तालमेल बैठाने के प्रयासों को देखते हुए यह आश्चर्यजनक नहीं लगता है। अब बाजारों को वाशिंगटन में निश्चय ही गतिरोध का सामना करना पड़ेगा जो पहले से ही परेशानियों का सामना कर रही हैं। थोड़े समय के लिए बाइडोनामिक्स ने हमें खुश किया है। ऐसा लगता है कि 'अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने' के लिए 7.9 ट्रिलियन डालर का प्रोत्साहन दिया जाएगा। यह 1941-1945 में रूज़वेल्ट द्वारा युद्धकालीन विस्तार रणनीति की तरह है। इस बार सैनिक-औद्योगिक गठजोड़ को गति देने के बजाय कार्बन के खिलाफयुद्ध को बढ़ावा मिल सकता है।

लेकिन व्हाइट हाउस पहुंचने के बावजूद भी जो बाइडेन कांग्रेस से इसे पारित नहीं करा सकते हैं। पर्यावरण-राजनीति अभी विकसित नहीं हुई है। ऐसे में 500 मिलियन सोलर पैनलों, 60,000 पवन टर्बाइनों व ऐसी चीजों के लिए 1.7 ट्रिलियन डालर की उनकी योजना सिनेट में ध्वस्त हो सकती है। शेयर बाजार उत्साहित हैं। गोल्डमैन सैच, जेपी मार्गन व मूडी ने अनुमान लगाया है कि बाइडोनामिक्स से आर्थिक वृद्धि बहुत तेज हो जाएगी। महामारी से निपटने के लिए 2 ट्रिलियन डालर खर्च होने की उम्मीद है। लेकिन स्पष्ट नहीं है कि कांग्रेस में इसे अनुमति मिलेगी। कुल मिला कर बाजारों को एक कठोर आर्थिक जाड़े का सामना करना है।

अर्थव्यवस्था में त्वरित उछाल की उम्मीदें टूट गई हैं। ऐसे में निवेशक थोड़ी बेहतरी की उम्मीद कर रहे हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि डेमोक्रेटिक व्हाइट हाउस अमेरिकी पूंजीवाद पर कहां तक नियंत्रण करेगा तथा रिपब्लिकन सिनेट खर्च पर कहां तक लगाम लगाएगी। उम्मीद करनी चाहिए कि बिजनेस को आगे बढ़ाने में दोनों पार्टियों का टकराव बाधा नहीं डालेगा।

**अब देखना होगा कि क्या ट्रंप द्वारा नियुक्त जज मतपत्रों के देर में आने के कारण उनको अवैध ठहराने का काम करते हैं, हालांकि उनको सही समय पर भेजा गया था? क्या रिपब्लिकन इस प्रकार के दमन के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपने 6:3 बहुमत का लाभ उठाते हैं? उम्मीद है कि ऐसा नहीं होगा, लेकिन फिलहाल यह सवाल प्रासांगिक है। कम से कम वाशिंगटन में 8 दिसंबर को निर्वाचक मंडलों की 'सुरक्षित' समय सीमा तथा 6 जनवरी को नई कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपति चुनाव मतगणना को वैध ठहराने तक विकलांगता की स्थिति बनी रहेगी।**

# साम्प्रदायिक विद्वेष की सुलगती चिंगारी

इस विषय पर नतीजा निकालने के लिए समाजशास्त्रीय अध्ययन किए जाने चाहिए कि कि किस हद तक कुछ मुद्दों पर इस्लामिक निषेधों ने मेओ मुसलमानों को पिछड़ेपन का शिकार बना रखा है।

प्रियदर्शी दत्ता
(लेखक स्वतंत्र शोधकर्ता हैं। लेख में व्यक्त किए विचार गए उनके व्यक्तिगत हैं।)





फरीदाबाद जिले के बालागढ़ में तौसीफ अहमद व उसे साथी रेहान को दिन दहाड़े एक किशोरी निकिता तोमर की हत्या के आरोप में हरियाणा पुलिस द्वारा मेवात इलाके से गिरफ्तार किया गया है। तौसीफ, कथित रूप से, निकिता पर शादी करने तथा इस्लाम में धर्मांतरित होने के लिए दबाव बना रहा था। एक पृथक घटना के तहत, वकीलों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के एक समूह ने नूह में कथित रूप से हिन्दुओं के जबरन धर्मांतरण की घटनाओं की जांच करने हेतु एक विशेष जांच टीम गठित करने की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की है। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा दाखिल की गई याचिका में दलील दी गई है कि जिा प्रशासन एवं हरियाणा पुलिस अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करने में विफल रहे हैं।

अपनी धार्मिक जननांकिकी के कारण 'नूह' शेष हरियाणा से भिन्न है। जबकि 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार राज्य की जनसंख्या में मुसलमानों की संख्या 7.6 प्रतिशत है, मगर इस जिले में उनकी संख्या 75 प्रतिशत है। 1971 की जनगणना के अनुसार, उन पांच तहसीलों में मुसलमानों का जनसंख्या में हिस्सा 62 प्रतिशत है जो नूह के अंतर्गत आती हैं। बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक संबंधों में इस उलटफेर के अपने परिणामहोते हें, खासकर शेष देश में विद्यमान ध्रुवीकरण के संदर्भ में। यही कारण है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने घोषणा की उनकी सरकार जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कानून लाएगी और हिन्दुओं की संपत्तियों की रक्षा के लिए एक बोर्ड का गठन करेगी।

मेवत जिले का नाम 2016 में बदलकर नूह रखा गया था। पूर्व में 2001 में, मेवात जिले को गुड़गांव जिसे का हिस्सा काटकर बनाया गया था। नूह कई नकारात्मक कारणों से खबरों में रहा है। मेवाती गिरोह मवेशियों की तस्करी, आटोमोबाइल चोरियों एवं राजमार्गों पर लूट के लिए कुख्यात रहे हैं। गुरुग्राम व फरीदाबाद जिलों की जेलों में बड़ी संख्या में मेवाती अभियुक्त बंद हैं। संदिग्ध आतंकी भी नूह से गिरफ्तार किए गए हैं। वहां पर साम्प्रदायिक व्यवधानों की खबरें अकसर आती रहती हैं।

फिर भी चीजें इस तरह नहीं होनी चाहिए थीं। मेओ मुसलमान एक भिन्न प्रकार का तबका था, वे प्रथाओं व परम्पराओं के मामले में तब तक हिन्दुओं से मेल खाते थे जब तक 20 सदी का प्रारम्भ नहीं हुआ था। उनका समन्वयवाद उपमहाद्वीप के शेष मुसलमानों के लिए एक उदाहरण हो सकता था। मेजर पेरसी विलियम पाउलेट ने अलवर गजेटियर (1878) में अलवर के मेओं के बारे में लिखा है जो तत्कालीन रियासत हुआ करती थी। उनका कहना था : ''मेओ समुदाय अपनी आदतों से आधे हिन्दू होते हैं। मस्जिदें शायद ही गांवों में नजर आती हैं। तिजारह तहसील के 50 गांवों में मात्र आठ मस्जिदें हैं। मंदिरों को छोड़कर, मेओ लोगों के आराधना स्थल उनके हिन्दू पड़ोसियों से काफीमे`ल खाते हैं। उदाहरण के लिए, वे पंच पीर, बैसा और चहंद नामों से जाने जाते हैं।'' एक ऐतिहासिक क्षेत्र के तौर पर, मेवात अपने हृदयस्थल से परे राजस्थान के अलवर व भरतपुर जिलों एवं उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले तक विस्तारित है, जो कि नूह कहलाता है। दिल्ली से आगरा अथवा जयपुर जाने के लिए इस इलाके को पार करना पड़ता है। यह दिल्ली, आगरा और जयपुर के पर्यटन क्षेत्र के स्वर्ण त्रिभुज के हृदयस्थल पर स्थित है।

बाहरी लोगों को यह शायद ही पता होगा कि किस तरह यह क्षेत्र, जो दिल्ली से मात्र 70-80 किलोमीटर दूर है, जो पिछली सदी के दौरान इस्लामिक अलगाव की प्रयोगशाला के तौर पर काम करता रहा है। मौलाना मोहम्मद इलियास (1885-1944), जिन्होंने तबलीगी आंदोलन प्रारम्भ किया था, ने 1920 में मेवात को नर्सरी के तौर पर चुना था। आंदोलन दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में सिथत बंगलेवाली मस्जिद में मुख्यालय से संचालित होता हे। चूंकि मौलाना इलियास दारुल उलूम देवबंद के उत्पाद थे, जो कि सह-संस्थापक राशिद अहमद गंगोही के पसंदीदा छात्र थे, उसकी रूढ़िवादिता की छाप तबलीगी आंदोलन में स्पष्ट नजर आती है।

तबलीग मुस्लिम मिशनरियों द्वारा संचालित सीमाओं से परे आगे बढ़ने वाला आंदोलन है जिसका उद्देश्य इस्लाम में आस्था रखने वालों के द्वार तक विश्वसनीय इस्लाम को पहुंचाना है। यह मामूली मुसलमानों अर्थात मोइनों को सच्चे मुसलमान अर्थात इहसान-मुहसिन बनने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस प्रक्रिया में सभी काफिरों को नकारना शामिल है जो कि पूर्व इस्लामी अतीत की एक विरासत हो सकती है। छह कालीमास (कुरान के छह आयतों) का उच्चारण एवं नमाज़ पढ़ना तबलीकी परिपाटियों की आधारशिला है। छह कालीमास वे गीतिकाएं हैं कि कोई भगवान नहीं अल्लाह है और मुहम्मद अल्लाह के संदेशवाहक हैं। छठी आयत खासतौर से अविश्वास एवं बहुदेववाद को नकारती है। कालीमास अल्लाह को किसी अन्य दैवीय सत्ता से जोड़ने की बात को अस्वीकार करती है। स्वाभाविक रूप से, समन्वयवाद का कोई स्थान नहीं है, जिसे इस्लाम के साथ-साथ अपनाना गुनाह माना गया है।

1970 में, जामिया इस्लामिया के ग्रामीण संस्थान के निदेशक, हाशिम अमीर अली, ने आंदोलन के लक्षणों का परीक्षण करते हुए, कहा था कि, तबलीग संस्था ने मेओ मुसलमानों की पूर्ववर्ती शांत एवं अद्वितीय रूप से समन्वयात्मक संस्कृति में नकारात्मक बदलाव की एक हवा चलानी प्रारम्भ कर दी है। यह बात ''मेओज आफ मेवात : आल्ड नेबर्स आफ न्यू डेलही'' पुस्तक के पृष्ठ 41 पर लिखी है। अली को भय था कि तबलीग द्वारा की जाने वाली रूढ़िवादिता की पैरोकारी मेओ मुसलमानों के आर्थिक जीवन के लिए विनाशकारी साबित होगी। रुवि के विरुद्ध धार्मिक हिदायत उन्हें बैंकों से कर्ज लेने, बैंकों में खाते खोलने अथवा सहकारी समितियों में शामिल होने से रोक सकती है। विदित हो कि दारुद उलूम देवबंद ने किसी भी प्रकार का कर्ज लेने के खिलाफ कुछ फतवे जारी किए हैं जिनमें ब्याज भुगतान शामिल हो। इस विषय पर नतीजा निकालने के लिए समाजशास्त्रीय अध्ययन किए जाने चाहिए कि कि किस हद तक कुछ मुद्दों, यथा कर्ज लेने एवं परिवार नियोजन पद्धतियां अपनाने, पर इस्लामिक निषेधों ने मेओ मुसलमानों को पिछड़ेपन का शिकार बना रखा है तथा गरीबी के दलदल में धकेलने का काम किया है।

तबलीगी आंदोलन का परिणाम 1946-47 के उथल-पुथल भरे कालखंड के दौरान प्रकट हुआ जब एक पृथक ''मेओस्तान'' की मांग उठने लगी। रोचक ढंग से, उसे साम्यवादी नेता कुंवर मोहम्मद अशरफ द्वारा सुर दिया गया था। इसकी सीमाएं तय की गईं थीं जो दिल्ली में मेहरौली से लेकर राजस्थान के दौसा जिले के बांदीकुई तक जाती थीं। अलवर और भरतपुर के मेओ मुसलमानों ने राजस्थान मुस्लिम लीग का निर्माण किया था। उसका एक घटक बंदूकों की ताकत पर पाकिस्तान से सटा हुआ मेओस्तान राज्य हासिल करने को लेकर कृतसंकल्प था। इस कारण स्वाभाविक रूप से दंगे जैसी स्थिति उत्पन्न हुई जहां हिन्दुओं की प्रतिक्रिया के चलते मेओ मुसलमानों को भारी क्षति पहुंची। कांग्रेस के सदस्य, नारायण भास्कर खरे, जो तब अलवर राज्य के दीवान थे, ने अपनी स्मृतियों (माय पॉलिटिकल मेमोरीज- 1959) में स्थिति का विस्तार से वर्णन किया था।

हालांकि, लॉर्ड माउंटबेटन द्वारा 3 जून 1947 को विभाजन की घोषणा, जिसमें पंजाब तथा बंगाल का विभाजन तय किया गया, मेओस्तान की योजना पर प्रहार किया गया और बड़ी संख्या में मेओ मुसलमान पाकिस्तान पलायन कर गए लेकिन जवाहरलाल नेहरू सरकार ने उन्हें वापस बुला लिया। उन्हें पाकिस्तान जाने से रोकना महात्मा गांधी के लिए भी आस्था का विषय था। इसलिए, खरे, इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं थे कि मेवात में स्थायी रूप से शांति स्थापित हो पाएगी। उन्हें आशंका थी कि साम्प्रदायिकता फिर भी भयावह रूप से ले सकती है। समय ने खरे की आशंकाओं को सही साबित कर दिया है क्योंकि मेवात इलाके में असंतोष जारी है।

**अलवर और भरतपुर के मेओ मुसलमानों ने राजस्थान मुस्लिम लीग का निर्माण किया था। उसका एक घटक बंदूकों की ताकत पर पाकिस्तान से सटा हुआ मेओस्तान राज्य हासिल करने को लेकर कृतसंकल्प था। इस कारण स्वाभाविक रूप से दंगे जैसी स्थिति उत्पन्न हुई। लॉर्ड माउंटबेटन द्वारा 3 जून 1947 को विभाजन की घोषणा के बाद बड़ी संख्या में मेओ मुसलमान पाकिस्तान पलायन कर गए लेकिन जवाहरलाल नेहरू सरकार ने उन्हें वापस बुला लिया।**

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 8 नवंबर, 2020



# हिस्ट्रीशीटर प्रदीप महरा की इमारत पर गरजा पीडीए का बुलडोजर

● पीडीए मकान के दूसरे हिस्से पर आज भी करेगा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**हिस्ट्रीशीटर** और माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। सफेदपोश का चोला ओढ़कर दबंगई से अकूत संपत्ति अर्जित करने वालों के खिलाफ शासन की भृकुटि इन दिनों टेढ़ी है। पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद के खिलाफ कार्रवाई से शुरू हुई कहानी का अभी अंत नहीं हुआ। अतीक अहमद पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिलीप मिश्र, बच्चा पासी, राजेश यादव, विजय मिश्र, पप्पू गंजिया के बाद अब हिस्ट्रीशीटर प्रदीप महरा के मकान पर आज पीडीए की टीम भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। बुल्डोजर के साथ पुलिस और प्रशासन की टीम देखकर इलाके में खलबली मच गई।

प्रशासन के अफसरों ने माफिया प्रदीप महरा के घरवालों को मकान खाली करने के लिए आधे घंटे की मोहलत दी। पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई पर प्रदीप महरा के घरवालों ने विरोध का प्रयास किया लेकिन उनकी एक भी नहीं चली। आखिरकार उन्हें घर से सामान बाहर निकालना ही पड़ा। इसके बाद पीडीए का बुल्डोजर आलीशान मकान पर गरजने लगा। बताया जाता है कि प्रदीप के खिलाफ दर्जनभर से अधिक मुकदमे हैं। उसका भाई जीतू महरा



हत्या के आरोप में जेल में बंद है। दोनों भाइयों ने अरैल इलाके में अरैल में करोड़ों रुपये कीमती जमीन की अवैध प्लॉटिंग की है। पीडीए की टीम ने आज प्रदीप महरा के मकान का एक हिस्सा तोड़ दिया जो उसके भाई जीतू महरा का बताया जा रहा है। प्रदीप महरा की मां विमला देवी वर्तमान में अरैल ग्राम सभा की प्रधान हैं। पीडीए अफसरों ने बताया कि आज जीतू महरा के हिस्से पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। रविवार को प्रदीप महरा के 40 साल पुराना पुश्तैनी मकान पर तोड़फोड़ की जाएगी। पीडीए के जोनल अधिकारी शत शुक्ला और आलोक पांडेय के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में कार्रवाई प्रारंभ की गई। पहले आधे घंटे सामान निकालने के लिए दिया गया था। कई मजदूर इस काम में लगाए गए थे। करीब 12:15 बजे बुलडोजर लगाया गया। प्रधान विमला देवी अपने बेटे प्रभात महरा के साथ रोते बिलखते पीडीए के अधिकारियों के पास जाकर कार्रवाई रोकने की गुजारिश की लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। प्रदीप के ऊपर हत्या हत्या के प्रयास जमीन कब्जा रंगदारी और धमकी के डेढ़ दर्जन मुकदमे प्रयागराज के यमुनापार इलाके के थानों में दर्ज हैं। नैनी थाने में इसकी हिस्ट्री शीट भी खोली गई है। कल ही पीडीए की टीम ने विजय

# क्राइम इंस्पेक्टर ने थाना प्रभारी पर ही तान दी पिस्टल

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मर्यादा** और कानून का पाठ पढ़ाने वाले पुलिस कर्मी ही मर्यादा और कानून का पाठ पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में ही भूल बैठे। वाराणसी में भेलूपुर थाने में शुक्रवार की देर रात पुलिस कर्मियों के बीच जमकर हंगामा हुआ और अनुशासित विभाग माने जाने वाले पुलिस बल की मर्यादाएं तार तार हो गईं। दो पुलिस अधिकारियों के बीच घटनाक्रम की रिपोर्ट सीओ भेलूपुर द्वारा एसएसपी को शनिवार को भेज दी गई है।

त्योहारी सीजन में बाजार में आमजन की सुरक्षा को लेकर एसएसपी अमित पाठक खासी सतर्कता बरत रहे हैं। इसी के मद्देनज़र शुक्रवार को एसएसपी बाइक से पूरे शहर का भ्रमण किए थे। विभागीय सूत्रों के अनुसार इंस्पेक्टर भेलूपुर अजय कुमार श्रोतिय ने थाने के इंस्पेक्टर क्राइम राजेश कुमार पांडेय की ड्यूटी चेकिंग के लिए चेतमणि चौराहा पर लगाई थी। ड्यूटी स्थल से गायब रहने पर इंस्पेक्टर भेलूपुर ने इंस्पेक्टर राजेश के खिलाफ रपट दर्ज करा दी थी। इससे नाराज होकर इंस्पेक्टर राजेश शराब के नशे में धुत होकर भेलूपुर थाने पहुंचे और इंस्पेक्टर भेलूपुर से कहासुनी के साथ ही गाली गलौज शुरू कर दिए। रात में ही इंस्पेक्टर भेलूपुर ने इंस्पेक्टर राजेश का मेडिकल मुआयना कराने की बात कही तो पुलिस कर्मियों के अनुसार बताया जाता है कि मेडिकल मुआयना की बात सुन कर इंस्पेक्टर राजेश ने इंस्पेक्टर भेलूपुर पर पिस्टल तान दी। थाने में मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने किसी तरह से इंस्पेक्टर राजेश को पकड़ कर स्थिति नियंत्रित की। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी भेलूपुर चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि आपस में कहासुनी की जानकारी मिली है। जो भी घटना हुई है उसके संबंध में रिपोर्ट तैयार कर एसएसपी को भेजी जा रही है।

# धूमनगंज में झगड़े के बाद डंडे से पीटकर पत्नी की हत्या

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के सुलेमसराय न्याय नगर कालोनी में शनिवार सुबह पति ने पत्नी की डंडे से पीटकर हत्या कर दी। सूचना पाकर जब पुलिस मौके पर पहुंची तब तक आरोपी पति भाग निकला। वारदात के पीछे पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद बताया जा रहा है। पुलिस आरोपित की तलाश में दबिश दे रही है। धूमनगंज थानान्तर्गत न्याय नगर सुलेम सराय निवासी निहाल कुमार बाइक मिस्त्री है। शनिवार की सुबह उसका पत्नी सुनीता 35 से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामला बढ़ा तो उसने आक्रोश में आकर घर में रखा डंडा उठाया और सुनीता के सिर पर कई वार किया। वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी। चीख पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। वारदात को अंजाम देकर भाग रहे आरोपित निहाल को लोगों ने पकड़ने की कोशिश की। लेकिन वह फरार हो गया। सूचना पाकर इंस्पेक्टर धूमनगंज अरुण चतुर्वेदी और सीओ सिविल लाइंस मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का मुआयना किया। साथ ही परिवार के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने कमरे से हत्या में प्रयुक्त डंडे को बरामद कर लिया है। परिवार के लोगों के साथ ही आसपास के लोगों ने बताया कि दोनों में किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता था। सीओ सिविल लाइंस का कहना है कि पति पत्नी के आपसी विवाद में घटना हुई है। आरोपित निहाल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम लगाई गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 215.77 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद की बिजली व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए लखनऊ से रू. 215.77 करोड़ की योजनाओं का वर्चुअल लोकर्पण/शिलान्यास किया। जिसमें 19.78 करोड़ की लागत से 06 कार्यों का लोकार्पण तथा रू. 94.75 करोड़ के कुल 07 कार्यों का शिलान्यास शामिल है। इसके अतिरिक्त रू. 108.52 करोड़ की 04 परियोजनाओं को प्रस्तावित किया गया तथा मुख्यमंत्री ने जनपद के जन प्रतिनिधयाें, सांसदों/विधायकों से वार्ता की। जन प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को जनपद को दीपावली से पूर्व दिये गये इस सौगात के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर महानगर/जनपद के अन्तर्गत विद्युत प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम के प्रति अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इससे बिजली व्यवस्था में आमूलचूक परिवर्तन होगा तथा लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी और सुचारू रूप से बिजली उपलब्ध होगी।

## आम जन को हर सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा हैः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पौने दो लाख गांव और मजरों का सफलता पूर्वक विद्युतीकरण सम्पन्न किया गया तथा 01 करोड़ 24 लाख से अधिक गरीब परिवारों के घरों में बिजली पहुंची है, विद्युत की निर्वाध आपूर्ति प्रदेश को प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि दृष्टिकोण सकारात्मक हो तो कोई भी कार्य असम्भव नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार का ध्यान सभी के प्रति है और आम जन को हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाकडाउन के दौरान भी प्रदेश के अन्दर कार्य बन्द नहीं था और कोरोना काल में भी अनवरत विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करायी गयी है। प्रदेश में तेजी के साथ परिवर्तन दिख रहा है और उसी के तहत लोकार्पण/शिलान्यास के कार्य आयोजित किये गये, सभी कार्य समयबद्ध ढंग से एवं गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप पूर्ण किया जायेगा। प्रदेश में साढ़े तीन लाख नौजवानों को नौकरी दी गयी है, निवेश हर क्षेत्र में दिख रहा है जिससे रोजगार एवं विकास की सम्भावनाएं बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिये कि प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित कराये ताकि कार्य प्रारम्भ हो सके। इस अवसर पर जनपद से महापौर सीताराम जायसवाल, सांसद रविकिशन, विधायक विपिन सिंह, संत प्रसाद, शीतल पाण्डेय, क्षेत्रीय अध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, इंजीनियर पी.के. मल्ल सहित विभिन्न जन प्रतिनधि गण जुड़े रहें।

# कोचिंग जा रहीं दो छात्राओं को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के करीब ट्रैक्टर ने दो छात्राओं को कुचल दिया। जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब दोनों कोचिंग पढ़ने जा रही थीं। जहां विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने दोनों को चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घूरपुर थाना क्षेत्र के चकसेमरा गांव निवासी भैय्यन साहू की पुत्री श्रेया (12) और दिलीप जायसवाल की पुत्री नेहा (15) पड़ोस में ही रहती थीं। श्रेया कक्षा आठ और नेहा हाईस्कूल में पढ़ती थी। आज शनिवार तड़के दोनों पैदल ही कोचिंग घूरपुर बाजार की ओर जाने के लिए निकलीं। वह दोनों घूरपुर थाने के समीप पहुची ही थीं कि तेज गति से शहर की तरफ जा रहे ट्रैक्टर चालक ने वाहन को भीटा की तरफ मोड़ दिया। जिससे दोनों छात्राएं चपेट में आ गईं। गुजर रहे लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। थाने के सामने हादसा होने के कारण पुलिस पहुंच गई। दोनों को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने श्रेया को मृत घोषित कर दिया और नेहा का उपचार शुरू किया लेकिन कुछ ही देर में उसकी भी मौत हो गई। दोनों के परिजनों को खबर मिली तो वे रोते बिलखते अस्पताल पहुंच गए। इंस्पेक्टर का कहना है कि हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला। उसकी तलाश की जा रही है।

# क्रय केंद्रों पर नहीं हो रही धान खरीद, किसान परेशान

● शासन के दावों की खिल्ली उड़ा रही प्रशासनिक उदासीनता

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**शासन के** लाख दावों के बावजूद धान क्रय केंद्रों पर किसानों की मुश्किलें कम नही हो रही है,किसान ट्रैक्टर ट्राली पर धान लाद कर दो-तीन दिनों से केंद्रों पर खड़े हैं और वहाँ न तो उनके बैठने और सोने की व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की,किसान जमीन पर सो कर अपने धान की रखवाली कर रहे हैं,पंजीकृत और सहकारी समितियों पर खरीद को लेकर बरती जा रही सुस्ती और प्रशासन की उदासीनता किसानों के मुश्किलों का सबब बन रही है। धान खरीद को लेकर सरकार किसानों को हर सुबिधा देने का दावा कर रही है ,सरकार के इसी दावे की हकीकत परखने के लिए हमने आज अकबरपुर के सिझौली मंडी समिति में बनाये गए



क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया, इस मंडी समिति एफसीआई, मार्केटिंग और मंडी विभाग के क्रय केंद्र खोले गए हैं जहाँ पर तीन कांटो पर तौल हो रही है।

## किसानों को नहीं मिल रही हैं सुबिधाएं

मंडी समिति में किसानों का धान खरीदने के लिए केंद्र तो बनाये गए हैं ,बताया जा रहा है मंडी के अंदर केंद्र स्थापित करने पर सम्बंधित विभागों से मंडी एमएसपी का डेढ़ प्रतिसत चार्ज वसूलती है और उसके बदले उसे किसानों के बैठने सोने रहने और पीने के पानी की व्यवस्था करना होता है लेकिन यहाँ मौजूद किसान मनोज दूबे निवासी लेहड़ी चकिया ,राजमणि निवासी बेलौवा बरियारपुर ,दीप चंद वर्मा निवासी पाँती का कहना है कि दो तीन दिन से यहाँ सेंटर पर खड़े हैं लेकिन तौल नही हुई,यहाँ न तो जनरेटर की व्यवस्था है और न ही बैठने और पीने के पानी की ,हम लोग नीचे जमीन पर सो कर रात बिताते हैं।

## पंजीकृत समितियों की मनमानी बढ़ा रही मुसीबत

जिले में धान खरीद के लिए एफसीआई ,मार्केटिंग और मंडी के अलावा बड़ी संख्या में पंजीकृत समितियों को भी क्रय केंद्र बनाया गया है लेकिन यहाँ खरीद सिर्फ औपचारिकता में है,अकबरपुर एफसीआई क्रय केंद्र के प्रभारी सुजीत का कहना है कि मंडी के बाहर के केंद्रों में खरीद नाम मात्र है वे लोग कहते हैं कि यहाँ किसान की आवक नही है किसानों की संख्या यहाँ अधिक है इस लिए समस्या हो रही है,मंडी में क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाने की जरूत है,मंडी विभाग के सचिव शुशील कुमार का कहना है कि मंडी के अंदर जो किसान आ रहे हैं उनके बैठने और सोने की पर्याप्त ब्यवस्था है लेकिन किसान वहाँ जाते ही नही,पानी की भी व्यवस्था की गई है।

# टॉप टेन दुर्दांत प्रदीप यादव गैंग के चार अपराधी गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**अपराध एवं** अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर कुमार के निर्देश पर पुरस्कार घोषित, वांछित चोर, लुटेरों, अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविंद कुमार पांडेय के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना झंगहा की टीम को लगाया गया था। मुखबिर खास की सूचना पर बलुहट्टा पुल पर पुलिस मुठभेड़ के दौरान चार अभियुक्तों ऋषिकेश यादव पुत्र गौतम यादव निवासी बरही भटोलिया चौरी चौरा, अजय चौहान पुत्र लाल किशोर निवासी बनकटवा थाना बगहा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार, ऋषि यादव पुत्र राजदेव यादव निवासी शत्रुघ्नपुर पासी टोला थाना चौरी चौरा, मुलायम उर्फ बृजेश मौर्य पुत्र कपिल मौर्य निवासी जंगल रसूलपुर नंबर 2 टोला सौलाभारी थाना झगहा को गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी के दौरान एवं उनकी निशानदेही पर पुलिस ने उनके कब्जे से तीन अदद कट्टा 315 बोर तथा एक अदद कट्टा 12 बोर, 4 अदद जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस, तीन अदद चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविंद कुमार पांडेय व क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर उपरोक्त जानकारी दी।

# अपहरण व मारपीट के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जाना बाजार, अयोध्या।** हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरो राघवपुर स्थित जीटीएल टावर पर अपहरण और मारपीट के मामले में पांचवे दिन हैदरगंज पुलिस ने आखिरकार अपहरण सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज की कर लिया। इस दौरान टेक्नीशियन न्याय के लिए थाने सहित जिले के पुलिस अधिकारियों की चौखट तक फरियाद करता रहा। बीते मंगलवार को दोपहर में पूर्व टेक्नीशियन की कार्यशैली से नाखुश कंपनी के लखनऊ से आए अधिकारियों ने नए टेक्नीशियन को साइड हैंड ओवर कर रहे थे। इसी दौरान काली स्कॉर्पियो गाड़ी से आए लोगों द्वारा टेक्नीशियन सहित 4 लोगों के साथ मारपीट करते हुए अपहरण कर लिया गया। देरशाम तक भारी दबाव के चलते अपहरणकर्ताओं ने चारों लोगों को एक पेट्रोल टंकी पर छोड़कर भाग निकले। देर रात तक तहरीर पड़ने के बाद भी हैदरगंज पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया था।

# लापरवाहीः डेंगू के कहर के बीच किट के अभाव में सात मरीजों की ही हो पाई जांच

● शुक्रवार की रात सराय फजल अजीम मोहल्ले रहने वाले युवक की हुई मौत, हड़कंप

**सफीपुर, उन्नाव।** कस्बा के सराय फजल अजीम मोहल्ले में डेंगू का कहर जारी है। शुक्रवार की रात कपिल (22) पुत्र रामपाल की मौत से अब तक करीब सत्रह लोग डेंगू से ग्रसित होकर जान गवां चुके है। वही करीब एक सैकड़ा लोग डेंगू से ग्रसित होकर हास्पिटल मे इलाज करा रहे है। उधर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ साथ जिला अस्पताल से टीमें आकर निरीक्षण कर रही है। इस बीच स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई। जहां एक तरफ डेंगू के कहर से सत्रह लोगो की मौत हो चुकी है तो दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग डेंगू किट के अभाव मे मात्र सात मरीजो की जांच कर सका। सीएचसी अधीक्षक डाण् कौशलेंद्र प्रकाश अपनी स्वास्थ्य टीम के साथ डेंगू किट के अभाव मे मलेरिया चिकनगुनिया की जांच कर लोगो को भटकाते रहे। सीएचसी अधीक्षक डाण् कौशलेंद्र ने बताया की डेंगू किट की मांग की गई



है। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी डा. अनुपम सिंह ने मोहल्ला सराय फजल अजीम मे सफाई कर्मियों की टीम तैनात कर नगर का भ्रमण कर स्वच्छता की कमान संभाली। डेंगू के प्रकोप से बचाव के लिए नगर मे एंटी लार्वा कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कर फगिंग कराया। वहीं डेंगू की सूचना पर मौके पर पहुंचे सीएमओ डाण् आशुतोष कुमार ने तीन दिन लगातार जांच करने के निर्देश दिए।

## भाजपा नेत्री ने परिजनो से की मुलाकात

बबरअली खेड़ा निवासी भाजपा महिला मोर्चा नेत्री कंचन गुप्ता ने डेंगू से ग्रसित मृतकों के परिजनो से मुलाकात कर ढ़ाढ़स बंधाया। साथ ही सीएचसी अधीक्षक से लोगो के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

# टाण्डा परियोजना में एनटीपीसी का 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी लिमिटेड की टाण्डा सुपर थर्मल पावर स्टेशन में एनटीपीसी का स्थापना दिवस-2020 मनाया गया। कार्यक्रम में परियोजना के प्रांगण में आयोजित एक समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियेजना प्रमुख के. श्रीनिवास रॉव ने एनटीपीसी का ध्वज फहराया। कर्मचारियों ने एनटीपीसी गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने केक काटकर सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी। समारोह के अवसर पर अपने सम्बोधन में श्री रॉव ने परियोजना परिवार के समस्त सदस्यों, अपने सहयोगी संस्थाओं के सदस्यों तथा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सदस्यों को बधाई देते हुये कहा कि एनटीपीसी की इस विकास यात्रा में टाण्डा विद्युत गृह का एक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित करने वाली महामारी कोविड-19 के कारण उपजे हालात को देखते हुए एनटीपीसी ने अपने स्थापना दिवस से संबंधित कार्यक्रम 'दो गज की दूरी' और 'ऑनलाईन प्लेटफार्म' के माध्यम से मनाने का निर्णय लिया है। इस बार का स्थापना दिवस इसलिए भी खास बन जाता है, क्योकि एनटीपीसी के समस्त कर्मचारियों ने राष्ट्र को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इस साल की शुरुआत में लॉकडाउन चरण के दौरान चौबिसों घंटे काम किया।

# डीआरएम संजय त्रिपाठी ने कैंट स्टेशन का किया निरीक्षण

● फैजाबाद स्टेशन का नाम अब अयोध्या कैंट होगा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**उत्तर रेलवे** लखनऊ मंडल के डीआरएम संजय त्रिपाठी ने वाराणसी में शनिवार की सुबह कैंट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कैंट रेलवे स्टेशन का राजकीय रेलवे पुलिस थाना अब स्टेशन की नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि अब फैजाबाद स्टेशन का नाम बदलने की तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि फैजाबाद स्टेशन का नाम अयोध्या कैंट होगा। अयोध्या, अयोध्या कैंट और रामघाट स्टेशनों को विकसित भी किया जाएगा। डीआरएम का कहना है कि इससे अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को आसानी होगी। वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन के थाने को छठपूजा के बाद 25 नवंबर को शिफ्ट करने की तैयारी है। इस नई बिल्डिंग की शुरुआत जीआरपी थाना से ही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने प्लेटफार्मोंए यात्री हालए सर्कुलेटिंग एरिया आदि का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं को परखा। जीआरपी थाना पहले प्लेटफार्म नंबर 4 व 5 पर था फिर ऊपर शिफ्ट हुआ।अब फिर से स्थान बदलकर स्थाई तौर पर नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो जाएगा। इससे रेल यात्रियों को अब जीआरपी थाना ढूंढ़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन कैंट स्टेशन पर मीडिया से बात करते हुए डीआरएम ने कहा कि शिवपुर स्टेशनए व्यासनगर और चौखंडी स्टेशन को बिजनेस मॉडल पर विकसित किया जाएगा। बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के तहत एडीआरएम अमित श्रीवास्तव और सीनियर डीसीएम जगतोष शुक्ल ने इन स्टेशनों के गुड्स शेड का निरीक्षण किया।

# क्विक न्यूज

## दीपावली को लेकर अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ की बैठक



**उन्नाव।** दीपावली त्योहार को देखते हुए शनिवार को विकास भवन सभागार में डीएम.एसपी ने जिले के व्यापारियों के साथ बैठक की। सभी से त्योहार में शांति व्यवस्था बनाने रखने की अपील की गई। बैठक में डीएम रवीन्द्र कुमार ने कहा कि दीपावली का त्योहार हम सबको आपस में मिलजुल कर मनाना है। इसके लिए समाज के जिम्मेदार लोगों को अभिभावक की भूमिका निभानी होगी। एसपी आनन्द कुलकर्णी ने सभी से त्योहार में शांति व्यवस्था बनाने रखने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि कोरोनावायरस के संक्रमण को रोकने के लिए दो गज की दूरी व मास्क बहुत जरूरी का अनुपालन किया जाए। इस मौके पर एडीएम राकेश सिंह्र एसपी विनोद कुमार पाडेंय सिटी मजिस्ट्रेट चंदन लाल पटेल्र सीओ सिटी गौरव कुमार त्रिपाठी शहर कोतवाल दिनेश चंद मिश्र आदि मौजूद रहे।

## अलग सोच से होता है नई खोज का जन्मः बीएचयू कुलपति

**वाराणसी।** भारत रत्न एवं नोबेल पुरस्कार से सम्मानित भौतिक शास्त्री सीवी रमन की जयंती पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषि विज्ञान संस्थान व भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी एवं राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी की ओर से आयोजित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राकेश भटनागर ने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से युवा वैज्ञानिकों को नए शोध करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में बड़ी संख्या में विज्ञान के शिक्षक व शोधकर्ता हैं। उन्होंने युवा वैज्ञानिकों का आह्वान किया कि वे नई खोजों की दिशा में कार्य करें। कुलपति ने कहा कि जब आप अलग तरीके से सोचते हैं तभी कोई नई खोज संभव हो पाती है। इंडियन इन्सटिट्यूट ऑफसाइंस एजुकेशन एंड रिसर्च में विज़िटिंग प्रोफेसर प्रो. कुलिन्दर पाल सिंह इंस्टिट्यूट ऑफजिनोमिक्स एंड इंटिग्रेटिव बायोलॉजी में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. देबज्योति चक्रवर्ती एवं नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ बायोमेडिकल जिनोमिक्स के निदेशक प्रो. सौमित्र दास ने ऑनलाइन व्याख्यान दिये।

## महिला कॉलेज में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

**वाराणसी।** चेतगंज की स्थिति आर्य महिला इंटर कॉलेज में शनिवार अपराहन स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आरोग्य भारती काशी प्रान्त व राजकीय आयुर्वेद कॉलेज के सयुंक्त तत्वाधान में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती काशी प्रान्त के अध्यक्ष डॉ इन्द्रनील बसु ने बताया कि धन्वंतरि दिवस सेवा सप्ताह के अंतर्गत आरोग्य भारती की ओर से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इस क्रम में ऐसे बहुत से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर में लगभग 65 बच्चों व 25 शिक्षिकाओं व कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण व दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ मनीष त्रिपाठी प्रोफेसर कंचन डॉ शशि डॉ श्वेता डॉ मीनाक्षी सिंह व डॉ नीलम गुप्ता शामिल रहीं।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के करमूपुर गांव में शनिवार सुबह नौ बजे ट्रक से गिट्टी उतारते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बिहार राज्य के समस्तीपुर जिले के थाना मोहद्दीनगर अर्न्तगत हजरतपुर गाँव निवासी मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुँची खण्डासा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बिहार राज्य निवासी विचेन्दर (35) पुत्र देवेन्द्र महतो फैजाबाद में रहकर मजदूरी करता था। शनिवार को खजुरहट से सड़क पेंटिंग हेतु ठेकेदार द्वारा जीरा गिट्टी मंगाई गई थी जिसे उतारने के लिए वह आया था चालक द्वारा गिट्टी उतारने के लिए लापरवाही पूर्वक ट्रक को हाईटेंशन विद्युत तार के नीचे खड़ा कर दिया जैसे ही विचेन्दर गिट्टी उतारने के ट्रक पर चढ़ा हाईटेंशन तार की चपेट में आकर झुलस गया। आनन.फानन में सीएचसी खण्ड़ासा ले जाया गया जहाँ चिकित्सकों नें मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष खण्ड़ासा संतोष कुमार सिंह नें बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है छानबीन की जा रही है तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा।

## पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**जानाबाजार, अयोध्या।** हैदरगंज थाना क्षेत्र के बढ़ई का पुरवा में शनिवार की दोपहर में एक ग्रामीण के भाड़े पर पेड़ काट रहे एक 58 वर्षीय व्यक्ति के ऊपर पेड़ गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरा बाल.बाल बच गया। सूचना पर पहुंची 108 की एंबुलेंस से घायल को सीएचसी तारुन ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। मेमो मिलते ही तारुन पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार ग्रामसभा मैहर कबीरपुर के बढ़ई का पुरवा में शनिवार को जवाहर विश्वकर्मा के हरे गूलर के पेड़ को गांव के ही जंगली कोरी और मोहम्मद यूनुस मजदूरी पर काट रहे थे। पेड़ काटने के दौरान अचानक कटा हुआ पेड़ मोहम्मद यूनुस के ऊपर गिर पड़ा। वही साथ में काम कर रहा जंगली बाल-बाल बच गया।

## पंचतत्व में विलीन हुए अपना दल के संस्थापक सदस्य रामकीर्ति

**अम्बेडकरनगर।** अपना दल के संस्थापक, सदस्य एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य समाजसेवी रामकीर्ति पटेल का बीते 4 नवम्बर को दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार दिल्ली में हुआ। 71 वर्षीय स्व0 राम कीर्ति पटेल कई माह से बीमार चल रहे थे स्व0 पटेल के निधन से अपना दल व कमेरा समाज को अपूर्णनीय क्षति हुई है। पार्टी जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पटेल की अध्यक्षता में शनिवार को जिला कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गयी। जिलाध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि नेता जी के आकस्मिक निधन से पार्टी ने अपना मार्गदर्शक खो दिया है उनका शरीर भले ही पंततत्व में विलीन हो गया हो लेकिन वह हमेशा कमेरा समाज के दिलों में अमर रहेंगे। कमेरा समाज के हक के लिए उनके संघर्षो को हमेशा यादव किया जायेगा। आनंद हीराराम पटेल ने कहा कि उनके बताये रास्ते पर चलना ही उनका सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सभी लोगों ने इस दुखद घडी में शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किया। शोक सभा में सुरेन्द्र प्रताप पटेल, अनिल पटेल, शशिकांत पटेल, शोभाराम चौधरी, चन्द्रभान मौर्या, सुरेन्द्र कुमार, रामजीत सिंह, राम बहादुर पटेल, संत बचन गौतम, कृपाशंकर पटेल, धर्मदेव बहल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## भवन निर्माण के दौरान करंट की चपेट में आया श्रमिक, मौत

**अम्बेडकरनगर।** बसखारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित सब्जी मंडी बसखारी में हो रहे बिल्डिंग निर्माण में अचानक एक दुखद हादसा हो गया जिसमें मौके पर ही एक मजदूर की मौत हो गई और दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी हालत भी चिंताजनक बताई जा रही है जबकि तीन अन्य मजदूरों को हल्की चोटें आई है। हादसा बिल्डिंग निर्माण में प्रयुक्त होने वाले लोहे के सरिए को मजदूरों के द्वारा तीसरी मंजिल पर ले जाते समय सरिया में उत्तरे करंट के कारण उस समय का बताया जा रहा है। हादसा तब हुआ जब कुछ मजदूर अरविंद कुमार पुत्र इंदल के बसखारी सब्जी मंडी में स्थित मकान में हो रहे निर्माण कार्य के दौरान मजदूरी कर रहे थे। इसी बीच वीरेंद्र पुत्र शिव पूजन निवासी मोतिगरपुर उम्र लगभग 20 वर्ष व परशुराम पुत्र बिफई निवासी बजदहिया पाईपुर उम्र लगभग 19 वर्ष मकान में प्रयुक्त होने वाले लोहे की सरिया को तीसरी मंजिल पर चढ़ा रहे थे। इसी बीच लोहे की सरिया बिल्डिंग के बगल से गुजरे विद्युत तार की चपेट में आ गई। जिससे मौके पर ही वीरेंद्र की मौत हो गई तथा दूसरा मजदूर परशुराम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी हालत भी चिंताजनक बताई जा रही है।

## लोगों से संबंध बनाने में लगा है संपर्क विभागः रासबिहारी

**गोरखपुर।** विश्व हिंदू परिषद के संपर्क विभाग के तत्वावधान में आज वैष्णवी लान में शहर के प्रतिष्ठित एवं विश्व हिंदू परिषद के नए पुराने कार्यकर्ताओं की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में बतौर मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री रासबिहारी, बतौर मुख्य अतिथि डॉ. रूप कुमार बनर्जी उपस्थित रहें। प्रस्तावना प्रांत संगठन मंत्री प्रदीप पांडेय ने रखी एवं अध्यक्षता विनोद सर्राफ, संचालन डॉ. डी के सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री रासबिहारी ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का संपर्क विभाग वर्षो से समाज के प्रतिष्ठित लोगों में संपर्क संबंध बनाने का कार्य में लगा हुआ है। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीराम दरबार के सम्मुख मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व महापौर डॉक्टर सत्या पांडेय, जसपाल सिंह, डॉ. शिव शंकर शाही, जगनैन सिंह नीटू, विकास जालान, प्रवीण श्रीवास्तव, हरिओम शर्मा, प्रवीण आर्य, वीरेंद्र जायसवाल, डॉक्टर ए के सिंह, नारायण चौधरी, विनोद सिंह, मनोज सिंह, दुर्गेश त्रिपाठी, विष्णु प्रताप सिंह, मातृशक्ति सह संयोजिका विनीता, रीता, दुर्गा वाहिनी संयोजिका उत्तरी भाग रूपरानी, मुकेश दुआ, विजय खेमका, अनुराग, संजय श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहें।

## जीएम ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी ने मुख्यालय एवं लखनऊ मण्डल के वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ गोरखपुर जं. रेलवे स्टेशन का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख मुख्य इंजीनियर सतीश कुमार पाण्डेय, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक एस.सी. प्रसाद, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/लखनऊ शिशिर सोमवंशी, महाप्रबन्धक के सचिव डी.के.खरे, मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह तथा लखनऊ मण्डल के शाखाधिकारी उपस्थित थे । निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक श्री त्रिपाठी ने कहा कि सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरी होनी चाहिये तथा अनुरक्षण कार्य भी उत्कृष्ट कोटि का होना चाहिए। यात्री सुविधाओं का निरीक्षण करते हुये उन्होंने प्लेटफार्म नम्बर-2 पर स्थित वातानुकूलित लाउन्ज, वातानुकूलित महिला एवं पुरूष प्रतीक्षालय को देखा तथा सुविधाओं को बेहतर बनाने एवं स्वच्छता के स्तर में सुधार करने का निर्देश दिया। स्टेषन के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे बैगेज स्केनर तथा इलेक्ट्रानिक इण्ट्री गेट आदि को देखने के उपरान्त उन्होंने पोर्टिको एवं स्टेशन परिसर का निरीक्षण भी किया तथा फसाड़ लाइटिंग के लिये लगाये गये इक्विपमेंट में अपेक्षित सुधार के लिये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# किसानों से कृषि कानूनों पर चर्चा के लिए सरकार हर वक्त तैयार: तोमर

भाषा। नई दिल्ली



**पंजाब** में कृषि सुधार कानूनों के खिलाफ चल रहे प्रदर्शन के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शनिवार को एक बार फिर कहा कि भारत सरकार इन कानूनों पर किसानों से चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पंजाब में चालू खरीफ सीजन में पिछले साल के मुकाबले 27 प्रतिशत अधिक खरीद हुई है और इस दौरान वहां खरीद केंद्रों की संख्या भी दोगुनी हुई है।

पत्रकारों के एक समूह से अनौपचारिक चर्चा में तोमर ने कहा, किसान को किसी भी प्रकार की तकलीफ है और उसे ऐसा लगता है कि इन कानूनों से उसे किसी प्रकार का नुकसान हो रहा है तो भारत सरकार उनसे बातचीत के लिए किसी भी समय तैयार है। उनके साथ मौजूद केंद्रीय वाणिज्य व रेल मंत्री पीयूष गोयल ने भी स्पष्ट किया, सरकार के दरवाजे बातचीत के लिए हमेशा खुले हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गोयल ने पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह से फोन पर भी बातचीत की और उनसे किसानों के मुद्दे पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया। तोमर ने बताया कि पिछले छह वर्षों में धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उनके मुताबिक वर्ष 2013-14 में धान की एमएसपी 1310 रुपए प्रति क्विंटल थी जबकि 2020-2021 में यह बढ़कर 1868 हो गई। उन्होंने बताया, मोदी सरकार में कृषि उपज के साथ-साथ खरीद केंद्रों की संख्या भी बढ़ी है। वर्ष 2013-2014 के मुकाबले चालू सीजन में पंजाब और हरियाणा समेत पूरे देश में धान की खरदी दोगुने से भी जयादा हो रही है। सिर्फ पंजाब में चालू खरीफ सीजन में छह नवंबर तक पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 27 प्रतिशत अधिक खरीदी हुई है।

उन्होंने कहा कि 2013-14 के मुकाबले पंजाब में धान के खरीद केंद्रों की संख्या भी दोगुनी हो गई है। उन्होंने बताया, पिछले छह वर्षों में पंजाब और हरियाणा में धान खरीद के लिए किया जा रहा भुगतान भी दोगुना हो गया है। इस दौरान दोनों राज्यों में गेहूं खरीद केंद्रों की संख्या भी चार गुनी हो गई। तोमर ने बताया कि कृषि सुधार की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से न सिर्फ किसानों की आय बढ़ी है बल्कि इससे उनके जीवन में भी समृद्धि आई है। मालूम हो कि पंजाब में नए कृषि कानूनों को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहा है।

इसके चलते किसानों ने रेल की पटरियों पर चक्का जाम किया हुआ है और राज्य में 24 सितंबर से ट्रेनों का परिचालन बंद है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि पिछले छह सालों में दलहन की खरीदी में 74 गुना और तिलहन की खरीदी में लगभग 10 गुना की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, कृषि सुधार कानूनों के आने के बाद खरीफ फसलों की खरीदी के लिए सुचारू व्यवस्था बनाई गई है।



दीपावली से पहले पुरानी दिल्ली में शनिवार को दुकानों पर सजावटी सामान खरीदते लोग

## प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए हरित परिवहन साधनों को अपनाएं: एदियुरप्पा

भाषा। बेंगलुरु



**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने शनिवार को लोगों से वायु प्रदूषण घटाने में मदद पहुंचाने के लिए निजी वाहनों के स्थान पर सार्वजनिक वाहनों एवं साइकिलों का इस्तेमाल करने तथा पैदल चलने की अपील की।

स्वच्छ हवा और साफ पानी को हर नागरिक का अधिकार बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, धरती के बढ़ते तापमान और प्रदूषण के चलते साफ एवं शुद्ध पर्यावरण मुश्किल होता जा रहा है जिससे मानव जाति एवं धरती पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। उन्होंने शहर में चर्च मार्ग पर क्लीन एयर टेस्टबेड ड्राइव का शुभारंभ करते हुए कहा, इसलिए पर्यावरण का संरक्षण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। क्लीन एयर टेस्टबेड शहरी भू परिवहन निदेशालय, भारतीय विज्ञान संस्थान एवं ब्रिटेन के कैटापुल्ट नेटवर्क की संयुक्त पहल है जिसके तहत चर्च रोड पर किसी भी तरह के वाहन पर रोक रहेगी और बस पैदल यात्रियों को अनुमति होगी। यह अभियान फरवरी तक चलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में कम से कम 50 फीसद वायु प्रदूषण वाहनों से फैलता है और यहां 85 लाख से अधिक निजी वाहन है जिसमें हर साल दस फीसद की बढ़ोत्तरी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम निजी वाहनों के स्थान पर सार्वजनिक वाहनों, साइकिलों का इस्तेमाल कर एवं पैदल चलकर अपने शहरों को रहने लायक बना सकते हैं।

## किसान संगठनों ने केंद्र सरकार की निंदा की

भाषा। चंडीगढ़

**केंद्रीय** कृषि कानूनों के खिलाफ पंजाब में प्रदर्शन कर रहे किसान संगठनों ने प्रदेश में मालगाड़ी का परिचालन शुरू नहीं करने के लिए केंद्र सरकार की निंदा की है। किसान संगठन हालांकि, यात्री ट्रेनों के परिचालन को अनुमति नहीं दिए जाने पर अड़े हुए हैं।

● मालगाड़ियों का परिचालन शीघ्र आरंभ करने को कहा, केंद्र पर अड़ियल रवैये का लगाया आरोप

किसान संगठनों ने केंद्र पर अड़ियल रवैया अपनाने का आरोप लगाया। किसान संगठनों ने केंद्र पर हाल ही में लागू किए गए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए पंजाब को आर्थिक मोर्चे पर नुकसान पहुंचाने का भी आरोप लगाया। रेलवे ने शनिवार को पंजाब में मालगाड़ी का परिचालन शुरू करने से इंकार कर दिया और कहा कि वह मालगाड़ियों एवं सवारी गाड़ियों, दोनों का परिचालन एक साथ ही शुरू करेगा। केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ रेल रोको प्रदर्शन के साथ ही पंजाब में 24 सितंबर से रेल सेवाएं बाधित है। इससे पहले 21 अक्टूबर को किसानों ने घोषणा की थी कि उनके रेल रोको आंदोलन से मालागाड़ियों को बाहर रखा जाएगा। इसके बाद कुछ समय के लिए रेलवे ने पंजाब में मालगाड़ियों का परिचालन शुरू किया था लेकिन बाद में यह कहते हुए इसे दोबारा बंद कर दिया कि किसानों ने अभी रेल पटरियों को खाली नहीं किया है। क्रांतिकारी किसान युनियन के अध्यक्ष दर्शन पाल ने बताया, पंजाब में मालगाड़ियों का परिचालन शुरू नहीं करने के लिए हम रेलवे और केंद्र के इस अड़यिल रवैए की कड़ी निंदा करते हैं।

प्रदेश में कृषि कानून का विरोध करने वाले 30 कृषक संगठनों ने हालांकि कहा कि वे यात्री गाड़ी के परिचालन की अनुमति नहीं देंगे। भारतीय किसान यूनियन (दकुंदा) के अध्यक्ष बूटा सिंह बुर्जगिल ने कहा, किसान संगठनों ने पहले ही कहा है कि वे केवल मालगाड़ियों के परिचालन की अनुमति देंगे और सवारी गाड़ी को नहीं। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार आधारहीन बहाना बना कर पंजाब को आर्थिक मोर्चे पर नुकसान पहुंचाना चाह रही है। पंजाब सरकार ने इससे पहले शुक्रवार को कहा था, पंजाब में मालगाड़ियों के बिना किसी बाधा के परिचालन के लिए पूरे प्रदेश में रेल पटरियों को खाली करा लिया है।

मालगाड़ियों का परिचालन निलंबित किए जाने से प्रदेश में बिजली का संकट पैदा हो गया है क्योंकि थर्मल प्लांटों में कोयले की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इससे रबी फसल के लिए खाद की अपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसके अलावा कृषि, उद्योग एवं दैनिक जीवन पर भी इसका असर हुआ है।

## फादर स्टेन ने जेल में स्ट्रॉ और सिपर मांगा

भाषा। मुंबई

एल्गार मामला

**एल्गार** परिषद के कथित माओवादी संबंध मामले में गिरफ्तार 82 वर्षीय मानवाधिकार कार्यकर्ता फादर स्टैन स्वामी ने यहां एक विशेष अदालत में याचिका दायर करके अनुरोध किया है कि उन्हें पेय पदार्थ पीने के लिए जेल में एक स्ट्रॉ और सिपर मुहैया कराया जाए। स्वामी को जनवरी 2018 में पुणे के निकट भीमा कोरेगांव में हिंसा के संबंध में पिछले महीने रांची स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था।

आरोपी ने वकील कृतिका अग्रवाल के जरिए शुक्रवार को एनआईए अदालत के समक्ष याचिका दायर कर स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए नवी मुंबई स्थित तलोजा जेल में स्ट्रॉ और सिपर मुहैया कराए जाने का अनुरोध किया। विशेष अदालत के न्यायाधीश डी ई कोठालिकर ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी से 26 नवंबर को मामले पर अपना जवाब दायर करने को कहा है। एनआईए अधिकारियों ने कहा है कि जांच से पता चला है कि स्वामी भाकपा (माओवादी) की गतिविधियों में शामिल थे। एनआईए ने आरोप लगाया है कि वह समूह की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए षडयंत्रकारियों सुधीर धावले, रोना विल्सन, सुरेन्द्र गैडलिंग, अरुण फरेरा, वर्नन गोंसाल्वेस, हनी बाबू, शोमा सेन, महेश राउत, वरवरा राव, सुधा भारद्वाज, गौतम नवलखा और आनंद तेलतुंबड़े के संपर्क में रहे हैं। एजेंसी ने आरोप लगाया कि स्वामी ने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए एक सहयोगी के जरिए धन भी हासिल किया था। इसके अलावा वह भाकपा (माओवादी) के एक संगठन प्रताड़ित कैदी एकजुटता समिति (पीपीएससी) के संयोजक भी थे।

## पुलिस मुठभेड़ में आठ लाख की इनामी महिला नक्सली मारी गई

भाषा। बालाघाट (मप्र)

**मध्य प्रदेश** के बालाघाट जिले में पुलिस ने मुठभेड़ में एक 25 वर्षीय महिला नक्सली को मार गिराया है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा इस महिला नक्सली पर आठ लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक तिवारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात को पुलिस मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली की पहचान छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले की निवासी शारदा के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि इस नक्सली की गिरफ्तारी पर मध्यप्रदेश पुलिस ने तीन और छत्तीसगढ़ पुलिस ने पांच लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था, शारदा दोनों राज्यों में कुल 18 आपराधिक मामलों में वांछित थी। एसपी ने बताया कि खटिया-मोचा दलम की सदस्य शारदा के खिलाफ मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल बालाघाट और मंडला जिले में नौ मामला जबकि छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में आठ और राजनांदगांव जिले में एक मामला दर्ज था। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घटनास्थल से नक्सली के शव के पास 12 बोर की एक राइफल, जिंदा कारतूस और कुछ खाली कारतूस बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर दूर बैहर पुलिस थाना क्षेत्र के तहत मलखेड़ी के जंगल में शुक्रवार रात को यह मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया, हमें सूचना मिली थी कि 25-30 नक्सली हिंसा की किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से आए हैं। इसके बाद हमने कार्वाई करते हुए पूरे इलाके को घेर लिया और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन आत्मसमर्पण के बजाय उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलाई जिसके जवाब में हमारी ओर से भी गोलियां दागी गईं। उन्होंने बताया कि रात के अंधेरे और मुठभेड़ के बाद शनिवार सुबह तलाश में नक्सली शारदा को वहां मृत पाया गया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के मंडला और बालाघाट पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ की सीमा से लगते जिले हैं और नक्सल समस्या से प्रभावित हैं।

## सशस्त्र बलों को हर प्रकार के खतरों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा: वायुसेना प्रमुख

भाषा। पुणे



**वायुसेना** प्रमुख राकेश कुमार सिंह भदौरिया ने शनिवार को कहा कि आधुनिक युद्ध क्षेत्र अत्यंत जटिल एवं बहुआयामी है, जिसमें सुरक्षा परिदृश्य अप्रत्याशित है और ऐसे में सशस्त्र बलों को विभिन्न मोर्चों से पैदा हो रहे विदेशी सरकारों एव उनसे इतर तत्वों के खतरों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) के पद के सृजन की प्रशंसा की और इसे देश में उच्च रक्षा सुधारों के सबसे ऐतिहासिक चरण की शुरुआत बताया। भदौरिया ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 139वें पाठ्यक्रम की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करने के बाद यहां कैडेट को संबोधित करते हुए कहा, एनडीए केवल नेतृत्व का ही उद्गमस्थल नहीं है, बल्कि मिलकर काम करने की भावना भी यहां विकसित की जाती है। एनडीए में मिले संयुक्त प्रशिक्षण के व्यापक अनुभव को विभिन्न अकादमियों में आगे ले जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, आज का युद्ध क्षेत्र बहुत जटिल और बहुआयामी है, जिसमें सुरक्षा परिदृश्य अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि युद्ध क्षेत्र में सभी अभियानों में समेकित सहयोगात्मक दृष्टिकोण की मांग होगी। भदौरिया ने कैडेट से कहा, इसलिए यहां आपके साथियों के साथ आपकी जो दोस्ती हुई है, वह जीवनभर बनी रहनी चाहिए क्योंकि जब आप सेवा में जाएंगे तो आपके करियर के हर चरण पर बेहतर सहयोग हमेशा दिखना चाहिए। भदौरिया ने कहा कि उभरते सैन्य पेशेवरों के तौर पर आपको यह समझना शुरू करना चाहिए कि विश्वभर में हो रहे भू-राजनीतिक बदलाव का हमारे पड़ोस में सुरक्षा संबंधी माहौल पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, हमारे सशस्त्र बलों को विभिन्न मोर्चों पर पैदा हो रहे विदेशी सरकारों एवं उनसे इतर तत्वों के खतरों के लिए तैयार रहना चाहिए। इसके लिए उच्च स्तरीय ज्ञान, समर्पण, प्रतिबद्धता, बलिदान और हर समय एवं हर स्तर पर नेतृत्व की आवश्यकता है। प्रत्येक सेना और देश की आपसे यही अपेक्षा है।

## हर घर नल से जल परियोजना नौ महीने में संबंधित जिलों में पूरी हो जाएगी: शेखावत

भाषा। ईटानगर

**केन्द्रीय** मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शनिवार को कहा कि जल जीवन अभियान के तहत देश के संबंधित जिलों में चल रही हर घर, नल से जल परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर नौ महीने में पूरा कर लिया जाएगा। अरुणाचल प्रदेश के नामसाई जिले में जलापूर्ति परियोजना का उद्घाटन करते हुए जल शक्ति मंत्री शेखावत ने कहा कि जल जीवन अभियान के तहत पूरे देश में हर घर में नलों में पेयजल 2024 तक जबकि अरुणाचल प्रदेश में 2023 तक उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जल जीवन अभियान के तहत राज्य में शुरू की गई इस जलापूर्ति परियोजना से नामसाई जिले के पाथेरगावं, कैसू, एंटन और एंथेम गांव में रह रही 1,500 से अधिक आबादी को फायदा मिलेगा। इसके जरिए उन्हें नियमित रूप से नलों के जरिए पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

## कर्ज धोखाधड़ी मामले में नीरा राडिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

भाषा। नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने नयति हेल्थकेयर की नीरा राडिया और चार अन्य के खिलाफ 300 करोड़ रुपए से अधिक के बैंक कर्ज के कथित गबन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने अस्थि शल्य चिकित्सक राजीव शर्मा की शिकायत पर यह रपट लिखी है। उनका आरोप है कि नामजद व्यक्तियों ने उनसे दो अस्पताल खरीदे थे।

नयति हेल्थकेयर ने आरोपों को खरिज करते हुए कहा कि उन्होंने शर्मा के नेतृत्व वाली पिछली प्रबंधकीय गतिविधियों की फॉरेंसिक ऑडिट में पकड़े गए गबन और बुराइयों की जानकारी बकायदा पुलिस को पहले ही दे दी थी। शर्मा के दो अस्पतालों में से एक ओएसएल हेल्थकेयर दक्षिण दिल्ली में है और एक निर्माणाधीन अस्पताल गुरुग्राम में था। इन्हें नारायणी इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के जरिए खरीदा गया था। बाद में कंपनी का नाम नयति हेल्थकेयर एनसीआर रख दिया गया। राडिया और अन्य के नाम चार नवंबर को दर्ज कराई गई रपट के मुताबिक शर्मा ने नारायणी इन्वेस्टमेंट, नीरा राडिया, करुणा मेनन, सतीश नरूला और यतीश, वहाल ने धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, बही-खाते में हेराफेरी, जालसाजी और धन के गबन जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

पुलिस ने कहा कि इन आरोपों की जांच की जा रही है। शर्मा ने कहा है कि नारायणी इन्वेस्टमेंट ने डीएचएफएल सहित विभिन्न स्रोतों से 600 करोड़ रुपए का कर्ज जुटाया था। इनकी ओर से नयति हेल्थकेयर एनसीआर में बहुलांश हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए 311 करोड़ रुपए का निवेश किया गया। शर्मा का आरोप है कि इस अधिग्रहण के बाद नारायणी इन्वेस्टमेंट और इन चार व्यक्तियों ने एस बैंक से गुरुग्राम के अस्पताल के विकास के लिए 300 करोड़ रुपए का कर्ज लिया।

## छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यान छोड़ने की तैयारी कर रहा इसरो: सिवन

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) शृंखलाबद्ध अभियानों की तैयारी कर रहा है जिसमें छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यानों का छोड़ा जाना शामिल है। इसरो के अध्यक्ष के. सिवन ने शनिवार को यह जानकारी दी। भू-पर्यवेक्षण उपग्रह ईओएस-01 तथा पोलर रॉकेट पीएसएलवी-सी 49 से नौ अन्य उपग्रहों के सफल प्रक्षेपण के बाद सिवन ने यह बयान दिया। अभियान नियंत्रण केंद्र में वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमने यह अभियान कोविड-19 महामारी के बाद शुरू किया। अब हमारे हाथ में कई अभियान हैं। तात्कालिक तौर पर हम पीएसएलवी-सी 50 प्रक्षेपित करेंगे। यह सीएमएस 01 उपग्रह छोड़ेगा और इसके बाद हमारा नया यान एसएसएलवी होगा। इसरो के अनुसार जिन उपग्रहों का वजन कम होता है और हर प्रक्षेपण स्थल से प्रक्षेपित नहीं किया जा सकता उन्हें एसएसएलवी की सहायता से छोड़ा जा सकता है।

# पेज 1 का शेष

### बाइडेन चुने...

जूनियर शनिवार को अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति चुने गए। दूसरी ओर अमेरिका में प्रमुख मीडिया संस्थानों द्वारा डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन को विजेता बताए जाने के बीच उनके प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को खुद को विजई घोषित किया। ट्रंप ने ट्वीट किया, इस चुनाव में मैं जीता, वह भी बड़े अंतर से। हालांकि कई मीडिया संस्थानों ने अपनी खबरों में बताया है कि ट्रंप चुनाव हार चुके हैं और अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति जो बाइडेन होंगे। ट्विटर ने तुरंत ही ट्रंप के ट्वीट के साथ यह संदेश डाल दिया कि जब यह ट्वीट किया गया तब संभवत: आधिकारिक स्रोतों ने विजेता की घोषणा नहीं की थी। ट्रंप ने चुनाव में धांधली के आरोपों को दोहराया। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्रों के भीतर कुछ गड़बड़ी हुई है और पेन्सिल्वेनिया में लाखों मत अवैध तरीके से लिए गए। अमेरिका के कई राज्यों में मतगणना अभी चल ही रही है।

### नीतीश की...

भाजपा इस धारणा को दूर नहीं कर सकी कि नीतीश का कद छोटा करने के लिए चिराग उसकी तरफ से छद्म युद्ध नहीं लड़ रहे हैं। और अंत में लोजपा 7-8 फीसदी वोट लेकर गई, जो एनडीए के लिए दर्जन भर सीटों का नुक्सान है। राजनीतिक गलियारों में यह अटकलें गरम है कि भाजपा चाहती थी कि नीतीश कही कम सीटें मिले जिससे कि नैतिक आधार पर वह खुद मुख्यमंत्री पद के लिए अपना दावा पेश न कर सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के साथ साथ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा लगातार यह दावा करते रहे कि नीतीश ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे भले ही उनकी पार्टी भाजपा से कम सीट जीते लेकिन वे चिराग को मनाने में नाकामयाब रहे जिससे पूरे चुनाव अभियान के दौरान भ्रम की स्थिति बनी रही। अंत में भाजपा और जदयू दोनों को इसकी कीमत चुकानी पड़ी क्योंकि दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने कई सीटों पर एकदूसरे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। भागलपुर से जदयू सांसद अजय कुमार मंडल को अपने कार्यकर्ताओं को भाजपा को वोट न देने को कहते सुना गया, जिसके बाद उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने काफी तीखे बोल बोले थे। गठबंधन में खेल खराब करने वाले वे अकेले नेता नहीं थे, कई भाजपा नेताओं ने जदयू उम्मीदवारों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। जमीनी स्तर पर दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में यह गलतफहमी कही ज्यादा पुख्ता तरीके से दिखाई दी। कोविड-19 के कारण जबरदस्त आर्थिक तंगी झेल रहा समाज का निचला तबका और चिलचिलाती धूप में 25 लाख प्रवासी मजदूरों का बिहार लौटना, सत्ता विरोधी लहर एनडीए के बोझ बन गए। इसमें नीतीश कुमार द्वारा लागू मद्य निषेध से हुई भारी बेरोजगारी का भी मसला जुड़ गया और कल्याणकारी बदलावों का वादा करके इसको भुनाने के लिए विपक्ष को बैठे बिठाए मुद्दा मिल गया।एग्जिट पोल ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को खुश कर दिया है, जो चारा घोटाला मामले में रांची की जेल में बंद हैं। लालू यादव ने शुद्ध जातिवादी राजनीति की थी। इसके उलट उनके बेटे तेजस्वी यादव ने बेरोजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास को मुद्दा बनाया। यदि 15 साल तक लालू के चुनाव अभियान का नारा एम-वाई था तो तेजस्वी ने ध्यान खींचने वाले ए टू जेड का नारा दिया जिसका आशय है कि नया बिहार बनाने के लिए वे हर जाति और समूह को साथ लेकर चलेंगे। विभाजित एनडीए के उलट महागठबंधन ने छोटी मोटी बाधाओं को छोड़ सुव्यस्थित ढंग से चुनाव अभियान चलाया। महागठबंधन के नेताओं ने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा खेले गए आक्रामक हिंदुत्व कार्ड पर कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की और अपने अभियान की थीम पर कायम रहे। एग्जिट पोल में यह भी दिखाया गया है कि युवा वोटर जिन्होंने तथाकथित 'जंगलराज' के बारे में केवल सुना भर है और उसमें रहे नहीं हैं, ने महागठबंधन के लिए जमकर वोट किया। यहीं पर एनडीए का चुनाव अभियान पूरी तरह से गलत रास्ते पर चला गया। जंगलराज का मुद्दा इस श्रेणी के वोटरों पर प्रभाव नहीं डाल सका जो भविष्य में आगे बढ़ाना और अतीत की परछाइयों से बाहर निकलना चाहते हैं।

### हर घर...

कारण कस्बे और गांवों को भी बिजली आपूर्ति होने से शहरी जीवन का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट के बावजूद राज्य में निर्बाध विद्युत आपूर्ति जारी रही। कोविड19 से संघर्ष करते हुए विकास की प्रक्रिया को थमने नहीं दिया गया। तेजी के साथ सम्पादित किए गए विकास कार्यों से जनता को लाभ मिला। इसी शृंखला में आज गोरखपुर जनपद के लिए लगभग 216 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास सहित नई परियोजनाओं को प्रस्तावित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के साढ़े तीन वर्ष और केन्द्र सरकार के छह वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश का कायाकल्प होने से जनता का विश्वास अर्जित हुआ है। विकास की सोच और दृष्टि होने से ऐसा सम्भव हो सका है। लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि शिलान्यास और लोकार्पित परियोजनाओं से जनता का जीवन बेहतर और सुविधापूर्ण होगा। क्षेत्र के लोगों को सामाजिक, आर्थिक विकास के बेहतर अवसर सुलभ होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिलान्यास की गई परियोजनाओं से सम्बन्धित कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन पूरी गुणवत्ता और मानक के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित नवीन परियोजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धता से जुड़े प्रकरणों को भी समयबद्धता के साथ निस्तारित किया जाए। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में सबको निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। ऊर्जा विभाग निरन्तर इसके लिए प्रयासरत है। किसानों को ट्रांसफार्मर और ट्यूबवेल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। राज्य सरकार विद्युत सुधार के कार्यों द्वारा नए आयाम स्थापित कर रही है। प्रदेश सरकार की मंशा है कि हर घर रौशन हो तथा लोगों को सस्ती व निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो। अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में राज्य सरकार विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है। इसी क्रम में गोरखपुर क्षेत्र के विकास की अपार सम्भावनाओं के दृष्टिगत 216 करोड़ रुपए की लागत से विद्युत पारेषणध्वितरण परियोजनाओं को विकसित किया गया है, जिनका आज लोकार्पण व शिलान्यास हुआ है। इस अवसर पर ऊर्जा राज्यमंत्री रमाशंकर सिंह पटेल, राज्यसभा सांसद जय प्रकाश निषाद, गोरखपुर के महापौर सीताराम जायसवाल, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, निदेशक सूचना शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### नेकां और...

करेंगे। बैठक में नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला और माकपा नेता एम वाई तारिगामी समेत कई अन्य नेता भी मौजूद थे। दूसरी ओर कांग्रेस ने कहाकि वह जम्मू-कश्मीर में आगामी जिला विकास परिषद (डीडीसी) चुनाव लड़ेगी। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष जीए मीर ने कहा, कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की जनता को नाराज करने वाली भाजपा की गलत और असंवैधानिक नीतियों के खिलाफ लड़ाई के लिए आगामी डीडीसी चुनाव में अपने सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार उतारेगी। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा ने विशेष दर्जा वापस लेने, नए भूमि कानून लागू करने और तत्कालीन राज्य को केन्द्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने जैसे असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक कदमों के जरिए जम्मू-कश्मीर की पहचान मिटाने का संकल्प ले रखा है।

### इस साल...

के नौ उपग्रहों को सटीक तरीके से 575 किलोमीटर की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया। सिवन ने कहा कि सफलतापूर्वक प्रक्षेपण के बाद प्राथमिक उपग्रह ने अपने काम का संचालन शुरू कर दिया और सौर पैनल भी खोल दिए हैं। महामारी के मद्देनजर इसरो में कोविड-19 को लेकर ऐहतियात बरती जा रही है और वैज्ञानिक, मिशन निदेशकों, परियोजना निदेशकों को मिशन नियंत्रण केंद्र में चेहरे पर मास्क लगाए और सामाजिक दूरी के नियम का पालन करते हुए देखा गया।

## कप्तान बाबर आजम ने पाकिस्तान को जिम्बाब्वे पर दिलाई जीत

**रावलपिंडी।** कप्तान बाबर आजम के अर्धशतक की मदद से पाकिस्तान ने शनिवार को पहले टी अंतरराष्ट्रीय मैच में जिम्बाब्वे को छह विकेट से हरा दिया। आजम ने 55 गेंद में 82 रन बनाकर अपना 15वां अर्धशतक पूरा किया। पाकिस्तान ने 18 . 5 ओवर में चार विकेट पर 157 रन बनाकर तीन मैचों की श्रृंखला में । . 0 की बढत बना ली। मोहम्मद हफीज ने 32 गेंद में 36 रन बनाए। आजम ने उनके साथ 80 रन की साझेदारी की। तेज गेंदबाज मुजाराबानी ने 26 रन देकर दो विकेट लिए। इससे पहले वेसले माधेवेरे ने नौ चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 70 रन बनाकर जिम्बाब्वे को छह विकेट पर 156 रन पर पहुंचाया। इस श्रृंखला के बाद क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे एल्टन चिगुंबुरा ने 13 गेंद में 21 रन बनाए।

## मार्सिले तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा

**पेरिस।** चैम्पियंस लीग के निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए मार्सीले ने फ्रांस की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग (लीग-वन) में शुक्रवार को स्ट्रॉसबर्ग के खिलाफ1-0 की जीत दर्ज की। शनिवार को चैम्पियंस लीग में पोर्टो के खिलाफ 3-0 की करारी हार झेलने वाले मार्सीले को स्ट्रॉसबर्ग के खिलाफ गोल करने के लिए 72 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। दिमित्रि पाएग के क्रास को मोर्गन सांसन ने गोल में बदला जो इस मैच का इकलौता गोल साबित हुआ। इस जीत से टीम लीग-वन तालिका मे चौथे स्थान पर पहुंच गई।

## विगो को एल्शे ने बराबरी पर रोका

**एल्शे (स्पेन)।** सेल्टा विगो का स्पेनिश फुटबॉल लीग में लचर प्रदर्शन जारी है और अब उसे एल्शे के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ के लिए मजबूर होना पड़ा।
फिडेल शावेज ने पेनल्टी किक को गोल में बदलकर चौथे मिनट में ही एल्शे को बढ़त दिला दी थी। सेल्टा विगो के डिफेंडर ह्यूगो मेलो का गेंद पर हाथ लगने के कारण यह पेनल्टी दी गई थी। एल्शे के गोलकीपर एडगर बादिया ने ब्रेस मेंडेज के दो प्रयासों को नाकाम किया लेकिन सेंटी माइना ने 41वें मिनट में सेल्टा विगो को बराबरी दिला दी। इयागो एस्पास दूसरे हाफ मे सेल्टा विगो को बढ़त दिलाने के करीब पहुंचे लेकिन गोल नही कर सके।

## तेंदुलकर के समय भारत का बल्लेबाजी क्रम बेहतर था: यूसुफ

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने सचिन तेंदुलकर के समय के भारतीय बल्लेबाजी क्रम को विराट कोहली की अगुआई वाले मौजूदा बल्लेबाज क्रम से बेहतर आंकते हुए कहा है कि उस समय गेंदबाजों का स्तर मौजूदा समय से बेहतर था। स्वयं दिग्गज बल्लेबाज रहे यूसुफ तेंदुलकर को ब्रायन लारा और रिकी पोंटिग जैसे बल्लेबाजों से बेहतर और अपने समय का सबसे संपूर्ण बल्लेबाज मानते है।

# आखिरी दो टेस्ट से हट सकते है कोहली

● ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला

●पिता बनने जा रहे भारतीय कप्तान



**भाषा ।** नई दिल्ली

भारतीय कप्तान विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुप्रतीक्षित चार मैचों की श्रृंखला के आखिरी दो टेस्ट मैच के लिए टीम से हट सकते हैं क्योंकि जनवरी में वह पिता बनने वाले हैं। कोहली के टीम से हटने से लोकेश राहुल को भारतीय टीम में मध्यक्रम में जगह मिल सकती है। कोहली की पत्नी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा जनवरी में मां बनने वाली है। कोहली की योजना पर हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी कुछ भी नहीं कहा गया है लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उम्मीद की जा रही कि कोहली 17 दिसंबर से शुरू होने वाली श्रृंखला के पहले दो टेस्ट के बाद पितृत्व अवकाश ले सकते हैं। इस वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, बीसीसीआई ने हमेशा माना है कि परिवार प्राथमिकता है। इस मामले में अगर कप्तान पितृत्व अवकाश लेने का फैसला करते हैं, तो वह पहले दो टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध होंगे। चार टेस्ट मैचों की इस श्रृंखला के मैच एडिलेड (दिन-रात्रि, 17 से 21 दिसंबर), मेलबर्न (26 से 30 दिसंबर), सिडनी (सात से 11 जनवरी 2021) और ब्रिसबेन (15 से 19 जनवरी) में आयोजित किए जाएंगे। बीसीसीआई ने पिछले कई वर्षों से क्रिकेटरों को पितृत्व अवकाश लेने के लिए प्रोत्साहित किया है और भारत के कप्तान और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के लिए भी यह अलग नहीं होगा। सूत्र ने कहा, सामान्य स्थिति में वह बच्चे के जन्म के बाद वापस आ सकते थे, ऐसे में वह एक टेस्ट के लिए टीम से बाहर होते। कोविड-19 के कारण 14 दिनों के पृथकवास के दौरान हालांकि फिर से टीम में वापसी करना मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति में लोकेश राहुल को मध्यक्रम में मौका मिल सकता है। संभावना है कि रोहित शर्मा टेस्ट श्रृंखला से पहले पूरी तरह से फिट हो जाएं। टीम में सलामी बल्लेबाज के तौर पर मयंक अग्रवाल और पृथवी साव मौजूद हैं, ऐसे में टीम को कोहली की कमी मध्यक्रम में खलेगी। बीसीसीआई भारतीय टीम के साथ 11 नवंबर को रोहित को भी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भेज सकती है। मुंबई इंडियन्स के लिए मैदान पर उतरने के बाद रोहित की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई की उम्मीद बढ़ गई है। सीमित ओवरों में भारत का यह उप-कप्तान टीम के बाकी सदस्यों के साथ 11 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए चार्टर्ड फ्लाइट में सवार हो सकता है। सूत्र ने कहा, इस संबंध में जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। यह सही होगा कि रोहित टीम के साथ रहे और फिजियो नितिन पटेल और ट्रेनर निक वेब की देख-रेख में अपनी स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम करें। अगर जरूरत हुई तो 27 नवंबर से शुरू होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला से रोहित को टीम से बाहर रखा जा सकता है और वह टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से वापसी कर सकते हैं। वह टेस्ट श्रृंखला तक पूरी फिटनेस हासिल कर सकते हैं।

## कोहली बल्ले से अपने स्थापित मानकों की बराबरी नहीं कर पाए: गावस्कर



**दुबई।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिताब जीतने में नाकाम रहने के लिए कप्तान कोहली के बल्ले से खराब प्रदर्शन को भी जिम्मेदार माना है जो अपने द्वारा स्थापित उच्च मानको की बराबरी करने मे नाकाम रहे। शुक्रवार को अबु धाबी में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर मे छह विकेट की हार के साथ बेंगलोर की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, उसने (कोहली ने) अपने लिए जो उच्च स्तर स्थापित किए है उसे देखते हुए संभवतः वह भी कहेगा कि वह उनकी बराबरी नही कर पाया और यह उन कारणो मे से एक है जिसके कारण आरसीबी की टीम खिताब जीतने मे नाकाम रही। क्योंकि जब वह एबी डिविलियर्स के साथ बड़ी पारियां खेलता है तो टीम बड़ा स्कोर खड़ा करती है। महान बल्लेबाज गावस्कर ने कहा कि आरसीबी की गेंदबाजी मे धार की कमी थी जिससे कि वे विरोधी टीमो को लगातार चुनौती देकर जीत दर्ज कर सकें।

## छह खेल सुविधाओं का उन्नयन उत्कृष्टता केंद्र में किया

**भाषा ।** नई दिल्ली

भविष्य के ओलंपिक खेलों के लिए प्रतिभा को निखारने के मकसद से खेल मंत्रालय ने शनिवार को देश की छह खेल सुविधाओं का उन्नयन करके उन्हें खेलों इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) में बदलने की मंजूरी दी। मंत्रालय ने इसके साथ ही चार वर्षों के लिए वित्तीय सहायता के रूप में 67.32 करोड़ रुपए की मंजूरी दी। इसके लिए 2020-21 और उसके बाद के चार वर्षों के लिए समेकित बजट अनुमान 67.32 करोड़ रूपए है।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला मुकाबला बराबरी का : अकरम

**कराची।** पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज और पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने कहा कि दिसंबर-जनवरी में भारत के खिलाफ बहुप्रतीक्षित टेस्ट श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया जीत का दावेदार होगा लेकिन एक-समान मजबूती वाली दो टीमों के बीच यह करीबी मुकाबला होगा। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय, इतने ही मैचों की वनडे श्रृंखला खेलने के बाद 17 दिसंबर से शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भाग लेगी। अकरम ने यू-ट्यूब चैनल क्रिकेट बाज पर कहा, मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है।

# कोहली को आरसीबी की कप्तानी से हटाने का समय: गंभीर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज और दो बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैम्पियन टीम का हिस्सा रहे गौतम गंभीर का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान के रूप में विराट कोहली के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद उन्हें इस पद से हटा दिया जाना चाहिए क्योंकि अब यह जवाबदेही का भी सवाल है। अपनी बातों को बेबाक तरीके से रखने के लिए पहचाने जाने वाले गंभीर ने कहा कि कप्तान के रूप में कोहली का नाम दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के साथ नहीं लिया जाना चाहिए। ए दोनों आईपीएल के सबसे सफल कप्तान हैं। ईएसपीनक्रिकइंफो के मुताबिक गंभीर से जब पूछा गया कि क्या आरसीबी को कोहली को कप्तानी के दायित्व से मुक्त कर देना चाहिए तो उन्होंने कहा, शत-प्रतिशत, क्योंकि अब बात जवाबदेही के बारे में है। टूर्नामेंट में आठ साल (खिताब के बिना), आठ साल एक लंबा समय है। भारत के टी20 विश्व कप और एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली टीम के नायक रहे इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, आप मुझे कोई अन्य कप्तान के बारे बताइए, कप्तान को छोड़िए, मुझे किसी अन्य खिलाड़ी के बारे में बताइए, जो आठ वर्षों तक किसी टीम के साथ रहने के बाद भी खिताब नहीं जीता और फिर भी टीम के साथ बना हुआ है। गंभीर पिछले कुछ वर्षों में कोहली के आईपीएल नेतृत्व के आलोचक रहे हैं, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि इसमें कुछ भी व्यक्तिगत नहीं है। कहीं न कहीं एक रेखा तो खींचनी होगी, उसे जिम्मेदारी के साथ कहना होगा कि हां मैं जिम्मेदार हूं, मैं जवाबदेह हूं।

## आरसीबी का सहयोगी स्टाफ कोहली को कप्तान बनाए रखने के पक्ष में

**अबुधाबी।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के सहयोगी स्टाफ के प्रमुख माइक हेसन और साइमन कैटिच ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एक और असफल अभियान के बाद आलोचना झेल रहे विराट कोहली को कप्तान बनाए रखने का समर्थन किया है। आरसीबी को एलिमिनेटर मुकाबले में शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद से हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम टूर्नामेंट के 13वें सत्र से बाहर हो गई। आरसीबी के प्रशंसकों की निराशा के बीच भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाल गौतम गंभीर ने कोहली को आरसीबी की कप्तानी से हटाने की मांग की। टीम के मुख्य कोच कैटिच और क्रिकेट संचालन निदेशक माइक हेसन हालांकि ऐसा नही सोचते। कैटिच ने कहा, नेतृत्व की दृष्टि से हम उसकी (कोहली) मौजूदगी के कारण बहुत भाग्यशाली है, वह बहुत ही पेशेवर है और उसे खिलाड़ियों का सम्मान प्राप्त है। कोहली टीम और युवा खिलाड़ियों खासकर देवदत्त पड्डीकल साथ काफी समय बिताते है। ऐसा नजरिया ज्यादा खिलाड़ियों में नही दिखता है। हमने प्रतियोगिता मे भाग लिया और अंत तक सही तरीके से चुनौती पेश की। इसका ज्यादा श्रेय विराट को जाता है। कोहली ने इस आईपीएल के 15 मैचों मे 121.35 की स्ट्राइक रेट से 450 से अधिक रन बनाए। वह हालांकि बीच के ओवरों में संघर्ष करते दिखे। टीम के साथ पहली बार जुड़े हेसन से जब अगले साल की योजना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम टीम के प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे और फिर कोई निर्णय लेंगे। अभी कोई फैसला नही हुआ है। हेसन और कैटिच ने टीम की गेंदबाजी इकाई खासकर भारतीय स्पिनर युजवेन्द्र चहल की तारीफ की। दोनों ने पड्डीकल, वाशिंगटन सुंदर और नवदीप सैनी जैसे भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भी प्रशंसा की।

# अटापट्टू के 67 रन से सुपरनोवाज की जीत

●ट्रेलब्लेजर्स को दो रन से हरा दिया

**भाषा ।** शारजाह

सुपरनोवाज ने महिला टी20 चैलेंज के अहम मुकाबले में शनिवार को ट्रेलब्लेजर्स को दो रन से हरा दिया। इससे पहले श्रीलंका की चामारी अटापट्टू ने अपना शानदार फार्म बरकरार रखते हुए अर्धशतक जमाया जिसकी मदद से दो बार की चैम्पियन सुपरनोवाज ने ट्रेलब्लेजर्स के खिलाफ महिला टी20 चैलेंज के अहम मुकाबले में छह विकेट पर 146 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपरनोवाज के लिए अटापट्टू ने 47 गेंद में 67 रन बनाए जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल थे।कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 29 गेंद में 31 रन की पारी खेली। सुपरनोवाज ने दस ओवर में बिना किसी नुकसान के 80 रन बना लिए थे लेकिन ट्रेलब्लेजर्स की स्पिनर हरलीन देओल और सलमा खातून ने अगले पांच ओवर में सिर्फ 23 रन दिए। दोनों ने एक एक विकेट लिए। हरमनप्रीत ने 19वें ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाकर 15 रन निकाले और टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। ट्रेलब्लेजर्स के लिए अनुभवी झूलन गोस्वामी ने चार ओवर में 17 रन दिए। सुपरनोवाज की पारी में तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। इससे पहले बाएं हाथ की बल्लेबाज अटापट्टू ने दीप्ति शर्मा के दूसरे ओवर में दो चौके लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। उन्होंने चौथे ओवर में दीप्ति को छक्का और चौका भी जड़ा। अटापट्टू के साथ पारी का आगाज करने उतरी प्रिया पूनिया ने नौवीं गेंद पर खाता खोला। उन्हें 17 के स्कोर पर जीवनदान मिला जब डॉटिन ने राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर उनका कैच छोड़ा। खातून ने गेंद पर दीप्ति ने उनका शानदार कैच लपककर उन्हें पवेलियन भेजा। उन्होंने पहले विकेट के लिए अटापट्टू के साथ 89 रन जोड़े। अटापट्टू ने अपना अर्धशतक 37 गेंद में पूरा किया। वह 17वें ओवर में हरलीन की गेंद पर हेमलता को कैच देकर पवेलियन लौटी।

# पूरी सतर्कता से दिल्ली को खेलना होगा

● क्वालीफायर दो का मैच आज : सनराइजर्स हैदराबाद का पलड़ा भारी

**भाषा ।** अबुधाबी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सही समय पर लय हासिल करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम रविवार को जब टूर्नामेंट के दूसरे क्वालीफायर में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसका पलड़ा भारी होगा।
इस मैच के विजेता का सामना फाइनल में मुंबई इंडियन्स से होगा। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पिछले चारों मुकाबले करो या मरो के थे लेकिन टीम ने सभी में जीत दर्ज की तो वहीं शुरूआती मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम टूर्नामेंट के आखिरी चरण तक पहुंचते-पहुंचते लय से भटक गई।
शुरूआती चरण में लचर प्रदर्शन करने वाली हैदराबाद की टीम की वापसी का श्रेय कप्तान डेविड वार्नर को जाता है जिन्होंने अपने खिलाड़ियों का शानदार इस्तेमाल किया। दूसरी तरफ शुरूआती नौ मैचों में सात जीत दर्ज करने वाले दिल्ली कैपिटल्स की पिछले छह मैचों में पांच हार से कप्तान श्रेयस अय्यर की योजनाओं को झटका लगा है। युवा कप्तान अय्यर टूर्नामेंट के 13वें सत्र में टीम को पहली बार फाइनल में ले जाना चाहेंगे तो वहीं वार्नर 2016 की सफलता को एक बार फिर से दोहराकर दूसरी बार टीम को चैम्पियन बनाना चहेंगे। वार्नर अगर अगले दो मैचों में जीत दर्ज करने में सफल रहे तो टूर्नामेंट में सबसे कम अनुभव वाले खिलाड़ियों के साथ जीत दर्ज करने का सेहरा उनके सिर बंधेगा। दिल्ली की टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता उनके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की है। शिखर धवन (15 मैचों में 525) ने कुल मिलाकर अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन पिछले कुछ मैचों में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। युवा पृथ्वी साव (13 मैचों से 228) की कमजोरियां बेहतर तेज गेंदबाजी के खिलाफ उजागर हो गई तो वहीं अनुभवी अजिंक्य रहाणे (7 मैचों में 111) ने अब तक केवल एक मैच में दमदार प्रदर्शन किया है।
टीम के कोच रिकी पोंटिंग सलामी बल्लेबाजों के खाता खोले बगैर आउट होने से परेशान हैं। टूर्नामेंट में अब तब नौ बार ऐसा हो चुका है जिसमें धवन चार, साव तीन और रहाणे दो बार स्कोररों को परेशान किए बिना पवेलियन लौट गए। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ पहले क्वालीफायर मुकाबले को छोड़कर टीम के गेंदबाजों ने अब तब अच्छा प्रदर्शन किया है। कागिसो रबाडा (25 विकेट), एनरिक नोर्जे (20) और रविचंद्रन अश्विन (13) ने अधिकांश मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## राहुल के लिए सभी प्रारूपों में मेरे पास काफी समय है: गांगुली



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि लोकेश राहुल की तरह प्रतिभावान खिलाड़ी को टेस्ट में पैर जमाने के लिए उनके पास बहुत समय हैं , क्योंकि इस विकेटकीपर बल्लेबाज के पास विभिन्न प्रारूपों में मैच विजेता खिलाड़ी बनाने की क्षमता है। आईपीएल के 13वें सत्र में किंग्स इलेवन पंजाब की कप्तानी करने वाले राहुल मौजूदा सत्र में फिलहाल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शीर्ष पर है। उनकी कप्तानी से प्रभावित गांगुली का मानना है कि कर्नाटक का यह खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट के लिए बना है। उन्होंने इंडिया टुडे के कार्यक्रम इंस्पिरेशन में कहा, मैं एक क्रिकेटर के तौर पर कह रहा हूं कि मेरे पास टेस्ट मैचों के लिए लोकेश राहुल के लिए काफी समय है। टीम में हालांकि कौन रहेगा और कौन नहीं ,यह फैसला करना चयनकर्ताओं का काम है। आईपीएल में राहुल की ज्यादातर बड़ी पारियां किंग्स इलेवन पंजाब को जीत नहीं दिला सकी लेकिन गांगुली ने उम्मीद जताई की भारत के लिए उनके रन मैच विजेता साबित होंगे।

# बाइडेन-हैरिस ने सार्वजनिक स्वास्थ्य व अर्थव्यवस्था पर ध्यान देना शुरू किया



**भाषा ।** वाशिंगटन

**अमेरिकी चुनाव** में जीत को आश्वस्त राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति पद की प्रत्याशी सीनेटर कमला हैरिस ने सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर तवज्जो देने का काम शुरू कर दिया है। ए दोनों क्षेत्र कोविड-19 महामारी के कारण बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं।

ताजे अनुमान के मुताबिक, बाइडेन 538 में से 264 इलेक्टोरल कॉलेज वोट हासिल कर चुके हैं और उन्हें जीत हासिल करने के लिए महज छह इलेक्टोरल कॉलेज वोट ही और चाहिए।अमेरिका में राष्ट्रपति बनने के लिए कम से कम 270 इलेक्टोरल कॉलेज वोट की जरूरत होती है।

उन्होंने शुक्रवार रात डेलावेयर के विल्मिंगटन में अपने प्रचार अभियान के मुख्यालय से देश के नाम संबोधन में कहा, अंतिम परिणाम का इंतजार करते हुए, मैं चाहता हूं कि लोग जाने कि हम काम करने के लिए इंतजार नहीं कर रहे हैं। 77 वर्षीय पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा, मैं चाहता हूं कि हर कोई जाने कि पहले दिन से हम इस वायरस को नियंत्रित करने के लिए अपनी योजना लागू करने जा रहे हैं। इससे जान गंवा चुके लोगों को नहीं लौटाया जा सकता, लेकिन आने वाले महीनों में बहुत सी जिंदगियों को बचाया जा सकेगा। एक दिन पहले बाइडेन और हैरिस ने सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के विशेषज्ञों के एक समूह के साथ बैठक की थी। बाइडेन ने कहा, सीनेटर हैरिस और मैंने कल जाना कि महामारी को नियंत्रित करने में नाकामी की वजह से कैसे हमारी अर्थव्यवस्था के उभरने की रफ्तार सुस्त है। उन्होंने कहा, दो करोड़ से ज्यादा लोग बेरोजगार हैं। लाखों लोग किराया देने और खाने के लिए फिक्रमंद हैं। अर्थव्यवस्था को लेकर हमारी योजना, इसे मजबूती से उभारने पर तवज्जो देगी।

बाइडेन ने कहा कि महामारी समूचे देश में और चिंताजनक हो रही है। रोज आने वाले मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। माना जा रहा है कि एक दिन में दो लाख तक मामले आ सकते हैं। उन्होंने कहा, मृतक संख्या 2.40 लाख के करीब पहुंच रही है। हम कभी भी इतने परिवारों को हुए दर्द को आंक नहीं पाएंगे। मैं जानता हूं कि किसी अपने को खोकर कैसा महसूस होता है और मैं चाहता हूं कि वे जानें कि वे अकेले नहीं हैं। हमारा दिल भी आपके साथ दुखता है। परिणाम के लिहाज से अहम राज्यों में मतगणना जारी रहने के बीच बाइडेन ने देशवासियों से शांत रहने और सब्र करने को कहा। उन्होंने कहा, लोकतंत्र काम करता है। आपका मत गिना जाएगा।

## बाइडेन को राष्ट्रपति पद पर गलत तरीके से दावा नहीं करना चाहिए: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से अपने प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन को राष्ट्रपति पद पर गलत तरीके से दावा करने को लेकर आगाह किया है। ट्रंप ने शुक्रवार को ट्वीट किया, जो बाइडेन को राष्ट्रपति पद पर गलत तरीके से दावा नही करना चाहिए। मै भी दावा कर सकता हूं। कानूनी कार्यवाही अभी शुरू हो रही है। परिणाम के लिहाज से अहम राज्यो में मतगणना जारी रहने के बीच ट्रंप सार्वजनिक तौर पर तो नही दिखे है, लेकिन वह ट्विटर पर सक्रिय है। अनुमान के मुताबिक, बाइडेन 264 इलेक्ट्रोरल कॉलेज वोट हासिल कर चुके है, जबकि ट्रंप को 213 ही वोट मिले है। 77 वर्षीय बाइडेन परिणाम के लिहाज से अहम पांच मे से चार राज्यो मे आगे चल रहे है। ट्रंप एरिजोना मे बाइडेन से 38,455 मतो से पीछे चल रहे है। इसी तरह ट्रंप जॉर्जिया मे 4224 , नवाडा मे 22,657 और पेनसिल्वेनिया मे 19500 वोटो से पीछे चल रहे है, लेकिन वह नॉर्थ कैरोलिना मे 76,587 मतो से आगे है।अमेरिका मे राष्ट्रपति चुनाव मे जीत हासिल करने के लिए किसी भी उम्मीदवार को 538 इलेक्ट्रोरल कॉलेज वोट मे से कम से कम 270 की जरूरत होती है। ट्रंप ने चुनावो की प्रमाणिता को चुनौती दी है और बड़े पैमाने पर फर्जी मतदान और चुनावी कदाचार का आरोप लगाया है।



ईराक में प्रदर्शनकारियों के हिंसक प्रदर्शन के दौरान जलती हुई बाइक के पास से गुजरता सुरक्षाकर्मी

## पाकिस्तान ने भारतीय अधिकारी को तलब किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारतीय मिशन प्रभारी को शुक्रवार को विदेश मंत्रालय तलब कर अवगत कराया कि पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (पीएसजीपीसी) के पास करतारपुर साहिब समेत देश में सभी गुरुद्वारों में धार्मिक परंपरा के पालन की जिम्मेदारी बनी रहेगी।इससे एक दिन पहले, करतारपुर साहिब गुरुद्वारा का प्रबंधन एक सिख संस्था से लेकर एक अलग ट्रस्ट को सौंपने के पाकिस्तान के फैसले को अत्यंत निंदनीय बताते हुए भारत ने कहा था कि यह सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं के खिलाफ है।पाकिस्तान




वाशिंगटन में ब्लैक लाइव मैटर को लेकर एक रैली 'काउंट इवेरी वोट रैली 'के दौरान प्रदर्शन करते लोग

## भारतीय राजनयिक संयुक्त राष्ट्र समिति में चुनी गईं

**भाषा ।** संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र में भारत की बड़ी जीत हुई है। भारतीय राजनयिक विदिशा मैत्रा को प्रशासनिक एवं बजट संबंधी प्रश्न (एसीएबीक्यू) पर संयुक्त राष्ट्र की सलाहकार समिति में सदस्य चुना गया है। यह महासभा का एक आनुषंगिक अंग है। एशिया प्रशांत राष्ट्र समूह में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन की प्रथम सचिव मैत्रा ने 126 वोट हासिल किए। महासभा सलाहकार समिति में सदस्यों को नियुक्त करती है। सदस्यों का चयन व्यापक भौगोलिक प्रतिनिधित्व, निजी योग्यता और अनुभव के आधार पर होता है। मैत्रा एशिया-प्रशांत राष्ट्रों के समूह से नामित हुए दो उम्मीदवारों में से एक हैं।
समूह में इराक के अली मोहम्मद फइक अल-दबग को 64 मत मिले। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा जो एक जनवरी 2021 से शुरू होगा। यह जीत ऐसे वक्त में हुई है जब भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में दो साल के लिए अस्थाई सदस्य के तौर पर जनवरी 2021 से कार्यभार संभालने की तैयारी कर रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप के लिए राजी करने की ट्रंप की राह आसान नहीं

**एपी ।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि वह अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में धांधली के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे, लेकिन इस बार अदालत में उनकी राह आसान होने के आसार कम दिखाई दे रहे हैं।ट्रंप ने पिछले दो दिन में कई बार कहा है कि अदालत ने जिस प्रकार 2000 में चुनाव में हस्तक्षेप किया था, उसे इस बार भी ऐसा ही करना चाहिए। उस समय अदालत ने जॉर्ज डब्ल्यू बुश को विजेता घोषित किया था। अदालत में पांच न्यायाधीशों ने बुश के हक में और चार न्यायाधीशों ने उनके खिलाफ फैसला सुनाया था। इस समय सुप्रीम कोर्ट के छह सदस्य कंजरवेटिव हैं, जिनमें से तीन को ट्रंप ने नामित किया था।अमेरिका में 2000 में हालात अलग थे। उस समय बुश फ्लोरिडा में आगे चल रहे थे और उन्होंने पुन: मतगणना रोकने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था। ट्रंप को अपने प्रतिद्वंद्वी एवं डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन को राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट को दो या अधिक राज्यों में मतों को दरकिनार करने के लिए राजी करना होगा।जीफ जस्टिस जॉन रोबर्ट्स सरकार की राजनीतिक शाखाओं को अदालत से दूर रखने के पक्ष में हैं और उनका मानना है कि राजनीति अदालत की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचा सकती है। दूसरी ओर चुनाव में धांधली का दावा करने वाले ट्रंप ने कहा है, हम अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे। उन्होंने ट्वीट किया, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट को फैसला करना चाहिए। इस बीच, बाइडेन व्हाइट हाउस में जीत के और करीब पहुंचते दिख रहे हैं। पेंसिल्वेनिया की अदालत ने मतों को प्राप्त करने और मेल के जरिए मिले मतों की गणना के लिए तीन अतिरिक्त दिन देने की अनुमति दे दी थी। ट्रंप ने इस फैसले का विरोध किया है। मामला जारी रहने के बीच राज्य के शीर्ष चुनाव अधिकारी ने निर्देश दिया है कि शुक्रवार शाम पांच बजे तक आए मतों को अलग कर उनकी गणना की जाए।ट्रंप की प्रचार मुहिम और रिपब्लिकन नेताओं ने कई राज्यों में कानूनी चुनौतियां पेश की हैं।


# ...आखिर आधी रात में तौला जाता है किसका धान?



सीतापुर-मंडी में धान ढोते किसान



सीतापुर-धान सफाई के लिए चलता पंखा



सीतापुर-धान तौलने के बाद निकलती ट्राली

संवाददाता। सीतापुर

**चारो तरफ** शोर है, कि सरकार और सरकार के मुलाजिम किसानों के साथ बरबर व्यवहार कर रहे है न तो समय से उनके धान की तौलवाई हो रही है और न ही उन्हें वाजिब दाम मिल रहा है, लेकिन शुक्रवार आधी रात को शहर में स्थित नवीन गल्ला मंडी में देखे गए नजारे अलग ही दास्तांन कह रहे थे। दरअसल 'पायनियर' की टीम ने जायजा लेने शुक्रवार रात नवीन गल्ला मंडी पहुंच गई तो देखा भारी संख्या में ट्रालियों की भीड़ के बीच एक पीसीएफसेंटर, मंडी समिति प्रथम के केन्द्र पर धान की तौल चल रही है। जिम्मेदारों द्वारा धान खरीद के लिए दिखाई जा रही इतनी सक्रियता और दूसरी तरफ किसानों की शिकायतों की लम्बी फेहरिस्त किसी के मन में भी यह सवाल खड़ा कर सकती है कि आखिर आधी रात में किसका धान तौला जा रहा है। लेकिन रात में वहां पर कुछ की ट्रालियां तौलती मिली और कुछ किसान पिछले 20 दिन से लाइन में खड़े होने की बात कह रहे थे। मंडी में लाइटे जल रही थी और धान खरीद जारी थी।

**पायनियर की आंखो देखी**

> रात में तौल का कोई औचित्य नहीं है, यह गंभीर मामला है, रात के वक्त सिर्फ उठान किया जा सकता है, मामले की जांच कराई जाएगी।
> **विशाल भारद्वाज, जिलाधिकारी।**

## मिट्टी लेने जा रही ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई, किसान की मौत

● पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**महमूदाबाद सीतापुर।** मिट्टी लादने जा रहा एक महिंद्रा ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर खाही में पलट गई जिसमें चालक की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र महमूदाबाद के ग्राम श्यामदासपुर के आगे मिट्टी ढोने के कार्य में लगी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर एक खाही में पलट गई ट्रैक्टर चालक राम ह्रदय 18 वर्षीय पुत्र विजय कुमार निवासी गोहली ट्रैक्टर के नीचे दब गया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया मिट्टी ढोने के कार्य मे लगे मजदूरों द्वारा घायल युवक को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में भर्ती कराया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी सूचना पाकर मौके पर कोतवाल पहुँचे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया वही घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है मृतक के पिता विजय कुमार ने बताया कि राम ह्रदय का तिलक हो गया था शादी की तैयारिया जोरो पर चल रही थी हमारे दो बेटे थे एक रामह्रर्दय जिसकी मौत हो गयी व दूसरा बड़ा बेटा उमेश है जो कि मानसिक रूप से पीड़ित है राम ह्रदय ही परिवार का सहारा था हम दोनों लोग मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। सीओ रविशंकर प्रसाद ने बताया कि रात तीन बजे की घटना है ग्राम श्यामदास के पास ट्रैक्टर चालक मिट्टी लेने के लिए जा रहा था मार्ग में गड्ढे में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर मौत हो गई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है ट्रैक्टर कहा से आ रहा था कहा को मिट्टी लेने जा रहा था किस भट्ठे पर मिट्टी जा रही थी जो वैधानिक कार्यवाही है उसकी जांच की जाएगी।

थाना रेउसा इलाके में खुली सुरक्षा इंतजामों की कलई

## विधायक निवास के सामने ही हो गई चोरी

● भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी के घर के सामने बने अंश ऑटोमोबाइल से चोरों ने उड़ाया लाखों का माल, चर्चा है कि एक सप्ताह पूर्व चोरों ने विधायक निवास से भी पार कर दिया था बैट्रा

संवाददाता। रेउसा सीतापुर

**थाना रेउसा** इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कितनी चौकस हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चोरों ने मौजूदा भाजपा विधायक के ही घर के सामने शोरूम से लाखों की चोरी को अंजाम दे दिया, और चोरी के निशान ना मिल सके इसके लिए चोर बाकायदा डीवीआर बॉक्स भी अपने साथ ले गए। इस बेखौफचोरी की घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और पुलिस अभी जांच कर कार्यवाही करने की बात कह रही है। दरअसल मामला इलाके के तंबौर रोड स्थित भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी के निवास के सामने का है, जहां वरिष्ठ भाजपा नेता लोकेश मिश्रा का बजाज बाइक शोरूम अंश ऑटोमोबाइल स्थित है। आरोप है कि शुक्रवार रात चोरों ने शोरूम को निशाना बना लिया और पीछे की खिड़की में लगी ग्रिल तोड़कर शोरूम में घुस गए और 20 हजार की नकदी दो दर्जन से अधिक बैटरी, हेलमेट, समेत लाखों का माल पार कर दिया। इस दौरान चोरों ने बड़ी चतुराई से शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर बॉक्स भी नहीं छोड़ा और उसे भी अपने साथ ले गए।


रेउसा-चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान व पीड़ित

> तहरीर मिल गई है, जांच के लिए एसआई को भेजा गया है।
> **पुष्पराज सिंह, थाना प्रभारी रेउसा।**

प्राथमिक षिक्षक संघ का चुनाव

## परसेंडी में नवीन निर्विरोध खैराबाद में पवन की जीत




संवाददाता। सीतापुर

**एक बार** फिर परसेंडी शिक्षक संघ पर नवीन कुमार श्रीवास्तव का परचम लहरा गया है। शनिवार को आयोजित अधिवेशन में सिर्फ नवीन ने ही पर्चा भरा, ऐसे में उन्हें निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया। पर्यवेक्षण सत्येंद्र श्रीवास्तव, इंतियाज, सुनील व रोहित ने किया। उधर खैराबाद ब्लॉक शिक्षक संघ के चुनाव में टक्कर देखने को मिली। अध्यक्ष पद के लिए सुशील गुप्ता और पवन सिंह के बीच चुनाव हुआ। पवन सिंह ने 218 मत पाकर जीत दर्ज की, वहीं सुशील को 174 मत ही मिले। पर्यवेक्षण सुबोध तिवारी, रत्नेश मिश्रा, सच्चिदानंद अवस्थी, उमेश कुमार सिंह व ज्ञान प्रकाश वर्मा ने किया। जिलाध्यक्ष रवींद्र दीक्षित, जिलामंत्री संकेत वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी विवेक आदि ने बधाई दी है।

● 44 मतों से हुई सुशील की शिकस्त

## डीएम ने कोविड-19 से बचाव को लोगों को किया जागरूक

संवाददाता। सीतापुर

**कोविड जागरूकता** को लेकर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने लालबाग बाजार में लोगो को मास्क लगाने व सोशल डिस्टेसिंग को लेकर जागरूक किया। रेड क्रॉस सोसाइटी, शहर कोतवाली पुलिस व व्यापार मंडल सीतापुर द्वारा आयोजित किया गया था मास्क वितरण व जागरूकता कार्यक्रम कार्यक्रम में सोसायटी द्वारा जिलाधिकारी के हाथों बटवाए गये मास्क। मास्क वितरण के दौरान जिलाधिकारी ने बिना मास्क टहल रहे राहगीरों, दुकानदारों को दी सख्त हिदायत। इस दौरान गोविंद प्रसाद रूप किशोर सर्राफ़ रस्तोगी लेडीस गारमेंट, भोलानाथ सर्राफ़ सहगल साड़ी भंडार व देवी प्रसाद मन्नालाल की दुकानों पर कोविड केयर नहीं मिली प्रॉपर व्यवस्था नाराज हुए जिलाधिकारी। कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, शहर कोतवाल टीपी सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष भगवती गुप्ता, सुनील टंडन, रेडक्रॉस सचिव संजीव मेहरोत्रा, कोऑर्डिनेटर रियाज अहमद, रेड क्रॉस सदस्य ललित श्रीवास्तव चंचल,हसनैल साजिद, इमरान खान, जाहिद अली रहे मौजूद।


सीतापुर-मार्केट में मास्क देते डीएम विशाल भारद्वाज

## सपा की मासिक बैठक में हुई चुनाव पर चर्चा


सीतापुर-बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव

संवाददाता। सीतापुर

**सपा की** मासिक बैठक जिला कार्यालय पर हुई। जिसमें एमएलसी चुनाव को लेकर चर्चा की गई व प्रत्याशी को जिताने की अपील हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव ने कहा कि संगठन को मजबूत बूथ स्तर पर बनाएं। इस मौके पर पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी, पूर्व मंत्री कमलेश यादव, पूर्व विधायक मनीष रावत, अफ्ज़ाल कौसर, निर्मल वर्मा, अनिल वर्मा, जय सिंह यादव, प्रवीण सैनी, शेखर यादव, महेन्द्र यादव, सुमन, आशुतोष यादव, देवेन्द्र यादव, विजय यादव, सलीम आदि मौजूद रहे।

नगर पालिका सीतापुर की बोर्ड बैठक

## चर्च रोड का नाम बदलने के प्रस्ताव पर हुआ भारी हंगामा

● दीपावली में जगमग होंगे मार्ग, वार्डो में लगेगी स्ट्रीट लाइटें

संवाददाता। सीतापुर

**शनिवार को** नगर निकाय की बैठक में कई अहम फैंसले हुए। सभासदों के प्रस्तावों पर सहमति की मुहर लगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे चेयरमैन राधेश्याम जायसवाल ने सभासदों से मशविरा भी किया। जैसे ही बैठक में चर्च रोड सिविल लाइंस का नाम हबीब सड़क मार्ग से बदलकर किसी शहीद के नाम पर रखे जाने का आया प्रस्ताव आया हंगामा शुरू हो गया। कई सभासदों ने इसका समर्थन किया तो कइयों ने विरोध में आवाज बुलंद की। देखते ही देखते बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई और बात न बनते देख बैठक समाप्त कर दी गई। स्वीकृत हुए प्रस्तावों में दिवाली में जगमगाएंगी हर वार्ड में स्ट्रीट लाइटें, मार्गों पर लगे पिलर्स पर तिरंगे की झालर लगाने का निर्णय लिया गया। चेयरमैन ने कहा कि सभासदों के लंबित पड़े प्रस्तावो को भी पारित किया जाएगा। श्री जायसवाल ने कहा कि नगर की लाइटिंग व्यवस्था को लेकर हम पूरी तरह से गंभीर है, हर वार्ड में 25 से 30 स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएंगी, पहले से लगी लाइटों में भी कार्य कराया जा रहा है अधिशासी अधिकारी गुरु प्रसाद पांडे ने बोर्ड बैठक में पारित हुए प्रस्ताव की दी जानकारी। इस मौके पर सभासद नामित संजय मिश्रा, इन्दू सिंह चौहान, धीरज पांडेय, अंजनी मिश्रा, आयुष दीक्षित, अश्वनी कुमार, सलीम, संजय आदि मौजूद रहे।


सीतापुर-बोर्ड बैठक में बोलते चेयरमैन राधेश्याम जायसवाल

## डनलप से टकराई बाइक, युवक की मौत

**सांडा सीतापुर।** थाना बिसवां क्षेत्र की पुलिस चौकी सांडा के अंतर्गत रिश्तेदारी गए एक युवक की वापस लौटते समय घने कोहरे के बीच डल्लफ से टकरा जाने से मौत हो गई वहीं एक अन्य घायल को इलाज हेतु ले जाया गया। बिसवा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सांडा के अंतर्गत शाहपुर निवासी गोलू उम्र 18 वर्ष पुत्र रामधार बीती शाम अपने मौसा किशोरी लाल पुत्र राम दुलारे निवासी ठेकेपुरवा थाना बिसवा के यहां मेहमानी गया था। सुबह अपने मौसा किशोरी लाल के साथ मोटरसाइकिल से वापस लौटते समय मनिकौरा तिराहे के पास घने कोहरे के बीच गोलू की मोटरसाइकिल सांडा की तरफजा रहे डनलप मे पीछे से घुस गई। जिस पर गोलू को गहरी चोट आने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि मौसा किशोरी लाल भी घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा शव का पंचनामा कराते हुए चिकित्सीय परीक्षण हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है जबकि घायल किशोरी लाल को परिजनों के द्वारा इलाज हेतु समुदायिक

## क्विक न्यूज

### कोरोना के जिले में मिले 11 नए मरीज, अब तक 66 की हो चुकी मौत, 4344 है मरीजों की तादाद

**सीतापुर।** सीतापुर में कोरोना की रतार में थोड़ी गिरावट जरूर दर्ज की गई, लेकिन मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, अब तक 66 मौत हो चुकी हैं। पिछले 24 घंटे में 11 नए मरीज मिले हैं। 11 बटालियन पीएसी में एक और मरीज मिलने से हड़कंप है। शहर के तामसेनगंज मे 3, सिधौली, बलदेवपुर, बंसीपुर, विवेक नगर, कंचनपुर व संदना में 1-1 मरीज की पहचान की गई है। इसी के साथ जिले में 4,344 कोरोना के मरीज हो गए हैं। 935 सैम्पल की जांच रिपोर्ट आना अभी बाकी है। सीएचसी लहरपुर की कोरोना के खिलाफजंग जारी है। सीएचसी टीम ने कस्बे का भ्रमण करके 38 लोगों को जांच की है। जांच टीम में अधीक्षक आनंद मित्रा, लैब टेक्नीशियन रतिभानु, बीसीपीएम मनोज वर्मा व चालक नादिर अली आदि शामिल रहे।

### पंकज बने युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष


पंकज सिंह

**सीतापुर।** पंकज सिंह को युवा वाहिनी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है, राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्थापक देवप्रकाश शुक्ला ने पंकज को यह दायित्व सौंपा है। पंकज ने बताया कि वह संगठन की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करने के लिए मेहनत से काम करेंगे व जिले में नई ऊंचाई तक ले जाने की कोशिश करेंगे। जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर सोनू गांधी, सनी निशाद, शिवांशू, दुर्गांश आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### एटीएम से निकले 40 हजार

**बिसवां सीतापुर।** कोतवाली बिसवां इलाके में अज्ञात लोगों द्वारा एटीएम कार्ड क्लोनिंग कर 40 हजार रुपए निकाल लेने का मामला सामने आया है। इलाके के गोपाल नगर निवासी अर्चना सिंह पत्नी सुखविंदर सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर यह आरोप लगाया है कि दो अज्ञात लोगों ने बैंक ऑफ इंडिया एटीएम से पैसे निकालने के दौरान दो अज्ञात लोगों ने उसे बातों में उलझा कर एटीएम कार्ड क्लोनिंग कर ली और बाद में 40 हजार रुपए निकाल लिए। मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**खैराबाद देहात सीतापुर।** थाना खैराबाद पुलिस ने करीब सवा किलो अवैध गांजे के साथ कस्बाती टोला निवासी मोहम्मद हाशिम को गिरतार किया है। थाना प्रभारी धर्म प्रकाश शुक्ला ने बताया कि शनिवार शाम वहदग्राम परसेहरा कला के पास से पकड़कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। अभियुक्त पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। गिरतारी टीम में एसआई सियाराम चौरसिया, हेडकांस्टेबल भूपेंद्र सिंह, कांस्टेबल रामप्रवेश शामिल रहे।

### चैन स्नैचिंग के आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर।** शहर कोतवाली पुलिस ने बीती 4 व 5 नवंबर को छोटा हनुमान मंदिर व लोहार बाग चैन स्नैचिंग के दो अभियुक्तों को गिरतार कर लिया है। शहर कोतवाल टीपी सिंह ने बताया अभियुक्त पड़ोसी जनपद लखीमपुर में सदर कोतवाली इलाके की गोटैयाबाग व त्रिपाठी कॉलोनी के निवासी हैं। जिनके पास से 2 अदद तमंचा-कारतूस व दो जोड़ी बाली बरामद हुई हैं। अभियुक्त जीतू पर लखीमपुर जिला सीतापुर में आधा दर्जन से भी अधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरतारी टीम में एसआई निर्मल तिवारी, कांस्टेबल ऋषभ यादव, दीपचंद, संदीप सिंह व अक्षय कुमार शामिल रहे।

### योगी सरकार में किसान परेशान-राजभर

**सीतापुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने संगठन को मजबूती देने में जुटे हुए हैं। उन्होंने शनिवार को पिसावां थाना क्षेत्र के सेहुआपुर गांव में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और योगी सरकार पर हमला बोला। राजभर ने कहा कि योगी सरकार में किसान बहुत परेशान हैं, किसानों पर काले कानून लागू किए जा रहे हैं, किसानों को पराली जलाने पर जेल भेजा रहा है, इस पर सरकार को अल्टीमेटम दिया गया है कि अगर एक सप्ताह के अंदर स्थितियों में सुधार नहीं आया तो आंदोलन किया जाएगा।

### डीएम ने की राजस्व बैठक

**सीतापुर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने राजस्व अधिकारियों के पेंच कसे हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में उन्होंने उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं तहसील स्तरीय अन्य अधिकारियों को जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देष दिया है। वसूली को लेकर तहसीलदार सिधौली से स्पश्टीकरण तलब किया गया है। डीएम ने भू मांफिया के चिन्हीकरण में भी तेजी लाने का निर्देश दिया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार पाठक, अपर जिलाधिकारी न्यायिक हरिशंकर शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार सहित सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार मौजूद रहे।

### सफाई कर्मचारियों ने मुन्ना सिंह का किया स्वागत

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह धानुक के महमूदाबाद पहुंचने पर जश्न का माहौल बन गया। उत्साहित लोगों ने जोरदार स्वागत किया। उपाध्यक्ष ने नगर पालिका में बैठक करके सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने पीएम की ओर से कुम्भ के दौरान सफाई कर्मचारियों के पैर धोने के वाकया का जिक्र किया। इस मौके पर सफाई कर्मचारी महासंघ के नगर अध्यक्ष रामू, नगर सचिव सुंदर, कोषाध्यक्ष पिन्टू, मोनू, महामंत्री राकेश, ओमप्रकाश, सहमंत्री समीर, प्रचार मंत्री संतोष, वाल्मीकि, मयंक वाल्मीकि, रामू, पिन्टू, सुंदर, कौशल किशोर, राकेश, महेश, समीर, संतोष, रामकुमारी, शोभा, सीमा, तारा आदि उपस्थित रहे।

### संकुल कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**लहरपुर सीतापुर।** ब्लाक संसाधन केंद्र में संकुल की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ एबीएसए रणजीत कुमार ने किया। कार्यशाला में आठ संकुलों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। एबीएसए ने कहा कि विभागीय निर्देशों के अनुसार विद्यालयों में 10, 10 छात्रों की टोली में ई-पाठशाला के अंतर्गत सोमवार बुधवार और शुक्रवार को विद्यालयों में 1, एक घंटे के लिए बुलाकर उन्हें उस सप्ताह का निर्धारित कार्य दिया जाएगा। जिसकी जांच अगले सप्ताह की जाएगी। शिक्षक अनवर अली ने शिक्षक संकुल के कार्य और दायित्व के बारे में जानकारी दी। एआरपी पुष्पेंद्र मौर्य ने शिक्षक डायरी का प्रयोग तथा शिक्षण में आईसीटी का बेहतर प्रयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में सेवक राम, मोहम्मद रफीक, जीतेंद्र कुमार सिंह, जुबेर वारिस, प्रदीप वर्मा, मोहम्मद असद सिद्दीकी आदि ने अपने अनुभव और विचार प्रस्तुत किए।

### शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का माल राख

**कचनार सीतापुर।** फल्ल की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग 15सौ की नगदी सहित लाखों का हुआ नुकसान। इमलिया सुल्तानपुर थाने के करीब फरर्कपुर चौराहे पर एक फल्ल की दुकान में आधी रात शार्ट सर्किट से आग लग गयी। दुकान बंद होने के चलते आग पूरी दुकान में फैल गयी। दुकान में बंद सारा सामान जल गया। थाना क्षेत्र के शेरपुर निवासी रंगीलाल पुत्र शम्भू की फरर्कपुर थाने चौराहे पर फल्ल की दुकान है। जो की प्रतिदिन की भांति शुक्रवार की शाम को भी दुकान बंद करके घर चले गए थे। दुकान में रात को लाइट से शार्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गयी। अंदर रखा सारा सामान जल गया। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने दुकान से धुआं निकलता देख दुकान मालिक को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे दुकान मालिक ने ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद दुकान खोली। तब तक उसमे रखा सारा सामान जल चुका था। दुकान मालिक रंगीलाल के बेटे इतवारी ने बताया कि दुकान में रखी 15सौ की नगदी सहित एक लाख के करीब नुकसान हुआ है।

# प्याज की जमाखोरी और मुनाफाखोरी रोकें: डीएम

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**डीएम शैलेंद्र** कुमार सिंह ने बताया कि आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग उप्र द्वारा प्याज के व्यापारियों पर भंडारण सीमा थोक विक्रेता के लिए 25 मीट्रिक टन एवं फुटकर विक्रेता के लिए दो मीट्रिक टन भंडारण सीमा अग्रिम आदेशों तक लागू करने का उल्लेख करते हुए जनपद में टीम गठित कराकर प्याज के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर प्रवर्तन के प्रभावी कार्यवाही की अपेक्षा की गई। उन्होंने बताया कि खाद्य आयुक्त से प्राप्त परिपत्र के क्रम में जनपद लखीमपुर खीरी में प्याज की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने तथा व्यापारियों की जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी को रोके जाने हेतु प्रभावी प्रवर्तन के लिए जनपद स्तर पर जिला पूर्ति अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी व मंडी समिति के सचिव की 03 सदस्य की टीम बनाई गई है। इसी के साथ तहसील स्तर पर संबंधित तहसील क्षेत्र अंतर्गत स्थित मंडी प्याज के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर प्रवर्तन हेतु एसडीएम पूर्ति निरीक्षक एवं संबंधित मंडी सचिव का तीन सदस्यीय प्रवर्तन दल गठित किया गया है। वही मंडी स्तर पर तहसील गोला में स्थित मंडी समिति तथा उसके प्याज के थोक विक्रेता हेतु क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी गोला एवं क्षेत्रीय विपणन अधिकारी गोला, तहसील पलिया में स्थित मंडी समिति तथा उसके प्याज के थोक विक्रेता हेतु क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी पलिया एवं क्षेत्रीय विपणन अधिकारी पलिया व तहसील लखीमपुर में स्थित मंडी समिति तथा उसके प्याज के थोक विक्रेता हेतु क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी लखीमपुर व क्षेत्रीय विपणन अधिकारी लखीमपुर को जांच दल में शामिल हैं। डीएम ने बताया कि गठित जांच टीमों को निर्देशित किया जाता है कि वह क्षेत्र प्याज के थोक एवं फुटकर व्यापारियों के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर प्याज की जमाखोरी, मुनाफाखोरी रोके जाने हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

### आबकारी टीमों ने की टेस्ट परचेजिंग

**लखीमपुर-खीरी।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर आबकारी विभाग की बरेली एवं शाहजहांपुर की गठित संयुक्त टीमों द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के जनपद खीरी की विभिन्न देशी.विदेशी बियर शराब की दुकानों पर रैंडम आधार पर सघन छापेमारी अभियान चलाया। बताते चलें कि उक्त टीम द्वारा जनपद खीरी की जिन.जिन शराब की दुकानों का रैंडम निरीक्षण के दौरान टेस्ट परचेजिंग की गई। उक्त सभी शराब की दुकानों पर टेस्ट परचेजिंग के दौरान शराब निर्धारित मूल्य पर पाई गई।

# प्रिंट रेट से अधिक पर शराब बिके तो फौरन दें सूचनाः डीएम

● जहरीली शराब के सेवन से भी किया सावधान ● शिकायत के लिए चार नंबर एलाट

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**डीएम** शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दीपावली पर्व पर मदिरा की मांग बढ़ जाती है जिससे मदिरा की अवैध बिक्री एवं निर्माण की संभावना बढ़ जाती है। डीएम ने जनसाधारण से अपील करते हुए कहा कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन ना करें क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है जो विष है इसके अल्प मात्रा के सेवन से आंखों की रोशनी जाने के साथ ही व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। आबकारी दुकानों से पाउचों में मदिरा की बिक्री नहीं की जाती है केवल वैध लाइसेंस प्राप्त दुकानों से सीलबंद बोतलों में ही शराब खरीदें। यदि किसी को किसी लाइसेंसी शराब दुकान या अवैध अड्डों से अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है अथवा किसी लाइसेंसी शराब दुकान से प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर शराब बेची जाती है तो दिए गए मोबाइल नंबर रुपए 9454465633, 9454466297, 9454466299 व 9911561906 पर तत्काल सूचित करें।

## आबकारी अधिकारी ने पलिया की कई दुकानों पर मारा छापा

**लखीमपुर-खीरी।** आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त उप्र एवं डीएम के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर पूरे जिले में देशी, विदेशी एवं बियर शराब की दुकानों पर सघन छापेमारी अभियान चला रहे हैं। जिसके दृष्टिगत जिला आबकारी अधिकारी शुक्रवार की देर शाम औचक रूप से पलिया पहुंचे। आबकारी अधिकारी ने आबकारी निरीक्षक पलिया गिरीश कुमार एवं उनकी पूरी टीम के साथ तहसील पलिया मुख्यालय पर स्थित विदेशी, देशी एवं बियर शराब की दुकानों पर सघन छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शराब की दुकानों पर मौजूद ग्राहकों से भी वार्ता की। इस दौरान ग्राहकों ने प्रिंट रेट पर शराब मिलने की पुष्टि की। श्री दिनकर ने लाइसेंसी दुकानदारों के अभिलेख एवं स्टाक की गहनता से परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर शराब विक्रय पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## क्विक न्यूज़

### डेंगू मरीजों की ऑनलाइन दें सूचनाः डॉ. मनोज

**लखीमपुर-खीरी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल ने बताया कि संक्रमण काल में वेक्टर जनित रोगों से पीड़ित रोगियों को परीक्षण उपरांत पाए गए हैं। डेंगू के रोगी की सूचना तत्काल कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यालय जिला मलेरिया अधिकारी को ईमेल पर देना सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक के संदर्भ में बाइलॉज अनुसार कार्य किया जाना है। जिससे वेक्टर जनित रोगों के प्रसार को तत्काल नियंत्रित किया जा सके। परीक्षण उपरांत समस्त पैथोलॉजी में पाए गए धनात्मक रोगी की सूचना निम्नलिखित अधिकारियों कर्मचारियों को आवंटित क्षेत्र अनुसार उनके दूरभाष नंबर पर देना सुनिश्चित करें। यदि डेंगू के लक्षण प्रतीत होते हैं तो दिए गए दूरभाष नंबर पर तत्काल सूचना दें। जिससे कि रोगी को तत्काल संबंधित क्षेत्र के चिकित्सालय द्वारा निदान कराया जा सके।

### सीएमओ ने अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद स्तर पर एपिडेमियोलॉजिस्ट डा. पूनम सिंह 9960419998, प्रभारी जिला मलेरिया अधिकारी डा. एपी सिंह 6393189714, नकहा हेतु मलेरिया निरीक्षक रजा फाजिल 9455032374, निघासन एवं मोहम्मदी हेतु मलेरिया निरीक्षक विवेक शुक्ला 9451980919, फूलबेहड़, धौरहरा, पसगवां हेतु मलेरिया निरीक्षक सचिन श्रीवास्तव 8840615657, मितौली, रमियाबेहड़, पलिया हेतु मलेरिया निरीक्षक सौरभ पांडेय 9415526234, बेहजम, बिजुआ व बांकेगंज हेतु मलेरिया निरीक्षक पुष्पेंद्र वर्मा 9454566188, फरधान हेतु मलेरिया निरीक्षक रजनी शर्मा 8808743876, कुंभी हेतु मलेरिया निरीक्षक पंकज वर्मा 9415460778, ईसानगर हेतु मलेरिया निरीक्षक प्रिया अस्थाना 7318166412, नगरीय क्षेत्र हेतु फाइलेरिया निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्रा 8543903756, फाइलेरिया निरीक्षक अनस अहमद 9140434001 व फाइलेरिया निरीक्षक अभय वर्मा 8052366051 कार्य संभालेंगे।

### पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**मैलानी-खीरी।** थाना मैलानी के चौकी प्रभारी बांकेगंज केके यादव हमराह पुलिस कर्मियों के साथ युनुस पुत्र नसीर निवासी झाऊपुर थाना मैलानी को उसके घर के बाहर उस समय गिरफ्तार किया। जब कहीं बाहर भागने की फिराक में तलाशी के दौरान उसके पास से पुलिस ने एक अदद देशी तमंचा 312 तथा एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किया। इसी क्रम चौकी प्रभारी संसारपुर सतीश चंद्र, आरक्षी राकेश कुमार, आरक्षी इंद्रेश व आरक्षी अरविंद ने सब्बन पुत्र वलील खां निवासी ग्राम अंगदपुर थाना मैलानी को गिरफ्तार करके जेल भेजा।

### लापता बच्चे को पुलिस ने किया बरामद



**निघासन-खीरी।** कोतवाली पुलिस ने सर्च आपरेशन की टीम गठित कर गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया है। शुक्रवार को नीलम देवी पत्नी बेचेलाल निवासी ग्राम कंधईलालपुरवा थाना निघासन खीरी ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका लड़का अंकित उम्र करीब 11 वर्ष जो सुबह करीब 10 बजे गांव में खेलते समय कहीं चला गया है जो अभी तक नहीं लौटा है। कोतवाल डीके सिंह ने उपनिरीक्षक निर्मलजीत यादव, कांस्टेबल वशीम हाशिमी, कांस्टेबल कृष्ण कुमार, महिला कांस्टेबल कविता व महिला कांस्टेबल कल्याणी के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाकर स्थानीय लोगों की मदद से गन्ने के खेतों में कॉम्बिंग कर बच्चे को सकुशल बराबद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

### गड्ढे में गिरी बाइक, युवक ने दम तोड़ा

**बरेली।** सड़क पर हुए गड्ढे में भरे पानी के चलते तेजी से आ रही एक बाइक गड्ढे में पड़कर बेकाबू हो गई और सड़क पर गिर पड़ी। जिससे उस पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल लाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।इज्जतनगर थाना क्षेत्र के परवाना नगर निवासी 27 वर्षीय देवेश सिंह पुत्र विजय सिंह की बीती रात फिनिक्स मॉल के सामने हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घरवालों ने बताया कि देवेश सिंह पीलीभीत बायपास स्थित एक निजी अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। बीती रात लगभग 8 बजे वह अस्पताल में अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। लेकिन फिनिक्स मॉल के सामने सड़क पर हुए गड्ढे में भरे पानी के कारण उसे गड्ढे का एहसास नहीं हुआ। वह तेजी से बाइक लेकर गड्ढे में जा घुसा। जिससे उसकी बाइक बेकाबू हो गई और सड़क पर गिर पड़ी। बाइक चला रहा दिनेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

### दुकान बंद करके लौट रहे युवक की दुर्घटना में जान गई

**बरेली।** बिजली के सामान की दुकान चलाने वाले एक युवक की बीती रात दुकान से घर वापस लौटते समय रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।सुभाषनगर थाना क्षेत्र के करगेना निवासी 30 वर्षीय तरुण पुत्र सुरेश वर्मा की बीती रात बिशारतगंज थाना क्षेत्र में अखा और ढका गांव के बीच हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घरवालों ने बताया कि तरुण अलीगंज के गांव गैनी में बिजली के सामान की दुकान चलाता था। कल रात लगभग 8 बजे रोजाना की तरह दुकान बंद करने के बाद मोटरसाइकिल से वह अपने घर वापस लौट रहा था। लेकिन रास्ते में अखा और ढका गांव के बीच पीछे से आए किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे तरुण गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तरुण की मौत हो चुकी थी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने से किशोरी की मौत

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में घर में रखा कीटनाशक खाने से एक किशोरी की हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।अलीगंज थाने के गांव भजनई निवासी रविंद्र पाल की 15 वर्षीय बेटी नीतू की कल शाम इलाज के लिए बरेली जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। मृतका के पिता ने बताया कि नीतू के पेट में कल अचानक तेज दर्द होने लगा। उसने घर में दवा के धोखे दवा के पास रखा कीटनाशक खा लिया। जिससे उसकी हालत और तेजी से भी बढ़ने लगी। उसे एक स्थानीय डॉक्टर को दिखाया गया। तब पता चला कि उसने कीटनाशक खाया है। घरवाले हालत नाजुक देख कर उसे इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल लाए ।लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से शिक्षक की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र में लखनऊ-फतेहपुर राजमार्ग पर मार्निंग वाक पर निकले प्राथमिक शिक्षक को अज्ञात वाहन ने कुचला दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सैबसी गांव के मूल निवासी शिक्षक पुत्तन लाल लोधी 46 वर्ष वर्तमान में थाना क्षेत्र के ही सातमील चौराहा पर परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार की भोर पहर करीब साढ़े पांच बजे रोजाना की तरह वह मार्निंग वाक पर निकले थे। वापस आते समय फतेहपुर-लखनऊ मार्ग पर अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी यशोदा देवी व पुत्र शुभम 16 वर्ष घटना से बदहवास हैं। प्रभारी निरीक्षक हुसैनगंज सत्येन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि प्राथमिक शिक्षक पुत्तन लाल लोधी को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया था। जिससे उनकी घटनास्थल पर मौत हो गयी है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में शुक्रवार की रात गांव के बाहर स्थित नलकूप के समीप आज सुबह पेड़ से 38 वर्षीय एक युवक का फांसी पर शव लटका पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार रसूलपुर गांव निवासी राम आसरे का पुत्र नरेन्द्र रोज की भांति अपने नलकूप पर सोने चला जाता था। आज सुबह उसका शव फांसी पर लटका मिला। जिसे देख परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से वह मानसिक तनाव में था।

### सड़क हादसे में वृद्धा की मौत

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डीघ के समीप शुक्रवार की शाम सड़क पार कर रही लगभग 65 वर्षीय एक वृद्ध महिला को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार डीघ गांव निवासी दशरथ की पत्नी केशवती देवी कल शाम दुकान सामान लेने जा रही थी। जब वह सड़क पार करने लगी तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गयी। उधर हादसे के बाद चालक वाहन सहित भाग जाने में सफल रहा।

## डीएम ने सीएचसी व निर्माणाधीन जीआईसी का किया निरीक्षण



**संडीला (हरदोई)।** जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन राजकीय बालिका इंटर कोलज एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी अविनाश कुमार बेगमगंज स्थित निर्माणाधीन राजकीय इंटर कालेज परिसर पहुंचे और उन्होंने कालेज निर्माण की स्थिति की बारीकी से जानकारी ली और इसे निर्धारित समय में पूरा करने के लिए निर्देश दिये। इसके बाद वे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे उन्होंने वहां सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर चेक किया इसके बाद महिला ओपीडी, दंत विभाग, औषधि वितरण कक्ष, एक्स रे, आपरेशन थियेटर, पैथालोजी आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने औषधि वितरण रजिस्टर से स्टाक का मिलान भी किया। जिलाधिकारी ने डेंगू और मलेरिया की जांच तथा उसके संबंध में आने वाली समस्याओं के विषय में जानकारी ली। उन्होंने क्षय रोग विभाग के एसटीएस अनन्त शर्मा से रोगियों की जानकारी मांगी। उन्होंने बताया कि 343 रोगी पंजीकृत हैं। जिन्हें दवायें दी जा रही है। जिलाधिकारी ने अपने पुत्र की दवा लेने आयी महिला शिवानी को रोककर उससे पूछा क्या उसे सारी दवायें सीएचसी से ही मिली है कोई दवा बाहर से तो नहीं लिखी गयी है। इसके बाद जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र का भी निरीक्षण किया तथा इंडस्ट्रियल एरिया में खराब सड़को तथा जलभराव आदि की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों को दी है। इस दौरान एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# आरोग्यम क्लीनिक का शुभारंभ

● पहले व तीसरे शनिवार-रविवार को आएंगे चिकित्सक

● निःशुल्क परामर्श के साथ दी जाएंगी मुफ्त दवाएं, प्रबंध निदेशक डा. सुधाकर मिश्र ने दी जानकारी

संवाददाता। मैगलगंज-खीरी

**मैगलगंज** कस्बे के औरंगाबाद मार्ग पर श्री यदुनंदन आरोग्यम केंद्र चिकित्सा क्लीनिक का शुभारम्भ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस क्लीनिक पर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार व रविवार को लखनऊ के चिकित्सक डा. अभिषेक कुमार गुप्ता मरीजों को देखेंगे। इस दौरान शनिवार को निशुल्क परामर्श भी मरीजों को दिया जाएगा। मैगलगंज कस्बे में औरंगाबाद मार्ग पर श्री यदुनंदन आरोग्यम केंद्र का शुभारम्भ शनिवार दोपहर सम्पन्न हुआ। शुभारम्भ अवसर पर लखनऊ के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एमबीबीएस एमडी मेडिसिन डा. अभिषेक कुमार गुप्ता ने तमाम मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित कीं। इस दौरान क्लीनिक के प्रबंध निदेशक डा. सुधाकर मिश्रा (फत्तेपुर वाले) ने जानकारी देते हुए बताया कि मैगलगंज कस्बे में चिकित्सा उपाधि धारक चिकित्सक की आवश्यकता को देखते हुए लखनऊ के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा. अभिषेक कुमार गुप्ता ने अपनी सेवा प्रदान करने का मन बनाया। क्षेत्र के तमाम मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए वह माह के प्रथम व तृतीय शनिवार व रविवार को वह क्लीनिक पर मौजूद रहेंगे। शनिवार को मरीजों को निशुल्क परामर्श उपलब्ध कराएंगे। क्लीनिक शुभारम्भ अवसर पर पूर्व प्रधान विपिन गुप्ता, विवेक मिश्रा, शीतला शुक्ला व आशीष गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**धान तौल न होने पर भड़के किसान, हंगामाः**बरेली। धान क्रय केन्द्रो पर किसानो का धान न तौल उन्हे टरकाया जा रहा है। शुक्रवार को एक धान क्रय केन्द्र पर किसानो के धान की तौल नही हुई तो इससे गुस्साए किसानो ने धान क्रय केन्द्र पर जमकर हंगामा काट अधिकारियो से इसकी शिकायत की तो केन्द्र प्रभारी ने आनन फानन मे उनके धान की तौल शुरु करा दी। किसानो का धान तौलने के लिए फरीदापुर गांगा उर्फ नवादा गांव मे यूपीएसएस का धान क्रय केन्द्र खोला गया है।

## यातायात नियमों के प्रति किया जागरुक



**लखीमपुर-खीरी।** यातायात माह नवंबर-2020 के दृष्टिगत सम्पूर्ण जनपद में जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने एवं उनका पालन करने हेतु प्रेरित करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज शनिवार को टीएसआई सूर्यमणि यादव खीरी द्वारा ट्रक/ट्रैक्टर स्वामियों व चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा वाहन पर रिफ्लेक्टर लगाने हेतु जागरूक किया गया।

# पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में हंगामा

● बजट पारित करने को लेकर अनिश्चितता



नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में मौजूद सभासदगण

**संडीला (हरदोई)।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की एक वर्ष से अधिक समय के बाद बुलाई गयी बैठक में जमकर हंगामा हुआ और बजट को पारित करने को लेकर ऊहापोह एवं अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो गयी।

नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक पालिका सभागार में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन हाजी रईस अंसारी ने की। बैठक की शुरुआत में दो सभासदों की कुर्सियां टूट गयीं और सभासद चोट खाने से बाल बाल बच गये। बैठक में सबसे पहले नामित सभासदों का स्वागत किया गया। मुख्य विषय बजट पारित करने को लेकर था। सभासदों ने जब आय व्यय का मासिक विवरण मांगा तो अध्यक्ष ने कहा कि उसे बाद में उपलब्ध करा दिया जायेगा और यह नगर पालिका की साइट पर पड़ा हुआ है उसे सभासद देख सकते हैं। अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि तीस करोड़ आठ लाख एक्कीस हजार रुपये आये तथा उनतीस करोड़ तेंतालीस लाख चौवन हजार छः सौ रुपये का व्यय पास किया गया है। जिसमें यह चौसठ लाख छाछठ हजार चार सौ रुपये लाभ का बजट है। इस बजट में जाड़ों में कम्बल वितरण के लिए पांच लाख, अलाव के लिए आठ लाख, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक करोड़ पचास लाख, नाला सफाई के लिए अस्सी लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। अध्यक्ष ने बताया कि सभासदों ने यह बजट पारित कर दिया है। दूसरी ओर सभासदों का यह स्पष्ट कहना था जब बजट सदन में रखा ही नहीं गया तो उसके पारित होने का क्या आधार है। सभासदों की ओर से भाजपा नगर अध्यक्ष एवं सभासद महेन्द्र सोनी ने मीडिया कर्मियों से कहा कि किसी प्रकार का कोई बजट पारित नहीं हुआ है। बाद में सभासदों महेन्द्र कुमार सोनी, चन्द्र देवी, नायाब अली, श्रवण कुमार, अनीसा, गुड़िया, रीना, फैयाज अहमद, सै हसन सिद्दीकी, सरताज अली, ब्रिजेश पाण्डेय, रामजी, अमरेन्द्र सिंह, सुमन, अभय गुप्ता, शबनम आदि ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आय व्यय का मासिक विवरण न उपलब्ध कराने के कारण बोर्ड की बैठक स्थगित कर दी गयी है। समाचार लिखे जाने तक बोर्ड के सालाना बजट के पारित होने को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई थी।

## मार्ग दुर्घटनाओं में किशोर समेत तीन लोग घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान किशोर समेत तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के जयरामनगर मुहल्ला निवासी जय कुमार का 14 वर्षीय पुत्र अंशू लोधी आज सुबह साइकिल से सामान लेने जा रहा था। जैसे ही वह रोड पर चढ़ा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार हुसैनगंज कस्बा निवासी अशोक कुमार का 20 वर्षीय पुत्र अंशू बाइक द्वारा शहर आ रहा था। जैसे ही वह गढ़ीवा गांव के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी प्रकार मलवां थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी सूरज का 22 वर्षीय पुत्र कमल मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# चचेरे मामा ने आठ वर्षीय भांजे का किया अपहरण, की हत्या

**संडीला (हरदोई)।** मानवीय रिश्तों को तार तार करते हुए चचेरे मामा ने ननिहाल आये आठ वर्षीय भांजे का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी तथा शव को काफी दूर ले जाकर जंगल में फेंक दिया। घटना कोतवाली बेनीगंज के अर्न्तगत् ग्राम जरौआ की है जरौआ में एक महिला अपने मायके आयी थी। उसका आठ वर्षीय पुत्र चार नवम्बर को घर के बाहर खेल रहा था और खेलते ही खेलते वह लापता हो गया। तमाम तलाश करने के बाद उसको कहीं कोई पता नहीं चला। बाद में बालक रुद्र प्रताप के मामा के मोबाइल पर दो लाख रुपये फिरौती सीतापुर आकर देने का मैसेज आया। बालक के गायब हो जाने की सूचना पुलिस को दी गयी और इस मामले में एसपी अनुराग वत्स ने बालक की तलाश के लिए तीन टीमों का गठन किया डाग स्क्वाएड भी लगाया गया लेकिन बालक का कहीं कोई पता नहीं चला। 7 नवम्बर की सुबह बालक का शव कोतवाली संडीला के अर्न्तगत् ग्राम भूड़खेड़ा से बरामद हुआ। पुलिस को बालक के रिश्तेदार राम प्रताप सिंह पर शक था क्योंकि रामप्रताप सिंह लगातार बालक की तलाश के लिए उसके घरवालों के साथ जा रहा था। लेकिन उसकी गतिविधियां संदिग्ध थीं। पुलिस ने मोबाइल पर भेजे गये मैसेज को रामप्रताप सिंह को बोलकर लिखवाया तो उसने वहीं गलतियां की जो मोबाइल पर भेजे गये मैसेज में थीं। इस पर जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने हत्या की बाद स्वीकार करते हुए बताया किवह बीएससी पास है तथा वर्तमान में बेरोजगार है। वह बालक के पिता से दो लाख रुपये फिरौती लेकर कोई रोजगार करना चाहता था। उसने बालक को चार नवम्बर को ही ले जाकर उसे अपने गमझे से गला घोटकर मार डाला था और शव को भूडखेड़ा के जंगल में फेंक गया था। उसने बेहद शातिराना ढंग से एक मोबाइल को चोरी करके फिरौती का मैसेज भेजा था। रामप्रताप सिंह की निशानदेही पर पुलिस ने वह मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है जिससे बालक रुद्रप्रताप को बिठाकर ले जाया गया था।

# मौरंग घाट पर अधिकारियों ने मारा छापा, मचा हड़कंप



**खागा (फतेहपुर)।** धाता थाना क्षेत्र के रानीपुर मौरंम खदान आर-टू में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ एसडीएम, एआरटीओ व खनन अधिकारी की संयुक्त टीम ने विभिन्न मार्गो से गुजरने वाले लगभग एक दर्जन ओवरलोड ट्रक सीज किया। जिससे ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया है। विकास खण्ड धाता अन्तर्गत मौरंम घाट रानीपुर में प्रशासनिक संयुक्त टीम के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान अब लगातार जारी रहेगा। और इन्होंने बताया कि सड़कें ध्वस्त होने के साथ दुर्घटनाओं का कारण बन रहे। इस लिए ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसके चलते आज लगभग एक दर्जन ओवरलोड वाहन पकड़े गये है और इन्हे चौबीस घंटे का अल्टीमेटम दिया कि अपने समय सीमा व सजग होकर मानकों के दायरे में ही रहकर कार्य करे। इस समय ओवरलोड वाहनों पर निगाह सभी की टेढ़ी है। रानीपुर मौरंम खदान में ओवरलोड ट्रकों को दबोचने के साथ ही साथ उपजिलाधिकारी खागा प्रहलाद सिंह, खनन अधिकारी, एआरटीओ व धाता थानाध्यक्ष ने रानीपुर मौरंम खदान के रास्ते में ओवरलोड वाहनों को रोका। बताया कि इस दौरान करीब एक दर्जन ट्रक अधिकारियों के गिरफ्त में लिए गये है। जिन्हें लिखा पढ़ी कर सीज कर दिया गया। वही मौरंग घाट ठेकेदारों का कहना है कि बालू से लदे ट्रकों को निकालने के लिए लगाये गये पहरेदारों को जब तक इसकी भनक लगी काफी देर हो चुकी थी।

# सपा संगठन व एमएलसी चुनाव पर चर्चा

संवाददाता। फतेहपुर

**समाजवादी पार्टी** कार्यालय में मासिक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव ने की। बैठक में पूर्व विधायक मदन गोपाल वर्मा ने कहा स्नातक विधायक चुनाव का बिगुल बज चुका है। पार्टी प्रत्याशी डॉ0 मान सिंह यादव को जिताना पार्टी के प्रत्येक कार्यकता की जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद में 15755 स्नातक वोटर 24 बूथों पर मतदान करेंगे। इसके लिए जिनको जिम्मेदारी दी गई है। वह अभी से वोटरों से संपर्क कर पक्ष में जोड़ने की कोशिश करना शुरू कर दें। एक एक बूंद से घड़ा भरता है और इसी तरह चुनाव जीता जाता है। उपाध्यक्ष सतीश राज सिंह ने कहा कि एमएलसी चुनाव विधानसभा चुनाव का क्वार्टर फाइनल है इसे जीतकर ही विधानसभा फतेह की और पार्टी कार्यकर्ता अग्रसर हो सकते हैं उन्हें विश्वास है कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकता जिम्मेदारी में खरा उतरेगा। बैठक का संचालन जिला



महासचिव देवी गुलाब कुशवाहा ने किया। इस मौके पर नफीस उद्दीन जिला उपाध्यक्ष, दलजीत निषाद, दयालु गुप्ता, जगदीश सिंह चौहान, सुरेश पाल रावत, शकील अहमद, शमीम अहमद, दिनेश तिवारी, ओम चंद मिश्रा, सतीश राज पासी, रमेश पासी, तनवीर हैदर नकवी, फहमीदा खान, राम बहादुर यादव, राजेंद्र सिंह पटेल, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, जगजीवन विश्वकर्मा नितिन यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख, रईस अहमद, बृजेंद्र यादव, मतीन अहमद, वीरेंद्र यादव, डॉ0 अफसर अली, अनिल यादव, जसवीर सिंह, अखिलेश सविता, विनोद पासवान, जेपी यादव, अतुल यादव, उदय प्रताप, पवन सविता, मो0 साबिर, नागेंद्र प्रजापति, रफत, वाहिद कुरैशी, रामआसरे प्रजापति, कपिल यादव, विष्णु स्वरूप वाल्मिकी, शकूर राणा, अनवर, तरन्नुम परवीन, गुड्डी, शोभा, नेहा यादव, राजकुमारी, रेहाना, राम श्री, कलावती, मदीना, शबनम, मधु, गंगादीन बाजपेई, गुड्डू पाल, शेखू, विजय यादव, बबलू पटेल, अरुण यादव, तेज नारायण दिवाकर, राजन तिवारी, वीरू शुक्ला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में युवक का शव पेड़ पर लटकता मिला

**बिंदकी (फतेहपुर)।** नलकूप स्थित नीम के पेड़ में एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में लटका मिला तो हड़कंप मच गया। मौके पर भारी भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में परिजनों ने हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटका देने की आशंका जाहिर की है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर गांव में शनिवार की सुबह गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर गांव के ही रहने वाले बाबू सिंह के नलकूप के समीप नीम के पेड़ में नरेंद्र यादव उर्फकल्लू यादव उम्र 30 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम अवतार यादव निवासी रसूलपुर कोतवाली बिंदकी का शव संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे पर लटका देखा गया तो हड़कंप मच गया। इस घटना की जानकारी आग की तरह फैली तो मौके पर भारी भीड़ लग गई। उधर सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची।

# कृषि आधारित उद्योगों पर हो कामः सांसद

**कानपुर देहात।** अकबरपुर रनिया सांसद देवेंद्र सिंह भोले की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। सांसद भोले ने कहा कि जिले में कृषि आधारित उद्योग स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जाए। इस हेतु प्रत्येक विधानसभा में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन इत्यादि क्षेत्र में इच्छुक किसानो को चिन्हित कर लघु एवं मध्यम उद्योंग स्थापित करने हेतु आधार उपलब्ध कराएं। कृषको की आय में वृद्धि हेतु प्रत्येक विकासखंडो में कृषि उत्पादक संगठनो का गठन करें। उन्होंने उज्जवला योजना का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को मिले यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि योजनांतर्गत गैस एजेंसी हितग्राहियों के निकटतम स्थान से गैस सुविधा उपलब्ध कराए यह सुनिश्चित किया जाए। सांसद ने उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास

## ● सांसद देवेंद्र सिंह भोले की अध्यक्षता में विकास भवन में आयोजित हुई जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक, दिए गए निर्देश



विकासभवन के सभागार में बैठक में भाग लेते सॉसद देवेन्द्र सिंह भोले, डीएम, सीडीओ सहित अन्य जनप्रतिनिधि

योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, अटल ज्योति अभियान, कोरोना संक्रमण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने हितग्राही मूलक योजनाओं अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यो को शीघ्र गुणवत्ता से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय एवं समस्त स्वास्थ्य केन्द्रो में जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए एवं यह सुनिश्चित करे कि स्वास्थ्य संस्थाओध्केन्द्रो में सभी उपचार उपकरण एवं सामग्री क्रियाशील रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत स्वीकृत राशि अनुरूप ही आवास निर्माण कार्य शामिल कर निर्माण कार्य किया जाए। सांसद श्री भोले ने किसान भाईयो को समय पर बिजली की उपलब्धता मिले यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य सेवाओ का बेहतर क्रियान्वयन हेतु रोगी कल्याण समिति की बैठक निर्धारित समय पर आयोजित करने के निर्देश दिये। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समिति के सदस्यो ने अपने.अपने क्षेत्र की समस्याओ को रखा एवं उपयोगी सुझाव दिये। बैठक में जल निगम द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं का प्रत्येक परियोजना हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त कर जांच कराने के निर्णय लिया वहीं विद्युत के बड़े हुए बिलों सत्यापन कराए जाने निर्णय लिया गया वह मीटरों को चेक कराने के निर्देश दिए । बैठक में कृषिए स्वास्थ्यए लोक निर्माण विभागए वनए शिक्षाए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग आदि विभागों द्वारा अपने.अपने विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रगति की जानकारी दी। वहीं जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो बैठक में निर्णय लिया गया और उसका अनुपालन करेंगे इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने भी सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की बैठक में जो निर्णय व जो निर्देश दिए गए हैं उसका हर हाल में पालन कराया जाएगा वहीं उन्होंने जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के बारे में जानकारी देंस बैठक में अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जालौन गरौठा सांसद भानु प्रताप वर्मा, एमएलसी अरुण पाठक, दिलीप उर्फकल्लू यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह यादव, जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेश कटियार, सहित जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति के सदस्य उपस्थित रहे। वही बैठक के पूर्व उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कानपुर देहात द्वारा आईसीडीसीएस सप्लीमेंट्री प्रोग्राम के तहत स्वयं सहायता समूह से आंगनवाड़ी को ड्राई राशन वितरण के संबंध में आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया व उन्हें राशन के थैले उपलब्ध कराए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि उपरोक्त योजना के तहत 9 नवंबर से डोर टू डोर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा राशन किट लाभार्थियों को उपलब्ध कराएंगे जिसमें गर्भवती महिलाओं बच्चों कुपोषित अतिकुपोषित बच्चों आदि को पांच रंग की श्रेणी वार विभाजित किया गया है जिन्हें उपलब्ध कराया जाएगा।

## धान खरीद की डीएम ने की समीक्षा, दिए निर्देश

**उन्नाव।** जिले में हो रही धान खरीद की समीक्षा बैठक का आयोजन शनिवार को डीएम रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में किया गया। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जनपद में धान क्रय के लिए स्थापित 30 क्रय केन्द्र का धान क्रय लक्ष्य 20ए000ए00 मीटर टन के सापेक्ष छह नवम्बीर तक 2641ए38 मीटर टन की खरीद 598 कृषकों से की गई है। डीएम द्वारा जिला खाद्य विपणन अधिकारी व समस्त जिला प्रबन्धकए क्रय एजेन्सी को निर्देश दिये गये कि क्रय केन्द्रों का सतत् निरीक्षण करते हुये क्रय केन्द्रों पर क्रय लक्ष्य के अनुरूप खरीद में प्रगति लाना सुनिश्चित करायें तथा प्रत्येक क्रय केन्द्र पर एक टोकन रजिस्टर बनाकर कृषकों को तिथि आवंटित करेंए जिससे कृषकों को अपना धान विक्रय करने में कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा 50ए00 कुंटल अथवा इससे कम धान विक्रय करने वाले छोटे कृषकों का धान प्राथमिकता के आधार पर क्रय किया जाये। क्रय केन्द्र पर व्यापारीए दलाल या बिचैलियों से यदि धान खरीद किया जाना प्रकाश में आता है तो सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर वैधानिक कार्यवाही की जाये। बैठक में डीएम द्वारा क्रय केन्द्रों पर क्रय किये जा रहे धान को सम्बद्ध चावल मिलों में शीघ्रता से प्रेषित किये जाने के भी निर्देश दिये गये। जिससे केन्द्रों पर स्थान के अभाव में धान खरीद बाधित न हो। डीएम ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि जो चावल मिलर धान उतरवाने में हीला.हवाली कर रहा होए तो उसके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर वैधानिक कार्रवाई की जाए।

## वोल्वो की टक्कर से रोडवेज बस खड़े ट्रॉला में जा भिड़ी, चालक की मौत

### ● ट्रॉला चालक गम्भीर रूप से घायल, चुटैल सवारियां खुद घरों को रवाना



**जसवंतनगर।** नेशनल हाइवे पर जमुना बाग के पास शनिवार तड़के एक वॉल्वो बस द्वारा पीछे से रोडवेज बस में टक्कर मारने से बस खड़े ट्रोला में जा भिड़ीए जिससे बस ड्राइवर की मौत हो गयी। ट्रोला का चालक गम्भीर रूप से घायल हुआ है।कई सवारियों के भी चुटैल होने की खबर है। रोडवेज की यह बस इटावा से आगरा के लिए सुबह 5 बजे रवाना हुई थी। दुर्घटना बस के जसवंतनगर पार करने के बाद सुबह साढ़े पांच बजे के लगभग हुई। बस में मात्र 10.12 सवारियां ही थीं। प्राप्त विवरण के अनुसार जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत एक वोल्वो बस के चालक द्वारा तेज रफ्तार और लापरवाही से बस चला कर रोडवेज बस में पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्करसे रोडवेज बस के ड्राइवर ने संतुलन खो दिया और बस सामने सड़क किनारे खड़े ट्राला में जोरदार ढंग से टकराकर खड़ी हो गयी और रुक गयी। ट्राला के चालक के भी चोटे आयी। रोडवेज बस का चालक अशोक कुमार पुत्र नत्थी लाल निवासी जंगजीत नगर, राजपुर चुंगी, शमशाबाद रोड, आगरा की मृत्यु हो गयी। मृतक ड्राइवर को इटावा मोर्चरी भिजवा दिया गया है। दोनों बसों व ट्रोला में सवार दर्जन भर मामूली रूप से चुटैल हुए लोग पुलिस और लोगों के पहुंचने से पहले ही स्वयं इलाज को रवाना हो गए। घटना के बाद लगभग लगभग एक घंटे देरी से पहुंचे पुलिस उपनिरीक्षक रमाशंकर उपाध्याय, कस्बा प्रभारी नीरज शर्मा, जोनई चौकी प्रभारी रामप्रताप सहित सहित दर्जनों कांस्टेबल मौके पर पहुंचे और हाइवे पर स्थिति सामान्य की।

## दो शातिर लुटेरों को पुलिस ने धर दबोचा

**उन्नाव।** बेहटामुजावर व स्वाट की संयुक्त टीम ने शुक्रवार की देरशाम दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया। आरोपितो के पास से एक पिस्टल बगैर मैगजीन व 7 जिन्दा कारतूस 32 बोरएएक तमंचा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए। हरदोई थाना कासिमपुर के निर्मलपुर गांव निवासी नितिन जायसवाल पुत्र मुन्ना जायसवाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह बेहटामुजावर थाना क्षेत्र के मटुकरी चैराहा के पास स्थित ठेका अंग्रेजी शराब व देशी शराब की दुकान पर सेल्समैन है। बताया कि चार अक्टूबर को दो बाइक से चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दुकान के अन्दर घुसने का प्रयास करते हुए उसे व एक अन्य सेल्समैन के साथ लूट के इरादे से तमंचा व पिस्टल दिखाते हुए गाली गलौज की गई। शोर मचाने पर पड़ोस के लोगों के इकट्ठा होने पर चारों व्यक्ति वहां से भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू की थी। शुक्रवार की देरशाम पुलिस ने लखनऊ.आगरा एक्सप्रेस वे अंडरपास के निकट कबीरपुर सर्विस लेन के मोड़ से प्रशांत पुत्र निखलेश कुमार निवासी टेढ़ी बाजारए अभिषेक पाल पुत्र नबल पाल निवासी मोहल्ला पन्नीटोला शुक्लाना कस्बा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितो के पास से एक पिस्टल बगैर मैगजीन व 7 जिन्दा कारतूस 32 बोर तथा एक तमंचा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किए है। थाना प्रभारी अजय राज वर्मा ने बताया शेष दो फरार आरोपितो को जल्द गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## शिक्षण संस्थाओं में संस्कार और सर्वांगीण विकास की पड़ती है नींवः एएसपीआरए

**भर्थना।** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ओमवीर सिंह ने कहा है शिक्षण संस्थान संस्कार और अनुशासन की ऐसी एक प्रयोगशाला होती हैं जहाँ नौनिहाल छात्र छात्राओं के सर्वांगीण भविष्य की बौद्धिक और मानसिक नींव तैयार की जाती है। शिक्षण संस्था का उद्देश्य अध्ययनरत प्रत्येक शिक्षार्थियों को शिक्षित बनाने के साथ संस्कारवान इंसान बनाना होता है।



इटावा के अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ओमवीर सिंह शनिवार को भरथना के बिधूना रोड स्थित नगर की शिक्षण संस्थान जयोत्री एकेडमी में आयोजित पांचवां वार्षिकोत्सव जय उत्सव एवं स्व. जय गोपाल व गायत्री देवी की पुण्यतिथि अवसर पर बतौर मुख्यअतिथि छात्र-छात्राओं व शिक्षण संस्थान परिवार को सम्बोधित कर रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री सिंह ने कहा कि देश मे सर्वोच्च शिखर को स्पर्श करने के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्राओं से कहा है कि शिक्षा खेलना और खुशियों के समय नाचना जरूरी है पर मिशन शक्ति के तहत में जूडो कराटे जैसी शिक्षा भी बहुत जरूरी है। उन्होंने माह नबम्बर यातायात सुरक्षा माह की जानकारी देते हुए बताया कि यातायात नियमों का पालन करने से दूसरों की सुरक्षा से ज्यादा स्वम की सुरक्षा अधिक होती है इस लिए प्रत्येक व्यक्ति को हरहाल में यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

इससे पूर्व मुख्यअतिथि अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी चन्द्रपाल सिंह और शिक्षण संस्थान के संस्थापक पूर्व चैयरमैन राजीव कुमार उर्फ मनोज पोरवाल, निदेशक नितिन पोरवाल, प्रधानाचार्य योगेन्द्र मिश्रा ने सयुक्त रूप से माँ सरस्वती व स्व. जयगोपाल, गायत्री देवी के चित्रों पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्जवलित कर जय उत्सव का शुभारम्भ किया। उत्सव के दौरान कक्षा 10 और कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत करने पर मेधावी कुश गुप्ता, लव अभी अंशिका गुप्ता, स्वेच्छा पाल, आदित्य गुप्ता आदि को प्रतीक चिन्ह व उपहार स्वरूप भेंटकर सम्मानित किया। और मेधावियों का उत्साहवर्धन किया गया। जय उत्सव के दौरान भरथना चौकी प्रभारी राजेन्द्र सिंह के अलावा शिक्षण संस्थान का स्टाफ मौजूद रहा।

## कोटेदार के निर्माणाधीन मकान में आग लगने से नकदी, बाइक जली

**फर्रुखाबाद।** बीती रात कोटेदार के निर्माणाधीन मकान में संदिग्ध हालत में आग लगने से नकदी व बाइक सहित अन्य सामान जल गया। ग्रामीणों नें कड़ी मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम महमदपुर बड़ा कछपुरा निवासी राघवेन्द्र सिंह की पत्नी सरस्वती देवी गाँव की कोटेदार है। राघवेन्द्र सिंह का गाँव में एक निर्माणाधीन मकान हैं। जिसमे बीती रात उनका भाई शैलेन्द्र और माँ हरदेवी लेटे थे। रात तकरीबन दो बजे शैलेन्द्र नें पास के कमरे में आग की लपटें निकलती देखी। जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गयी। ग्रामीणों नें खुद ही समर की मदद से आग पर काबू पाया। राघवेन्द्र सिंह नें बताया कि आग से उसकी माँ के 15 हजार रूपये, रिश्तेदार ओम सिंह की बाइक के साथ ही घर का अनाज आदि जल गया। राघवेन्द्र नें कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। आग लगने का कारण पता नही चला।

## पुत्रों ने की थी पिता की हत्या

**इटावा।** भरथना पुलिस ने मंगूपुर बीरेन्द्र सिंह उर्फ हाकिम सिंह के हत्या काण्ड का शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी चन्द्रपाल सिंह की मौजूदगी में सनसनीखेज खुलासा किया है। आपको बतादें भरथना पुलिस ने बीते दिनों ऊसराहार भरथना मार्ग स्थित ग्राम सालिमपुर मोड़ व ग्राम जयलाल सम्पर्क मार्ग पर मजार के सामने धान के खेत से एक अधेड़ की अज्ञात लाश बरामद की थी। जिसके केई घण्टों बाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंगूपुर के नावालिग विष्णु पुत्र बीरेन्द्र सिंह उर्फहाकिम सिंह ने अपने पिता के रूप में शिनाख्त करली गई थी।

जिसपर भरथना पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 590/2020 धारा 302 के तहत दर्ज कर हत्याकाण्ड के खुलासा में कोतवाल अनिल कुमार के नेतत्व में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, सिपाही अनुराग कुमार, राघवेंद, आजाद, सरताज अहमद की तीन जुट गई थी। पत्रकारों के समक्ष अपर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, भरथना पुलिसक्षेत्राधिकारी चन्द्रपाल सिंह ने उक्त हत्याकाण्ड के हत्यारोपियों को प्रस्तुत करते हुए हत्याकाण्ड का खुलासा करने का दावा किया है। हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुए एएसपी ग्रामीण ओमवीर सिंह ने बताया कि लगातार कृषि भूमि की बिक्री से खफा तीन पुत्रों ने ही अपने पिता की हत्या करदी थी। और हत्या में अन्य लोगों को फंसाने की मनसा से हत्यारे पुत्रों ने मृत पिता की लाश को उक्त स्थान पर फेंका गया था। उक्त हत्याकाण्ड का खुलासा कर भरथना पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र चंद्रभान, गुड्डू उर्फ अरुण, नावालिग विष्णु पुत्रगण स्व. बीरेन्द्र सिंह उर्फ हाकिम सिंह निबासी मंगूपुर भरथना को जेल भेजा है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार छात्रा की मौत, दो घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** बाइक से अपनी सहेली के साथ जा रही छात्रा को पिकअप नें टक्कर मार दी। जिससे छात्रा सहित तीनों घायल हो गये। तीनो को सीएचसी लाया गया। जहाँ छात्रा को मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मऊरशीदाबाद निवासी 17 छाया पुत्र रामलाल शाक्य कस्बे के बालिका विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा थी। वह अपनी सहेली ज्योती के साथ मोहल्ला रायपुर निवासी सहेली गार्गी के घर गयी थी। जहाँ से वापस आने के दौरान गार्गी नें अपने परिवारी कुलदीप पुत्र श्रीकृष्ण की बाइक पर ज्योति और छाया को बैठा दिया। कुलदीप दोनों को लेकर जा जा रहा था। कंपिल कायमगंज मार्ग पर सीपी विद्यालय के निकट पीछे से आया रही पिकअप नें बाइक सबारों के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे छाया सड़क पर गिर गयी। पीछे से पिकअप का पहिया छाया के ऊपर से निकल गया।

## सत्ताइस स्थानों पर आतिशबाजी की अस्थायी दुकानें लगेंगी

**फर्रुखाबाद।** दीपावली को देखते हुए प्रशासनिक स्तर से जिले में अस्थायी आतिशबाजी दुकाने लगाए जाने के स्थल तय कर दिए गए हैं। जिले में कुल 27 स्थानों पर अस्थायी आतिशबाजी की दुकानें लगेंगी। फर्रुखाबाद शहर में 10 स्थानों पर आतिशबाजी की दुकानें लगाई जाएंगी। शर्तो के साथ आतिशबाजी की दुकानें लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसका उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई होगी। चयनित स्थलों के लिए बकायदा मजिस्ट्रेट भी तैनात कर दिए गए हैं जो अपने अपने क्षेत्रों में चयनित स्थलों पर पूरी नजर रखेंगे। शहर में क्रिश्चियन इंटर कालेज के दो पार्टो पर दुकानें लगेंगी। पटेल पार्कए चिलसरा रोड टाउनहाल खुले मैदान मेंए कादरीगेट चौकी से एक गेस्ट हाउस के बाहरए मार्डन स्कूल के बाहरए राजकीय पालीटेक्निक कालेज के अंदर लगेंगी। इस बार नवदिया रोड फतेहगढ़ पर आतिशबाजी की दुकान नहीं लगेगी। बल्कि इसके स्थान पर बरगदियाघाट मंदिर के सामने खुले मैदान का चयन किया गया है। इसी तरह से फतेहगढ़ में बस स्टेंड बरगदियाघाट रोंड पर भी आतिशबाजी की दुकान लगेंगी। इसके अलावा बीबीगंज चौकी के गुरुगांव देवी मंदिर रोड का भी चयन किया गया है।

मोहम्मदाबाद में चौरसिया के बाग में आवादी के बाहर, नीबकरोरी में तालाब के पास आवादी के बाहर, रठौरा बाजार आवादी से बाहर खाली खेत में बाग लखरौआ, कमालगंज में रामलीला मैदान आवादी से बाहर, जहानगंज में पीपल के पेड़ के पास आवादी के बाहर, यहीं पर ग्रामीण बैंक के पास पुष्पेंद्र के बाग में आवादी से बाहर, राजेपुर में सलेमपुर तालाब के किनारे आवादी से बाहर, राजेपुर के रामलीला मैदान में खाली जगह पर, बरेली मार्ग पर गांधी गांव से दो सौ मीटर पहले खाली जगह पर, अमृतपुर में दयानंद इंटर कालेज की खाली जगह में अस्थायी दुकानें लगेंगी। कायमगंज में एसएनएम इंटर कालेज का चयन किया गया है।

## रिश्वत मांगने वाले सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** लकड़ी व्यापारी से रिश्वत मांगने वाले सिपाही का ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने उसे निलंबित कर प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकारी को दी थी। जांच के बाद दोषी पाए जाने पर सिपाही के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। राजेपुर थाने में तैनात सिपाही धर्मेंद्र यादव का 19 अक्टूबर को एक लकड़ी व्यापारी से रिश्वत लेने का ऑडियो वायरल हुआ था। ऑडियो में सिपाही व्यापारी से लकड़ी काटने के एवज में रिश्वत मांग रहा था। रुपये नहीं देने पर व्यापारी पर दबाव बनाया। जब व्यापारी ने कहा कि उसने कटान बंद कर दिया है और अब वह लकड़ी नहीं कटवाएगा। इस पर सिपाही ने कहा कि जब तक वह थाने में रहेगा लकड़ी नहीं कटने देगा। ऑडियो वायरल होने के बाद एसपी डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने सिपाही धर्मेंद्र यादव को निलंबित कर और सीओ अमृतपुर राजवीर सिंह को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। सीओ ने मामले की जांच पड़ताल की। जिसमें सिपाही का ऑडियो सही पाया गया। जांच रिपोर्ट सही आने पर पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार ने सिपाही धर्मेंद्र यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। इससे पहले तत्कालीन थानाध्यक्ष जयंती प्रसाद गंगवार का भी रुपये लेकर काम न होने पर उसे लौटाने की बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ था। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने जयंती प्रसाद गंगवार से थानाध्यक्ष का चार्ज छीन लिया था। सिपाही धर्मेंद्र यादव तत्कालीन थानाध्यक्ष जयंती प्रसाद गंगवार का हमराह था।

## सपा जिलाध्यक्ष फरार, गिरफ्तारी को बनी आधा दर्जन टीमों नें दो को दबोचा

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी को जमानत पर रिहा होनें के बाद पुलिस और सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अमर्यादित भाषण देना महंगा पड़ा है। जिसके तहत एक और मुकदमा दर्ज होनें के बाद पुलिस की आधा दर्जन टीमें उनकी गिरफ्तारी के लिए लगायीं गयी है। फिलहाल सपा जिलाध्यक्ष फरार हैं। जबकि दो आरोपियों को पुलिस नें गिरफ्तार कर लिया है। शमसाबाद के पूर्व भाजपा चेयरमैंन विजय गुप्ता की तरफ से बीती रात सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी निवासी मोहल्ला काजी टोला के खिलाफ उनके 18 नामजद और 500 अज्ञात लोगों आरोपियों के खिलाफखिलाफ धारा 147, 149, 153 ए, 269, 270, 188, 504, 506, 341, 152, 124ए तथा 7 सीएलए एक्ट व 3 महामारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस पुनरू उनकी गिरफ्तारी के लिए पीछे लग गयी है। पुलिस की आधा दर्जन टीमों का गठन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बनायीं। पुलिस की टीमों नें रात भर आरोपियों के घर मोहल्ला इमली दरवाजा, मोहल्ला काजी टोला, मोहल्ला कोटला, ग्राम अलीपुर, मोहल्ला शायद बड़ा, मोहल्ला गढ़ी, मोहल्ला बाजार कला, मोहल्ला घटियापुर आदि जगहों पर दबिशे दी। दबिश के दौरान आरोपी मोहल्ला कोटला निवासी रेहान पुत्र रहमत मीर, मुसब्बर पुत्र बब्बनको पुलिस नें गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष आर के रावत नें बताया कि दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है।

## क्विक न्यूज

### टैक्टर खंती में पलटा, दबकर युवक की मौत

**उन्नाव।** अचलगंज थाना क्षेत्र के बेथर कोलुहागाड़ा मार्ग स्थित गौरी पुल के पास शुक्रवार की रात बेकाबू ट्रैक्टर ट्राली गहरी खंती में पलट गई। हादसे के समय ट्रैक्टर पर सवार युवक की नीचे दबने से मौत हो गई। अचलगंज थाना क्षेत्र के गौरी त्रिभानपुर गांव निवासी हरिप्रसाद का ट्रैक्टर शुक्रवार की देर रात बेथर गांव स्थित सोहन की चक्की पर धान उतारने गया था। लौटते समय बेथर कोलुहागाड़ा मार्ग के गौरी पुल के पास अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गया। वाहन में सवार गौरी त्रिभानपुर गांव निवासी सीताराम का बत्तीस वर्षीय बेटा राधेश्याम लोधी ट्रैक्टर के नीचे दब गया। जब तक ग्रामीणों से उसे निकला जाता। तब तक उसकी मौत हो गई थी। वाहन चला रहा इसी गांव का राम औतार घायल हो गया। जिसे परिजनों ने इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौत को लेकर पत्नी सोनी व मां सावित्री का रो.रो कर बेहाल हैं।

### युवक का शव मिलने से हड़कंप, पहचान नहीं

**उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लखनऊ.कानपुर राजमार्ग के किनारे शुक्रवार की रात एक अज्ञात युवक का शव पड़ा पाया गया। पुलिस ने एम्बुलेंस से नवाबगंज सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान न होने पर पुलिस ने शव को मर्च्युरी में रखवा दिया है। शुक्रवार रात सोहरामऊ कस्बे में लगभग तीस वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव लखनऊ कानपुर राजमार्ग के किनारे लोगों से पड़ा देखा गया। तब लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी नवाबगंज भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान नहीं हो सकी। सलेटी कलर की शर्ट व मटमैली पैंट पहने हुए था। पुलिस ने शव की पहचान करवाने की कोशिश कीए मगर शिनाख्त न होने पर सोशल मीडिया का सहारा ले रही है।

### आतिशबाजों को दिया गया प्रशिक्षण

**उन्नाव।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी रमेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को फायर स्टेशन में आगामी त्योहारों को देखते हुए आतिशबाजों को एक दिवसीय अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण दिया। अग्निशमन अधिकारी शिवदरस प्रसाद ने प्रशिक्षण देते हुए आतिशबाजों से कहा कि दुकानों पर पटाखों से सटाकर हाइलोजन लाइट का प्रयोग नहीं किया जाएगा। 35 मीटर की दूरी पर मोटरसाइकिलए कार व अन्य वाहनों को खड़ा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ऐसे पटाखों का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा जिनमें एंटीमनीए लिथियम मरकरी एआरसेनिकए लेड कंपाउंडए बेरियम साल्ट का प्रयोग किया गया हो। आतिशबाजी की दुकानों के एक ऐसे समूह के लिए प्राथमिक चिकित्सा एंबुलेंस और कम से कम 2 अग्निशामक उपकरण उपलब्ध होंगे। कोरोनावायरस के संक्रमण को रोकने हेतु दो गज की दूरी व मास्क बहुत जरूरी का अनुपालन किया जाएगा।

### हादसे में युवक की मौत

**औरास, उन्नाव।** थाना क्षेत्र के दिपवल के मजरा सरायं बद्री गांव निवासी मुन्नू (45) पुत्र कन्हैई शुक्रवार को आसीवन के कुबेरखेड़ा गांव अपनी ससुराल गया था। जहां से वह देर शाम लौट रहा था। तभी आसीवन थाना क्षेत्र के कन्हऊ खेड़ा शाहाबाद गांव के पास अचानक आए मवेशी से बाइक टकरा गई। जिससे वह खडड में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस से उसे मियांगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन परिजन उसे सफीपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान शनिवार दोपहर बाद उसकी मौत हो गई।

### फांसी पर लटकता मिला युवक का शव

**उन्नाव।** बारासगवर थाना क्षेत्र के धानीखेड़ा निवासी जितेंद्र उर्फमेहुल (25) पुत्र रामनरेश कश्यप का शव शनिवार की सुबह उसके ही घर के कमरे में लगे पंखे के हुक से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कच्ची शराब के साथ चार गिरफ्तार

**उन्नाव।** जिले के अलग.अलग थानो की पुलिस ने चार आरोपितो के पास से 80 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। मौरावां में तैनात एसआई जयनरायण मिश्रा ने अजय पुत्र चन्द्र प्रकाश पासी निवासी असरेन्दा के पास से 60 लीटरए बारासगवर में तैनात एसआई आशुतोष मिश्रा ने राजेश पुत्र रामलाल निवासी बदियाखेड़ा के पास से 10 लीटरए बीघापुर में तैनात एसआई उमेश त्रिपाठी ने वीरेन्द्र पुत्र श्रीकृष्ण निवासी लालगंज द्वितीय के पास से 20 पौवा दीवाना ब्राण्ड देशी ठेका शराब बरामद की है। हसनगंज में तैनात एसआई जिब्राइल शेख ने गोविन्द पुत्र राजाराम निवासी वाल्मिकी नगर न्योतनी के पास से पांच लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है।

### बैंक के सामने से साइकिल हुई चोरी

**रूरा, कानपुर देहात।** भारतीय स्टेट बैंके सामने से अज्ञात चोरों ने पैसा निकालने आये युवक की साइकिल पार कर दी। पवन पुत्र शिवमोहन निवासी वार्ड नं0 5 गढी शनिवार की दोपहर को अपनी नीलम कम्पनी की साइकिल से पैसे निकालने आया था। पैसा निकालने के बाद जैसे ही वह बाहर निकला तो साइकिल मौके से नदारत मिली। पवन उसके बाद शाखा प्रबन्धक से मिला तथा सीसीटीवी कैमरे से साइकिल चोरी के फुटेज दिखाने को कहा, शाखा प्रबन्धक ने कैमरा खराब होने की बात बतायी जिस पर निराश युवक वापस लौट गया। थानाध्यक्ष विद्यासागर सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना अभी प्राप्त नहीं हुयी है सूचना मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

### खाद्य विभाग के छापों से मचा हड़कंप

**कनपुर देहात।** अगामी दीपावली पर्व पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की सुरक्षा को प्रदान करने के लिये खाद्य सुरक्षा विभाग ने रसूलाबाद व डेरापुर की विभिन्न दुकानों पर छापेमारी कर नमूने भरे। खाद्य विभाग की छापेमारी से दुकानदारों में हडकम्प मच गया। शनिवार को आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन के आदेश व डीएम के निर्देशों के अनुपालन में अगामी दीपावली पर्व पर शुद्ध खाद्य पदार्थों की उपलब्धता को लेकर रसूलाबाद में एसडीएम, थाना प्रभारी के साथ एफएसओ सुनील कुमार ने कस्बे के गॉधीनगर में श्रवण कुमार की दुकान में बालूशाही, मिश्रित दूध व खोया का नमूना भरा। यहॉ 14,700/- रूपये मूल्य का खोया व बालूशाही नष्ट किया गया। डेरापुर तहसील के झींझक कस्बे के रेलबाजार में गोविन्द सिंह की दुकान से खोया व बर्फी, आशुतोष की दुकान से सरसों के तेल सहित जनपद में कुल 6 नमूने संग्रहीत कर जॉच के लिये भेजे गये। अभिहीत अधिकारी रामकुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यवाही दीपावली के पर्व तक अनवरत जारी रहेगी, नमूनों की जॉच रिर्पोट आने के बाद सम्बन्धित दुकानदारों पर कार्यवाही की जायेगी।

### घर में घुसकर महिला को छेड़ा, तोड़फोड़ के साथ फायरिंग

**फर्रुखाबाद।** शहरकोतवाली के मोहल्ला नरकसा अंबेडकरनगर मोहल्ले में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर तोड़ फोड़ के साथ फायरिंग की गई। इससे इलाके में सनसनी फैल गई। तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया गया है। शहर के नरकसा अंबेडकरनगर मोहल्ला निवासी एक महिला ने बलवीर यादवए आशू यादवए सुधीर सिंह के खिलाफघर में घुसकर मारपीट करनेए छेड़छाड़ करने और गोली चलाए जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें आरोप है कि बढ़पुर क्षेत्र में ससुर के नाम एक बीघा जमीन है। यह लोग कम कीमत पर इसे खरीदना चाह रहे हैं। इस पर कई बार ससुर और पति को धमकी भी दी जा चुकी है। यहां तक कि दबाव भी बनाया जा चुका है। इसको लेकर यह लोग रंजिश मानते हैं। पति बीमार चल रहे हैं। गुरुवार की रात पति घर पर मौजूद थे तभी यह लोग असलहे लेकर घर पर आ गए। इनके साथ एक अज्ञात था। पति के साथ भी मारपीट की। बलवीर ने अपने साथी के साथ उससे छेड़छाड़ की। घर का सामान तोड़ दिया। शीशे खिड़कियां तोड़ डालीं। शोर शराबा करने पर यह लोग गोली चलाते हुए भाग गए। इससे बाजार में दुकानें भी बंद हो गईं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### घाटमपुर उपचुनाव की मतगणना 10 को, 2 बजे तक परिणाम

**घाटमपुर।** भारी पुलिस और केंन्द्रीय बल की घेराबन्दी के बीच घाटमपुर उप चुनाव की मतगणना 10 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से होगी और रुझान सबेरे 9 बजे मिलना शुरु होने लगेंगे। तथा सब कुछ ठीक रहरा तो दोपहर बाद 2 बजे तक परिणाम आ जायेगा। मतों की गिनती के लिये प्रशासन ने सभी तैयारियॉ पूरी कर ली है। मतगणना कानपुर रोड पर स्थित नौबस्ता मंण्डी समिति में होगी। घाटमपुर बिधान सभा सीट कमलरानी वरुण के निधन के चलते खाली हुई थी और बीते 03 नवम्बर को यहॉ मतदान हुआ था 3 लाख 19 हजार मतदाताओं वाली इस बिधान सभा सीट पर करीब 50 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। तथा सत्ता दल के अलावा सपा, बसपा, कांग्रेस के अलावा दो निर्दलीय कुल 6 प्रत्याशी मैदान में अपना भाग अजमा रहे थे।

### गोदाम में खाद्यन नहीं कोटेदार लगा रहे हैं चक्कर

**घाटमपुर।** एक ओर जहॉ शासन राशन बितरण में पुरी तरह से भ्रष्टाचार समाप्त के लिये कटिबद्ध है वहीं उनके खेवनहार सरकार की इस जन कल्याण कारी योजना को बिफल करने में जुटे है। तहसील क्षेत्र के घाटमपुर और पतारा ब्लाक के 131 सरकारी सस्ते गल्ले के कोटेदारो के अलावा भीतरगांव ब्लाक आंशिक के 23 कोटेदारों के माध्यम से चावल और गेहू का बितरण गरीबों में करवाने की ब्यवस्था है, आपूर्ति कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पूरे प्रदेश में रोस्टर के तहत महीने की 5 तारीख से राशन बितरण शुरु हो जाता है लेकिन आधे से ज्याद कोटेदारों को अभी तक गोदाम से गेंहू-चावल नही मिला है । उचित दर बिक्रेता सेवा समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र द्विवेदी ने बताया कि आज 7 तारीख हो गयी लेकिन ज्यादातर कोटे दारों को राशन नही मिला है ओर नही गोदाम प्रभारी गल्ला कब मिलेगा जानकारी देता है जिसके चलते कोटेदार ट्रैक्टर लेकर आता ट जाता है गल्ला मिले या न मिले ट्रैक्टर का भाड़ा तो देना ही पड़ता है। आपूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि अभी आधे कोटेदारों को गल्ला नही मिला है। लेकिन ये समस्या पूरे जिले की है ।

## कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर डीएम सख्त

# बरतें सावधानी, ढिलाई बर्दाश्त नहीं

**संवाददाता।** कन्नौज

**वैश्विक** आपदा कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत किसी प्रकार की ढिलाई क्षम्य नही होगी। भोजन व गर्म पानी को समय पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। मरीजों हेतु ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा का पूर्व से ही भंडारण सुनिश्चित करें।

उक्त निर्देश शनिवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा में आहूत बैठक के दौरान संबंधित अधिकारी व चिकित्सक को दिए। उन्होंने आज एल0-2 हास्पिटल राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा का निरीक्षण किया गया एवं मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज व अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जिसमें हास्पिटल में कुल 07 मरीज भर्ती हैं, जिनमें से 01 मरीज की समयावधि पूर्ण हो जाने के कारण उनको मेडिकल कॉलेज से होम क्वारेनटाइन के लिये अवमुक्त कर

● **समीक्षा बैठक में मेडिकल अधिकारी व चिकित्सक को दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

दिया गया तथा 06 मरीज अवशेष रह गए। जिन्हें ऑक्सीजन सप्लाई पर रखा गया हैं। जिनपर प्रतिघंटा 6 से 8 लीटर प्रति घंटा ऑक्सीजन सप्लाई खर्च होती है। जिसपर जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी दशा में आक्सीजन सिलेण्डर की कमी न रहे तथा समीक्षा के दौरान कोविड-19 से प्रभावित व्यक्तियों की जांच हेतु निर्देश दिये गये कि जिन मरीजों में कोविड-19 के लक्षण पाये जाते हैं, उनकी एन्टीजन टेस्टिंग के उपरांत भी यदि रिपोर्ट निगेटिव आती है तो सम्बन्धित सभी मरीजों की आर0टी0पी0सी0आर0 जांच अवश्य कराई जाए व लक्षण स्पष्ट होने की स्थिति में ट्रू-नाट जांच अनिवार्य रूप से करायी जाये एवं जनपद में सर्विलांस टीमों के माध्यम से तीनों प्रकार की टेस्टिंग की संख्या बढ़ायी जाये। उन्होंने चिकित्सकों से संवाद करते हुए निर्देश दिये गये कि सभी मरीजों के उपचार में कोई भी कमी या शिथिलता न वरती जाये एवं उच्च स्तरीय चिकित्सीय सुविधायें उनको उपलब्ध करायी जाये। मरीजों के रेफर किये किये जाने के सम्बन्ध में भी स्थिति देखी गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रधानाचार्य एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि वह स्वयं प्रभावी पर्यवेक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी मरीज को अनावश्यक रूप से मेडिकल कालेज से जनपद के बाहर रेफर न किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सक समय पर अपने कक्ष में उपस्थित रहे एवं सेवा भाव से जनता की सेवा करें। समीक्षा के उपरांत मेडिकल कालेज में आर0टी0पी0सी0आर0 एवं ट्रू-नाट टेस्ट हेतु नवनिर्माणाधीन बी0एस0एल-3 लैब के निर्माण के सम्बन्ध में जानकारी की जिसमें बताया गया कि लैब का थर्ड पार्टी जांच करा ली गयी है जिसमें कमियों की शुद्धि का कार्य चल रहा है और 21 नवम्बर 2020 तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा एवं लैब को सक्रिय किया जा सकेगा, डीएम ने कहा कि कार्य में गुणवत्ता महत्वपूर्ण विषय है, इसका पूर्ण ध्यान रखा जाए, कमियों को पूर्ण कराने के उपरांत पूर्ण जांच करते हुए हस्तांतरण की कार्यवाही की जाए। कहा कि नियमित रूप से आवश्यक जांच कराकर सभी चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध करायी जाये तथा संबधित चिकित्सक निर्धारित शिफ्टों में भ्रमण कर सभी मरीजों पर सतर्क दृष्टि रखकर समुचित इलाज करें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व अन्य नोडल चिकित्सक व चिकित्सक स्टाफ उपस्थित था।

## अनफिट स्कूली वाहनों को नोटिस देकर की जाए कड़ी कार्रवाई

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बीएसए व डीआईओएस द्वारा सभी वाहनधारी विद्यालयों की लिस्ट सूचना एआरटीओ को उपलब्ध कराई जाए । उन्होंने कहा कि एआरटीओ द्वारा सभी विद्यालय वाहनों को नोटिस जारी कर अनफिट वाहनों को सही कराया जाए , कैंप लगाकर सभी वाहनों का फिटनेस आदि की जांच की जाए। असुरक्षित अनफिट वाहनों पर प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना सहायता के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित किया जाए । जिले के सभी प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जिला अस्पतालों पर सड़क सुरक्षा से संबंधित गुड समेटेरियन से संबंधित वॉल पेंटिंग बोर्ड आदि लगवाया जाए। दुर्घटना बाहुल्य स्थलों में हॉट स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां पर यातायात संकेतक आदि लगवाए जाएं। यमुना व बेतवा नदी पर बने पुल के दोनों ओर रात्रि दुर्घटना को रोके जाने हेतु रेडियम आदि लगवाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि ओवरलोड वाहनों तथा अनफिट वाहनों पर लगातार प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए। नशे में वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया जाए।

## निजीकरण के नाम पर जनता से छलावा कर रही भाजपाः मो. शहराज

● **युवा सपा नेता नें भाजपा पर लगाया जनता को गुमराह करने का आरोप**

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** क्षेत्र के कस्वा समधन स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर युवा सपा नेता मो0 शहराज नें भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि कोरोना काल में भाजपा सरकार द्वारा निजीकरण क नाम जनता से छलाबा कर चन्द कारपोरेट घरानों को लाभ दिलानें का कार्य किया जा रहा है। जिसका जबाब प्रदेश की जनता आगामी चुनावों में भाजपा सरकार को देगी।

समधन स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर युवा सपा नेता मो0 शहराज नें संबाददाता से भेंटवार्ता के दौरान बताया कि केन्द्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है इसके बाद भी प्रदेश के हालात दिन पर दिन बिगडते ही जा रहे है। प्रदेश में न तो कही विकास की गंगा नजर आ रही है। उन्होनें कहा कि हजारों की संख्या में युवा बेरोजगार घूम रहे है, सरकार युवाओं को रोजगार देने में असफल साबित हुई है। उन्होनें कहा कि सपा शासन में कराये गये विकास कार्यों को जनता आज भी याद कर रही है। उन्होनें कहा कि सपा सरकार में ऐतिहासिक विकास कराये गये थे, लेकिन केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार ने प्रदेश में चल रहे विकास कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का रोक दिया है। जिससे किसान व व्यापारी परेशान है। उद्योग धंधे बंद होने की कगार पर हैं। कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में हम सभी कार्यकर्ता मिशन 2022 के तैयारियों में जीजान से जुटकर नगर व क्षेत्र में पार्टी की उपलब्धियों, नीतियों, सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाकर जागरूक करनें का कार्य करेंगे। इस अवसर पर मकबूल अहमद, मानू खॉन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बेटी को टक्कर मारकर किया घायल, विरोध करने पर की मारपीट

**कोंच ( जालौन )।** साईकिल पर सवार होकर स्कूल जा रही बेटी को कार से टक्कर मारकर घायल कर देने और फिर मारपीट करने का आरोप लगाकर माँ ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है।कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अटा निवासी महिला सीमा पत्नी घनश्याम जाटव ने बताया कि कोंच के एसआरपी इंटर कॉलिज में कक्षा 9 में पढ़ने वाली उसकी बेटी रंजना शनिवार की सुबह करीब 8.40 बजे घर से साईकिल पर सवार होकर स्कूल जा रही थी तभी कोंच में जोण्डियर एजेंसी के सामने कार चालक ने बेटी की साईकिल में टक्कर मार दी जिससे सड़क पर गिरने से बेटी के कान व गाल समेत शरीर के कई हिस्सों में चोटें आ गईं। सीमा ने प्रार्थना पत्र में बताया कि टक्कर मारने के बाद कार चालक ने बेटी से उसके पिता का नाम पूंछा और नाम बताते ही कार चालक ने बेटी को जातिसूचक गालियां देकर उसके साथ मारपीट की जिसके बाद वह जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया।

## 2022 में सपा जीतेगी साढ़े तीन सौ सीटें:अनुज यादव

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक में एमएलसी स्नातक प्रत्याशी मान सिंह यादव को जिताने को कार्यकर्ताओं ने कमर कसी। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर प्रदेश की जनता आशा भरी निगाहों से देख रही है।

शनिवार को सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव मासिक बैठक में कहा कि एमएलसी स्नातक प्रत्याशी मान सिंह यादव को जिताने की कार्यकर्ता कमर कस लें। इस चुनाव में पढ़े-लिखे वोटर होते हैं। भाजपा सरकार लोगों का मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। योगी सरकार से शिक्षित बेरोजगार खासे नाराज हैं। एमएलसी स्नातक चुनाव में शिक्षित बेरोजगारों की नाराजगी देखने को मिलेगी। प्रदेश के शिक्षित युवा बेरोजगार सपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करेंगे। प्रदेश की जनता को विकास एवं युवाओं को रोजगार चाहिए। जो केवल पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव दे सकते हैं। इसलिए प्रदेश की जनता अखिलेश यादव की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। सपा नेता डॉ निर्भय सिंह पटेल ने कहा कि किसी कार्यकर्ता को डरने की जरूरत नहीं है। सभी लोग पार्टी के एमएलसी प्रत्याशी मान सिंह को जिताने की कमर कस लें। प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार रोजगार को दर-दर भटक रहे हैं। 2022 में सपा की साढ़े तीन सौ से ज्यादा सीटें अखिलेश यादव को मिलेंगी। बैठक में महासचिव फराज खान, मो गुलाब खान, सत्यनारायण पटेल, अनिल शर्मा, नरेन्द्र यादव, शुभाष पटेल, राजेन्द्र शुक्ला, विजय गौतम, चन्दन कोटार्य, रजनीश जोशी, निजाम भाई, चीनी भाई, राजीव लोचन त्रिपाठी, रामबाबू वर्मा, सियाराम गुप्ता, ओपी यादव, घनश्याम यादव, गोपीचन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

## खुटैला में महिला ने लगाया घर पर कब्जा करने का आरोप

**कोंच ( जालौन )।** लॉक डाउन के दौरान खाली पड़े घर पर कब्जा कर लेने का आरोप लगाते हुए महिला ने एसडीएम से कार्यवाही करने की मांग की है।कोंच सर्किल के थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम खुटैला निवासी महिला अनीता पत्नी श्यामसुंदर ने शनिवार को तहसील मुख्यालय आकर एसडीएम अशोक कुमार को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपने पति के साथ बिहार में रहकर पानी पूरी का धंधा करती है और गांव में स्थित उसके घर में ताला लगा रहता है।अनीता ने बताया की गांव के ही उसके पड़ोसी अबधकिशोर,अखिलेश, रविन्द्र, राकेश, कुंजबिहारी आदि ने मिलकर दीवार से सटे दरवाजे को तोड़कर उसके घर पर अबैध रूप से कब्जा कर लिया है और घर में रखा उसका सामान भी हड़प लिया है।अनीता ने बताया की लॉक डाउन में वह काम धंधा छोड़कर वापस अपने गांव आयी तब उसे उक्त घटना का पता लग सका।

## गोशालाओं के संचालन में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्तः महिमा विद्यार्थी



**जालौन ( उरई )।** गौशालाओं में अन्ना जानवरों को बंद करके रखा जाए। इस बारे में किसी भी प्रकार की हीला हवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो पशुपालक अपने पशुओं को अन्ना छोड़ देते हैं वह भी पशुओं को बांधकर रखें। अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। यह बात बीडीओ ने ग्राम छिरिया सलेमपुर में गोशाला के निरीक्षण के दौरान कही।

बीडीओ महिमा विद्यार्थी ने छिरिया सलेमपुर स्थित गोशाला का निरीक्षण किया एवं पशुपालकों के साथ अन्ना समस्या को लेकर बातचीत की। इसके अलावा गांव में बन रहे आवासों का भी सत्यापन किया। बीडीओ सबसे पहले गांव में स्थित अस्थाई गोशाला पहुंची। जहां उन्होंने गोशाला में व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश प्रधान व सचिव को दिए। उन्होंने कहा कि गोशाला में पशुओं के लिए चारे और पानी की नियमित व्यवस्था की जाए। साथ ही गांव के अन्ना पशुओं को अनिवार्य रूप से गोशाला में रखा जाए। अन्ना समस्या को लेकर किसानों की शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए नहीं तो कार्रवाई होना तय है। ग्राम प्रधान ने बताया कि कुछ पशुपालक भी अपने पशुओं को अन्ना छोड़ देते हैं। जिसके बाद बीडीओ ने गांव में पशुपालकों के साथ बैठक कर उन्हें सख्त हिदायत दी कि वह अपने पशुओं को बांधकर रखें। पशुओं को अन्ना कतई न छोड़ा जाए। क्योंकि उनके द्वारा पशुओं को अन्ना छोड़ने से किसान परेशान होते हैं और फसल को नुकसान पहुंचता है। ग्राम प्रधान को निर्देश दिए कि यदि इसके बाद भी कोई पशुपालक अपने पशुओं को अन्ना छोड़ता है तो उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएं। अंत में उन्होंने गांव में बन रहे प्रधानमंत्री आवासों का भी भौतिक सत्यापन किया। इस मौके प्रधान कामता प्रसाद, अरूण, कमलेश, अनिल कुमार, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## विक्षिप्त महिला फांसी पर झूली

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव में मानसिक रूप से कमजोर नव विवाहिता ने फांसी लगा ली। विवाह के 17 वें दिन फांसी लगाने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर माता-पिता के साथ पुलिस मौके पर पहुंच गयी है तथा विधिक कार्यवाही पूरी की है। बेंदा हमीरपुर निवासी शिवरतन कुशवाहा ने अपनी दोनों बेटियों उर्मिला का विवाह उरगांव निवासी मंजेश व विमला देवी का विवाह रोहित के साथ नवरात्रि में 21 अक्टूबर 20 को विवाह कर दिया था। दोनों वहिनों का विवाह दोनों सगे भाईयों के साथ होने के बाद अपनी ससुराल में हंसी खुशी रह रही थी। शुक्रवार की रात दोनों वहिनों से साथ में खाना खाया। खाना पीना होने के परिवार के लोग सो गये। मध्य रात्रि में 22 वर्षीय उर्मिला पत्नी मंजेश घर का दरवाजा खोलकर घर के बगल में लगे पीपल के पेड़ के पास पहुंच गई। महिला सुनसान रात में साड़ी का फंद्रा बनाकर लटक गयी।

## विद्युत विभाग के छापे से बिजली चोरों में मचा हड़कंप, नौ पकड़े

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री ने विद्युत चोरी एवं कटियाधारकों के ऊपर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दक्षिणांचल विद्युत वितरण खण्ड को दिए हैं। इसी क्रम में राजापुर कस्बे के उपखण्ड अधिकारी एवं विजिलेंस विद्युत की टीम ने औचक छापेमारी किया। जिससे राजापुर के उपभोक्ताओं में हड़कम्प मच गया।

बताते चलें कि विद्युत विजिलेंस एवं उपखण्ड राजापुर के अधिशाषी अभियन्ता केके वर्मा व सहायक अभियन्ता एसएस कटियार , अनिल कुमार सिंह , अजीत भट्ट , जेके पटेल , रंजीत कुमार , उत्कर्ष कुमार मौर्या , सतीष शर्मा के द्वारा अचानक छापेमारी की गई जिसमें चोरी करने वाले उपभोक्ताओं में हड़बड़ी व घर , दुकान छोंड़कर पलायन कर गए।

संयुक्त चेकिंग अभियान में सम्मिलित सहायक उपखण्ड अधिकारी एसएस कटियार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार राजापुर कस्बे में औचक छापामारी की गई। जिसमें 9 लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया और उनके विरुद्ध विद्युत थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है तथा 20 लोगों को जरिए नोटिस कनेक्शन शुद्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं तथा एसडीओ एसएस कटियार ने उपभोक्ताओं से अपील किया है कि प्रदेश हित को देखते हुए विद्युत चोरी करना बंद कर दें तथा उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में नए कनेक्शन लेने की प्रतिक्रिया को सरल कर दिया है। उपभोक्ता ऑनलाइन आवेदन करेगा तथा तीन दिन के अन्दर उसका कनेक्शन पारदर्शिता के साथ कर दिया जाएगा। विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है इससे उपभोक्ताओं को बचने की अपील की है।

## भाजपा कार्यकर्ता को पार्टी ध्वज के साथ दी गई अंतिम विदाई

● **पार्टी सदैव सभी वर्ग के लोगों को पूरा मान व सम्मान दिया हैः राजीव ठाकुर**



**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** क्षेत्र के ग्राम गडरियनपुर्वा में भाजपा कार्यकर्ता के निधन पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर समर्थकों के साथ पहुंचे पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर द्वारा उनकी पार्थिक देह को भाजपा के ध्वज में लपेटकर उनका सम्मान किया गया। पार्टी ध्वज के साथ कार्यकर्ता को अंतिम विदाई दी और परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त कर ढांढस बंधाया।

क्षेत्र के ग्राम गडरियापुरवा निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता छदामी लाल पाल के निधन की सूचना पर पहुंचे पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर ने दिवंगत भाजपा कार्यकर्ता को पार्टी ध्वज उड़ाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्व0 छदामी लाल पाल के निधन से पार्टी को अपूर्णनीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई संभव नहीं है। कहा कि उन्होंने सदैव युवा कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रहना व पार्टी हित में कार्य कर जरूरतमंदों की मदद करना सिखाया था। आज हमने पार्टी के सच्चे सिपाही को खो दिया है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी नें सदैव सभी वर्गों का सम्मान करती आई है और हर वर्ग के लोगों को भाजपा ने हमेशा पूरा मान व सम्मान दिया है। इसके उपरांत उन्होंने दुख परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदनाए व्यक्त की। इस दौरान सुमित ठाकु, विजय ठाकुर, शशांक वर्मा, राहुल राठौर, रानू ठाकुर, अशोक चौरसिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं में आता है निखारः राघवेन्द्र

● **महाकाल फिजिकल एकेडमी धरमपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय गर्ल्स एण्ड ब्वाइस क्रॉस कंट्री के प्रथम दिवस में 46 छात्रों ने भाग लिया**



**कालपी ( जालौन )।** गर्ल्स एंड बॉइस क्रॉस कन्ट्री दौड़ आदि प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं का निखार होता है तथा ऐसे कार्यक्रमों से आने वाला युवा वर्ग अपनी प्रतिभा को उजागर कर आत्म निर्भर बनने की ललक रखता है जो आगे चलकर अपने माता-पिता गांव प्रदेश देश का नाम रोशन करता है उक्त बात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालपी क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि राघवेन्द्र सिंह जादौन एडवोकेट ने प्रतियोगिता का फीता काट कर उद्धघाटन करते हुये कहा कि ऐसे आयोजन अब बहुत कम होते है कार्यक्रम आयोजक समिति को धन्यवाद देदे हुये प्रतियेगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान में आने वाले प्रतिभागियों को सील्ड व नगद पुरुस्कार से पुरुस्कृत किया। महाकाल फिजिकल एकेडमी धरमपुर द्वारा दा दिवसीय गर्ल्य एण्ड बॉइस क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता का आयोजन महर्षि वेदव्यास स्कूल बगिया देवकली में आयेजित हुआ जिसमें पहली दौड़ 7 किलो मीटर की रखी गई जिसमें 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया सत्य दीक्षित मैनूपुर प्रथाम, गोलू कुमार अबैधेपुर द्धितीय व राजा सिंह धरमपुर तृतीय स्थान पर तथा 3 किलो मीटर वाली दौड़ में 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया जागेश मैनूपुर प्रथम, कुलदीप गुढ़ाखास द्धितीय, प्रदीप टड़वा तृतीय स्थान पर रहे जिन्हे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि राघवेन्द्र सिंह जादौन, मण्डल उपाध्यक्ष भाजपा उमाशंकर निषाद पूर्व प्रधान, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह, मण्डल महामंत्री रिसाल सिंह कुटरा, पवन दीप निषाद, सुरजीत सिंह सभासद, भाजपा नेता रामजी रामसखा, कढोरेलाल पूर्व प्रधान, रणजीत कठेरिया, राम जी कुशवाहा, माधव निषाद बीडीसी आदि ने नगद, स्मृति चिन्ह सील्ड भेंट कर उनका उत्साह बर्धन किया। आयोजक समिति में माता प्रसाद, भारत सिंह, निर्मल निषाद, कुलदीप, अंकित कुमार, कल्लू साहू, कु0 कपूरी देवी, कु0 शशि देवी, कपिल फैजी, अनिल कुमार विपिन यादव, सिंघम, जीतेन्द्र सिंह आदि ने बताया कि रविवार को दूसरे दिन 16 सौ मीटर व 2 किलो मीटर की क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता होगी।

## क्विक न्यूज

### जेबकतरे को नागरिकों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** युवक की जेब काटने का प्रयास कर रहे शातिर युवक को यात्रियों ने दबोच लिया और कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर कार्रवाई की मांग की। पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना फतेहगढ़ के मोहल्ला अलीगंज बजरिया निवासी वाहिद हुसैन पुत्र रमजान हुसैन द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शनिवार को वह बेवर से कस्बा समधन स्थित ख्वाजा हसन पेट्रोल पंप पर जा रहा था। उसी समय एक शातिर युवक ने उसके पैंट की जेब काटकर पचास हजार रुपये चोरी करने का प्रयास कर रहा था। तभी नागरिकों ने उसे दबोच लिया और कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध शराब सहित पुलिस ने दो को दबोचा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** हमराह सिपाहियों के साथ शांति व्यवस्था में गश्त कर रहे सराय प्रयाग चौकी प्रभारी मुकेश राणा ने मुखबिर की सूचना पर जीटी रोड आशा कोल्ड स्टोरेज के पास समधपुर रोड पर दो युवकों को 10-10 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित उस समय हिरासत में ले लिया जब वह अवैध कच्ची शराब को कहीं बिक्री के लिए ले जा रहे थे। पुलिस हिरासत में आरोपी युवकों ने अपना नाम मनोज पुत्र किट्टी गिहार निवासी खाड़ेदेवर व राजूनाथ पुत्र भग्गू नाथ निवासी ग्राम नैनापुर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया।

### कबूतराडेरा में आगजनी व जाम लगाने के आरोप में 14 को जेल भेजा

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के छिबौली गांव में युवक की लाश मिलने के बाद जाम लगाने व कबूतरा डेरा में हुई आगजनी मे आज पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गांव मे सपा व भाजपा नेताओं ने जाकर पीड़ितो से पूछताछ की है। गांव में मंगलवार को करन सिंह (40) की लाश मिलने के बाद ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा था। बाद में पुलिस ने कबूतरा डेरा के दो के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया था। इसी बीच कबूतरा डेरा के वाशिंदे भूमिगत हो गए थे। डेरा में कुछ अज्ञात लोगो ने आग लगा दी थी। जिसमें एक सौ चालिस अज्ञात व 44 लोगों के खिलाफनामजद रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। शुक्रवार की देर रात पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कृष्ण कुमार उदित नारायण, रामजीवन, मौसम, बृजकिशोर, मनोज, जमुना दास, प्रिंस,अमरचंद, राजू, धर्मपाल सहित 15 लोगों को गिरफ्तार किया था। जिसमें इंद्रपाल को निर्दोष पाए जाने पर उसे छोड़ा भी गया है।पुलिस कार्यवाही से गांव में दहशत है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पुलिस छापा मारकर लोगों को देखते ही पकड़ कर ले जा रही हैं। थाना अध्यक्ष रीता सिंह ने बताया कि आगजनी व बलवा के आरोपी पकड़े जा रहे हैं।

### डीएम के आदेश से जांच टीम शुरु की जांच

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदाहा ब्लॉक परिसर में लाखों की लागत से कराए गए सीसी निर्माण की गड़बड़ी मिलने पर जिलाधिकारी के आदेश पर जांच टीम ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने मौके पर खुदाई कराकर सैंपल लेकर जांच की। सुंदरीकरण को लेकर क्षेत्र पंचायत में सीसी का काम कराया था जिमसे धांधली उजागर हुई थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी केके बैश्य ने स्थलीय सत्यापन के लिए जांच अधिकारी ग्रामीण अभियंत्रण विभाग हमीरपुर ने अधिशासी अभियंता दिनेश सिंह को नामित किया जिन्होंने आज ब्लॉक परिसर आकर जांच की जिसमें जांच अधिकारी ने मौके पर पड़ी सीसी को खुदवा कर सैंपल लिया वह कई स्थानों पर भी कराये गए कार्य को देखा। उनके साथ राजेश यादव जे ई व मौदहा ब्लॉक मैं तैनात जेई रामकिशन वर्मा सहित खंड विकास अधिकारी रमेश सिंह भी मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में महिला समेत तीन घायल, अस्पताल में भर्ती

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गीता पत्नी शिवप्रसाद ग्राम दरदा जिला बांदा की ओर से मौदहा अपने पति के साथ बाइक से आ रही थी तभी संतुलन बिगडजाने बाइक सहित सड़क पर गिर घायल हो गई उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई राहगीरो की मदद से उसे आनन-फानन में कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया भर्ती जहां पर उसकी हालत नाजुक देख डाक्टरों ने हमीरपुर सदर अस्पताल के लिए रिफर कर दिया है। छतरपुर मध्य प्रदेश के गौरिहार निवासी सरस्वती पत्नी मदन साहू शुक्रवार की देर शाम कानपुर की ओर अपने रिश्तेदारी में जा रहे थे तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी वहीं राहगीरों की मदद से मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया भर्ती जहां उसकी हालत में सुधार है इसी तरह कस्बा निवासी आकाश का 5 वर्षीय पुत्र नामित अपने घर में खेल रहा था तभी वह खेलते खेलते फर्श पर गिर गया जिससे उसे गंभीर चोट लग गई परिजनों द्वारा आनन-फानन से कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया भर्ती जहां इलाज के दौरान हालत में सुधार है

### महिला आनॅलाइन ठगी का शिकार

**मौदहा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के ग्राम भभौरा में एक महिला आन लाइन ठगी का शिकार हो गयी। आन लाइन उसे खाली डिब्बा भेजा गया है मामले की शिकायत पुलिस से की है। ग्राम भभौरा निवासी खुसबू पत्नी रफीक ने आन लाइन मोबाइल 1300 हजार रुपया का बुक कर मंगाया था आज जब वह डाक घर अपना पार्सल छुड़वाने पहुची तो खोल के देखा कि उसके अंदर खाली कागज भरा था।यह देख महिला के होश उड़ गए। उसने डाक विभाग से भी अपनी शिकायत की जिसपर डाक अधीक्षक बी के त्रिपाठी ने कहा कि हमारे यहां जो पार्सल बन्द पैक था वह दिया इस मे हम क्या कर सकते है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**माधौगढ़ (जालौन)।** थाना कुठौंद के हरसिंगपुर के बाहर फोरलेन निर्माण कार्य के पास गुरुवार रात को तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत हो गई। गुरुवार रात को कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मदनेपुर निवासी विपुल गौतम 40 वर्ष पुत्र सीताशरण अपने पुत्र अतुल को उरई छोड़कर वापस गांव बाइक से लौट रहा था। इस दौरान जब वह क्षेत्र के ग्राम हरसिंगपुर के बाहर फोरलेन निर्माण कार्य के पास से गुजर रहा था तभी से तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया जिसमें विपुल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस उसको लेकर अस्पताल पहुंची जहां उसे मृत बताया गया। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और हादसे खबर परिजनों को दी। बाइक सवार को कुचल कर भागे वाहन का पता नहीं चला है जिसकी तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है।

### अभिषेक बने राष्ट्रीय युवा हिन्दू वाहिनी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**कोंच(जालौन)।** राष्ट्रीय युवा हिन्दू बाहिनी के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव डॉ. जस्सी शुक्ला ने दिन शनिवार को अभिषेक पटेल को युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जनपद जालौन पर नियुक्त करते हुए आशा व्यक्त की है कि संगठन के मिशन को ध्यान में रखते हुए संगठन आशा करता है कि आप संगठन द्वारा दिये गए पदभार का पालन करेंगे और अपने पद के साथ ही गोपनीयता को बनाये रखेंगें आप अपने जिला में संगठन का विस्तार करते हुए लगातार सामाजिक हित के विषयों में जागरूक रहेंगें जिसके लिए संगठन आपके उज्वल भविष्य की कामना करता है और आपको हार्दिक शुभकामनाएं देता है जैसे ही इस मनोनयन की अभिषेक पटेल के समर्थकों जो हुई तो उनमें खुशी की लहर दौड़ गयी।

### नियमों का पालन न करने वाले 82 वाहनों से वसूला 81400 रुपये

**चित्रकूट।** यातायात माह में पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर यातायात प्रभारी घनश्याम पाण्डेय व सह प्रभारी योगेश कुमार यादव ने बड़े पैमाने पर जांच अभियान चलाकर 16 वाहनों से 27 सौ रुपये व 82 वाहनों से 81 हजार चार सौ रुपये ई-पेन्डिंग चालान किया। शनिवार को यातायात प्रभारी घनश्याम पाण्डेय व सह प्रभारी योगेश कुमार यादव ने यातायात व्यवस्था चौकस रखने की गरज से बस स्टैण्ड, ईंटा मंडी व ट्राफिक चौराहा में वाहनों की जांच की। जांच दौरान तीन सवारी, बिना मास्क, बिना हेलमेट, ओवरस्पीड एवं बिना सीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने वालों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 98 वाहनों का चालान किया। उन्होंने कोरोना गाइडलाइन का पालन न करने पर 16 वाहनों का चालान कर 27 सौ रुपया जुर्माना वसूला। 82 वाहनों से 81 हजार चार सौ रुपये ई-पेन्डिंग चालान किया। इस दौरान वाहन चालकों को पम्पलेट से यातायात नियमों की बाबत जागरूक किया। वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

### शव रखकर जिला अस्पताल में स्वजनों का हंगामा

**हमीरपुर।** आज जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हुयी ट्रक चालक की हुई मौत पर परिवारीजनों ने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये जमकर हंगामा काटा बादमें पुलिस ने मौके पर आकर मामले को शांत कराया। सदर कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मा डेरा निवासी 45 वर्षीय ईश्वरीदीन पेशे से ट्रक चालक था। शुक्रवार को वह चारपाई से गिर गया था। जिससे हाथ में चोट आ गई थी। हाथ में दर्द होने पर उसकी पत्नी शनिवार की सुबह उसे अस्पताल लेकर पहुंची और इमरजेंसी में दर्द का इंजेक्शन लगवाया। आरोप है कि जब वह अपने पति को घर ले गई तो अचानक कमर से नीचे का हिस्सा सुन हो गया और वह कांपने लगा। जिस पर दोबारा उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां पर इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। पत्नी का आरोप है कि स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के कारण उसके पति की मौत हुई है। उसने डाक्टर व इंजेक्शन लगाने वाले स्वास्थ्य कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इमरजेंसी कक्ष के बाहर रखा शव भी नहीं हटने दिया। सूचना पर पहुंचे कोतवाल विक्रमाजीत सिंह ने भी महिलाओं को समझाया। लेकिन वह अपनी मांग को लेकर वहीं डटी रहीं। यह हंगामा करीब तीन घंटे तक चलता रहा। ट्रक चालक के एक पुत्री तथा तीन पुत्र हैं। इस संबंध में सीएमएस डा.विनय प्रकाश का कहना है कि गिरने में कोई अंदरूनी चोट आने के कारण भी मौत हो सकती है। मामले की जांच कराएंगे।

# अपर मुख्य सचिव ने अफसरों के साथ की पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की समीक्षा

**● स्वतंत्रता दिवस पर चालू हो सकता है संचालन**

संवाददाता। बल्दीराय, सुलतानपुर

**लखनऊ** से बलिया तक चल रहे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे निर्माण की गुणवत्ता एवं कार्य में तेजी लाने के लिए प्रदेश के अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी ने जिले के हलियापुर स्थित प्लांट पर यूपी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक में निर्माण एजेंसी के अधिकारियों ने पूर्वांचल एक्सप्रेस की प्रगति के बारे में अपने गृह सचिव को अवगत कराया।

अपर मुख्य सचिव अविनाश अवस्थी ने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस बी के निर्माण कार्य में पैकेज तीन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर इसे जल्दी पूरा करें उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस वे पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर संचालन शुरू कर दिया जाएगा अपर मुख्य सचिव ने निर्माण एजेंसी पैकेज 3 इफ्को द्वारा बनाया जा रहा है जब कि पैकेज 4 का निर्माण जी आर इंफ्रा द्वारा बनाया जा रहा है जल्द से जल्द कम समय देकर निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिये। इसके अलावां आरओबी और फ्लाईओवर के निर्माण में भी तेजी लाने का आदेश दिया। साथ ही आगामी 26 जनवरी 2021 से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर ट्रैफिक संचालन के संकेत भी दिए।



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी पायनियर

## महिलाओं के लिए हलियापुर थाने में खुला हेल्प डेस्क

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** महिलाओं से जुड़े अपराधों की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को तत्काल सहायता मुहैया कराने के लिए जिले में थानावार हेल्प डेक्स खोला जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को हलियापुर थाना मुख्यालय पर महिला हेल्प डेस्क शक्ति मिशन का डीएम-एसपी ने फीता काटकर कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर अफसरों ने कहा कि कहा कि इस पहल से महिलाओं को अपनी समस्याओं के लिए अब भटकना नही पड़ेगा। हलियापुर थाना मुख्यालय पहुंचे जिलाधिकारी रवीश गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा ने महिला हेल्पडेस्क का शुभारंभ पूजा-अर्चना के साथ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि महिला डेस्क से क्षेत्र की महिलाओं को न्याय मिलेगा। इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। महिलाओं को रक्षा प्रदान करने के लिए शासन द्वारा सराहनीय पहल की गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहाकि महिला डेस्क से महिलाओं की सुरक्षा के लिये साथ-साथ उन्हें न्याय के लिए किसी अधिकारी के दरवाजे खटखटाना नहीं पड़ेगा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को विदाई देते हुए कहा कि किसी भी पीड़ित महिला के साथ अन्याय न किया जाए। पराई महिला पीड़ित की मदद की जाए। उन्हें हर संभव न्याय दिलाया जाए। इस मौके पर थानाध्यक्ष अरशद खान समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



महिला हेल्प डेक्स का उद्घाटन करते डीएम-एसपी पायनियर

## सीडीओ ने जानी योजनाओं की हकीकत

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** विकास खंड बल्दीराय में सीडीओ की अध्यक्षता में शनिवार को ब्लॉक दिवस का आयोजन किया गया। ब्लॉक के समस्त अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए ब्लाक परिसर को भी अच्छी तरह से जांचा परखा गया। सीडीओ अतुल वत्स ने स्थापना पटल, एनआरएलएम, अंकित पटल, मनरेगा सहित समस्त विभागों के अभिलेखों का निरीक्षण किया। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन की जांच की। ग्राम समूहों द्वारा किए गए कार्यों की भी जानकारी सीडीओ ने ली। पशु पालकों को वर्गीकृत गर्भाधान के संबंध में देने वाली जानकारी और किए गए गर्भाधान की जानकारी की। पशु चिकित्सालय के प्रसार अधिकारी सुशील कुमार द्वारा पशु पालकों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। हलियापुर गौशाला में मशीन द्वारा गोबर डालकर ईंधन बनाने पर बल देने के लिए भी सीडीओ ने कही। अभिलेखों और परिसर का निरीक्षण करते समय किसी को फ्टकार तो किसी को हिदायत देकर कार्य को सुचारू रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। बीडीओ बल्दीराय अंजलि सरोज ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिले के समस्त ब्लॉकों में प्रत्येक शनिवार को ब्लॉक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समस्त योजनाओ को कितना पूर्ण किया गया कितना शेष है की जानकारी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा रखी जाएगी।

## भ्रष्टाचारी अधिकारियों की शिकायत विधायक से

**सुलतानपुर।** व्यवसायियों और विधायक सूर्यभान सिंह के बीच बैठक हुई। काउंसिल आफ उद्योग व्यापार मंच जिलाध्यक्ष अशोक कुमार कसौधन, जिला महामंत्री कुलदीप गुप्ता की मौजूदगी में व्यापारियों ने विधायक से अपनी समस्याएं बताई। कहा कि वर्तमान में अफसर भ्रष्टाचार को बढावा दे रहे हैं, जिससे सरकार की बदनामी और व्यापारियों की मुश्किलें बढ रही हैं। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीपी गुप्ता ने विधायक सूर्यभान सिंह से चर्चा के दौरान कहाकि व्यापारियों को भयभीत कर उनसे जमकर धन वसूली की जा रही है। वर्तमान समय में व्यापारियों का जीवन बहुत कष्टदायक हो गया है। आर्थिक नुकसान के साथ साथ अधिकारियों के दरोगाई शैली के व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। यह सुनकर विधायक सूर्यभान सिंह ने व्यापारी व अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक बुलाने का निर्णय लिया जिसमें व्यापारियों की समस्याओं को दूर करने हेतु उचित कदम उठायें जाने का पूर्ण आश्वासन दिया।

# कोविड अस्पताल भंगहा का डीएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता। श्रावस्ती



**जिलाधिकारी** टी0 के0 शिबु ने कोविड.19 अस्पताल भंगहा का भृमण कर जायजा लिया इस दौरान कोविड.19 अस्पताल भंगहा में भर्ती मरीजों को फोन कर उनका कुशल क्षेंम जाना इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डा0 ए0पी0 भार्गव प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीन को निर्देश दिया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक सभी सुविधाएं प्रत्येक दशा में मुहैया ती रहे। समय समय पर मरीजो को भोजन नाश्ता देने के साथ ही साफसफाई पर विशेष ध्यान रखा जाय। तथा समय से वार्डो में राउण्ड भी किया जाय जिससे मरीजो को कोई भी परेसानी न होने पावे। अस्पताल के सभी वार्डो में निरन्तर भर्मण किया जाय और उन्हें समय से भोजन नाश्ता एवं दवाएं उपलब्ध कराया जाय। इसके साथ ही टेस्टिंग और अधिक किया जाए सर्विलांस अधिकारी निरन्तर निगरानी अच्छे से करे। बैठक मे जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी व अधिशासी अधिकारियो को निर्देशित किया कि निगरानी समितियों द्वारा ढंग से कार्य किया जाए इसमें कोई लापरवाही न होने पाये। कोविड-19 अस्पताल में निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह सी एम आ डा0 एपी भार्गव अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी क्रमशः डॉक्टर मुकेश मातेंनहेलिया जिला पंचायत राज अधिकारी किरनए अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण उपस्थित रहे।

## निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता पर डीएम की सख्त वार्निंग

# गड़बड़ी हुई तो संस्थाओं पर होगा एक्शन

**● सम्बन्धित विभाग के अफसर भी होंगे दायरे में**

संवाददाता। श्रावस्ती



**जनपद** के विभिन्न विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जो भी निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं उनकी गुणवत्ता के साथ समय से निर्माण कार्य को पूरा किया जाये। यदि इनके औचक निरीक्षणों में किसी भी निर्माणाधीन कार्य में गुणवत्ता की कमी मिली तो निश्चित ही सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के साथ.साथ विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों को जिम्मेदार मानते हुए उनके ऊपर कड़ी कार्यवायी सुनिश्चित होगी। उक्त बाते कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यो की गहन समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी टी0के0शिबु ने कही। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा के दौरान पाया कि डाटा सुधारने की प्रोसेस में कई किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि उनके खाते में नहीं भेजी जा सकी है इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने किसानों के लंबित डाटा सुधार कर उनके खाते में पैसा भिजवाने का निर्देश जारी किए प्रधानमंत्री फसल बीमा की सप्मीक्षा के दौरान जिला कृषि अधिकारी आर0 पी0 राना ने अवगत कराया कि वर्ष 2019.2020 में क्रॉप कटिंग के आधार पर कुल 5526 किसानों को 171 लाख 48 हजार तथा व्यक्तिगत क्लेम में 1057 किसानों को 36ण्96लाख कुल 6583 किसानों को रुपया 208 लाख 40 हजार की क्षति पूर्ति बीमा कम्पनी न्यू इंडिया इन्श्योरेंस कम्पनी द्वारा दी गयी है।इस वर्ष 2020 .21 में 13 किसानों ने व्यक्तिगत क्लेम हेतु आवेदन किया है उन्हें भी सत्यापन के बाद क्रॉप कटिंग के आधार पर संबंधित कंपनी द्वारा मुआवजा दिया जाएगा। किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि अभी भी चिलवरिया चीनी मिल बहराइच व इटई मैदा चीनी मिल बलरामपुर द्वारा किसानों को उनके गन्ना के मूल्य का भुगतान नहीं किया गया है इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने गन्ना विभाग के निरीक्षक पूरा ब्यौरा तलब किया है।कौशल विकास विभाग द्वारा बच्चों को हुन्नर मन्द बनाने के विशेष ध्यान दिया जाय। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने यह निर्देश दिया कि प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिकों के उत्थान हेतु कयी योजनाएं चलायी जा रही है इस लिए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी आपस में समन्जस बनाकर श्रमिकों का शतप्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराये ताकि उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभावन्ति किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कुमार ईशान प्रताप सिंह प्रभागीय वनाधिकारी ए0पी0 यादव। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0पी0भार्गमनन जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी। डी0 सी0 मनरेगा परियोजना निदेशक बी0जी0शुक्ला जिला पंचायतराज अधिकारी जिला बेसिक शिक्षाअधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकार जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सपाइयों ने विधान परिषद चुनाव पर की गहन चर्चा



संवाददाता। रायबरेली

**समाजवादी** पार्टी जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक जिला पार्टी कार्यालय में सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव द्वारा किया गया।बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि षिक्षक विधान परिषद प्रत्याषी एवं स्नातक विधान सभा परिषद प्रत्याषी को जिताने के लिए ब्लॉक स्तर से लेकर जिला कार्यकारिणी तक के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर चुनाव जिताने में लग जायें। जिससे बेरोजगारों, नौजवानों एवं षिक्षकों की समस्या का निराकरण हो सके।

# हर्षोल्लास से मनाया गया एनटीपीसी का स्थापना दिवस

संवाददाता। रायबरेली

**ऊंचाहार** प्लांट के कर्मचारियों ने एनटीपीसी के 45 वे स्थापना दिवस को हर्षोंल्लास के साथ मनाया स इस कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक भवन कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया स जिसके मुख्य अतिथि श्री भोला नाथ ऊंचाहार परियोजना प्रमुख थे स इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री भोला नाथ ने कहा - ऊंचाहार टीम को कार्य के प्रति प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए जाना जाता है स हमारे सभी लोग इस कोरोना महामारी के दौरान भी ईमानदारी से अपना योगदान देश के लिए कर रहे है । श्री भोला नाथ ने यह भी कहा कि - जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए परियोजना के सभी सदस्यों द्वारा अधिक से अधिक प्रयास करना होगा जिससे परियोजना मोडेल स्टेशन के रूप में बने । सभा को संबोधित करते हुए भोला नाथ ने एनटीपीसी के गौरवशाली इतिहास और देश के



विकास के लिए एनटीपीसी द्वारा किए गए योगदान पर भी प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने ऊंचाहार परियोजना की कहानी पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्र निर्माण और देश को निरंतर विद्युत प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। 7 नवंबर, 1975 को अपनी उद्देश्यपूर्ण यात्रा शुरू करने वाली कंपनी एनटीपीसी ने देश के कोने-कोने को प्रकाशमान करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अब एनटीपीसी अपार अवसरों के साथ देश में विद्युत क्षेत्र में विकास और परिवर्तन के अगले चरण को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित करने वाली महामारी कोविड-19 के कारण उपजे हालात को देखते हुए एनटीपीसी ने अपने स्थापना दिवस से संबंधित कार्यक्रम दो गज की दूरी और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से गया । इस बार का स्थापना दिवस इसलिए भी खास बन जाता है, क्योंकि एनटीपीसी के समस्त कर्मचारियों ने राष्ट्र को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इस साल की शुरुआत में लॉकडाउन चरण के दौरान चौबीसों घंटे काम किया। जैसा कि हम सब जानते हैं, विद्युत हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है और लॉकडाउन के दौरान 24इ7 विद्युत उपलब्ध कराने से न सिर्फ आपातकालीन सेवाओं का संचालन सुगमतापूर्वक हो सका, बल्कि जीवन रक्षक उपकरणों के सुचारू संचालन में भी अत्यंत महत्वपूर्ण सहायता मिली। इससे एनटीपीसी पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ गई और कंपनी ने मांग से भी अधिक विद्युत का वितरण किया। हर कोई चिकित्सा पेशेवरों और आवश्यक सेवा प्रदाताओं सहित फ्रंट-लाइन कोरोना योद्धाओं की सराहना कर रहा है, लेकिन महामारी ने विद्युत इंजीनियरों को भी नए नायकों के रूप में प्रतिष्ठित किया है।एनटीपीसी ने कोयला, गैस, हाइड्रो, सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज की है और कंपनी ने बायोमास, वेस्ट-टू-एनर्जी, मोबिलिटी में भी उद्यम किया है और अब कंपनी ने कैप्टिव इंडस्ट्री की तलाश शुरू कर दी है। राष्ट्रीय विकास की प्राथमिकताओं और वैश्विक परिवर्तन के संदर्भ में एनटीपीसी ने अपनी विकास यात्रा को जारी रखने का संकल्प दोहराया है।समारोह में महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण असित दत्ता , महाप्रबंधक अरिंदम बनेर्जी , महाप्रबंधक एस के झा , महाप्रबंधक केशव कुमार , महाप्रबंधक दीपतेन्दु मण्डल एवं मानव संसाधन की विभागाध्यक्ष वंदना चतुर्वेदी ,चन्द्रशेखर बुरलावर , यूनियन और एसोसीयेसन का पदाधिकारी , सीआईएसएफ अधिकारियों और जवानों सहित अन्य लोगों की उपस्थिती रही

## संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ मिला युवक का शव, मचा कोहराम

**शिवगढ़ ( रायबरेली )।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत अहलादगढ़ पिट्रोल पम्प वाया गनेशगंज सम्पर्क मार्ग पर गनेशगंज मजरे भवानीगढ़ के रहने वाले युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांव से करीब 300 मीटर की दूरी पर खून से लथपथ अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक मृतक अरविंद कुमार उर्फ सोनू उम्र 31 वर्ष पुत्र रामफेर शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे भवानीगढ़ चौराहे के लिए घर से निकला था जहां से एक अज्ञात युवक के साथ अपरान्ह करीब साढ़े 3 बजे वापस लौटकर गांव गया। जहां गांव के बाहर बने अपने नए घर में युवक के साथ अरविंद करीब 3 घंटे तक रुका था। जहां से वापस युवक को छोड़ने के लिए अरविंद शाम करीब साढे 6 बजे घर से निकला था।

# विकास कार्यों व कल्याणकारी योजनाओं में लाएं तेजी

संवाददाता। गोंडा

**● विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश**

**जिलाधिकारी** डा0 नितिन बंसल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा की तथा जिम्मेदार अधिकारियों को उनके विभागों से सम्बन्धित विकासपरक, लाभार्थीपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे निर्माण कार्यों में तेजी लाकर समय से निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा कराएं। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, मनरेगा योजना, फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, मिशन कायाकल्प, अमृत योजना, एनआरएलएम, खाद्य एवं रसद विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, मत्स्य पालन, सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन योजना की स्थिति, शादी अनुदान योजना के लम्बित प्रकरणों, कन्या सुमंगला योजना, गन्ना मूल्य भुगतान, कौशल विकास मिशन, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, खाद्य सुरक्षा, सहकारिता, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रत्येक दशा में रिक्त सरकारी कोटे की दुकानों का आवंटन शीघ्र कराना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान योजना के गोल्डेन कार्डों में अपेक्षित प्रगति न आने पर आयुष्मान योजना के तहत काम कर रहे जिला समन्वयक, डिस्ट्रिक्ट ग्रीवान्स मैनेजर तथा डिस्ट्रिक्ट डाटा मैनेजर के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा के दौरान उन्होंने डीसीओ को निर्देश दिए कि गन्ना मूल्य भुगतान में फिसड्डी चीनी मिलों से किसानों का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित कराया जाय। उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति होने पर उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि बैंकों के साथ समन्वय बनाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को उद्यम स्थापन के लिए ऋण उपलब्ध कराएं।खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अभिहित अधिकारी को निर्देश दिए कि वे अपर जिलाधिकारी के माध्यम से खाद्य सुरक्षा के लम्बित वादों को निस्तारित कराएं। श्रम विभाग की समीक्षा के दौराना श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देश दिए कि पांच वर्ष की पंजीकरण अवधि पूरी करने वाले श्रमिकों की सूची उन्हें उपलब्ध कराई जाय। पशु पालन विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि अपने पालतू पशुओं को छोड़ने वालों से जुर्माना वसूला जाय। उन्होंने सीवीओ को निर्देश दिए कि कार्यक्रम अधिकारी से समन्वय बनाकर बच्चों में कुपोषण दूर करने हेतु गाभिन गायों को लोगों को दिलाएं। निर्माण कार्यों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थावार विभागों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण, राजकीय हाईस्कूल, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, राजकीय पालीटेक्निक, कृषि महाविद्यालय करनैलगंज, वन टांगिया आश्रम पद्धति विद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्रों के निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत आवासों के निर्माण की प्रगति, मिशन कायाकल्प योजना के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्यों सहित अन्य कार्यों में अपेक्षित प्रगति न आने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे व्यक्तिगत रूचि लेकर निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं तथा समय से हैण्डओवर भी कराएं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने सीडीओ को निर्देश दिए कि वे पाक्षिक रूप से प्रगति की समीक्षा करें और उन्हें भी अवगत कराएं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जर्जर स्कूलों के भवनों के ध्वस्तीकरण कार्य की जानकारी ली तथा आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी, डीएफओ आरके त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी रजत यादव, जिला पूर्ति अधिकारी वीके महान, डीडी एग्रीकल्चर मुकूल तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी मोतीलाल, डीपीओ मनोज कुमार, डीसी मनरेगा हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव, पीओ डूडा विनोद सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डा0 नरेन्द्र कुमार, डीपीआरओ सभाजीत पाण्डेय, एक्सईएन-विद्युत, पीडीब्लूडी व जल निगम, बीएसए डा0 इन्द्रजीत प्रजापति, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक करते डीएम डा0 नितिन बंसल पायनियर

## ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन व परिसीमन का कार्य कल से

**गोंडा।** शासन द्वारा ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन व परिसीमन किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश जारी कर दिए गए हैं। यह जानकारी देते हुए जिला पंचायतराज अधिकारी सभाजीत पाण्डेय ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ग्राम पंचायत पुनर्गठन के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र व प्रस्ताव 09 नवम्बर से 20 तक प्राप्त किये जाएगें, ग्राम पंचायत पुनर्गठन व परिसीमन के सम्बन्ध में जनपद स्तर पर 21 नवम्बर से 25 नवम्बर तक तैयार प्रस्ताव का अनन्तिम प्रकाशन की कार्यवाही, अनन्तिम प्रकाशन के उपरान्त 02 दिसम्बर तक आपत्तियां प्राप्त किये जाने की अन्तिम तिथि, प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षणोपरान्त निदेशालय को अन्तिम संस्तुतियां 06 दिसम्बर को भेजा जाना, 07 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक निदेशालय स्तर पर अधिसूचना निर्गत किया जाना, 14 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक अधिसूचना का सरकारी गजट में मुद्रण और प्रकाशन तक पुनर्गठन के सम्बन्ध निम्नवत कार्यवाही की जानी है। डीपीआरओ ने बताया कि ग्राम पंचायत के क्षेत्र में परिवर्तन का प्रस्ताव सम्बन्धित ग्राम पंचायत द्वारा अथवा उस ग्राम पंचायत के 50 या उससे अधिक निवासियों द्वारा निर्धारित अवधि के अन्दर प्रस्तुत किया जायेगा, ग्राम पंचायत क्षेत्र का गठन जनगणना वर्ष 2011 के प्रकाशित आकणों के आधार पर किया जायेगा एवं किसी ग्राम पंचायत के पंचायत क्षेत्र के निर्धारण के लिए किसी राजस्व ग्राम या मजरे को विभाजित नहीं किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि किसी ग्राम पंचायत के प्रादेशिक क्षेत्र में केवल ऐसे राजस्व ग्राम, ग्रामों को सम्मिलित किया जायेगा जो भौगोलिक दृष्टि से एक-दूसरे से निकटस्थ हों। राजस्व ग्राम या ग्रामों को किसी पंचायत क्षेत्र में सम्मिलित करने में यह भी ध्यान रखा जायेगा कि इनके मध्य दूसरी ग्राम पंचायत का कोई प्रादेशिक क्षेत्र न पड़ता हो तथा ग्राम पंचायतो में सम्मिलित किये जाने वाले राजस्व ग्राम के बीच में कोई नदी नाला, पहाड़ या कोई प्राकृतिक अवरोध उसके बीच आवागमन में बाधक न हो।

# हर घर में पेयजल का कनेक्शन लेने को चलेगा अभियानः डीएम

● बनकटी के ईओ बस्ती, गौर और रामनगर के बीडीओ का वेतन रुका

संवाददाता। बस्ती



**डीएम** आषुतोष निरंजन ने पाइपलाइन पेयजल योजनाओं में गांव में प्रत्येक घर में कनेक्शन लेने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी बीडीओ से कहा कि वे योजना से आच्छादित गांव में जन जागरूकता के लिए गोष्ठी आयोजित करें, तथा लोगों को कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिया कि 75 से 90 प्रतिशत तक पूरी हुई महुआ डाबर, महिलवाला, केशवपुर आदि परियोजनाओं को इस महीने में पूरा कराएं। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने कार्यालय में हैंडपम्प रजिस्टर मेंटेन करें, ग्राम सचिव से प्रत्येक हैंडपम्प के बारे में रिपोर्ट प्राप्त करें तथा उनकी मरम्मत कराएं। रिबोर वाले हैंडपंप की सूची अलग से तैयार करें। मछली पालन के लिए आवंटित पट्टो का डेटाबेस तैयार करें। उन्होंने आवंटित पट्टो का समय से अनुबंध न कराने पर असंतोष व्यक्त किया तथा निर्देश दिया कि सभी आवंटित पट्टों का अनुबंध कराने के लिए प्रत्येक तहसील में अभियान चलाएं। संबंधित लेखपाल अपने गांव से आवंटित पट्टा धारकों को सोमवार को तहसील में लेकर आएंगे तथा उनका अनुबंध पत्र तैयार कराएंगे। बिना रजिस्ट्री के कोई भी अनुबंध पूरा नहीं माना जाएगा।

जिले में कोटे की 55 दुकानें रिक्त थी। इसमें से 29 गांव में दुकानों का पिछले माह कोटेदार का चयन हो गया है, जिसमें से 24 दुकाने स्वयं सहायता समूह को आवंटित हुई है। 26 में से 10 दुकानों पर कोर्ट का स्टे है। 16 दुकानों में कोटेदार का चयन करने के लिए 17 एवं 18 नवंबर की तिथि निर्धारित की गई है। सभी दुकाने महिला स्वयं सहायता समूह को आवंटित की जाएंगी, यदि विवाद के कारण किसी स्थान पर 02 बार से अधिक बैठक होने के बाद भी दुकान का चयन नहीं हो पाया है, वहां पर लॉटरी सिस्टम से दुकानों का चयन किया जाएगा।

अमृत योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने जलापूर्ति एवं पार्क निर्माण की तैयारियों की समीक्षा की। जलापूर्ति के लिए पूरे नगर क्षेत्र में 09 नलकूप तथा 08 ओवरहेड टैंक बनाने का लक्ष्य हैं। इसमें से 04 के लिए भूमि चयन हो गया है। जिलाधिकारी ने यहां पर तेजी से निर्माण कार्य कराते हुए समय से परियोजना पूरी करने का निर्देश दिया। साथ ही 04 भूमि चयन के लिए एसडीएम सदर तथा ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया है। उन्होंने कटेश्वर पार्क, सुर्ती हट्टा, शिवा कॉलोनी आदि पार्कों के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कटेश्वर पार्क में बड़ा ह्वील झूला अभी तक स्थापित न किए जाने पर ठेकेदार को नोटिस देने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर पंचायतों में अपशिष्ट प्रबंधन, खुले में शौच मुक्त का कार्य पूरा न करने पर अधिशासी अधिकारी बभनान तथा बैठक में अनुपस्थित बनकटी के अधिशासी अधिकारी का वेतन रोकने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाएं तथा पकड़े जाने पर जुर्माना भी लगाएं। जिले के नगर पालिका परिषद बस्ती तथा नगर पंचायत हरैया में ओडीएफ का कार्य पूरा हो गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण मे 31196 लक्ष्य के सापेक्ष 9000 लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया, परंतु इनके जॉब कार्ड मैपिंग का काम धीमा पाए जाने पर जिलाधिकारी ने बस्ती, गौर, रामनगर के खंड विकास अधिकारियों का वेतन रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि दिवाली के पहले यह कार्य पूरा कर लिया जाए।

## महायोजना 2031 के लिए बीडीए ने मांगे सुझाव

संवाददाता। बस्ती

**महायोजना** 2031 तैयार किए जाने के लिए बस्ती विकास प्राधिकरण की ओर से सुझाव मांगे गए है। जिससे कि महायोजना 2021 में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों को जानते हुए महायोजना 2031 तैयार करते समय आए सुझावों पर विचार कर महायोजना गठित करने का प्रयास किया जा सके। बीडीए सचिव नन्द किशोर कलाल ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे महायोजना 2021 में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों और महायोजना 2031 के लिए अपने सुझाव इंेंजपडींलवरदं2031 /हउंपसण्बवउ पर प्रेषित करें जिससे उनके सुझावों के अनुरूप महायोजना गठित करने का प्रयास किया जा सके। कहा कि महायोजना का प्रस्ताव तैयार किए जाने से पूर्व आमजन से प्रस्ताव/ सुझाव प्राप्त करने का प्राविधान है। प्रस्ताव/ सुझावों का सुसंगत विश्लेष्ण और अन्य प्रावधानों के दृष्टिगत नियोजन मानकों के अनुसार महायोजना का प्रस्ताव तैयार कराया जाएगा।

## मासूम बालिका का शव बरामद, अभियुक्त अरेस्ट

● गांव में भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात

संवाददाता। संतकबीरनगर



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद अधिकारी पायनियर

**जिले** के बेलहर थाना क्षेत्र के औरहिया-मंझरिया में बुधवार को गायब हुई बालिका की लाश सियरहवा घाट से दो सौ मीटर पश्चिम नाले में गीले मिट्टी के नीचे दबाई हुई मिली। चार थाने की पुलिस फोर्स के संयुक्त आपरेशन के बाद चौथे दिन शव बरामद करने में सफलता हाथ लगी है। बेलहर पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पीएम को भेजते हुए आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के बाद हत्या का मुकदमा दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ब्रजेश सिंह ने यहां बताया कि बेलहर थाना क्षेत्र के औरहिया-मंझरिया निवासी रामशंकर की पुत्री अर्चना बुधवार को खेत से गायब हो गई थी जिसकी तलाश में बेलहर, धर्मसिंहवा, बखिरा व दुधारा थानों की फोर्स लगाई गई थी। इस दौरान कुछ संदिग्धों को भी उठाया गया था। शनिवार की सुबह लाश मिलने की सूचना मिली जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को मिट्टी से बाहर निकलवाया। श्री सिंह ने बताया कि काफी पूछताछ के बाद आरोपी लाल बहादुर पुत्र राममिलन निवासी अकलोहना (राजेबोहा) ने बताया कि गांव से दो किलोमीटर दूर सियरहवा घाट पर ले जाकर दुष्कर्म के बाद हत्या करके मिट्टी के नीचे दफ्ना दिया था। इसके पूर्व भी उक्त आरोपी अप्राकृतिक दुष्कर्म के मामले में जेल गया था जहां से जमानत पर आया था। इसके बाद इस जघन्य घटना को अंजाम दिया। बेलहर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया तथा आरोपी के खिलाफ 201/363/302/377/376। भादवि व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके न्यायालय भेज दिया। इस दौरान एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी सीओ मेंहदावल रामप्रकाश सहित विभिन्न थानों के प्रभारी व पुलिस फोर्स मौजूद रही।

## मांगों को लेकर बुनकरों ने कबीर स्थली पर दिया धरना

● बुनकरों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

संवाददाता। संतकबीरनगर



**उत्तर प्रदेश** बुनकर सभा के प्रदेश अध्यक्ष हाजी इफ्तेखार अन्सारी के आवाहन पर जिला अध्यक्ष हाजी इमामुद्दीन अन्सारी के नेतृत्व में मगहर सन्त कबीर दास के प्रतिमा के समक्ष बुनकरों के पावरलूम की अनिश्चित कालीन तालाबन्दी के 24वें दिन बुनकरों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए उपवास रखा सन्त कबीर दास की मजार पर चादर चढाई गयी तथा समाधी स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उत्तर प्रदेश बनकर सभा के जिलाध्यक्ष हाजी इमामुद्दीन अन्सारी ने बताया कि बुनकरों के पूर्वज महात्मा कबीर दास के चरणो में हम बुनकर आये है महात्मा कबीर दास भी बुनाई का काम किये थे हम बुनकर शनिवार को महात्मा कबीर दास को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से कहना चाहते हैं कि बुनकरों की मांग अपनी रोजी रोटी के लिए है। यह आन्दोलन सरकार द्वारा ही की गया घोषणाओं को लागू कराने के लिए है। बुनकरों के थाली में रोटी गायब हो गयी है सन्त कबीर नगर जनपद के साथ सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के बुनकर अपने कारोबार को बन्द करके अपनी रोजी रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बाबा कबीर दास सरकार को सद बुद्धि दें जिससे बुनकर अपनी जीविकोपार्जन चला सके। जिलाध्यक्ष हाजी इमामुद्दीन अन्सारी ने आगे कहा कि गत 03, सितम्बर, को अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल द्वारा बुनकरों की विद्युत बिल के सम्बन्ध में की गई घोषणाओं को लागू किया जाये बुनकरों की 2006 पलैट रेट योजना को बहाल किया जाये। सरकार बुनकरों के विद्युत फ्लैट रेट योजना 2006 को बहाल नहीं करती तथा अपनी ही की गयी घोषणाओं को लागू नहीं करती है तब तक हड़ताल जारी रहेगा। धरने में मीडिया प्रभारी नसीम अन्सारी, नगर अध्यक्ष मो0 इलियास अन्सारी, सरफुद्दोजा अन्सारी, वसी अहमद अन्सारी, कौसर अली अन्सारी, हिमायतुल्लाह अन्सारी, साबिर अन्सारी, हलीम अन्सारी. मो0 जमा, हाजी नियाज अन्सारी, हैदर अन्सारी, अफाक अन्सारी, ओसामा अन्सारी, सभी अहमद अन्सारी, सलाहुद्दीन अन्सारी, सेराज अन्सारी, अबूहुरैरह अन्सारी, फखरूल हसन अन्सारी, तौफीक अन्सारी, छेदी अन्सारी, सहित बुनकर उपस्थित रहे।

## सरकारी विभागों पर बिजली बिल का 28.98 करोड़ बकाया

● बड़े बकाएदारों में शिक्षा, चिकित्सा, विकास जलनिगम, पुलिस और जिला प्रशासन भी शामिल

**बस्ती।** जिले के 28 सरकारी विभाग बिजली विभाग के बिल भुगतान का 2898 लाख रूपया दबाए बैठे हैं। यह खुलासा विकास भवन सभागार में डीएम आशुतोष निरंजन की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में हुआ। शिक्षा विभाग 1388.50 लाख, चिकित्सा विभाग 796.55 लाख, माध्यमिक शिक्षा विभाग 249.93 लाख, पुलिस विभाग 69.84 लाख, विकास विभाग124.44 लाख, जल निगम 80.67 लाख, समाज कल्याण 23.97 लाख, पंचायती राज विभाग 26.40 लाख, जिला प्रशासन 22.42 लाख, सरकारी आवास 21.88 लाख, कृषि विभाग11.36 लाख रूपए के बिजली बिल के बकाएदार है। इसके अलावा अन्य विभागों पर बिजली बिल का बकाया 10 लाख से कम है।

विभागवार विद्युत बिल भुगतान की समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी विभागाध्यक्षों को बकाया विद्युत बिल का नियमित रूप से भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि बकाया विद्युत बिल के भुगतान की समीक्षा विकास प्राथमिकता कार्यक्रम के विन्दु में शामिल है। इसकी नियमित समीक्षा कर जनपद की प्रगति में इसकी रैंकिंग की जाएगी। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया ि कवे अपने खण्ड से सम्बन्धित विभागवार बकाया विद्युत बिल अपने नोडल अधिशासी अभियंता को तत्काल उपलब्ध करा दें। विद्युत विभाग के नोडल अधिकारी द्वारा बिल संकलित कर इसकी सूचना सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्षों को अविलम्ब उपलब्ध कराया जाए। अगली पाक्षिक बैठक में प्राप्त/ बकाया बिल की प्रगति के साथ बैठक में प्रतिभाग करने का निर्देश दिया। सभी बकाएदार विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत बिलों के भुगतान के लिए यदि शासन स्तर से डिमांड किया जाना हो तो वे इसे कर लें। इसकी सूचना अधिशासी अभियंता विद्युत को दी जाय। विद्युत विभाग की ओर से विभागीय अधिकारियों के माध्यम से शासन स्तर पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से धनराशि अवमुक्त कराए जाने का अनुरोध किया जाय जिससे अधिकाधिक बकाया बिल का भुगतान सुनिश्चित हो सके। बैठक में एडीएम, विद्युत विभाग के सभी खण्ड के अधिशासी अभियंता, सीओ सिटी एवं कार्यालयाध्यक्ष मौजूद रहे। विभागों को अब हर माह जमा करना होगा बिजली का बिल सरकारी विभागों को भी अब हर महीने बिजली का बिल जमा करना होगा। विभागों को साल में एक बार बिजली का बिल जमा कराने की प्रवृत्ति पर रोक लगानी होगी। विकास भवन सभागार में आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में डीएम आशुतोष निरंजन ने कहा कि शासन द्वारा बिजली बिलों का भुगतान प्राथमिकता के कार्यक्रमों में शामिल किया गया है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक माह बिजली का बिल प्राप्त करें तथा उसका भुगतान सुनिश्चित करें। जिन विभागों के पास इस मद में बजट नहीं है वे अपने विभाग से बजट की मांग करें।

## प्रशासन ने शुरू की तैयारी

**संतकबीरनगर।** शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुचाने हेतु धनावंटन किया गया है तथा निर्बल, निराश्रित एवं असहाय व्यक्तियों को तत्काल चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है।

निर्बल, निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियो के चिन्हिकरण के लिए वृद्वावस्था पेंशन/विधवा पेंशन/अन्त्योदय कार्ड की प्रतिक्षा सूची, भूमिहीन, बीमार व अत्यधिक वृद्वजनो को प्राथमिकता दी जायेगी। विधवा पेंशन की प्रतिक्षा सूची से अल्पसंख्यक बच्चो को अत्यधिक वृद्व विधवाओं तथा नगरीय क्षेत्र की मलिन बस्तियों व ग्रामीण क्षेत्रो के पिछडे मजरों में निवास करने वाले विशेषकर कमजोर वर्ग के वृद्व, बीमार पुरूष/महिला, निराश्रित एवं असहाय को प्राथमिकता दी जाय। उन्होने कहा कि अपने-अपने तहसील के अन्तर्गत निराश्रित एवं असहाय व्यक्तियों का तत्काल चिन्हिकरण करते हुए उनकी सूची तथा अलाव जलाये जाने के स्थल की सूची तैयार कर एक प्रति आपदा कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## अधिकारों से अंजान हैं अधिकांश महिलाएं

● विभाग ने किया तीन महिलाओं को सम्मानित

संवाददाता। बस्ती



**मिशन** शक्ति के तहत वाणिज्यकर विभाग महिला उद्यमियों को रोजगार के लिए जगह-जगह कैंप, कार्यषालाओं और प्रतिष्ठानों में जाकर उन्हें प्रेरित कर रहे है। जो बाते खुलकर सामने आरही है, उससे पता चलता है कि अधिकाषं महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में समुचित जानकारी ही नहीं है। मिषन षक्ति के नोडल एवं सहायक कमिष्नर वाणिज्यकर विकास द्विवेदी कहते हैं कि उनका विभाग महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने और उनके अधिकारों के प्रति जागरुक पैदा करने के लिए अभियान चलाया हुआ है। बताया कि अभी तक कार्यालय में व्यापक रुप से तीन कार्यषालाएं आयांजित की जा चुकी है। प्रीति खरे, विनीता कुमारी और कुषमा सिंह को इसके लिए सम्मानित किया जा चुका है। उन सागर औरदो कम्पयूटर सेंटर में जाकर महिलाओं को उनके अधिकार के बारे में बताया गया, कहा गया कि षाम ढलने के बाद किसी भी महिला को थाने पर नहीं बुलाया जा सकता, और न ही कोई इंकारी ही की जा सकती है। किसी महिला का अगर किसी मामले में बयान दर्ज कराना आवष्यक हो तो उसे थाने पर न बुलाकर बल्कि महिला के घर पर जाकर बयान करने का प्राविधान है।

कहते हैं कि विभाग की मंषा बड़े-बड़े प्रतिष्ठानों में जहां पर महिलाएं बड़ी संख्या में काम करती है। वहां जाकर उनके अधिकारों और कारोबार के लिए आगे आने की पहल की जा रही है। कहा कि महिलाओं को अधिक से अधिक कारोबार के लिए विभाग में आनलाइन पंजीकरण कराना चाहिए। कहा कि सरकार कह मंषा उस दिन पूरी होगी जब हर महिला अपने अधिकारों के बारे में जानकारी रखेगी। कहते हैं कि बिना अधिकारों की जानकारी से महिलाएं अपने आपको पूरी तरह सुरक्षित महसूस नहीं कर सकती है। महिलाओं को उद्यमी के रुप में आगे आना ही होगा। वैसे कार्यालय में महिलाओं की सहायता के लिए सारी व्यवस्था है। बताया कि विभाग में कामकाजी महिलाएं पूरी तरह सुरक्षित है।

## किशोरी को भगाने के आरोपी पर मुकदमा हुआ दर्ज

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र

**स्थानीय** थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा महुली निवासी शिवम पुत्र लालमनी के ऊपर बीजपुर पुलिस ने एक 7 वर्षीया किशोरी को भगाने अथवा उठा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर किशोरी व आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बीजपुर पुलिस को महुली निवासी पवन कुमार ने तहरीर देकर अवगत कराया कि मेरी पुत्री 7 वर्षीया पुत्री पंक्षी अपने घर से बाहर खेल रही थी उसी दौरान महुली निवासी शिवम पुत्र लालमनी उसे उठा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शनिवार को आरोपी के खिलाफ मु0 अ0 संख्या 77/2020 के तहत आई पी सी की धारा 364 का मुकदमा दर्ज कर किशोरी व आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## पार्टी की मजबूती के लिए सपाइयों ने किया मंथन

**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी जिला ईकाई की मासिक बैठक समाजवादी पार्टी कार्यालय पुरानी सब्जी मण्डी खलीलाबाद नगर पर जिलाध्यक्ष गौहर अली खॉ की अध्यक्षता की गई तथा संचालन जिला महासचिव राजमन यादव ने किया। बैठक में पार्टी की मजबूती पर चर्चा की गई एवं गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन के प्रत्याशी अवधेश यादव को जिताने की रणनीति पर चर्चा की गई। 1, दिसम्बर को होने वाले मतदान का कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुरेन्द्र यादव, पूर्व विधायक/मंत्री लक्ष्मीकान्त उर्फ पप्पू निषाद, पूर्व विधायक अलगू प्रसाद चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व प्रत्याशी जावेद अहमद, वरिष्ठ नेता कोमल यादव, पप्पू छापड़िया, जिला उपाध्यक्ष के0डी0 यादव, मो0 अहमद, श्याम विश्वकर्मा, कौशल चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष रामनाथ चौरसिया, जिला सचिव शैलेन्द्र यादव, शेषनाथ यादव, वि0अ0 खलीलाबाद रमेश चन्द्र यादव, वि0अ0 धनघटा जयराम यादव, वि0अ0 मेंहदावल वारिस अली अंसारी, चन्द्रभूषण पाण्डेय, अविनाश कन्नौजिया, राहुल यादव बादल, विरेन्द्र यादव, रामभरोसे वारसी, प्रमोद पूर्वांचल, अजीम खान, अजय यादव, एखलाक अहमद, वकील अहमद अंसारी, सुशील यादव, प्रेमचन्द चौधरी, गुलेल अहमद, अवधेश यादव, हनुमान कन्नौजिया, राधेश्याम यादव, शमसाद अहमद, मो. नईम खॉ, अबरार आलम, इफ्तेखार अहमद, युसूफ कमाल, संजय मोदनवाल,, स्वामीनाथ यादव, मौलाना मु. हुसेन, महिला सभा जिलाध्यक्ष शकुन्तला यादव, डा. मालती यादव, प्रिया पाठक, डा. रामनाथ चौरसिया सहित सपा को पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीएम की समीक्षा बैठक में नदारद रहने पर आईटीआई के प्राचार्य से जवाब-तलब

संवाददाता। मिर्जापुर

● जिलाधिकारी ने कहा कि समय कम है कार्यो में लाएं प्रगति

**जिलाधिकारी** सुशील कुमार पटेल ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर मा0 मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकता कार्यक्रम एवं अन्य विभागीय कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा की। इस दौरान सबसे पहले विभिन्न विभागों के बकाये बिजली बिल के समीक्षा के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग के 824 लाख, जलनिगम के लगभग 10 करोड तथा लोक निर्माण विभाग 06 करोड बकाये पर जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय अधिकारी बिजली विभाग से सम्पर्क स्थापित कर तत्काल बिजली का बिल जमा करना सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि यदि किसी विभाग के बजट न हो तो अपने मुख्यालय स पत्राचार कर बजट की मांग कर ली जाये। समीक्षा बैठक में आई0टी0आई प्रचार्या के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण की मांग की गयी, मुख्य विकास अधिकारी श्री अविनाश सिंह ने बताया कि प्राचार्य आईटीआई विगत बैठक तथा शासन द्वारा की गयी वीडियों कान्फ्रेसिंग में भी अनुपस्थित रहे जिसके कारण से शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा नही हो पा रही है। जिलाधिकारी ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि तीन दिवस के अन्दर सन्तोषजनक जबाब न दे पाने पर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागीय अधिकाारियों व निर्माण कार्यदायी विभागों से कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में समय कम है अतएव सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग की विकास कार्यो में तेजी लाकर प्रगति लाये। उनहोंने विभिन्न निर्माण कार्यो के विभागीय अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लायी जा तथा यदि कहीं जमीन की विवाद हो तो उसे सम्बंधित उप जिलाधिकारी के संज्ञान में लाकर तत्कल निराकरण कराया जाये तथा कार्य प्रारमभ किया जाये। उन्होंने निर्माण कार्यो में वित्तीय प्रगति भी लाने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने सडकों के मरम्मत कार्य, निर्माण, एवं सुड़ढीकरण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कुछ सडकों की स्थिति अच्छी नहीं है लोक निर्माण विभाग ऐसे सडकों का निरीक्षण कर तत्काल पैचिंग कार्य सुनिश्चत करायें। एन0एच0आई0 के द्वारा कराये जा रहे कार्यो पर सन्तोष व्यक्त करते हुये कहा कि बीच-बीच में जो भी कार्य अवशेष रह गये है उन्हें भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाये। इस दौरान सेतु निर्माण के प्रगति पर भी चर्चा की गयी।

## स्थापना के साथ ही राष्ट्र की प्रगति के कार्यों में जुटा एनटीपीसीः मुनीश

● स्थापना दिवस पर भव्य समारोह का हुआ आयोजन

संवाददाता। सोनभद्र




**एनटीपीसी** विंध्याचल परियोजना मेंं दिनांक 07 नवंबर, 2020 को एनटीपीसी लिमिटेड के 46वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार कोविड-19 से संबन्धित सभी एतिहातों एवं सोशल डिस्टेन्सिंग का पूर्ण रूप से पालन किया गया। प्रशासनिक भवन परिसर मेंं आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक मुनीश जौहरी ने एनटीपीसी मे ध्वजारोहण किया और सभी ने एनटीपीसी गीत गाया। साथ ही कार्यकारी निदेशक मुनीश जौहरी, मुख्य महाप्रबंधक रबिन्द्र कुमार राऊत एवं महाप्रबंधक एस एस सी विपन कुमार ने केक काटकर अपना हर्षोल्लास व्यक्त किया। इस भव्य अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल के महाप्रबंधक अपर महाप्रबंधक विभागाध्यक्ष अनुभागाध्यक्ष अध्यक्षा सुहासिनी संघ मृदुला जौहरी एवं सुहासिनी संघ की पदाधिकारीगण, उप कमांडेंट सीआईएसएफ एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। साथ ही इस कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट अन्य कर्मचारियों की सुविधा हेतु किया गया। अपने उद्बोधन में श्री जौहरी नें कहा कि भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण राष्ट्र की बिजली की आवश्यकता को पूरा करने के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड की स्थापना 07 नवंबर, 1975 को की गई थी। अपनी स्थापना के साथ ही हम अपने राष्ट्र की प्रगति के शुभ कार्य में जी जान से जुट गए और शून्य से लेकर आज वर्तमान में हमने अपनी कोयला आधारित 24, गैस आधारित 07, हाइड्रो 01, स्माल हाइड्रो 01, सोलर एनर्जी 11, विंड एनर्जी 01 और संयुक्त उपक्रम 25 के बल पर कुल 62,910 मेगावाट की स्थापित क्षमता अर्जित कर ली है। एनटीपीसी लिमिटेड की कुल स्थापित क्षमता में से 4783 मेगावाट के साथ एनटीपीसी विंध्याचल राष्ट्र की विशालतम विद्युत उत्पादन परियोजना है। विगत वित्त वर्ष 2019-20 में एनटीपीसी विंध्याचल ने 35.6 बिलियन यूनिट का उत्पादन किया था एवं इस वित्त वर्ष में दिनांक 31 अक्टूबर, 2020 तक एनटीपीसी विंध्याचल ने 22.18 बिलियन यूनिट का उत्पादन कर लिया है। इस अवसर पर श्री जौहरी ने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने और उनके बहुमूल्य योगदान की सराहना करने के उदेश्य से कई पुरस्कार प्रदान किए। इसी क्रम में एनटीपीसी विंध्याचल के 6 अधिकारियों को पावर एक्सेल अवार्ड, 02 कर्मचारियों को एम्प्लोयी ऑफद इयर अवार्ड, 45 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईडी मेरिटोरियस अवार्ड एवं 10 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तालियो की गूंज में प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। साथ ही राजभाषा में उत्कृष्टता से कार्य करने वाले विभागों एवं कर्मचारियों को कुल 4 राजभाषा पुरस्कारों से नवाजा गया। इसके पश्चात अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनटीपीसी-लिमिटेड, गुरदीप सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये एनटीपीसी की सभी परियोजनाओं के कर्मचारियों को संबोधित किया। श्री सिंह ने सभी को एनटीपीसी स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। यह कहते हुए की कोविड-19 महामारी के इस भीषण काल में बिजली का महत्त्व और भी बढ़ गया है, श्री सिंह ने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान निर्बाध बिजली की आपूर्ति करने पर सभी एनटीपीसी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना भी की। श्री सिंह ने बताया की एनटीपीसी नवीकरणीय ऊर्जा में नई उचाईयों को छूने के लिए तत्पर है एवं एनटीपीसी अपने हर कदम में रिलाईबिलिटी एवं एफीशिएनसी को सर्वोच्च्च स्थान पर रखेगी। श्री सिंह ने अपने उद्बोधन मे राख़ उपयोग, सेफ़्टी एवं पर्यावरणीय मानदंडों के अनुपालन पर भी ज़ोर दिया।

## मुख्तार के एक और करीबी पर कसा शिकंजा

# करोड़ों के दो निर्माण ढहाए

**कलेक्टर, नियंत्रक प्राधिकारी की कोर्ट से अपील खारिज होने के बाद हुई कार्रवाई**

**शहर कोतवाली क्षेत्र के बंधा रोड स्थित ग्रीन लैण्ड में कराया था निर्माण**



संवाददाता। मऊ

**मऊ** के बाहुबली सदर विधायक मुख्तार अंसारी गिरोह आईएस 191 के नजदीकी व दो भूमाफियाओं के नगर क्षेत्र के बंधा रोड स्थित ग्रीन लैण्ड में बनाए गए अवैध निर्माण को शनिवार को जिला प्रशासन द्वारा बुल्डोजर लगाकर ध्वस्त कर दिया गया। ग्रीन लैण्ड में कराए गए दोनों अवैध निर्माण की लागत 1 करोड़ 80 लाख रुपए आंका गया है। कलेक्टर ध्निियंत्रक प्राधिकारी मऊ न्यायालय द्वारा अपील खारिज किए जाने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी के संयुक्त नेतृत्व में अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान पूरे दिन अफरा.तफरी मचा रहा। मऊ जिले के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के खिलाफ शासन द्वारा सख्त रुख अख्तियार किए जाने के बाद जिला प्रशासन द्वारा भी सख्त कार्रवाई किया जाना शुरु कर दिया गया है। इस क्रम में मुख्तार अंसारी गिरोह आईएस 191 के नजदीकी व दो भू.माफियाओं मकसूद अहमद पुत्र अब्दुल सकूर व इरशाद पुत्र इश्तियाक निवासी मलिक ताहिरपुरा थाना कोतवाली द्वारा तमसा नदी के किनारे बंधा रोड ग्रीन लैंड की जमीन पर एक-एक अवैध दो मंजिला मकान बनाया गया था। ग्रीन लैण्ड पर बनाए गए अवैध दोनों मकानों की कीमत 90.90 लाख कुल 1 करोड़ 80 लाख रुपए आंका गया है। ग्रीन लैण्ड पर बने अवैध निर्माण को लेकर 17 मार्च 2020 और 27 अगस्त को ध्वस्तीकरण का आदेश पारित किया गया था। ध्वस्तीकरण के आदेश के विरुद्ध दोनों भूमाफियाओं कलेक्टर, नियंत्रक प्रधिकारी मऊ न्यायालय में अपील दाखिल किया गया था। इस अपील को कलेक्टरध्नियंत्रक प्रधिकारी द्वारा 31 अक्टूबर को निरस्त कर दिया गया। साथ ही साथ अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण के लिए आरबीओ एक्ट की धारा 10 के अन्तर्गत आदेश पारित किया गया था। कलेक्टरध्नियंत्रक प्राधिकारी मऊ न्यायालय द्वारा अपील खारिज करने के बाद ध्वस्तीकरण का आदेश पारित करने के बाद शनिवार को नगर मजिस्ट्रेट जेएन सचान व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस फोर्स नगर क्षेत्र के बंधा रोड स्थित ग्रीन लैण्ड की भूमि पर पहुंचकर दोनों भू.माफियाओं का दोनों दो मंजिला अवैध निर्माण बुल्डोजर लगाकर ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान पूरे दिन अफरतफरी मचा रहा। वहीं जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के काफी पुख्ता इंतजाम किया गया था।

## अवकाश के दिनों में गोदाम खोलकर की जायेगी बीज की बिक्री

**देवरिया।** जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल ने समस्त कृषकों को अवगत कराया है कि जनपद में समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर गेहूँ की प्रजाति एचडी 2967, पीबीडब्लू 723 उन्नत पीबीडब्लू 343, एचयूडब्लू 234, एचडी 3059 एवं एचडी3086 के साथ तोरिया,सरसों, मटर, चना, मसूर, अलसी आदि फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सामान्य बीजों पर मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान एवं प्रदर्शन के बीजों पर मूल्य का 90 प्रतिशत अनुदान पर डीबीटी के माध्यम से किसानो के खातें में धनराशि विभाग द्वारा प्रेषित की जा रही है। कृषकों को सुगमतापूर्वक बीज उपलब्ध कराने हेतु समस्त क्षेत्रीय स्टाफ, प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार एवं समस्त सहायक विकास अधिकारी, कृषि को निर्देशित किया गया है कि वे रबी सीजन को दृष्टिगत रखते हुए समस्त गोदाम सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक खुले रहेगे एवं अवकाश के दिनों में भी गोदान खोलकर बीज की बिक्री की जायेगी। किसी भी दशा में गोदाम प्रभारी के अनुपस्थित पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# मतगणना की तैयारियां

**कार्मिकों की तैनाती मतगणना स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, कोविड-19 संक्रमण से बचाव का भी रहेगा प्रबंध : डीएम**



संवाददाता। देवरिया

**जिला** निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अमित किशोर ने बताया है कि देवरिया विधानसभा के उप निर्वाचन की मतगणना आगामी 10 नवंबर को महाराजा अग्रसेन कालेज आफ कार्मस में प्रात: 8 बजे से होगी। इस निमित्त गणना कार्मिकों सहित तैनात सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को मतगणना कार्य को पूरी निष्ठा, कुशलता एवं निष्पक्षता से निष्पादित किये जाने का निर्देश दिया गया है। मतगणना हेतु रिटर्निंग आफिसर सहित कुल 15 टेबल लगाये जायेगें। मतगणना कार्य के लिये सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इन्तजाम रहेगा।

### गणना कार्मिकों की कर ली गयी है तैनाती

मतगणना कार्मिकों की नियुक्ति कर ली गयी है। आरओ टेबल सहित कुल 15 टेबल स्थापित किये गये है। प्रत्येक टेबल पर कुल 4 कार्मिक तैनात होगें। आरक्षित सहित 19-19 गणना पर्यवेक्षकए गणना सहायकए माइक्रो आब्जर्वर एवं गणना सहायक चतुर्थ श्रेणी कार्मिक को इस कार्य हेतु लगाया गया है। गणना कम्पाइलेशन भारत सरकार के दो कर्मचारी नियुक्त किये गये है।

### हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन रहेगा उपलब्ध

मतगणना कार्य को सुचारु रुप से कराये जाने के लिये 10 एमबीपीएस के दो कनेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी। इसके अलावे मतगणना में प्रयुक्त होने वाले समस्त स्टेशनरी क व्यवस्था एवं सूचना प्रेषण हेतु टीम का गठन करते हुए कम्प्यूटर प्रिन्टर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

### कोरोना संक्रमण से बचाव के भी इन्तजाम रहेगा

मतगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को संक्रमण से बचाव की व्यवस्था भी रहेगी। इसके लिये 100 एमएल सेनेटाइजरए मास्कए दस्तानेए फेस शील्ड भी कार्मिकों को दिया जायेगा तथा मतगणना स्थल पर सोशल डिस्टेन्सिंग का भी पालन करना होगा।

### ऑटोलिफ्टर गिरफ्तार पांच वाहन बरामद

**मुगलसराय,चन्दौली।** कोतवाली पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर एक जीटी रोड स्थित आईपी माल के पास से एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने ठाकुर प्रसाद के हाते से चोरी की पांच बाइक बरामद किया। तलाशी में आरोपी के पास से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने उसके खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक के वाहन चोरी पर लगाम कसने व वाहन चोरों को गिरफ्तार करने व चोरी की बाइक बरामद करने के मिले निर्देश के बाद कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गई है।

### युवक से बदमाशों ने असलहे के बल पर की 50 हजार की छिनैती

**पड़ाव, चन्दौली ।** मुगलसराय कोतवाली अंतर्गत जलीलपुर चौकी क्षेत्र के कटेसर में शुक्रवार की शाम लगभग साढ़े आठ बजे हौसला बुलंद बाइक सवार बदमाशों ने युवक को असलहे के दम पर आतंकित कर उससे 50 हजार रुपये छीनकर कर भाग निकले । घटना की सूचना डायल112 पर दिए जाने के बाद मौके पर पहुची पीआरवी के जवानों ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी। जब कटेसर निवासी मोहम्मद लुकमान सिंघीताली निवासी अपने मित्र राजू से किसी कार्य के लिए 50 हजार रुपये उधार लेकर आ रहा था।

### जमाखोरों पर कार्रवाई होगी

**जौनपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान में प्याजए आलू व दाल की कीमतों में अनावश्यक रूप से वृद्धि हो रही है। इस सम्बन्ध में आलू, प्याज, सब्जियों एवं दालों के विक्रय मूल्य पर कड़ी निगरानी रखते हुए कालाबाजारी अथवा जमाखोरी करने वाले व्यापारियों के विरूद्ध छापेमारी की कार्यवाही करते हुए उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी क्रम में यह भी अवगत कराना है कि शासन द्वारा प्याज के थोक व्यापारियों पर भण्डारण सीमा 25 मी टन एवं फुटकर विक्रेताओं के लिए 2 मी टन निर्धारित की गयी है।

### तदर्थ शिक्षकों के साथ धोखा कर रही प्रदेश सरकार: तिलक राज सिंह

**जौनपुर।** तदर्थ शिक्षक संघर्ष मोर्चा की बैठक नगर के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज में जिलाध्यक्ष तिलक राज सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष तिलक राज सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने तदर्थ शिक्षकों के साथ धोखा किया है। जहां एक तरफ सर्वोच्च न्यायालय ने तदर्थ शिक्षकों को वेतन भुगतान के साथ.साथ वेटेज देने की बात कहीए वहीं सरकार ने वेटेज के नाम पर शिक्षकों को ठगने का कार्य किया है।

### जिलाधिकारी ने बच्चों के साथ खेला क्रिकेट

**जौनपुर।** जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने विकासखंड सिरकोनी के हौज में बने तालाब तथा प्राथमिक विद्यालय हौज में बने मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया। साथ ही बच्चों के साथ क्रिकेट खेला। निरीक्षण के दौरान अच्छा कार्य कराये जाने पर खंड विकास अधिकारी सिरकोनी राम निहोर सरोज की प्रशांसा किया। जिलाधिकारी ने कहा कि तालाब के चारों तरफपाथ.वे बनाएं तथा उस पर इंटरलॉकिंग तथा बैठने के लिए बेंच लगवाये। पार्क में चारों तरफ गेंदे के फूल लगाएं। प्राथमिक विद्यालय हौज के मनरेगा पार्क में बैडमिंटन कोट,योगास्थल, बेवी पार्क बनकर तैयार है।

# साइलेंस जोन के 100 मीटर अंदर न फोड़ें पटाखे

**● आतिशबाजी की दुकानों के अस्थाई लाइसेंस को लेकर डीएम ने की बैठक**

संवाददाता। जौनपुर



**जिलाधिकारी** दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुकवार की देर शाम दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी की दुकानों को अस्थाई लाइसेंस देने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि पटाखों की बिक्री के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरश: पालन किया जाए। साइलेंस जोन जैसे अस्पतालए नर्सिंग होमए प्राथमिक विद्यालयए जिला हेल्थ केयर सेंटरए शैक्षणिक संस्थानए न्यायालयए धार्मिक स्थल तथा अन्य शांत घोषित क्षेत्रों के 100 मीटर के अंदर पटाखे नहीं फोड़ें जाएं। ऐसे पटाखों का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा जिसमें एंटीमनीए लिथियमए मरकरीए आरसेनिकए लेड के कंपाउंड या स्ट्रांसियम क्रोमेट या बेरियम साल्ट का प्रयोग किया गया हो। श्रृंखलाबद्ध पटाखे,लड़ी का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। पटाखों की ऑनलाइन बिक्री नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में पटाखों के लाइसेंस की अनुमति देने का अधिकार सिटी मजिस्ट्रेट तथा तहसील क्षेत्र में उप जिलाधिकारी को होगा। उन्होंने कहा कि पटाखे बिक्री के लाइसेंस के लिए अपना आवेदन संबंधित थाना क्षेत्र में दे सकते हैं। थानाध्यक्ष तत्काल लाइसेंस देने के लिए अपनी रिपोर्ट लगाएंगे। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पटाखे बिक्री के स्थल चिन्हित कर समाचार पत्रों में प्रकाशित कराएं। एक दुकान से दूसरे दुकान की दूरी कम से कम 12 फीट की रहे तथा दुकानदारों को 12 फीट की दुकान उपलब्ध कराई जाए। बिक्री स्थल पर बालूए पानीए आग बुझाने का उचित प्रबंध होना चाहिये। फायर ब्रिगेड विभाग के अधिकारी पटाखे बिक्री स्थल का निरीक्षण कर आग बुझाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। संबंधित थानाध्यक्ष सुनिश्चित कराएंगे कि कोई अपनी दुकान में पटाखे न बेचेए अगर कोई ऐसा करता

## पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति की संशोधित समय सारणी निर्गत

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रामपाल यादव ने बताया है कि पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2020-21 हेतु संशोधित समय सारणी निर्गत कर दी गयी है। नवीन समय सारणी के अनुसार छात्रछात्राओं को आनलाईन करने हेतु पूर्वदशम कक्षाओं के लिये 1 दिसम्बर व दशमोत्तर कक्षाओं के लिये 15 दिसम्बर निर्धारित कर दी गयी है। जिन छात्रछात्राओं का आधार नम्बर से अभिलेख का मिलान नही हो पा रहा है वे तत्काल अपने आधार नम्बर को हाई स्कूल प्रमाण पत्र के आधार पर आधार नम्बर को अपडेट कराते हुए सही आधार नम्बर व अन्य अभिलेख अपने विद्यालय,संस्था के माध्यम से ही संबंधित कार्यालय से प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

## मानसिक स्वास्थ्य व मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा व सपोर्ट थीम पर होगा कार्यक्रम

**सिद्धार्थनगर।** जिले में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति् को अलग अलग थीम पर मनाने के लिए शासन ने निर्णय लिया है। नवंबर माह को मानसिक स्वास्थ्य थीम पर कार्यक्रम मनाया जाएगा। इसमें मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा और सपोर्ट थीम को जोर देते हुए जनसमुदायक को इससे अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कोविड-19 के कारण अपनो को खोने वालों को परामर्श मिलेगा तो वहीं आश्रय गृहों में रह रही महिलाओं व बालिकाओं को मदद पहुंचाई जाएगी। निदेशक महिला कल्याण व मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी मनोज कुमार राय ने जिले को भेजे पत्र में कहा है कि मिशन शक्ति के मुख्य उद्देश्यों में महिलाओं व बालिकाओं को स्वावलंबी बनानाए उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना और जनजागरूकता पैदा करना शामिल है। आत्म सुरक्षा की कला विकसित करने के लिए महिलाओं और बच्चों को प्रशिक्षित करना तथा उनके प्रति हिंसा करने वालों की पहचान उजागर करने के दृष्टिगत मिशन शक्ति के दूसरे चरण में मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा तथा सपोर्ट पर कार्य किया जाना तय किया गया है। महिला कल्याण अधिकारी दीप्ति नारायण ने बताया कि इस माह चार स्तरों पर कार्यक्रम होगें। इसमें मानसिक स्वास्थ्य व मनोसामाजिक सपोर्ट पर जागरूकताए मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के जरूरतमंद व्यक्तियों की पहचान करनाए सहायताए सेवाए संरक्षण व सुरक्षा सम्बंधी निर्णय लेने की क्षमता में विकास करना व उच्च परामर्श के लिए रेफर करने का कार्य किया जाना है। इस कार्यक्रम को बेहतर तरीके से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है।

## गेहूँ व अन्य रबी फसलों में बीज भूमिशोधन आवश्यकः अधिकारी

**देवरिया।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी रतन शंकर ओझा ने बताया है कि खरीफ की प्रमुख फसल धान पक कर तैयार है तथा शीघ्र ही कटाई के उपरांत खेत खाली हो जाएंगे तथा रबी फसल गेहूं तथा अन्य की बुवाई आरंभ हो जाएगी। फसलों में अधिकांश रोग बीज जनित व भूमिजनित होते हैं जिनके कारण फफूंदी के बीजाणु आदि प्रावस्थांए भूमि में,मृदा मेंद्ध उपस्थित रहती है जो अनुकूल परिस्थितियों में फसल को संक्रमित कर उत्पादन प्रभावित करती हैए जिनका नियंत्रण व रोकथाम भूमि व बीज शोधन द्वारा किया जा सकता है। भूमि के कीटों जैसे दिमक, सफेद गिडार, सूत्र, कृमि, कटवर्म गुझिया वीविल, आलू की सूड़ी कद्दू का लाल की कीट, अली शूटबोरर इत्यादि द्वारा फसलों को क्षति पहुंचाई जाती है। इनके नियंत्रण हेतु क्लोरपायरिफास 20 ईसी की 2.5 लीटर मात्रा प्रति हेक्टेयर ब्यूवेरिया बैसियाना जैव कीटनाशी की 2.5 किग्रा प्रति हेक्टेयर मात्रा द्वारा भूमि शोधन किया जाना चाहिए।

## गौ माता की सेवा से समाज में आती है उन्नति और खुशहालीः राघवेंद्र सिंह

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** भवानीगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत भौसहिया में बने गौशाला का डुमरियागंज विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया निरीक्षण । उन्होंने गौ माताओं के लिए चारा पानी बिजली व रहने की व्यवस्था का जायजा लिया । तथा व्यवस्था में और भी सुधार लाने के लिए निर्देश दिया । विधायक ने पशु चिकित्सक को भी निर्देश दिए की गौशाला में रखें गए गोवंश की जांच करते रहें ताकि उन्हें बीमारी से बचाया जा सके उन्होंने कहा कि गायों के लिए उचित चारा पानी व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाए गौशाला में नियुक्त कर्मचारी गायों की नियमित देखभाल करें किसी प्रकार की कोई समस्या आए तो उसकी जानकारी दें उन्होंने कहा कि गौ सेवा गो रक्षा करना हमारा

# युवाओं को मिला मंच, देवरिया में प्रतिभाओं ने बिखेरा जलवा



संवाददाता। देवरिया

पोएटिक आत्मा साहित्य संस्थाए साहित्य जगत के उन प्रतिभाओं को उचित मंच उपलब्ध कराता है जो ग्रामीण अंचलों सहित अति पिछड़े इलाके से आते हैं। हुनर व काबिलियत के बाद भी संस्था का ध्येय है कि ऐसे युवा प्रतिभा पूरे देश का नाम रोशन करें। इसी क्रम में बीते दिन शुक्रवार की रात पोएटिक आत्मा अंतर्गत देवरिया के भटवलिया रोड पर स्थित मिस्टर किंग लाउंस एंड कैफे में माइक चेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देवरिया की श्रेयसी श्रीवास्तव ने ,नजर से उसको गिराने का नुकसान ये हुआ, नफ़ा का था वह रिश्ता पर अब जोड़ा नहीं जाता , सुनाकर श्रोताओं को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया। कानपुर से चलकर आये उज्वल राय ने, काम होते ही परिंदे लौटते हैं वापस, एक शज़र रखता है इनको दीवाना करके। ,नाकर वाहवाही लूटी। गोरखपुर के शक्ति कुशवाहा ने, इश्क़ का व्यापार करोगी,किससे किससे प्यार करोगी, जब सुनाया तो कार्यक्रम तालियों को गड़गड़ाहट से गूंज उठा। नुमान अख्तर की कहानी श्रोताओं को बहुत भाई। कार्यक्रम के आयोजक फ़िरदौस अमरेंद्र ने , बहते आँसुओ को बमुश्किल छुपाया है मैंने, अपने दिल का बहुत दिल दुखाया है मैंने, सुनाकर सबका मन मोह लिया। मुसाफ़िर,अवनिन्द्र , अभिषेक , श्रेयांश, वंदना , साक्षी मिश्रा ,आशुतोष दुबे किशन, अभिषेक मनिहरपुरी, रितेश तिवारी ,शाहमीर , त्रिलोकी , रमन जी के अलावा तमाम शायरो एसंगीतकारो ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया । पूरे चार घण्टे तक चले इस कार्यक्रम में कानपुर,वाराणसी, बिहार, आदि जिलों व प्रदेशों के मशहूर शायरों ने अपनी नज़्म सुनाकर लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फरहान आलम,विशिष्ट अतिथि आदित्य पांडेय,सुमैया सिद्दीकी साहिबा, विकास गोस्वाम मेहमान कलाकारों की हौसल आफ़ज़ाई की।

## धान क्रय केन्द्रों पर कल से हुंकार भरेंगे सपाई

**सिद्धार्थनगर।** जिले के धान क्रय केन्द्रों पर किसानों की धान का खरीद न होने से किसानों के समक्ष संकट खड़ा हो गया है। किसानों की दुश्मन भाजपा सरकार में मजबूरी में किसान अपने उपज को औने पौने दामों पर बैच रहे है। समाजवादी पार्टी किसानों के मुद्दों के समाधान के लिए तहसील वार सोमवार को सुबह 11 बजे से शोहरतगढ़ विधान सभा क्षेत्र के बंद पड़े धान क्रय केंद्र धन गढिया में धरना प्रदर्शन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

उक्त यह बांते समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक लालजी यादव ने कहीं। वह शनिवार को समाजवादी पार्टी जिला इकाई की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि किसानों की आमदनी दोगुनी करने की बात करने वाली भाजपा सरकार ने जबसे किसान विरोधी बिल पास करायी है। उसी दिन से किसानों को बर्बादी शुरू हो गयी है। साहूकार 900 से 1000 हजार रुपये में धान की खरीद कर रहे हैं। किसानों के धान को साहूकार रात्रि में ऊंचे दामों पर सरकारी क्रय केन्द्रों पर बेंच देते हैं। यादव ने कहा कि बुधवार को कपिलवस्तु विधान सभा क्षेत्र के महदेवा बाजार धान क्रय केन्द्र पर सपा का धरना प्रदर्शन होगा। पूर्व प्रमुख उग्रसेन सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में हर तबका परेशान है। बलात्कारए हत्याए डकैतीए अपहरणए छेड़खानी आम बात हो गयी है। ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर चलना हो गया है। सपा कार्यकार्ता अखिलेश यादव की सरकार में किए गए कार्यों को जनता में बताने काम करे।

## एसडीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक



**बढनी,सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना अंतर्गत के बढनी पुलिस चौकी परिसर में दीपावली,लक्ष्मी पूजाए छठ पर्व को लेकर एसडीएम शोहरतगढ़ अनिल कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान सभी से त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से कोविड:19 के प्रोटोकॉल के अनुसार मनाने की अपील की गई। एसडीएम शोहरतगढ़ अनिल कुमार ने कहा कि पटाखे की दुकान निर्धारित स्थल पर ही लगाई जाएंगी,ताकि कोई दुर्घटना होने पर बचाव व राहत कार्य हो सके। दीपावली तक विद्युत कनेक्शन विच्छेदन की प्रक्रिया स्थगित की जायेगी। मूर्तियों में मास्क, सेनेटाइजर आदि आवश्यक रूप से रखे जाएंगे। मांस की दुकानों के स्थल शीघ्र निर्धारित कर दिए जाएंगे तब तक दुकानों के आगे पर्दा डाल दिये जाय। सीओ शोहरतगढ़ राणा महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पुलिस हर तरह से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए कटिबद्ध है। किसी भी प्रकार की अड़चन बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

## ग्रामवासियों के प्रयास से पीड़ित बैल का उपचार

**जौनपुर।** शीतला चौकियां धाम में एक अलग ही नजारा देखने को मिला। एक बैल का कुछ दिनों से पैर में रस्सी व तार बंधे होने के कारण पैर कट गये थे। पैर से रक्त प्रवाहित हो रहे थे। वह चल ही नहीं पा रहा था। शुक्रवार की रात क्षेत्र के युवाओं ने एकजुट होकर रस्सी के सहारे पकड़कर पैर में बंधी रस्सी व तार को काटकर बड़ी सावधानी से निकाला। समाजसेवी पंकज मोदनवाल ने साफसफाई कर दवा लगाकर छोड़ दिया। इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। इस मौके पर विनोद गुप्ताए रामसहाय गुप्ताए कल्लू यादवए अमित माली आदि ने सहयोग किया।

## यातायात सप्ताह में जाम की समस्या से परेशान राहगीर

**सकलडीहा,चन्दौली।** पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल के निर्देश पर यातायात जागरूकता सप्ताह चलाया जा रहा है। इसके बाद भी नो इंट्री में भारी वाहनो के आवागमन और सड़क किनारे आड़े तिरछे वाहनों के खड़ा होने से राहगीरों के लिये मुसीबत बना गया है। इसके बाद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन मौन है। राहगीरों ने समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाया है। कस्बा से लेकर मुख्य मार्ग तक दुकानों के सामने आड़े तिरछे वाहनों के खड़ा होने के कारण सुबह शाम जाम की समस्या हो जाती है।

यही नही मुख्य मार्ग पर पीकेट पुलिस के अभाव में चट्टी चौराहा पर जाम की स्थिती से पैदल राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही दूसरी ओर अलीनगर थाने द्वारा बड़ी वाहनों को छोड़ दिये जाने से बथावर से लेकर मटकुट्टा तक वाहनों की जगह जगह लम्बी कतार लग जाती है।

# शिव सरोवर में गंदगी का अंबार



संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली

**दीपावली** देव दीपावली और डाला छठ का त्योहार आगामी दिनो है। इसके बाद भी कस्बा की शिव सरोवर सहित आसपास गांव की सरोवर गंदगी के अम्बार से पटा पड़ा हुआ है। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी सहित ग्राम प्रधान मौन साधे हुए है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है। ग्रामीणों ने समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाया है।

एक सप्ताह बाद आगामी 12 नवम्बर को धनतेरस और 14 नवम्बर को दिपावली है। इसके एक सप्ताह बाद दो दिवसीय डाला छठ का पर्व है। जहां पर कस्बा सहित आसपास गांव की महिलाये डाला छठ का पर्व धूमधाम से मनाती है। इसके बाद भी कस्बा की शिव सरोवर गंदगी के अम्बार से पटा है।

शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी मौन है। व्यापारी नेता पवन वर्माए लालचंद सेठए अभय यादवए गोबिंद सोनकर आदि ने जिला प्रशासन से सरोवार की साफ सफाई की मांग उठाया है। इस बाबत एसडीओ पंचायत राजेश सिंह ने बताया कि त्योहार से पूर्व सरोवर की साफ सफाई रोस्टर लगाकर कराया जायेगा।

### बिनु सत्संग विवेक न होई राम कथा बिनु सुलभ न कोईः डा अखिलेश चंद्र पाठक

**जौनपुर।** पूर्वांचल की आस्था का केंद्र शीतला चौकियां धाम में श्री राम कथा प्रवचन के दूसरे दिन कथावाचक डा0 अखिलेश पाठक ने कहा कि ष्बिनु सत्संग विवेक न होई राम कथा बिनु सुलभ न कोईष्। आज के कलिकाल में लोगों को सत्संग की आवश्यकता है। बिना सत्संग प्रवचन से ज्ञान बुद्धि का विवेक नहीं होगा। संतों के दर्शन बिना परमात्मा की कृपा से संभव नहीं हैं। संत गुरु की कृपा से ही परब्रह्म मिलते हैं। सदगुरु संत के दर्शन मात्र से पाप का नाश होता है। वाराणसी से पधारे कथा वाचक डा0 मदन मोहन मिश्र ने प्रतिदिन दिनचर्या की पूजा पद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परमात्मा का पूजन प्रसन्न मन व भाव से करना चाहिये। प्रात:काल सूर्योदय से पहले उठना व अपने हस्तरेखा में विराजमान शक्तियों महालक्ष्मीए मां सरस्वती व नारायण का दर्शन करना चाहिये।

### गोपीपुर के ऐतिहासिक रामलीला का सपा नेता ने किया शुभारंभ

**जौनपुर।** सिरकोनी ब्लाक अंतर्गत कचगांव क्षेत्र के गोपीपुर गांव में 174 वर्ष से हो रही ऐतिहासिक बुढ़वा बाबा रामलीला समिति के तत्वावधान में शुक्रवार की रात रामलीला के अंतिम दिन लक्ष्मण शक्तिए कुम्भकरण वध व मेघनाथ वध का भावपूर्ण मंचन किया गया। इसके पहले रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य सपा नेता अजय त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विक्रम गुप्त ने रामजानकी की आरती उतारी। अजय त्रिपाठी ने कहा कि प्रभू राम के आदर्शों को हर व्यक्ति को अपने अन्दर उतारना चाहिएए तभी रामलीला सार्थक होगा। गुप्त ने कहा कि आप लोगों के सहयोग से यह ऐतिहासिक रामलीला अच्छे ढंग होती आ रही है। रामलीला मंचन के अंतिम दिन लक्ष्मण शक्ति के दृश्य में मेघनाथ द्वारा लक्ष्मण को शक्ति बाण लगने पर रामादल में खलबली मच जाती है। राम का विलाप देख दर्शकों के आंखों से आंसू छलक गये एवं लोग भावविभोर हो गये।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे निर्माण की समीक्षा में काम में तेजी लाने के निर्देश

# गुणवत्ता को लेकर फटकार

संवाददाता। बाराबंकी



**अपर** मुख्य सचिव ग्रह व मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा अवनीश कुमार अवस्थी शनिवारको सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे कैंप आफिस पैकेज .2 पहुंचकर मौके की प्रगति का निरीक्षण किया व गहन समीक्षा की। इस दौरान श्री अवस्थी ने समीक्षा के दौरान कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को धीमी प्रगति पर कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने मौके पर जाकर निर्माणाधीन सड़क का भी निरीक्षण किया और कुछ आंशिक कमियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्य में सुधार के निर्देश दिएं ।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज सुबह 9 बजकर 45 मीनट पर हैदरगढ़ क्षेत्र के पेचरूआ गांव के पास स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस. वे के कैंप आफिस पैकेट .2 पर उनका हैलीकॉप्टर उतरा और प्रांगण स्थित आफिस में सबसे पहले कार्यदाई संस्था गायत्री प्रोजेक्ट के अधिकारियों के साथ आईडीसी आलोक टंडन की अध्यक्षता में एसीएस इंडस्ट्रीज के आलोक कुमार की मौजदूगी में अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने गहन समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने गायत्री प्रोजेक्ट द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों की प्रगति जानी और धीमी प्रगति पर उन्होंने कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को फटकार लगाई। समीक्षा बैठक के बाद श्री अवस्थी ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि आईडीसी आलोक टंडन व एसीएस इंडस्ट्रीज के आलोक कुमार की टीम के साथ समीक्षा बैठक की गई है। जिसमें पैकेज .1 व 2 के अधिकारियों व गायत्री प्रोजेक्ट के सभी सीनियर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि मुख्यमंत्री की मंशा के मुताबिक लखनऊ से बाराबंकी का पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का जो हिस्सा है उसे हर हालत में 26 जनवरी 2021 तक चालू करना है । हलांकि पैकेज 1 में रेलवे ब्रिज आरोबी व पैकेज 2 में गोमती नदी का पुल का निर्माण थोड़ा क्रिटिकल है जिसे दिन प्रतिदिन मॉनिटरिंग करके निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री नेपूर्वांचल के साथ पूरे प्रदेश के लिए यूपीडा के इस प्रोजेक्ट को हर हालत में गुणवत्ता पूर्ण सड़क देने का निर्देश दिया है। इसी कड़ी में आज हमने पहली बैठक की हैए जिसमें सभी अधिकारियों ने पूरी तरह से आश्वस्त किया है कि जनवरी के अन्त तक इस प्रोजेक्ट को पूरा करेंगे। इसके अलावा यूपीडा के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे सड़क का काम लगभग 23 व पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का 63 प्रतिशत कार्य को पूर्ण कर लिया गया है।

## सड़क हादसों में महिला लेखपाल की मौत, दो अन्य हुए घायल

संवाददाता। बाराबंकी

**शनिवार** को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई मार्ग दुर्घटनाओं में एक महिला लेखपाल की मौत हों गयी जबकि दो अन्य लोग गंभीर रुप से घायल हो गए जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार तहसील रामसनेहीघाट में लेखपाल के पद पर तैनात सोनी सिंह जो अभी हाल हीं में सुल्तानपुर जिले से स्थानान्तरित होकर यहां आयी थी बताया जाता है शनिवार की प्रात लखनऊ से रामसनेहीघाट जा रही थी कि अयोध्या लखनऊ हाइवे पर सफदरगंज थाना क्षेत्र के ऊधौली के निकट अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गई।गंभीर अवस्था में स्थानीय लोगो की मदद से उन्हें जिला अस्पताल में लाया जा रहा था रास्तें में उनकी मौत हों गई। सूचना पर पहुँची पुलिस नें शव का पोस्टमार्टम कराया है।वही दूसरी घटना बदोसरांय टिकैतनगर मार्ग कोटवाधाम मुख्य चौराहे पर पिकप और बाइक की टक्कर मे दो युवक गम्भीर रूप से घायलहो गए। जिन्हे एम्बुलेंस से सी एच सी सिरौलीगौसपुर ले जाया गया जहां दोनो युवकों की हालत गम्भीर देखते हुये जिला अस्पताल रेफर किया गया है । बताते चलें की जनपद सीतापुर के थाना तालगांव क्षेत्र के ग्राम परसेन्डी के गोविन्द पुत्र रामलखन व मुस्लिम पुत्र नूर अली टिकैतनगर मे रूककर कपडा फेरी मे बेंचते थे ।शनिवार की सुबह परसेन्डी से टिकैतनगर जा रहे थे सुबह करीब 7 बजे कोटवाधाम मुख्य चौराहे पर बाइक सवारों को पिकप हॉफ डाला नम्बर यू पी 41 ए टी 3381 ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमे गोविन्द 25 वर्ष का दाहिना पैर 80 प्रतिशत तक कट गया जब कि उसका दूसरा साथी मुस्लिम 20 वर्ष का पैर टूट गया ।स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल एम्बुलेंस को बुलवाकर दोनों घायलों को उपचार के लिये भिजवाया है ।

## पराली जलाने के नाम पर हो रहा किसानों का उत्पीड़न: प्रमोद तिवारी

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

**कांग्रेस** वर्किंग कमेटी के सदस्य व यूपी आउटरीच कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने पराली जलाये जाने के नाम पर प्रदेश मे किसानो को परेशान किये जाने तथा उन पर अनावश्यक आपराधिक मुकदमे ठोंककर उत्पीडन को लेकर कडी नाराजगी जताई है। प्रमोद तिवारी ने सरकार से कहा है कि प्रदेश मे किसी किसान ने यदि अनजाने मे अपनी फसल का अपशिष्ट कूडे के रूप मे जला दिया तो उसे फर्जी मुकदमें का भय दिखाकर परेशान किया जा रहा है। शनिवार को सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने मुख्यमंत्री से किसान उत्पीडन की इस अनुचित कार्रवाई को लेकर आग्रह किया है कि वह प्रशासन को निर्देश दे कि किसी भी कीमत पर किसानो का शारीरिक एवं आर्थिक उत्पीडन न किया जाय। श्री तिवारी ने सरकार व प्रशासन को सलाह दी है कि किसान के द्वारा जहां पराली जलाई गई हो ऐसे मे उसे बुलाकर समझाया जाय न कि अनावश्यक रूप से पराली जलाने के नाम पर स्थानीय प्रशासन किसानो मे भय एवं आतंक पैदा करके जबरन धन उगाही करे। प्रमोद तिवारी ने प्रतापगढ़ समेत प्रदेश के कई जिलो मे लगातार इधर पराली जलाये जाने के नाम पर किसानो के उत्पीडन को अत्यन्त चिंताजनक व अफसोसजनक कहा है। बकौल प्रमोद तिवारी मैनपुरी जिले मे पांच किसानो का तो पुलिस ने कॉलर पकड़कर घसीटते हुए थाने ले गई और बाद मे कोई सुनवाई न करते हुए मासूम भोलेभाले किसानो को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस समय यूपी मे किसान अपनी उपज का सही मूल्य न मिलने तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान सहित खरीफ की अन्य फसलो की खरीद न होने के कारण आर्थिक रूप से त्रस्त व परेशान है। ऐसे मे प्रमोद तिवारी ने प्रशासन की तल्ख आलोचना भी करते हुए कहा कि पराली के नाम पर किसानो का भयंकर उत्पीडन व लूट यदि बंद नही कराई गई तो कांग्रेस अब खामोश नही रहेगी। प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करे कि धान की खरीद अठारह सौ से उन्नींस सौ रूपये तब तक क्रय केंन्द्रो पर की जाय जब तक गरीब किसान के पास मुटठी भर धान उपलब्ध है। धान खरीद के समर्थन मूल्य पर प्रदेश सरकार को आडे हाथो लेते हुए श्री तिवारी ने कहा कि यूपी का सीमावर्ती छोटा सा राज्य छत्तीसगढ़ की सरकार तो वहां के किसानो को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य पचीस सौ रूपये प्रति क्विंटल दे रही है तो प्रदेश की सरकार किसानो का उनकी उपज का दोगुना मूल्य देने का दम्भ भरने के बावजूद आज यहां के किसानो का पचीस सौ रूपये प्रति क्विंटल खरीद क्यों नही दे रही है।

## जनसेवा केंद्र पर ड्राइविंग लाइसेंस की सेवा, परिवहन विभाग कर रहा तैयारी

संवाददाता। प्रतापगढ़

**आवेदकों** को नुकसान से बचाने व दफ्तर के कार्यों में पारदर्शिता लाने की कवायद परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों ने शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में वाहन व ड्राइविंग लाइसेंस सम्बंधी किसी भी कार्य के लिए आवेदक को एआरटीओ ऑफिस जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे सभी कार्य परिवहन विभाग की ओर से नामित जनसेवा केन्द्र से भी कराए जा सकेंगे।वाहन के रजिस्ट्रेशन, ट्रांसफर, फिटनेस, रोड टैक्स, परमिट, पता परिवर्तन से लेकर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदक को एआरटीओ ऑफिस तक जाना होता है। ऐसे में दफ्तर के बाहर घूमने वाले दलाल उनसे मनमाना पैसा वसूल लेते हैं। जब इसकी जानकारी दफ्तर के जिम्मेदारों को होती है तो वह भी पल्ला झाड़ लेते हैं। ऐसे में नुकसान हर हाल में आवेदक का ही होता है। परिवहन आयुक्त धीरज साहू ने प्रदेशभर के आरटीओ/एआरटीओ को निर्देश दिया है कि इन कार्यों के लिए तहसील स्तर पर दो व ब्लॉक स्तर पर एक जनसेवा केन्द्र संचालक चिह्नित किया जाएगा। उसे परिवहन विभाग की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण लेने के बाद जनसेवा केन्द्र संचालक वाहन व ड्राइविंग लाइसेंस सम्बंधी सभी तरह के ऑनलाइन आवेदन कर सकेगा। इससे आवेदक सम्बंधित विकास खंड अथवा तहसील मुख्यालय पर अपनी समस्या का निस्तारण कर सकेगा।

जनसेवा केन्द्र की ओर से परिवहन विभाग की वेबसाइट पर किए गए आवेदन में अगर किसी तरह की त्रुटि न मिली तो उसे हर हाल में सम्बंधित लिपिक सात दिन के अंदर अप्रूव कर देगा। इसके बाद जनसेवा केन्द्र संचालक उसका प्रिंट निकालकर आवेदक को दे सकेगा।

वाहन व ड्राइविंग लाइसेंस सम्बंधी कार्यों के निर्धारित शुल्क में परिवहन विभाग की ओर से संशोधन करने की योजना है। इससे एक निर्धारित शुल्क नामित जनसेवा केन्द्र संचालकों को भी मिल सकेगा जिससे परिवहन विभाग की ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने में उनकी रुचि बनी रहे।

### दफ्तर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे अनाधिकृत लोग

**परिवहन** आयुक्त का निर्देश है कि प्रदेशभर के एआरटीओ दफ्तर के आसपास से अतिक्रमण हटवाए जाएं और मुख्य गेट सहित परिसर में भी अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित सम्बंधी बोर्ड लगाया जाए। इससे उसी व्यक्ति को कार्यालय में प्रवेश की अनुमति होगी, जो अधिकृत होगा।

## कार्यशाला में सफाई कर्मियों को प्रशिक्षण



संवाददाता। मुसाफिरखाना, अमेठी।

**स्थानीय** विकास खण्ड स्थित सभागार में स्वच्छ भारत मिशन के द्वितीय चरण में सफाईकर्मियो का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई ।कार्यक्रम के तहत ओडीएफ स्थिरता गॉवों में कचरा प्रबंधन एवम जागरूकता के सम्बंध में जानकारियां दी गई। शनिवार को स्थानीय ब्लॉक सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी प्रदान करते हुए ट्रेनर आर पी सिंह ने स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मष्तिष्क का निर्माण होता है ।साफ सुथरे वातावरण में आदर्श नागरिक का निर्माण सम्भव होता है ।उन्होंने द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ओडीएफ स्थिरता गॉवों में कचरा प्रबंधन एवं जागरूकता के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।कार्यक्रम में एडीओ पंचायत अरविंद श्रीवास्तव शीलवन्त सिंह आदि मौजूद रहे।

## कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाएं किसान

**ललितपुर।** जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के समस्त कृषक भाईयों को सूचित किया है कि जनपद में कृषि विभाग के कृषि रक्षा अनुभाग द्वारा संचालित विभिन्न पारिस्थितिकीय संसाधनो द्वारा कीटध्रोग नियंत्रण योजनान्तर्गत कृषकों को अपनी फसलों में कीटनाशक रसायनों के छिडकाव हेतु स्प्रे मशीने लक्ष्य बीस मानव चालित एवं बीस शक्ति चालित कृषि रक्षाउपकरणों पर कृषकों को वितरण हेतु टोकन जनरेट की व्यवस्था दिनाँक दस नवम्बर 2020 से प्रारम्भ हो रही है। जनरेट वाली लिंक पर जाकर अपना कृषक पंजीकरण एवं अपने आधार के द्वारा आप स्वयं टोकन जनरेट कर सकतेहै। टोकन जनरेट करने के बाद जो भी टोकन धनराशि होगी उसे कृषक द्वारा स्वयं यूनियन बैंक ऑफ इंण्डिया में जमा कर जमा पर्ची के साथ अन्य दस्तावेजों के साथ जमा करें।

## मिलावटी शराब व गांजे के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता। तिलोई, अमेठी



**पुलिस** अधीक्षक अमेठी द्वारा जनपद में चलाये जा रहे नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत थाना शिवरतनगंज पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की हैद्यपुलिस ने भारी मात्रा में अपमिश्रित शराबएशराब की शीशी, ढक्कन, गत्ता, स्प्रिट, प्लास्टिक ड्रम और भारी मात्रा में गांजा बरामद किया हैद्य

जानकारी के मुताबिक शिवरतनगंज थानाक्षेत्र में अवैध अपमिश्रित शराब की बिक्री के विरूद्ध अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को उनि उपेन्द्र प्रताप सिंह थाना शिवरतनगंज मय हमराह चौकी प्रभारी इन्हौना तनुज कुमार पालद्वारा मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करके मोटरसाइकिल पर सवार दो अभियुक्त चौहरजा पुत्र राम मनोबर नि0 पासिन का पुरवा मजरे बसन्तपुर थाना शिवरतनगंज व संतोष कुमार प्रजापति पुत्र राम कुमार नि0 बसन्तपुर थाना शिवरतनगंज को पासिन पुरवा मोड़ चित्थरशाह बाबा मजार के पास से गिरफ्तार किया । अभियुक्त चौहरजा के कब्जे से एक पेटी में 40 शीशी अवैध अपमिश्रित शराब व अवैध गांजा बरामद हुआ तथा अभियुक्त संतोष कुमार प्रजापति के कब्जे से अवैध गांजा बरामद हुआ । पूछताछ में अभियुक्त संतोष कुमार प्रजापति ने बताया कि मेरा लड़का देशराज बाहर से स्प्रिटएशीशीए रैपरए ढक्कन तथा पेटी बनाने का गत्ता लाता है । हम लोग स्प्रिट से नकली शराब बनाकर उस पर नकली रैपर लगाकर हाइवे पर ढ़ाबों पर खड़ी ट्रक वालो को बेचते हैं । गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर ग्राम पासिन का पुरवा के पास एक खण्डहर में मोमबत्ती की रोशनी में एक व्यक्ति शीशीयों पर रैपर चिपकाकर अवैध अपमिश्रित शराब बना रहा था पुलिस टीम द्वारा दबिश देने पर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा । गिरफ्तार अभियुक्तों ने भागने वाले अभियुक्त का नाम देशराज पुत्र संतोष कुमार प्रजापति निवासी बसन्तपुर थाना शिवरतनगंज बताया ।

## अज्ञात कारणों से आठ दुकानों में लगी आग, लाखों का नुकसान

संवाददाता। फतेहपुर बाराबंकी



**शुक्रवार** की रात बेल चौराहे पर एक दुकान में अज्ञात करणों से लगी आग से आठ अस्थाई दुकानें जलकर राख हो गई। इन दुकानों में तीन सब्जी की दुकानए एक होटलए दो पान की दुकान व तीन लइ.गुड की दुकानें शामिल हैं। आग से करीब लाखो रुपये की छति हुई। रात्रि ड्यूटी में तैनात होमगार्ड ने सूचना चौकी पर दी। मौके पर पहुंची दमकल ने रात्रि के अंधेरे में घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत एंडौरा निवासी अम्बर गोस्वामी की सूरतगंज चौकी के बेल चौराहे पर लइया.गुड की अस्थाई दुकान में देर रात्रि अज्ञात करणों से आग लग गई। आग की लपेट में आकर सूरतगंज कस्बे के शकील की पान गुमटीए एंडौरा के गुड्डू के पान की गुमटीए सूरतगंज कस्बे के राईसए अल्ताफए जियाउल की सब्जी के दुकानेए रिक्षला के शोभा का होटल के साथ यही के पांचू की लइया.गुड की दुकान जल कर खाक हो गई। सभी दुकानें अस्थाई रुप से बेल चौराहे पर सूरतगंज.हेतमापुर सड़क मार्ग पर संचालित होती थी। करीब एक घंटे के बाद सूरतगंज कस्बे का गश्त कर रहे होमगार्ड की नजर आग की और गई। तो उसने इसकी जानकारी सूरतगंज चौकी प्रभारी सुरेशचंद्र मिश्रा को दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दमकल को घटना से अवगत करया। घटनास्थल पर पहुंची दमकल ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से अम्बर का नगदी सहित करीब एक लाख का मॉलए राईसए अल्ताफए जियाउल के करीब पचास हजार नगदी व सब्जियांए शकील व गुड्डू के करीब पच्चीस .पच्चीस हजार के पान का सामान नगदी सहितए पांचू का करीब पचास हजार का मॉल जलकर राख हो गया है। उपजिलाधिकारी रामनगर राजीव शुक्ला ने बताया कि दुकानों को क्षतिपूर्ति देने का कोई प्रवधान नहीं है।

## किसानों को बीस घंटे बिजली दे प्रशासन

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष तिलक यादव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वप्रथम वर्तमान में संचालित स्नातक क्षेत्र विधायक के निर्वाचन को लेकर चर्चा करते हुये मतदाताओं से लगातार जनसम्पर्क किये जाने पर विचार.विमर्श किया गया। सभी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वह समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराने के लिए मतदाताओं को जागरूक करें। इसके अलावा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जायें। बैठक में वर्तमान में किसानों को रबी फसल बुवाई के लिए पानी और बिजली की महती आवश्यकता को देखते हुये बीस घण्टे निर्बाद्ध आपूर्ति दिये जाने और विद्युत संयोजन की राशि दो हजार रुपये किये जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। तिलक यादव ने कहा कि पार्टी ने शिक्षकों के हितार्थ कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन करते हुये उन्हें लाभान्वित किया है।

### औचक निरीक्षण में खुली पोल

## टोकन के दिन ही आएं किसान: एसडीएम

संवाददाता। सिरौलीगौसपुर बाराबंकी

**उपजिलाधिकारी** प्रतिपाल सिंह चौहान ने विपणन धान क्रय केन्द्र बदोसराय का औचक निरीक्षणकिया। क्रय केंद्र पर मौजूद किसानो से बातचीत कर सुनी समस्याऐं । केंद्र परिसर में अव्यवस्थित धान लदी ट्रालियों को देखकर नाराजगी जताई । परिसर में खड़ी किसानों की ट्रालियों का टोकन नंबर भी जारी किया।केंद्र प्रभारी को बैरियर लगाने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा जिन किसानों के पास टोकन का नम्बर जिस दिन का हो उसी दिन किसान ट्रैक्टर ट्राली लेकर अंदर आए। जिससे कि परिसर में अव्यवस्था ना हो तथा मंगलवार व शुक्रवार को छोटे किसानों का धान प्राथमिकता के साथ तौलने के निर्देश केन्द्र प्रभारी को दिया है । शनिवार को क्रय केन्द्र बदोसराय पर अचानक से एसडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान पहुचे केंद्र पर किसानो की लगी भीड को देख कर किसानों बातचीत करते हुए एसडीएम ने एसएमआई तेजभान सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि केन्द्र पर आए हुए किसान जिनकी धान की ट्रालिंया केन्द्र पर लगी हुयी हैं।उनका धान शीघ्राति शीघ्र तौल करें तथा मंगल व शुक्रवार को छोटे किसानों के धान की खरीद की जाय।विपणन केन्द्र बदोसरांय मे आज तक 50 किसानों से 2780 कुन्टल धान की खरीद की गयी है।उपजिलाधिकारी ने बताया कि केंद्र पर किसानों की भीड़ अधिक है जिसके लिए केंद्र प्रभारी को धान खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।वही जिनका नम्बर हो वही परिसर में किसान आये जिससे किसानों के धान की तौल हो जाये और केन्द्र पर जाम न लगे।

## क्विक न्यूज

### युवक ने लगाई फांसी, मचा कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के दूलापुर नरायनपुर गांव मे शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियो मे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव के बृजलाल के पुत्र सूरज प्रजापति 21 का शव सुबह ग्यारह बजे घर के अंदर एक कमरे मे फांसी के फंदे पर झूलता पाया गया। युवक की मौत की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। सूत्रों के मुताबिक मृतक गंभीर बीमारी से पीडित था। इधर हाल ही मे कुछ माह पूर्व मृतक एक दुर्घटना मे घायल भी हो गया था। जिसके चलते उसका एक पैर डाक्टरो ने बचाव के लिए काट दिया था। आपरेशन होने के कारण बैशाखी के सहारे चला करता था। लोगों के मुताबिक मृतक इधर कुछ ज्यादा बीमार भी चल रहा था। मृतक का पिता परिवार के जीविकोपार्जन के लिए एक छोटी सी गुमटी मे चाय की दुकान चलाया करता है। आशंका है कि गंभीर बीमारी को लेकर तनाव से गुजर रहे युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक दो भाई थे। उसका छोटा भाई राजकुमार भी घर पर रहकर पिता के साथ कारोबारी मे हाथ बंटाया करता है। परिजनो ने पुलिस को सूचना दिये बगैर मृतक का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। इस बाबत कोतवाली के एसएसआई रामअधार यादव का कहना है कि घटना की पुलिस को सूचना नही है। चौकी पुलिस से जांच कराई जाएगी।

### 50 किलो गोमांस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज उ0नि0 इंग्लेश तिवारी थाना मुसाफिरखाना मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त ताहिर अली उर्फ बल्लू पुत्र रज्जब अली नि0 तकिया मजरे जमुवारी थाना मुसाफिरखाना को रेलवे क्रासिंग ग्राम इसौली के पास से समय 07रू10 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 50 किलो गोमांस बरामद हुआ । थाना मुसाफिरखाना द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### दिल्ली से वाराणसी जा रही बस अमेठी में पलटी, 6 घायल

**अमेठी।** जिले के फुरसतगंज थाना इलाके में तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पलट गयीए जिसमें करीब 6 लोग जख्मी हो गये। जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। फुरसतगंज थाना इलाके के अकेलवा चौराहे पर एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें करीब 6 लोग जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों और पुलिस की सहायता से उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गयाए जहां एक की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने ट्रक की टक्कर से अधेड़ की मौत को लेकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे पीतम्बर निवासी त्रिलोकनाथ द्विवेदी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती शुक्रवार को दिन मे तीन बजे उसका भाई प्रमोद दुबे 45 लालगंज-कालाकांकर रोड पर मुडियन के पुरवा के पास सड़क पार कर रहा था। अचानक तीव्र गति से आ रही ट्रक ने उसके भाई को कुचल दिया। घटनास्थल पर ही भाई की दर्दनाक मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है।

### मनाया गया स्थापना दिवस

**बाराबंकी** स्थानीय सेठ एमआर जयपुरिया विद्यालय के प्रांगण में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड का 70 वा स्थापना दिवस समारोह मनाया गया सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन जिला गायक कमिश्नर श्रीमती रश्मि गुप्ता विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती भारती मनकानी जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पेड़ लगाओ खुशहाली लाओ का नारा देते हुए जिला गायक कमिश्नर और जिला स्काउट मास्टर को एक पौधा प्रदान किया इस अवसर पर ब्लाक गेट कैप्टन वैशाली सरिता रस्तोगी पूनम गुप्ता रुचि वर्मा जयपुरिया विद्यालय के स्काउट मास्टर व्यायाम शिक्षक सतीश पांडेय सुषमा यादव लक्ष्मी सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### अल्पसंख्यक मोर्चे की बैठक सम्पन्न

**बाराबंकी।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की मासिक बैठक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष फारूक अंसारी के आवास पर शहावपुर में सम्पन्न हुयी। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा अल्प संख्यक मोर्चे के वरिष्ठ नेता राजा कासिम रहे। श्री कासिम ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा फ्रांस की घटना इस्लाम को बदनाम करने का षड्यन्त्र इस्लाम विरोधी ताकतों ने रचा था। हमारे नबी हुजुर सल्ला लाहे वाले वस्लम ने पत्थर खाकर व तमाम सारे जुल्म सहकर इस्लाम को दुनिया का आलाधर्म बनाया था, यहां तक अपने पूरे खानदान की कुर्बानी देकर यह साबित किया था कि इस्लाम से नफरत का कोई लेना देना नहीं है। हमारे मौला अली मकाम, हजरत इमाम ए हुसैन ने अपनी गर्दन कटाकर इस्लाम को बचाया था। इस्लाम में जो गर्दन काटता है वह मुस्लमान नहीं हो सकता है। श्री कासिम ने आगे कहा कि फ्रांस की घटना को लेकर जिन मुसलमानों ने विरोध किया है, उन्होंने अनजाने में इस्लाम विरोधी काम करके आतंकियों का मनसुबा बढ़ाया है। आज की बैठक में गुलाम दस्त गीर वारसी, शैजी रिजवी, फराज हुसैन विक्की, अत उल्ला अन्सारी, अब्बास अली, मकासिद रजा, नदीम जैदी, फजल हुसैन, के साथ आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने दिये सख्ती के निर्देश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पराली जलाए जाने को लेकर एसडीएम ने मातहतो को नियमित रूप से गांव भ्रमण कर सतर्कता बरतनें के निर्देश दिये है। तहसील सभागार मे राजस्व निरीक्षको तथा लेखपालो की बैठक मे एसडीएम राम नारायण ने खेतो मे किसी भी कीमत पर धान की अपशिष्ट जलाए जाने की स्थिति मे क्षेत्रीय लेखपालो के विरूद्ध कडी कार्रवाई की चेतावनी दी है। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षको को प्रतिदिन अपने आवंटित क्षेत्र मे लगातार भ्रमण के जरिए पराली जलाए जाने के पूर्ण प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने को कहा है। उन्होने लेखपालो को खेत मे पराली जलाये जाने की स्थिति मे आरोपियो को चिन्हित कर उसी दिन संबंधित थाने मे एफआईआर दर्ज कराए जाने के भी कडे निर्देश दिये है। बैठक मे नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा ने एसडीएम को पर्यावरण प्रदूषण के नियंत्रण को लेकर कार्रवाईयों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर आरके रामलोचन त्रिपाठी, आरके अमरनाथ सरोज, लेखपाल संघ के अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी, प्रदीप सिंह, सुरेश यादव आदि रहे।

### सामुदायिक सौहार्द को लेकर हुआ सांस्कृतिक जागरण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के शीतलमऊ वार्ड मे शुक्रवार की देर शाम को सामुदायिक सौहार्द तथा भाईचारे को लेकर सांस्कृतिक जागरण का कार्यक्रम हुआ। कोरोना महामारी को लेकर सोशल डिस्टेंसिग के बीच कार्यक्रम के दौरान लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा पर भी कलाकारों ने मनमोहक चेतना गीत प्रस्तुत किये। सांस्कृतिक दल के संयोजक मुकेश शुक्ला ने व कलाकारों ने सामाजिक सरोकार को लेकर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान हुए मांगलिक उत्सव मे शामिल ग्रामीणों ने नवजात सम्राट सिंह का अभिषेक भी किया। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य कुंवर रवीन्द्र सिंह ने अतिथियो का स्वागत व बीडीसी गीता सिंह ने आभार जताया।

### पूर्व सांसद प्रियंका सिंह का हैदरगढ़ में स्वागत


**सिद्धौर बाराबंकी।** शनिवार सुबह हैदरगढ़ जाते हुए प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद बाराबंकी प्रियंका सिंह रावत का भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोठी स्थित मदारपुर रोशन जमा खा मोड़ नहर पुलिया पर स्वागत किया और नेहा भारती जी के द्वारा माल्यार्पण किया गया इस मौके पर भाजपा मंडल मंत्री दिलीप सिंह परमार व रवि भारती ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

पायनियर
रविवार, 8 नवंबर, 2020



आप जीवन में किसी भी स्थिति से गुजर रहे हों, मगर कभी हार न मानें
- मारिया कैरी





# रामायण की प्रासंगिकता

**चाहे हम वाल्मीकि के मौलिक कार्य से प्रेरणा ग्रहण करने का तय करें या तुलसीदास के भक्तिपूर्ण पाठ से, मगर तथ्य यह है कि राजकुमार राम की किंवदन्ती हमारे भीतर वास करती है। हमारी बेचैनियों के कारण यह हममें जीवित रहती है। माधवी एस महादेवन की रिपोर्ट...**

अपार धार्मिक त्योहारों के साथ विजयादशमी या दशहरा अभी भी भारतीय समाज में विशेष बने हुए हैं। नवरात्र के अंत को चिन्हित करते हुए, हम बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाते हैं। दोहरी विजय- देवी दुर्गा की महिषासुर पर तथा मर्यादा पुरुषोत्तम राम की दस सिरों वाले लंकापति रावण पर। कोई भी जिसने रावण, उसके दो राक्षस भाइयों, कुंभकर्ण और मेघनाथ की विशाल पुतलों को जलते देखा है, वे इसको भूल नहीं सकते हैं जो नौ रातों के बाद एक शुभ अंत आता है जब दुनिया के सबसे प्राचीन महाकाव्यों में से एक, रामायण का रामलीला के रूप में न केवल भारत बल्कि विश्व के अनेक देशों में मंचन किया जाता है।

महर्षि वाल्मीकि की रामायण (राम की यात्रा), संस्कृत में 24000 श्लोकों वाला काव्य भारत का एक प्रधान साहित्यिक ग्रंथ है, कला और संस्कृति में ऐतिहासिक पड़ाव, न सिर्फ  उपमहाद्वीप, लेकिन समूचा दक्षिण पूर्व एशिया। कहानी, राम के बारे में है, एक भले, कर्तव्यनिष्ठ राजकुमार जो अपहरणकर्ता रावण के चंगुल से अपनी पत्नी सीता को स्वतंत्र कराते हैं।

हालांकि राम की कठिनाइयां  बहुत पहले शुरू हो जाती हैं, उनके राज्याभिषेक की संध्या पर, जब अपनी सौतेली मां के दांवपेंचों के कारण, उन्हें चौदह साल के वनवास पर जाना पड़ता है।

राम-सीता, लक्ष्मण के साथ जंगल को जाते हैं। एक घटनाक्रम में राक्षसी सूर्पनखा राम और लक्ष्मण के सामने विवाह का प्रस्ताव रखती है। जब दोनों भाई इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर देते हैं तब वह सीता पर आक्रमण करने को झपटती है। इससे क्रोधित लक्ष्मण उसके नाक-कान काट देते हैं। इसके बाद सूर्पनखा अपने भाई, परम शक्तिशाली राजा, रावण को उकसाती है, जो सीता का अपहरण कर लेता है और उसे अपने सुदूर राज्य लंका में ले जाकर कैद कर देता है। सीता को छुड़ाने की अपनी कोशिशों में, राम को वानर सेना के राजा सुग्रीव और हनुमान से सहायता मिलती है। उसके बाद भयानक युद्ध होता है। रावण मारा जाता है। सीता के साथ पुनर्मिलन होता है। राम राजकाज संभालने के लिए अयोध्या लौटते हैं।

हालांकि वाल्मीकि ने रामायण का जो पौधा लगाया था, वो अब महाविशाल जंगल बन गया है। गंगा के मैदानी इलाकों में इसकी उपशाखाओं में है रामचरितमानस। सोलहवीं सदी के वैष्णव संत, तुलसीदास द्वारा अवधी भाषा में रचित चौपाइयां आज भी हिन्दू घरों में बड़ी श्रद्धा के साथ गाई जाती हैं। जहां वाल्मीकि का काम अत्यधिक उच्च साहित्यिक दर्जे का है, दूसरी ओर रामचरित मानस को पवित्र पुस्तक का दर्जा प्राप्त है। राम मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में विराजमान हैं, यानी वो व्यक्ति जिसने उत्तम स्तर पर उचित आचरण किया है।

हालांकि इसकी भक्ति ने अनेक लोगों को सुकून प्रदान किया है, मगर रामचरितमानस ने रंगीन सालाना उत्सव ने अपार लोकप्रिय मंचीय आयोजन, रामलीला को भी प्रेरित किया है। कहा जाता है कि इसका सबसे पहला प्रदर्शन लगभग 480 साल पहले वाराणसी में हुआ था। बाद में, जब हिन्दू आप्रवासी विदेशों में गए, रामलीला की परंपरा ने भी फिजी, मारीशस, दक्षिण अफ्रीका, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिडाड और टोबेगो की यात्रा की। भारत के भीतर, हालांकि रामायण के विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में संस्करण हैं, मगर रामलीला प्रदर्शन उत्तर में लगभग विशिष्ट हैं।

कथा का कांड आधारित उपख्यानात्मक ढांचा स्वयं में अभिनय आधारित है। वैयक्तिक उपाख्यानों में वन गमन, सीता हरण, लंका दहन, रावण वध जैसे शीर्षक हैं। हालांकि ये मूल कहानी से मिलते जुलते हैं, मगर इन शौकिया नाट्यरूपांतरणों को एक शुद्धतावादी के बदतर दु:स्वप्न का साकार होना कहा जा सकता है। प्रोडक्शन के हर पहलू - लाइट से लेकर संगीत, पटकथा, निर्देशन और अभिनय तक - के लिए स्थानीय प्रतिभा का उपयोग करके वे अक्सर बालीवुड शैली वाले मनोरंजन को मिला देते हैं। गाने, डांस और सबसे महत्वपूर्ण संवाद रामचरितमानस के संदेशों की पुनरावृत्तियों से सजे होते हैं।

रामचरित मानस का उपदेशात्मक गुण, रामलीला के प्रभावी मंचन ने किंवदन्ती की लोकप्रियता के योगदान किया है, लेकिन, पिछले सौ सालों में, फिल्म निर्माण आदि-कथा के प्रसार का माध्यम बन गया है। दादा साहेब फाल्के, जिन्होंने भारत की पहली फिल्म, राजा हरिश्चन्द्र (1913) बनाई थी, उन्होंने साल 1917 में लंका दहन भी बनाई। हालांकि, श्रेय विजय भट्ट को जाता है जो, विवादास्पद रूप में, सर्वाधिक सक्षम तथा, अपने समय में, महाकाव्य के स्क्रीन रूपांतरण में अत्यंत सफल रहे, जिन्होंने भरत मिलाप (1942) और राम राज्य (1943) फिल्म बनाई। संभवतया, रामराज्य उन दो फिल्मों में से एक थी जिसे महात्मा गांधी ने कभी देखा था। हालिया दौर में, रिकार्ड दर्शक संख्या का ताज टेलीविजन पर सबसे पहले वर्ष 1987 में और फिर हाल में अप्रैल 2020 में पुन:प्रसारित रामानंद सागर कृत रामायण को जाता है जब इसने दूरदर्शन के अनुसार, 7.7 करोड़ दर्शकों को अपने साथ जोड़ा था। पुन: प्रसारण के बाद, सोशल मीडिया मीम्स और बहसों में उलझ गया, मसलन मंथरा को दुनिया का लोकप्रिय खलनायक का दर्जा दिया गया, जो साबित करता है कि कहानी सदाबहार है। यह इस प्रश्न को भी उठाता है: राम की कथा आधुनिक दर्शकों को क्या प्रस्तावित करती है?

आम लोगों में, 25 से 40 आयुवर्ग में, सबसे बुजुर्ग लोग बच्चे थे जब 1987 में यह धारावाहिक प्रसारित हुआ था तो समूचा परिवार टीवी से चिपक जाता था। बाद के वर्षों में, जैसे ही देश ने अपनी सामाजिक छवि हटाई और अधिक उदारवादी आर्थिक नीतियों को अपनाया, वे रोजगार बाजार में प्रवेश कर गए। पिछली पीढ़ियों की तुलना में बेहतर शिक्षित, इंटरनेट सक्षम, उन्होंने सरकारी नौकरी के धीमे मगर स्थिर अवसर के ऊपर आए दिन नौकरियां बदलने को स्वीकार करते हुए, प्राइवेट सेक्टर द्वारा वचनपोषित त्वरित विकास को पसंद किया है। अपनी पेशेवर व व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं पूरी करने के लिए तकनीक का सहारा लेकर, उन्होंने रचनात्मकता और मूल्य-वृद्धि पर जोर दिया है। आर्थिक रूप में अपने माता पिता से अधिक सक्षम होना, अपना घर और कार होना तथा अपने बच्चों को अधिक आरामदायक जीवनशैली मुहैया करना एक आम चलन बन गया है।


हालांकि परिवार एक प्रमुख चिंता बनता है, मगर लोगों को मालूम है कि अधिक विकल्प होने ने उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाया है। हालांकि, वे सुखकारी चक्की के जाल में फंसने के मामले में होशियार हैं। हालांकि दुनिया की बढ़ती जागरूकता का अर्थ यह हुआ है कि वे अपने चुनावों में अधिक व्यक्तिवादी हैं, पर्यावरण को लेकर चिंता है, विविधता, बढ़ते समतावाद के प्रति सम्मान है। सोशल मीडिया पर सुस्पष्ट, वे सामूहिक शक्ति के जरिए, सामाजिक बुराइयों पर असहमति दर्ज कराने के लिए, बदलाव लाने के लिए तैयार हैं। फिर भी, जैसे ही नयी वास्तविकताएं सामने आती हैं, उम्मीदों ने बेचैनी को अवसर दिया है। मौजूदा कोविड -19 महामारी द्वारा भयंकर स्तर पर आई आर्थिक मंदी ने (सीएमआईई रिपोर्ट के मुताबिक) पहले से 2.1 करोड़ लोगों की नौकरियों को लील लिया है। इन हालातों में, कठिन फैसले लिए जाने चाहिए। जैसा कि असंतोष बढ़ता दिखता है और एक खास किस्म का आत्ममंथन अत्यावश्यक है, राम की कथा मिथक को लेकर कम तथा उन सभ्यतात्मक मूल्यों के परीक्षण को लेकर ज्यादा बन जाती है जिन्हें यह प्रचारित करती है।

चाहे हम वाल्मीकि की मूल रचना से प्रेरणा ग्रहण करने का फैसला करें या तुलसीदास के भक्तिपूर्ण पाठ से, मगर तथ्य यह है कि किंवदन्ती हमारे भीतर रहती है। जिस प्रकार यह हमें पोषित करती है, इसे अपनी बेचैनियों के कारण जीवित रखा जाता है। पुराने दर्शकों के रूप में, हम कहानी में है, इसके चरित्रों में अपना कुछ देखते हैं, अपने अंदर उनसे कुछ मिलता जुलता पाते हैं। जो चीज रामायण को खासतौर पर दिलचस्प बनाती है वो यह तरीका कि यह अपने नायक राम का मानवीकरण करती है, एक इंसान के रूप में जो, सबसे बुरे समय में भी, बुद्धिमानी, साहस व समर्पण के साथ काम करता है। जीवन  शिक्षाएं भारतीय वास्तविकताओं के साथ घुली मिली हैं, इस आधार पर पूर्वानुमानित है कि जो जीवन आप जीते हैं वो हमेशा वो नहीं होता है जो आप चाहते हैं, बल्कि वो होता है जो आपको मिलता है।

इसलिए, खुद के लिए गरिमा, सौम्यता व शिष्टाचार वाला आचरण चुनना प्रशंसनीय है। इसकी शुरुआत धर्म के ज्ञान से होती है- यानी यह जानना कि स्वयं के प्रति, परिवार व समाज के लिए व्यक्ति का क्या कर्तव्य है। सलाह, भले हमेशा सरल न हो, मगर ठोस होती है:  सत्य व ईमानदारी की राह पर चलें, परिवार व समाज में एकता के लिए काम करें, भिन्न संस्कृतियों का सम्मान करें, बुराई से अच्छी सलाह को छांटने में अपने फैसले का उपयोग करें, दूसरों से बुरा मत बोलें, अपने शब्दों पर ध्यान दें, अपनी इन्द्रियों पर नियंत्रण रखें यदि आप दुख से बचना चाहते हैं तो करुणामय हों। इस बात को समझें कि जीवन पल भर में अपनी दिशा बदल सकता है, स्वीकार करें कि आप क्या नियंत्रित नहीं कर सकते लेकिन उससे निपटने का उचित दृष्टिकोण व कदम के जरिए, अपना सर्वोत्तम प्रयास कर सकते हैं। अंत में, यह कठिनाई है जो व्यक्ति को स्वयं के करीब पहुंचाती है।


महाकाव्य उन प्रश्नों के लिए प्रासंगिक हैं जो वे उठाते हैं। हालांकि ये बदलते नहीं हैं, हर युग नए उत्तर तलाशता है। पौराणिक काल के अटल होने से, हम हर दशहरे के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाते हैं और हर दिवाली के साथ विजेता की घर वापसी का स्वागत करते हैं। शायद, जब इस साल के दीए जलाए जाते हैं, तो यह  स्वीकार करने का समय है कि राम राज्य वो है जो हम बनाते हैं- यानी सद्गुणों, नैतिकता व ईमानदारी पर खड़ा समाज।

- लेखक की हाल में स्पिकिंग टाइगर बुक्स से' ब्राइड ऑफ द फारेस्ट: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ययातिज डॉटर' नामक पुस्तक प्रकाशित हुई है।




गंगा के मैदानी इलाकों में इसकी उपशाखाओं में है रामचरितमानस। सोलहवीं सदी के वैष्णव संत, तुलसीदास द्वारा अवधी भाषा में रचित चौपाइयां आज भी हिन्दू घरों में गाई जाती हैं। जहां वाल्मीकि का काम उच्च साहित्यिक दर्जे का है, रामचरित मानस को पवित्र पुस्तक का दर्जा प्राप्त है, राम मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में विराजमान हैं, यानी वो व्यक्ति जिसने उत्तम स्तर पर उचित आचरण किया है।





सपनों में विश्वास करो, क्योंकि उनमें अनंत का द्वार छिपा है
- खलील जिब्रान






जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव

# हैरान कर सकता है ज्योतिष

साल 2001 में, मैंने एक ज्योतिष मित्र के कमरे में प्रवेश किया। मैंने उन्हें किसी आगंतुक की ज्योतिष कुंडली के अध्ययन में व्यस्त पाया तो मैंने क्षमायाचना की और फिर वापस मुड़ने लगा। उसने मुझे वापस जाने से रोका और उस जटिल कुंडली पर अपनी राय देने के लिए कहा। जटिल शब्द किसी रूप में मेरे मन में प्रभावी ढंग से दर्ज हुआ। इसलिए मेरा पहला ध्यान कुंडली की जटिलता को देखने में था। शुभकामना हासिल करने के बाद, मैंने पाया: व्यक्ति जीवन में अप्रत्याशित स्थिति से गुजरने वाला नजर आता है। मुझे आश्चर्य नहीं होगा यदि वह आपराधिक मामले के गंभीर दुष्परिणाम का सामना करता है। इस पूरे प्रकरण में किसी महिला की भूमिका नजर आती है। मैंने पूछा कि क्या कोई जेल में है?

वो व्यक्ति जो मार्गदर्शन लेने आया हुआ था ऐसे त्वरित आंकलन से हैरान नजर आया। उसने जिज्ञासावश मेरे ज्योतिष मित्र की ओर देखा मानो पूछ रहा हो कि उसने मुझे जानकारी तो नहीं दी है। ज्योतिष मित्र ने तत्काल इशारा किया कि कोई भी जानकारी साझा नहीं की थी। ऐसा लगता था कि व्यक्ति को उनके आंकलन पर विश्वास नहीं हो पाता था। उसने मुझसे पूछा: आपके इस आंकलन का आधार क्या है?

वैसे, यह बहुत सरल है। लग्नउपस्वामी शनि, व्यक्ति विशेष का प्रतिनिधित्व करता हुआ, प्रेम जीवन के परिचायक पांचवें घर में है। शनि स्त्री व दैहिक इच्छाओं के प्रतीक ग्रह, वीनस समेत सरकारी संस्थाओं के परिचायक सूर्य के विपरीत है। वीनस अपने पेश के परिचायक दसवें घर में हैं जिसका अर्थ है कि वह अपने कामों से जुड़े किसी व्यक्ति के साथ होगी। सूर्य, संयोगवश बारहवां स्वामी है जो मित्रता के परिचायक ग्यारहवें घर में स्थित है। बारहवें स्वामी का पांचवें से आठवें घर में होना दर्शाता है कि अपनी महिला मित्र के साथ किसी अप्रत्याशित घटना के कारण उसे किसी अप्रत्याशित स्थिति से होकर गुजरना पड़ेगा। परिवार के परिचायक दूसरे घर में वरूण शनि, सूर्य, मन संकेतक चन्द्रमा और वीनस के विपरीत मुद्रा में है। इसका स्वाभाविक नतीजा यह है कि उसके जीवन में लड़की की उपस्थिति उसके परिजनों के लिए शर्मनाक थी। शनि का बृहस्पति की ओर रूख है, चौथा और सातवां स्वामी, क्रमश: मां और पत्नी का परिचायक, तथा जो राहु और मंगल के विपरीत मुद्रा में है। यह सब एक साथ मिलकर उसे अप्रत्याशित हालात - जिससे निपट पाना कठिन है, जब समय विपरीत हो जाता है-का सामना करने की स्थिति में



पहुंचाता है। संभावना है कि उसकी पत्नी और उसकी मां भी इस प्रक्रिया में शामिल थीं।

अब नजर डालते है संक्रमण पर। शनि नौवें घर में पहुंच गया है, जहां से यह सूर्य और वीनस की मित्रता भाव प्रदर्शित करता है। याद रखें, यदि ग्रह जन्म कुंडली में एक दूसरे के विपरीत मुद्रा में होते हैं, तो जब भी वे संक्रमण के दौरान एक दूसरे के प्रति सहयोगी बनते हैं, तो वे कुछ उत्पात मचाने के लिए हाथ मिलाते हैं। संयोगवश, मार्ग में मंगल तीसरे घर से होकर गुजर रहा है, अपने घोर शत्रु, शनि के मार्ग के विपरीत, जिस कारण कोई आपराधिक उल्लंघन हो सकता है।

दशा चक्र में, वह मंगल दशा और राहु अंतर्दशा में चल रहा था। तीसरे घर (व्यक्ति की अपनी पहलकदमियां व सौदेबाजियां) और आठवें घर ( भारी कठिनाइयां ) का स्वामी होने के कारण मंगल कन्या राशिवालों के लिए सबसे हानिकारक गृह बनता है।

उसकी जन्म कुंडली में मंगल 12वें घर में है। यह प्रतिष्ठा में हानि और अप्रत्याशित खर्चों, साथ ही साथ प्रेम जीवन में, अगर है तो, गंभीर समस्याओं की ओर इशारा करता है। मंगल जन्म कुंडली में राहु के विपरीत स्थित है। राहु सातवें घर में बृहस्पति के नक्षत्र में काबिज है जो खुद मंगल के विपरीत है। यह दर्शाता है कि उसके पार्टनर का जीवन इतना ज्यादा खिन्न रहेगा कि वह अपनी समझदारी व तर्कक्षमता खो सकती है। इसलिए मंगल- राहु दशा को उसे चुनौतीपूर्ण स्थितियों में डालना ही था। संक्रमण तालिका में, लग्न ने जन्म कुंडली के वरूण का स्पर्श किया था, जो वरूण के विपरीत स्थित था जिसने उसे अप्रत्याशित हालातों का सामना करने के लिए संभावित बनाया था।

वो व्यक्ति मेरी विस्तृत व्याख्या से संतुष्ट हुआ, जिसने मेरे ज्योतिष मित्र को भरोसा टूटने के आरोप लगाए जाने की शर्मिन्दगी से बचा लिया। फिर उसने पूछा: '' मैं इस मुसीबत से बाहर कब निकलूंगा? '' '' स्थिति जल्द ठीक होने लग सकती है, संभवतया 12 अक्टूबर के बाद से, जब वीनस की उप-उप अवधि आरंभ होती है। क्योंकि, परिवार का परिचायक दूसरे लग्न का स्वामी वीनस इच्छाओं की पूर्ति के परिचायक 11वें घर में बुध के नक्षत्र में काबिज होता है। ''

बाद में बताया गया कि उसकी पत्नी और मां महिला सहकर्मी के साथ उसके संबंध को स्वीकार नहीं पाई। बाद में उसकी प्रेमिका की हत्या हो गयी। और उसकी पत्नी को उस महिला की नृशंस हत्या के आरोम में गिरफ्तार कर लिया गया।

# बदलाव के गवाह

## पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की प्रमुख बताती हैं कि कैसे उनका शो, मैं कुछ भी कर सकती हूं, ने युवा महिलाओं को अपने जिले में सेनिटरी नेप्किन बैंक स्थापित करने और परिवार योजना तथा घरेलू हिंसा की समस्याओं के समाधान के लिए प्रेरित किया है

एडूटेनमेंट शो मैं कुछ भी कर सकती हूं (एमकेबीकेएसएच)से सीखते हुए, बिहार के नवादा जिले की युवा महिलाओं के समूह ने सेनिटरी नेपकिन बैंक स्थापित किया है। वे हर लड़की से रोज एक रुपया एकत्रित करती हैं और उस पैसे को अपने व उन अन्य लड़कियों के लिए सेनिटरी नेप्किंस खरीदने में लगाती हैं जिनके पास शायद नेप्किंस खरीदन के लिए संसाधन नहीं होते हैं। लड़कियों ने एक दूसरे की मदद करने के लिए एक साथ आने का फैसला किया जब उन्होंने देखा कि किस प्रकार उनकी व्यक्तिगत माहवारी आवश्यकताएं अक्सर पैसे की कमी के कारण पूरी नहीं हो रही थीं। यह अभियान जिले की युवा लड़कियों की, अपनी माहवारी आवश्यकताओं को लेकर आवाज उठाने के लिए, सहायता कर रहा है।

बीते दिनों अंतरराष्ट्रीय बिटिया दिवस के अवसर पर उन्होंने बताया कि वे पापुलेशन फाऊंडेशन आफ इंडिया द्वारा परिवार नियोजन, बाल विवाह, कमउम्र गर्भधारण, घरेलू हिंसा तथा किशोर प्रजनन एंव यौन स्वास्थ्य की समस्याओं के समाधान के लिए शुरू किए गए ट्रांस-मीडिया अभियान,मैं कुछ भी कर सकती हूं के काम से प्रेरित हुई थीं। सेनीटरी नेप्किन बैंक का विचार कैसे सामने आया इस बात पर चर्चा करते हुए अमावा गांव की युवा नेता अनु कुमारी कहती हैं, '' जिसके पास पैसा नहीं होता है, उस लड़की की सहायता करने के लिए, हम हर रोज एक रूपया जमा करते हैं। इसका अर्थ है कि हर लड़की महीने में तीस रूपए जमा करती है। हम सेनीटरी पैड्स खरीदते हैं और इसे उन गरीब लड़कियों में बांटते हैं जो इसे खरीद नहीं सकती हैं, जिससे कि उनका माहवारी स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।''

शो के निर्माता, फिल्म एवं थिएटर निर्देशक फिरोज अब्बास खान कहते हैं, '' जब मैंने सात साल पहले शो की अवधारणा लिखी थी तो मैंने ऐसे असर की कभी कल्पना नहीं कर सकता था जो इन वर्षों में हमने देखा है। मैं ऐसा शो बनाना चाहता था जो बिना किसी उपदेश के महत्वपूर्ण सामाजिक समस्याओं की असरकारी ढंग से



चर्चा करता हो। इससे मुझे खुशी मिलती है कि मैं कुछ भी कर सकती हूं उन युवा, किशोर लड़कियों के लिए सशक्तीकरण नारा बन गया है जो अब जमीन पर बदलाव ला रही हैं।''

न सिर्फ सेनीटरी नेप्किन बैंक स्थापित करना और उसे कायम रखना, शो में आत्मनिर्भरता और सशक्तीकरण के संदेश ने इन लड़कियों को प्रेरित किया बल्कि गर्भरोधक विकल्पों जैसे जटिल मगर वर्जित विषयों पर चर्चाएं भी आयोजित कराईं। जैसा कि हर्दिया की 17 वर्षीय युवा नेता मौसम कुमारी कहते हैं, '' अब हम परिवार नियोजन के बारे में भी बात करती हैं। हम गावों में जाती हैं और महिलाओं को इन विषयों के बारे में समझाती हैं। हम उन्हें अंतरा इंजेक्शन, छाया, कॉपर टी और कंडोम जैसे विकल्पों के बारे में बताते हैं। ''

लड़कियां मौजूदा सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में युवा अनुकूल स्वास्थ्य क्लीनिकों को स्थापित किए जाने की मांग लेकर एक साथ आई हैं। मौसम आगे बताती हैं, '' अधिकारी साल में दो बारे सार्वजनिक संवाद करते हैं और हमने युवा अनुकूल स्वास्थ्य क्लीनिक स्थापित करने की अपनी इच्छा व्यक्त की है ताकि हम अपने मुद्दों पर बिना किसी भय से विमर्श व बात कर सकें। हमारा निवेदन पूरा हुआ और अब गांव की सारी लड़कियां वहां जाती हैं और वहां उपलब्ध सेवाओं का उपयोग करती हैं।''

पापुलेशन फाऊंडेशन आफ इंडिया की कार्यकारी निर्देशक, पूनम मुतरेजा बहुत खुश है कि शो ने किस तरह युवा लड़कियों व महिलाओं को स्वर दिया है। वह कहती हैं, '' मैं बहुत खुश हूं कि शो उनके जीवन को प्रभावित कर रहा है। यही हमारा लक्ष्य है। धारावाहिक की नायिका, डा स्नेहा माथुर के चरित्र के जरिए, हमने सेक्स चयन, हिंसा, जेंडर भेदभाव, सुरक्षित स्वच्छता, परिवार नियोजन, अंतराल, बाल विवाह, मानसिक स्वास्थ्य, नशाउत्पीड़न, पौष्टाहार, एंव किशोर स्वास्थ्य के बारे में कठिन मगर महत्वपूर्ण चर्चाओं की शुरूआत की है।''

इस उभरते बदलाव को देखने वाली महिलाएं माहवारी संबंधित चर्चा में बदलाव को पहचान रही हैं। सामुदायिक सदस्य संगीता देवी पाती हैं, '' पहले के जमाने में, हम माहवारी के दौरान चुपचाप कष्ट झेलने की आदी थी। हमारी बेटियों ने हमें नेप्किंस के बारे में बताया। हमने शो भी देखा और उत्साहित महसूस किया। ''

शो युवा डाक्टर, डॉ. स्नेहा की प्रेरणादायी यात्रा के इर्दगिर्द घूमता है जो मुंबई में अपना आकर्षक करियर पीछे छोड़कर आती है और अपने गांव में काम करने का फैसला करती है। शो सभी के लिए उत्तम स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए स्नेहा के बलिदान पर जोर देता है। उसके नेतृत्व में, गांव की महिलाओं को सामूहिक कार्रवाई के जरिए अपनी आवाज हासिल होती है।

तीन सीजन के दौरान इसने विभिन्न मसलों पर चर्चा की है। 52 एपिसोड वाले पहले सीजन ने बाल विवाह, जन्म में लिंग चयन एवं जेंडर भेदभाव जैसे विषयों पर चर्चा की। दूसरा सीजन युवा एवं किशोरों पर केन्द्रित था। शो का तीसरा सीजन आरईसी फाऊंडेशन तथा बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाऊंडेशन (बीएमजीएफ) की मदद से प्रस्तुत किया गया। पहले 104 एपिसोड को डीएफआईडी (यूके के डिपार्टमेंट फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट) से सहयोग मिला और और बीएमजीएफ ने भी सीजन 2 के 27 ऐपिसोड में सहयोग प्रदान किया।

# अंतर्ध्वनियों को सुनें

## राजयोगी ब्रम्हकुमार निकुंज जी का कहना है कि यदि मानव मूल्यों को आज संरक्षित नहीं किया जाता है तो महानैतिक आपदा आना अनिवार्य है, जो दुनिया को अनेक आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक व सभ्यतात्मक संकटों में डालेगी

पश्चिम जहां साक्षरता, प्रति व्यक्ति आय, जीवनस्तर आदि की उच्च दरें हैं को सभ्य समाज माना जाता है। लेकिन क्या यह सचमुच सभ्य है? बलात्कार, हत्या, बाल यौन उत्पीड़न, व लूटमार के मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए क्या सचमुच हम इसे सभ्य कह सकते हैं?

एक देश, जहां सरकार जनसंहार के लिए हथियार बनाती है, लोग शराब या नशीली दवाइयों के इस्तेमाल द्वारा अपना सजगता स्तर बदल देते हैं, जहां नाजायज बच्चे, टूटे घर, तलाकशुदा दंपत्ति होते हैं और हर कोई पैसे, सेक्स और इन्द्रीय सुखों के पीछे भाग रहा है, क्या हमें ऐसे समाज को सभ्य कह सकते हैं? जंगलों को काटना, गगनचुंबी इमारतें बनाना, छुरी और कांटे से खाना, नाजुक उपकरणों का उपयोग करना- क्या यह सब समाज की सभ्यता स्थिति का निर्धारण करता है? हम कह सकते हैं कि अस्पताल, अदालतें, पुलिस थाने, फायर बिग्रेड्स, सामाजिक कल्याण की योजनाएं व बाल देखभाल आदि की सुविधाएं हैं लेकिन क्या वे सचमुच बतौर समाज व्यक्तिगत स्तर पर सभ्य हैं? क्या ज्यादा पुलिस व अदालतों का होना इंगित नहीं करता है कि कैसे वहां काफी अपराध व याचिकाएं हैं क्योंकि लोगों में कोई ईमानदारी या एकजुटता नहीं है। वर्ना, हमें क्यों ज्यादा से ज्यादा पुलिस, कानूनी अदालतों, वकीलों, न्यायाधिकरणों व जेलों की आवश्यकता होती है?

इसी प्रकार, बहुत ज्यादा संख्या में डाक्टरों, केमिस्टों व अस्पतालों की मौजूदगी यह इंगित नहीं करती है कि बहुत सारे लोग विभिन्न बिमारियों से पीड़ित हैं? इसके अलावा, वे क्यों बहुत सारी मनोवैज्ञानिक रोगों से पीड़ित हैं जो कि मानसिक तनाव, दबाव, चिंता, भय, पस्ती आदि का शिकार होने की वजह से है? क्या इसका अर्थ यह नहीं है कि वहां कोई खुशहाल रिश्ते नहीं हैं, किसी प्रकार का जुड़ाव या प्रेम की भावना नहीं है और हर




कोई स्वार्थी है? क्या इसका यह अर्थ नहीं है कि वहां नैतिक, सामाजिक, मानवीय या आध्यात्मिक मूल्यों का भारी उल्लंघन होता है?

हमें समझने की जरूरत है कि सभी समस्याओं की जड़ में, चाहे ये आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, सामुदायिक या किसी भी नाम से हों, मूल समस्या है इंसान। इंसान जो मानव मूल्यों का उल्लंघन करता है, सिर्फअपनी परवाह करता हे और अपनी खुद की महत्वाकांक्षाएं पूरी करने के बाद, बिना यह चिंता किए कि दूसरों पर क्या असर पड़ता है, वह हमेशा समाज के शांतिपूर्ण कामकाज के लिए हानिकारक होता है। इसीलिए हमें महसूस करना चाहिए कि आज जीवन एक जटिल स्तर पर परस्पर निर्भर तथा बहुत ज्यादा परस्पर जुड़ गया है, कि व्यक्ति गलत या बुरा करने की क्षमता के बहुआयामी खामियाजे सामने आते हैं।

इसे देखते हुए, हमें मूल्यों पर उचित संरक्षण या उन पर उचित जोर देना चाहिए, वर्ना हम पर्यावरण प्रदूषण, परमाणु हथियारों, जनसंख्या की बढ़ती दर, वैश्विक तापमान आदि के रूप में अपने लिए मुसीबत को न्यौता दे रहे होंगे।


हमारा मौजूदा समाज बर्बरता की ओर बढ़ रहा है, कहीं ज्यादा बदतर जो कि हमने एक सदी पहले सोचा हो सकता है। इंसान की आंतरिक चेतना पहले से कहीं ज्यादा विकृत व हिंसक हो गयी है और वह बुराइयों की गर्त में गिर गया है। सबसे बुरी बात यह है कि इंसान ने अपनी समझ, नैतिक आवाज, तथा अपने अंदर की खामोशी की फुसफुसाहटें खो दी हैं।

इस चरण में भी, यदि मूल्यों को संरक्षित नहीं किया गया तो महा नैतिक आपदा आना अनिवार्य है,जो दुनिया को अनेक आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक व सभ्यतात्मक संकटों में डालेगी और जिसके कारण हमारी समूची वैश्विक प्रगति धूल में मिल जाएगी! इसीलिए आइए समझें असलियत में सभ्य समाज का अर्थ क्या है और हममें से हर को व्यक्तिगत स्तर पर कितना ज्यादा उन मूल्यों को संजोने की जरूरत है यदि हम रहने के लिए एक बेहतर दुनिया बनाना चाहते हैं।

# इस सप्ताह आपका भविष्य

मधु कोटिया


### मेष ( मार्च 21-20 अप्रैल )



इस सप्ताह बुरी शक्तियां आपके इर्दगिर्द सक्रिय हो सकती हैं। जहरखुरानी, निर्जलन या अन्य मौसमी बिमारियां आपको सुस्त महसूस करा सकती हैं। महिलाओं में, थायरायड या हार्मोनल असंतुलन चिंता का कारण बन सकता है। अपनी चिकित्सा जांच कराएं और हर संभव सावधानी बरतें। करियर मोर्चे पर, आपका चीजों के प्रति तार्किक व मूल्यांकन नजरिया आपको व्यस्त रख सकता है। आप सत्य व अनुशासन का पालन करते हैं। आप चुनौतियों का सामना कर सकते हैं लेकिन समझते हैं कि यह सिर्फ आपकी यात्रा का कहीं अधिक सकारात्मक दौर हैं।

**शुभ अंक:** 21 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** बुधवार


### वृष ( अप्रैल 21-21 मई )



यह सप्ताह स्वास्थ्य मामले में संतुष्टि की भावना लेकर आता है। स्वाभाविक तौर पर चक्र पूरा होने के बाद एक नयी शुरूआत होती है। आप उचित स्थान पर हैं, अच्छी सेहत में रहने के लिए सही काम कर रहे हैं। आप खुराक, व्यायाम व आराम की सख्त दिनचर्या का पालन कर रहे हैं। स्वस्थ जीवन का मंत्र भी आपके व्यक्तित्व में नजर आया है। कुल मिलाकर, आप सप्ताह का आनंद लेंगे। करियर मोर्चे पर, आप नयी ऊर्जा व उत्साह से भरे हुए हैं। ऐतिहासिक पल की संभावना है। आप आत्मनिर्भर व्यक्ति बनने की दिशा में नयी यात्रा पर जाने वाले हैं।

**शुभ अंक:** 9 **शुभ रंग:** नारंगी **शुभ दिन:** शनिवार

### मिथुन ( मई 22-21 जून )



इस सप्ताह आपको अपनी लालसाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए। स्मार्ट बनें और जानें कि हर चीज का उत्तम उपयोग कैसे करें। आप स्वस्थ, करिश्माई, व प्रेरणादायी रहेंगे। लोग आपकी सहजता व शब्दावली से स्तब्ध रहेंगे। सकारात्मक व संयमित हों। अति आत्मविश्वास हानिकारक हो सकता है। करियर मोर्चे पर, आप भावनाओं के साथ साथ वित्तीय मामलों में अधिक स्थिर व परिपक्व महसूस करते हैं। आप स्थिति को अपने पक्ष में मोड़ सकते हैं। आप अपनी कार्यशैली में अधिक पारंपरिक हैं और नियमों व प्रावधानों में विश्वास करते हैं। इस आत्मविश्वास का आनंद लें।

**शुभ अंक:** 3 **शुभ रंग:** बादामी **शुभ दिन:** बुधवार


### कर्क ( जून 22-22 जुलाई )



यह सप्ताह मनोरंजन समेत प्रतिबद्धता लेकर आता है। आप भावनात्मक एवं मानसिक दोनों स्तर पर संतुष्ट महसूस करते हैं। आपका शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अत्यधिक खाने जैसी बेपरवाही हानिकारक साबित हो सकती है। अपनी खुराक के प्रति सावधान हों और जंक व तले भुने भोजन से दूर रहें। आपके सामने मोटापे, बीपी व ऐसिडिटी समस्याओं का खतरा है। पेशेवर स्तर पर, विभिन्न स्रोतों से धन की प्राप्ति होगी और आप शाही अंदाज में खर्च करना चाहेंगे। आपको सलाह है कि आप इस सप्ताह अपनी आमदनी को बचाएं और प्रसन्नता से जीएं।

**शुभ अंक:** 18 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** शुक्रवार


### सिंह ( जुलाई 23-23 अगस्त )



आपको इस सप्ताह अपने स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहने की जरूरत है। ज्यादा काम और कोई आराम नहीं, हानिकारक हो सकता है। आपके तन का आराम की जरूरत है। यह समय विस्तृत योजना बनाने और दिनचर्या का पालन करने का है। अच्छा समय प्रबंधन फलदायी होगा और आप काम और सेहत दोनों का आनंद लेंगे। जो लोग स्वस्थ परिवार की योजना बना रहे हैं, उन्हें स्थिर व एकाग्र होने की आवश्यकता है। करियर मोर्चे पर, आप अब ज्यादा बेहतर स्थिति में प्रवेश कर गए हैं। स्वयं के प्रति अपनी आस्थाओं को बदलने के अवसरों का उपयोग करें।

**शुभ अंक:** 12 **शुभ रंग:** सुनहरा **शुभ दिन:** रविवार


### कन्या ( अगस्त 24-23 सितम्बर )



इस सप्ताह आप भरपूर ऊर्जावान हैं। आप दूरदर्शी हैं और अपनी वर्तमान सीमाओं से परे सपने देखते हैं और आत्मविश्वास के साथ नए क्षेत्रों में जाते हैं। खुद को सच्चे रूप में विकसित होने के लिए इस गहन भरोसे का उपयोग करें। आप जो बनना चाहते हैं और उसके लिए आप जो खोजना चाहते हैं, उस संदर्भ में बड़ा सोचें। करियर मोर्चे पर, आप परम संतुष्टि महसूस करते हैं जब आप अपने काम को लम्बे समय के बाद सही मार्ग पर पाते हैं। इस सबके बीच अपने काम में तन-मन झोंकने के बावजूद, कुछ बाधाएं सामने आ सकती हैं, आपको परेशान कर सकती हैं।

**शुभ अंक:** 22 **शुभ रंग:** लाल **शुभ दिन:** बुधवार


### तुला ( सितम्बर 24-23 अक्टूबर )



इस सप्ताह आपको चिकित्सा जांच करानी पड़ सकती है। अपने स्वास्थ्य को अनदेखा न करें। यह चेतावनी की घंटी है। समय से कदम उठाएं जो आपके लिए लाभदायी हों। वर्तमान में रहना सीखें और समय के साथ चलें। आप सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेंगे। इस सकारात्मक शक्तियों को उन करीबी लोगों के साथ साझा करें जो निराशा महसूस कर रहे हैं। पेशेवर मोर्चे पर, आप अपने दिल के बजाय दिमाग से फैसले लेने वाले हैं। आप विचार व कर्म में स्वतंत्र हैं। इस सप्ताह आपका रिश्ता एक नया मोड़ ले रहा है। आपका जीवनसाथी आप पर संदेह कर सकता है।

**शुभ अंक:** 19 **शुभ रंग:** आसमानी **शुभ दिन:** शुक्रवार


### वृश्चिक ( अक्टूबर 24-22 नवम्बर )



इस सप्ताह आप आर्ट क्लास में भाग लेने या अपनी योग्यताएं उन्नत करने जैसी रचनात्मक परियोजना की शुरूआत करने को लेकर प्रेरित महसूस करते हैं। आप अपनी वास्तविक पहचान और जो महसूस करते हैं उसके साथ संहज महसूस करते हैं। आप दूसरों के साथ खुद को व्यक्त करने को लेकर भयभीत नहीं हैं। अपनी रचनात्मक कामनाओं को अवसर देना आपकी नयी क्षमता उजागर करेगा। अपनी कल्पना को प्रेरित करके आपको नयी प्रतिभा उभारने का अवसर मिलेगा। आप अच्छी सेहत का आनंद लेंगे। आप अपनी खुशी में ज्यादा समय बिताने वाले हैं।

**शुभ अंक:** 20 **शुभ रंग:** इंडिगो **शुभ दिन:** मंगलवार

### धनु ( नवम्बर 23-23 दिसम्बर )



आप अपने जीवन में कुछ महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव लाने वाले हैं। आप तरोताजा महसूस करेंगे। आप गहन आध्यात्मिक यात्रा पर जाने वाले हैं जो आपके जीवन में अधिक अर्थ व उद्देश्य लेकर आएगी और आपकी आंतरिक ऊर्जा का परिष्कार करेगी। बेहतर भविष्य की उम्मीद करें और आशावाद आपकी रचनाओं में दिखता है। नीयति की पुकार है जो आपको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। पेशेवर स्तर पर, आप अपनी जीवनशैली व कार्य दिनचर्या में बदलाव ला सकते हैं।

**शुभ अंक:** 11 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** सोमवार


### मकर ( दिसम्बर 24-20 जनवरी )



इस सप्ताह आप रोमांचित व जिज्ञासु हैं। आप अपार ऊर्जा से भरे होंगे। इस ऊर्जा का रचनात्मक कार्यों व अपनी योग्यताओं को निखारने में उपयोग करें। जोखिमपूर्ण व रचनात्मक शक्तियां आपके जीवन में नए क्षेत्र उजागर करेंगी। यदि आप संदेह की स्थिति देख रहे हैं तो खुद में विश्वास करें और अपने दिल की सुनें। करियर मोर्चे पर, आप दूसरों के प्रति दया महसूस करते हैं और दूसरों के लाभ हेतु अपने जीवन का अधिकांश उपयोग करने का फैसला कर सकते हैं। आप कल्याणकारी योजनाओं के लिए काम कर सकते हैं। इससे आपको अपार संतुष्टि मिलेगी।

**शुभ अंक:** 6 **शुभ रंग:** गुलाबी **शुभ दिन:** शुक्रवार


### कुम्भ ( जनवरी 21-19 फरवरी )



इस सप्ताह आप खुद को सही साबित करने या खुद की पैरवी के लिए हर टकराव से भिड़ने के लिए आतुर हो सकते हैं। आप आक्रामक और अपने प्रति लोगों के रवैये से नाराज महसूस करते हैं। सावधान रहें क्योंकि आपके खिलाफ साजिश हो रही है। आंकलन व आत्ममंथन करें, शायद आप गलती कर रहे हैं। शांत रहें। करियर मोर्चे पर, आप अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ व आश्वस्त हैं। आप अपने सहकर्मियों के साथ अपने संवाद में स्पष्ट व मुखर हैं। निष्ठुर होने से बचें और टकरावों से दूर रहें। अपनी क्षमता व तार्किक क्षमता का अच्छे काय में उपयोग करें।

**शुभ अंक:** 10 **शुभ रंग:** कत्थई **शुभ दिन:** मंगलवार

### मीन ( फरवरी 20-20 मार्च )



अनचाही भावनाओं को दूर करके आपको राहत मिलने में सहायता मिलेगी। यह आत्ममूल्यांकन करने और अपनी गलतियों पर विचार करने का समय है। इससे आपको अतीत के दुख और अपराधबोध की भावना से मुक्त होने में सहायता मिलेगी। यह नए फैसले लेने का अच्छा समय है। दूसरों के साथ अपने अनुभव बांटें और समूह में उपचार पाएं। पेशेवर स्तर पर, आपमें तार्किक व मूल्यांकनकारी क्षमता है तथा अपना मनचाहा हासिल करने की समझदारी व साहस है। आपको सत्य की खोज करने के लिए, विशिष्ट स्थिति में खुद से अनासक्त होने की जरूरत है।

**शुभ अंक:** 13 **शुभ रंग:** नीला **शुभ दिन:** गुरूवार



यदि हम चुनते हैं, तो हम
एक आरामदायक भ्रम की
दुनिया में रह सकते हैं
- नोम चोम्स्की






# शिक्षा पहले

## केआईआईटी एंड किस इंस्टीट्यूट्स ऑफ उड़ीसा के संस्थापक-प्रोफेसर अच्युत सांमता ने महामारी के कारण हुई तालाबंदी के दौरान वंचित समुदाय के छात्रों का आवश्यक अध्ययन सामग्री तथा अन्य रोजमर्रा आवश्यकताएं प्रदान कीं

कोविड-19 महामारी ने उड़ीसा राज्य का काफी प्रभावित किया है। मौजूदा स्थिति से निपटने हेतु सरकारी कोशिशों में मदद के लिए अनेक संस्थान व व्यक्ति आगे आए हैं। कलिंगा इंस्टीट्यूट आफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलाजी (केआईआईटी), भुवनेश्वर और उसकी सहयोगी संस्थान कलिंगा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज (केआईएसएस), ने भी कोरोना वायरस संक्रमण की शुरूआत से अपने संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंता के नेतृत्व में अनेक पहलकदमियों की शुरूआत की है और वह वायरस के खिलाफ उड़ीसा की लड़ाई में प्रमुख योद्धा बना रहा है।

कलिंगा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज (किम्स) ने भुवनेश्वर तथा उसके तीन आदिवासी बहुल जिलों में चार अत्याधुनिक उड़ीसा सरकार की सहायता से कोविड के लिए समर्पित चार अत्याधुनिक अस्पताल स्थापित किए हैं। अस्पतालों की 1200 की बेड क्षमता है। भुवनेश्वर में किम्स कोविड अस्पताल, 50 अति संवेदनशील मरीजों की देखभालसुविध समेत 500 मरीजों की देखभाल की क्षमता है जो कि भारत का पहला अकेला कोविड अस्पताल है।

द केआईआईटी एवं कस ने विस्तारित तालाबंदी के कारण उत्पन्न विभिन्न कठिनाइयों का सामना करने के लिए विभिन्न समूहों से भी संपर्क साधा है। तीन लाख से अधिक महामारी प्रभावित लोगों को खाद्य तथा अन्य अत्यावश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की गयी जिनमें विभिन्न झोपड़ पट्टियों में रहने वाले वंचित जनों तथा प्रवासी मजदूरों तथा प्रतिबंधित इलाकों में रहने वाले लोगों को अस्थायी आश्रय भी प्रदान किया गया।

केआईआईटी एवं किस की समुदाय संपर्क गतिविधियों ने सर्वाधिक प्रभावित तथा आम तौर पर हाशियाग्रस्त लोगों- समलैंगिकों, खिलाड़ियों, दिव्यांग जनों, यौनकर्मियों आदि तक अपनी पहुंच बनाई। उन्हें लंबी तालाबंदी से उबरने के लिए सहायता प्रदान की गयी। भुवनेश्वर, कटक, पुरी और करीबी कस्बों में विभिन्न धार्मिक केन्द्रों के पुजारियों व अन्य कर्मचारियों को खाद्य सामग्री तथा तीन महीने के अन्य खर्चों के लिए नगद धनराशि प्रदान की गयी। दोनों संस्थान कंधमाल जिले में 40 से अधिक अनाथाश्रमों, वृद्धाश्रमों व कुष्ठाश्रमों को विविध खर्चों के लिए नगदधनराशि व सब्जियां प्रदान कर रहे हैं।

कोविड- 19 महामारी में छात्र समुदाय सर्वाधिक प्रभावित समुदायों में एक रहा है। पहली से लेकर पीजी/पीएचडी स्तर की पढ़ाई करने वाले उड़ीस के अंदरूनी जिलों के 30000 आदिवासी छात्रों के लिए किस एक आश्रय है। महामारी के कुछ दिन पहले, उन्हें उड़ीसा के विभिन्न जिलों में उनके अपने अपने घरों को भेज दिया गया। जैसा कि छात्र अपने घरों के भीतर रहे, किस ने , अप्रैल के बाद, हर महीने उनके घर पर उचित मात्रा में खाद्य सामग्री तथा आवश्यक अध्ययन सामग्री भिजवाई। मासिक सामग्री में किशोर लड़कियों के सेनिटरी नेप्किंस भी शामिल थे। यह मुहिम किस के दुबारा खुलने तक जारी रहेगी।

अपने छात्रों को स्वस्थ व सुरक्षित रखने के तमाम उपायों के साथ, यह भी सुनिश्चित किया गया कि वे अपनी पढ़ाई से निरंतर जुड़े रहें। प्रोफेसर सामंता, जिन्होंने इन आदिवासी छात्रों की शिक्षा को हमेशा हर चीज से ऊपर रखा है, ने नए अकादमिक सत्र की शुरूआत पर छात्रों के घर पर प्रदान करने के लिए पाठ्यपुस्तकों, अध्ययन सामग्री तथा कच्ची खाद्य वस्तुओं की व्यवस्था की। किस उन शुरूआती संस्थानों में से है जिन्होंने आनलाइन कक्षाएं चलानी आरंभ की और सभी स्तरों की छात्रों के लिए उत्तम अकादमिक दिनचर्या को बनाए रखा है।




आत्मनिर्भर भारत के प्रधानमंत्री के आह्वान से प्रेरित होकर, किस ने कोविड-19 महामारी के दौरान अपने व्यवसायिक कौशल केन्द्र का स्तरोन्नयन किया है। केन्द्र विकसित होकर एक मध्यम दर्जे का उद्योग बन गया है और आज 25 विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक उत्पाद बना रहा है। ये उत्पादों की अति विकसित वितरण चैनलों के जरिए मार्केटिंग की गयी है, साथ ही केआईआईटी एवं कस की आंतरिक आवश्यकताओं की पूर्ति भी। आशा है कि केन्द्र से आरंभ हुई बिक्री आने वाले समय में किस को एक आत्मनिर्भर बनाएगी।

एक अनोखी मानवतावादी मुद्रा में, युनिवर्सिटी बनने को उन्मुख, केआईआईओ ने उड़ीसा में कोविड से प्रभावित बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का फैसला किया है। यह सुविधा दो अकादमिक सत्रों - 2020-21 तथा 2021-22 के लिए उपलब्ध होगी।

केआईआईटी एवं किस ने अनाथ बच्चों, समाज के गरीब समुदायों के बच्चों पर भी विशेष ध्यान दिया है जो बाल उत्पीड़न व देह व्यापार का शिकार होने के प्रबल संभावित होते हैं। संस्थान ने 100 ऐसे अनाथ बच्चों को गोद लिया है और उनकी परवरिश कर रहा है व उन्हें उनके पारिवारिक आकार के मुताबिक, 5000 से लेकर 10000 तक की मासिक सहायता प्रदान कर रहा है। जब भी अकादमिक संस्थान दुबारा खुलता है, उन्हें मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाएगी तथा बाद में संस्थानों में उच्च शिक्षा पूरी करने के अवसर भी।

यह प्रोफेसर सामंता का उनके पिता की असामयिक मृत्यु के कारण चार साल की उम्र में भूख औ गरीबी वाला व्यक्तिगत बचपन का अनुभव है, जो उन्हें समाज के वंचित समुदाय के बच्चों के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है।



# स्थायी रास्ता

## बशारत उल हसन बुखारी का कहना है कि जम्मू- कश्मीर में पुंछ के बाशिंदे उस सड़क के बनने की प्रतीक्षा कर रहे हैं जो जाड़े या मानसून के दौरान ध्वस्त नहीं हो जाती हैं

पिछले महीने अगस्त में, जम्मू और कश्मीर प्रमुख सचिव, बीवीआर सुब्रमण्यम ने बताया कि केन्द्र की मदद से, जम्मू- कश्मीर और लद्दाख संघीय क्षेत्र नए 600 किमी लंबे राजमार्ग सर्किट के जरिए सभी दर्शनीय पर्यटन केन्द्रों को जोड़ने की योजना बना रहे हैं। 8000 करोड़ की सड़क परियोजना का उद्देश्य गुलमर्ग को लद्दाख में कारगिल और द्रास से जोड़ना है और उसे क्षेत्र में पर्यटक उद्योग के अनुकूल बनाना होगा।

खबर निश्चित रूप से दोनों नवघोषित संघीय क्षेत्र के निवासियों के लिए उम्मीदें लेकर आती हैं, खासतौर पर उन लोगों के लिए जो अपनी आजीविका के लिए पर्यटन पर निर्भर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू - कश्मीर प्रशासन ने ग्रामीण सड़कों का निर्माण तेज किया है। यह कथन, विशेष रूप से, जम्मू-कश्मीर सीमा जिला पूंछ में सुदूर गांव के हजारों लोगों के लिए वापस उम्मीदें लेकर आया जो अब लगभग आठ सालों से सड़क का इंतजार करते आए हैं।

जम्मू से 250 किमी दूर स्थित , पुंछ सीमापार टकराव और सीजफायर उल्लंघनों के लिए पूरे देश में विख्यात है। मुख्य कस्बे से कुछ किमी दूर, खानेतर गांव को 2012 में 'माडल गांव' का दर्जा प्रदान किया गया था। एक गांव मॉडल गांव के रूप में वर्गीकृत होता है जब वहां पर्याप्त भौतिक व संस्थागत अवसंरचना होती है, जिसमें समाज के सभी वर्गों की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्णतया पूर्ति होती हैं, वे एक दूसरे के साथ, साथ ही वातावरण के साथ, सद्भाव में रहते हैं। गांव को प्रगतिशील व बहुआयामी माना जाता है। भौतिक अवसंरचना के तहत एक आवश्यकता यह है कि गांव को साल भर सबसे करीबी प्रमुख मार्ग से जुड़ा होना चाहिए। इसी तरह, बहुटोला गांव के मामले में, सभी टोलों को सर्व मौसमी- मार्ग द्वारा एक दूसरे से जोड़ा जाना चाहिए। लेकिन खानेतर के इस मॉडल गांव में, अपेक्षाएं वास्तविकता से बहुत भिन्न है जिसमें ऐसी कोई मॉडल सड़कें नहीं हैं।

गांववालों के अनुसार, साल 2008-09 में, प्रशासन ने खानेतर में टांडा सोखा चोहा से मेंधार ब्लाक में चारोनन गली तक 12 किमी लंबी सड़क का निर्माण शुरू किया था। सड़क काटने में काफी ज्यादा समय लगा, जिसमें ब्लेकटॉप बिछाने की प्रक्रिया अपनायी गयी। सिर्फ चार किमी पूरी होने के बाद, निर्माण कार्य रूक गया। लगभग 12 साल हो गए हैं, और शेष बचे 8 किमी पर काम अभी पूरा होना बाकी है। अधूरी सड़क पर लगातार दौड़ते वाहन स्थानीय लोगों का जीवन बदहाल किए हुए हैं।

पहाड़ी इलाके में सड़क यात्रा को पहले से खतरनाक कार्य माना जाता है। यह खतरा बारिश और बर्फबारी जैसे प्रचंड मौसमी हालातों के दौरान अनेक स्तरों पर बढ़ जाता है। निसंदेह, यह सड़क यात्रियों की जान के लिए खतरा बन गयी है। इस सड़क के बीच से नदी के धारे बहते हैं, जो भारी गड्ढों को पहचानना कठिन बना देते हैं। कुछ साल पहले, इस सड़क पर एक दुर्घटना में पांच लोग मारे गए थे। हालांकि, संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी।



दाप्रियान खानेतर पंचायत, जान बहाद के सरपंच ने कहा, ''इस सड़क पर काम पीडब्लूडी, सड़क एवं आवास विभाग तथा नाबार्ड (नेशनल बैंक फार एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलेपमेंट) योजना के तहत शुरू हुआ था। चार किमी की ब्लेकटॉप रोड 2016-17 में पूरी हुई थी, पहले ही घिसपिट गयी है और खस्ताहाल स्थिति में है। जब हमने संबंधित विभागों के साथ इस समस्या को साझा करने का प्रयास किया, तो उन्होंने हमें बताया कि फंड की कमी के कारण वे कुछ भी नहीं कर सकते।''

यह रास्ता 20 हजार से ज्यादा लोगों की आबादी को प्रभावित करता है और इस पर्वतीय इलाके के सुदूर कोनों में रहने वाले लोगों को जोड़ने में महत्वपूर्ण माना जाता है। दाप्रियान पंचायत के पंच, मोहम्मद आरिफकोहली ने कहा, '' मेंधार तहसील को चारोन से जोड़ने वाला यह एक महत्वपूर्ण मार्ग है जो लोगों के लिए पूंछ शहर मुख्यालयों तक पहुंचना आसान बनाता है।'' यदि सड़क की हालत बेहतर होती है तो दूरदराज रहने वाले तथा कालाबन, कस्बालरी, छांगन, चारोन, बारिला, शींदरा टॉप और पठाना टीयर जेसे दुरूह क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का जीवन कम तनावपूर्ण हो जाएगा। उनके लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और शहर में उपलब्ध अन्य सुविधाओं तक पहुंच बनाना संभव हो जाएगा।

पेशे से ड्राइवर, नजीर अहमद, ने इस खतरनाक सड़क पर वाहन चलाने के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, '' टांडा से चारोन के इस रास्ते पर चलने वाले लगभग दस वाहनों में से औसतन प्रत्येक वाहन को हर तीसरे दिन मरम्मत की जरूरत होती है। सड़क की मरम्मत के लिए सभी ड्राइवर एक साथ आए हैं। अगस्त में, हमने 35 हजार रूपए एकत्रित किए थे और बुनियादी काम कराया था लेकिन जल्द इलाकाई बारिशों ने समूचे शहर को उजाड़ दिया, और निर्दयतापूर्वक हमारी सारी कोशिशों को भी नष्ट कर दिया।''

यह सिर्फ सड़क नहीं है, बल्कि टांडा बस स्टैंड पर पुल की अनुपस्थिति में, वाहनों को पानी के बीच अपना रास्ता बनाना पड़ता है और बढ़े जलस्तर के कारण घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती है। स्थानीय लोग मानते हैं कि सड़क की दीर्घजीविता सुनिश्चित करने के लिए पुल का भी निर्माण किया जाना चाहिए। अनेक लोग मानते हैं कि सड़कें और संपर्क के अन्य साधन किसी भी क्षेत्र में विकास में तेजी लाते हैं, खासतौरपर पर्वतीय इलाकों में। यहां विकास से ज्यादा, वे गांववालों के जीवन को काफी आसान बनाते हैं। पूंछ के ग्रामवासी पिछले 12 साल से इस सड़क के बनने की प्रतीक्षा कर रहे है। अब, जैसा कि लोग इस राज्य की अन उद्घाटित सुंदरता से पर्यटकों को जोड़ने के लिए राजमार्गों के निर्माण का स्वागत करते हैं, साथ ही उन्हें उम्मीद है कि लंबित ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के निर्माण में तेजी लाने में सरकारी की रूचि बढ़ेगी। वे बस एक सड़क चाहते हैं जो थोड़ा ज्यादा समय तक उनके साथ टिकी रह सकें और अगले मानसून या सर्दी के मौसम में ध्वस्त न हो जाएं।

**- चरखा फीचर्स**



मेरी फिल्म जेल आज से 11 साल पहले रिलीज़ हुई थी। मैं हमेशा कहता हूं और ये मेरे दिल के बहुत करीब रहेगी। मेरे करियर की एकमात्र फिल्म जिसके लिए मैंने मेथड एक्टिंग एप्रोच का इस्तेमाल किया।
- नील नितिन मुकेश



# शूटिंग के लिए मनीष खन्ना ने अपना लिया गंजा लुक

**ज़ी** टीवी पर पिछले 27 सालों से एक के बाद एक हिट शोज़ आते रहे हैं। दर्शकों ने भी इस चैनल के अनूठे कार्यक्रमों को अपना भरपूर स्नेह दिया है। अब इस टीवी चैनल पर एक और लोकप्रिय कल्पना आधारित धारावाहिक 'ब्रम्हराक्षस के नए सीज़न का प्रारंभ होने की शुभसूचना है। बाला जी टेलीफिल्म द्वारा बनाए गए इस शो में पर्ल वी के साथ निक्की शर्मा को उनके लोकप्रिय चरित्रों में देखा जा सकेगा। उनके साथ कहानी में एक महत्वपूर्ण चरित्र निभा रहे हैं टीवी अभिनेता मनीष खन्ना जो अपनी नई भूमिका में दर्शकों को अपने अभिनय की गहराई से परिचित कराने का संकल्प ले चुके हैं।

वो इस बार आपको तांत्रिक का चरित्र निभाते दिखेंगे। हमें पता ही है कि टीवी इंडस्ट्री के जाने माने अभनेता मनीष खन्ना इससे पहले भी विविध धारावाहिकों में नकारात्मक और सकारात्मक भूमिकाओं को पूरी गंभीरता से निभा ही चुके हैं। इससे पहले उन्हें 'कुमकुम भाग्य' में दुष्यंत की नकारात्मक भूमिका में देखा गया था। इस बार भी वो वैसा ही रोल इस सीरीज़ में निभाएंगे। अपनी भूमिका की तैयारी में पूरे तन-मन से लगे हैं। भूमिका की मांग के चलते ही उन्होंने अपने सिर के बाल हटाकर गंजा लुक अपनाया है।

अपने चरित्र की तैयारी के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'मेरे चरित्र में एक नकारात्मकता है और इसी के चलते मुझे अपना ये लुक करना पड़ा। इसके लिए उन्होंने दाढ़ी से लेकर मूंछ और विग भी



पहने लेकिन 15-20 ऐसे प्रयास करने के बाद हमने इस दिशा में प्रयास करना बंद कर गंजे होने को अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया। और ये लुक काफी अच्छा लगा। वास्तव में ये लुक दूसरी किसी भी अन्य लुक से अधिक भयावह लगी और चरित्र को पूरी तरह से बाहर लाती है। मैं इस निर्णय से पूरी तरह से संतुष्ट हूं क्योंकि मेरा मानना है कि चरित्र की प्रामाणिकता को बनाए रखने के लिए इसे जटिल नहीं बनाया जाना चाहिये। इसके अलावा भी जटिलता के कारण चरित्र को पूरी तरह से बाहर लाना भी संभव नहीं रह जाता। लेकिन अपनी इस लुक के कारण मुझे शूटिंग में बहुत सुविधा हो रही है।'

मनीष जहां एक ओर अपने रोल ब्रम्हराक्षस बनने के क्रम में बुराई के प्रतीक बनने के लिए प्रयासरत हैं तो वहीं दूसरी ओर इसमें एक युवा लड़की 'कालिंदी' की यात्रा को भी प्रस्तुत किया गया है जो शैतानी प्रवृत्ति के चक्कर में फंसकर रह जाती है और ब्रम्हराक्षस से संघर्षकर इस दुष्चक्र से बाहर निकलने के लिए प्रयासरत है। सोनगढ़ की पृष्ठभूमि में प्रस्तुत इस कहानी में वो नई नवेली वधुओं को उनके मंडप से अपहरण करने और नगर को अभिशप्त बनाकर शक्ति प्राप्त करता है। जबकि कालिंदी की शक्ति का एकमात्र स्रोत है अपने साथी अंगद, जिसे निभाया है अभिनेता पर्ल एस पुरी ने, के प्रति उसका प्यार। जब वो इस शैतानी दुनिया में प्रवेश कर रही थी कालिंदी को उसी समय अपने लोगों को सुरक्षित रखने की भी लड़ाई लड़नी पड़ती है।



# 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर' शो पर दया बेन का जलवा

सोनी एंटरटेन्मेंट टेलिविज़न पर चल रहे डांस रियल्टी शो में इस बार एक से बढ़ कर एक डांस प्रदर्शन दिखाई दे रहे हैं। अब जबकि फाइनल आने वाला है तो इस बार इस सप्ताहांत में आपको तारक मेहता स्पेशल शो में इस सीरीज़ के चरित्र दया बेन देखने को मिल सकती हैं क्योंकि इस शो के भी 3000 एपिसोड पूरे हो चुके हैं। तारक मेहता का उल्टा चश्मा में दया बेन की अनुपस्थिति लोगों को बहुत सता रही है। बेबी डॉल गाने पर रुतुजा जुनारकर और कोरियोग्राफर आशीष पाटिल की डांस परफॉर्मेंस देखते ही बनती थी। रुतुजा ने दयाबेन के अभिनय की नकल कर सभी को अचंभे में डाल दिया।

रुतुजा जुनारकर पुणे की हैं और उन्होंने दयाबेन के चरित्र की बिलकुल सटीक नकल कर अपनी अभिनय प्रतिभा का परिचय दिया। उनके इस कौशल को देखकर जेठालाल बने दिलीप जोशी चकित होकर रह गए। उन्होंने कहा, 'एक सेकेंड को मुझे भी लगा कि दिशा जी ही वहां नृत्य कर रही हैं। जिस प्रकार से उन्होंने स्टेज पर प्रवेश किया और नृत्य करना प्रारंभ कर दिया जो दिशा वाखानी द्वारा तारक मेहता शो में प्रस्तुत नृत्य के बिलकुल समान था। उन्होंने दिशा जी की ही वेशभूषा तथा उनके जैसा मेकअप किया था और यही कारण था कि मुझे लगा दिशा ही यहां नृत्य प्रस्तुत कर रही है।'

असित कुमार मोदी को भी रुतुजा की प्रस्तुति बहुत अच्छी लगी थी। उन्होंने बताया, 'क्या अभिव्यक्ति है! जब अभिव्यक्ति के साथ नृत्य प्रस्तुत किया जाता है तभी पूरा आनंद आता है। जो गरबा के साथ साथ आपने बीच में अलग अलग स्टेप किये हैं जो अक्सर हमारी दया भाभी करती हैं... कुछ करते करते अलग जगह पर बह जाती हैं। मैं आज इस मंच से एक चीज लेकर जाना चाहता हूं। आप ये दया भाभी को हमारे शो पर दे दीजिये।'

लोगों के शोर के बीच असित मोदी ने कहना जारी रखा, 'हमारी दिशा वकानी ने जो मेहनत की थी इस किरदार के लिए, और आज भी हम सब महसूस कर रहे हैं, उनकी कमी हमारे शो में, तो अगर कभी भी ऐसा लगा, तो मैं आपसे (रुतुजा से) गुजारिश करूंगा ... क्या लगता है जेठा भाई?' इसपर जेठा बने दिलीप जोशी ने कहा, 'फुल्ल मार्क्स! चलो एक छोटा सा ऑडिशन ले ही लो... मौका भी है दस्तूर भी!'

गीता कपूर ने कहा, 'मैं भी आशीष से इस ऐक्ट के बाद जाकर कहने वाली थी कि दया भाभी अकेले डांस कर रही हैं रुतुजा को क्यों लेकर नहीं आते? दया का चरित्र महत्वपूर्ण है और इसे दिशा वकानी ने बहुत मंझे ढंग से किया भी है।

उनकी शारीरिक भाषा और जिस प्रकार से वो अपना जबड़ा बाहर निकाल कर चरित्र में समाहित होती हैं वो बहुत सुंदर है। वो ऐसी हैं नहीं लेकिन वो ऐसा करके चरित्र को जीवंत कर देती हैं। मुझे अब भी ये बात अच्छी लगती है कि वो अपने मायके में है और अब तक आई नहीं है और आपने आजतक किसी और को उनकी जगह नहीं दी है। और अगर आप रुतुजा को ये ऑफर कर रहे हैं तो मैं आपकी कृतज्ञ हूं। रुतुजा आपकी मेहनत जरूर रंग लाएगी। ये मेहनत न एक दिन अवश्य रंग लाएगी।'

असित कुमार मोदी के निवेदन पर, चूंकि पूरी टीम दया बेन और जेठा लाल का गरबा देखना चाह रही थी, रुतुजा और दिलीप जोशी ने स्टेज पर गरबा प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने भूरि भूरि प्रशंसा की।

# राजवीर बनेंगे नील का नया अवतार

**ज़ी टीवी** पर चल रहे फिक्शन ड्रामा 'कुर्बान हुआ' दर्शकों को बहुत पसंद आ रहा है। इसमें नील और चाहत के जीवन में बहुत उथल पुथल हो रही है। उन्होंने अपने अपने परिवार के उपकारों के चलते निहित स्वार्थ के कारण ही ये विवाह किया था। नील जहां एक ओर चाहत के पिता डा. बेग जो गायनेकॉलिजिस्ट हैं, और वो उन्हे अपनी गर्भवती बहन की मृत्यु के लिए जिम्मेदार मानता है जबकि चाहत इस प्रकरण में अपने पिता को क्लीन चिट दिलाने के लिए उसके परिवार का हिस्सा बनकर इसकी तह तक जाना चाहती है।

आने वाले एपिसोड्स में दर्शकों को अनेक उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। चाहत जहां एक ओर नील के लिए करवा चौथ का व्रत रखती है तो नील फैक्टरी में एक दुर्घटना का शिकार हो जाता है जिसमें लावा गिरने के कारण उसका चेहरा और शरीर विकृत हो जाता है। सभी को लगता है जैसे वे नील को खो देंगे लेकिन कई जटिल कॉस्मेटिक सर्जरी



के बाद अंतत: नील बच जाता है लेकिन उसका चेहरा बदल जाता है। इसके बाद से अभिनेता राजवीर सिहं, करन जोतवानी के स्थान पर नील का चरित्र निभाएंगे।

राजवीर सिंह ने इस शो में आने पहले से चल रहे शो में आना चरित्र के बारे में शोध और सीखने के रास्ते खोलता है। उस चरित्र की दूसरे चरित्रों के साथ का तालमेल भी ध्यान रखना होता है। इसलिये मैं इसे एक अवसर मानते हुए शो में कुछ नयापन

**आने वाले एपिसोड्स में दर्शकों को अनेक उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। चाहत जहां एक ओर नील के लिए करवा चौथ का व्रत रखती है तो नील फैक्टरी में एक दुर्घटना का शिकार हो जाता है जिसमें लावा गिरने के कारण उसका चेहरा और शरीर विकृत हो जाता है।**

पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'मैं बहुत उत्साहित हूं क्योंकि मैंने पहले ऐसा रोल नहीं किया है। किसी स्थापित चरित्र को करना बहुत कठिन दायित्व होता है और पिछले अभिनेता द्वारा उस चरित्र के लिए स्थापित मानकों का ध्यान भी रखना पड़ता है। लाने का प्रयास करूंगा।

लॉकडाउन के बाद ये मेरा पहला शो होगा अत: मै अपने नए अवतार की प्रतीक्षा कर रहा हूं और मैं आशा करता हूं और मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि मैं दर्शकों को उनके नील की कमी न अखरने दूं।

# समानांतर या नायक के किरदारों में बंधना मुझे पसंद नहीं : दिव्येंदु



**मुंबई।** अभिनेता दिव्येंदु का कहना है कि एक कलाकार के तौर पर वह अपनी ऊर्जा का उपयोग अपने किरदार को समझने में करना चाहते हैं। किरदार नायक का हो या कोई समानांतर चरित्र, उन्हें इस बात से फर्क नहीं पड़ता।

लव रंजन की 2011 में आई फिल्म प्यार का पंचनामा से बॉलीवुड में पहचान बनाने वाले दिव्येंदु फिलहाल अमेजन प्राइम की सीरीज मिर्जापुर में मुन्ना त्रिपाठी के किरदार में शानदार अदाकारी के लिए प्रशंसा बटोर रहे हैं। 37 वर्षीय अभिनेता का कहना है कि जब परतदार और दिलचस्प किरदारों की बात आती है तो वह स्वार्थी हो जाते हैं। दिव्एंदु ने पीटीआई-भाषा को बताया, एक कलाकार के तौर पर मैं बहुत स्वार्थी हूं। अगर किरदार अच्छा है तो मैं उसे समझना चाहता हूं, मुझे किरदार के नायक या सहायक समानांतर होने से फर्क नहीं पड़ता। आपको इन चीजों से परे उठने की कोशिश करनी चाहिए। अभिनेता का मानना है कि ओटीटी मंचों ने कलाकारों को उनके किरदारों को गहराई से समझकर निभाने का मौका दिया है। उन्होंने कहा, पूरी सीरीज में आठ-नौ एपिसोड होते हैं और हर किरदार को पूरा स्थान और सम्मान मिलता है। यह सिनेमा की तरह नहीं है जहां आपको दो-ढाई घंटे में फिल्म पूरी करनी होती है। ओटीटी पूरी तरह से किरदारों पर केंद्रित है। दिव्एंदु फिलहाल अपनी नई सीरीज बिच्छू का खेल के प्रचार में व्यस्त हैं। यह सीरीज अपराध, प्रतिशोध और राजनीति पर आधारित है।अभिनेता ने जोर देकर कहा कि इस समय दर्शकों को अपराध और प्रतिशोध वाली कहानियां पसंद आ रही हैं।

उन्होंने कहा, यह एक नई शैली है जिसे हम भुना रहे हैं। इस समय के लेखक और फिल्मनिर्माता उत्तर प्रदेश जैसे अन्य प्रदेशों के छोटे कस्बों से निकल कर आ रहे हैं और उनकी कहानियां उनके आसपास हो रही घटनाओं पर आधारित होती हैं। इसी वजह से उनमें वास्तविकता और गहराई होती है। दिव्एंदु ने कहा, यह दुनिया मेरी दनिया से बिल्कुल अलग है लेकिन मुझे ए घटनाएं और कहानियां आकर्षित करती हैं। उन्होंने बताया कि बिच्छू का खेल 18 नवंबर से आल्टबालाजी पर प्रसारित होगा और यह मिर्जापुर से बिल्कुल अलग है लेकिन दोनों में विषय को लेकर समानाताएं हैं।उन्होंने कहा, मेरा किरदार एकदम शांत और सौम्य है। वह दिमाग की बजाय दिल से सोचता है। यह सीरीज फिल्मी संवादों और 80-90 के दशक के संगीत के साथ एकदम अलग है। दिव्एंदु ने बताया, यह एक लड़के की कहानी है जो लेखक बनना चाहता है। लेकिन एक दिन उसे पता चलता है कि उसके पिता की हत्या कर दी गई है और उसकी जिंदगी पूरी तरह बदल जाती है। अब उसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि यह किसने और क्यों किया।

# दीपिका की प्रबंधक की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित

**मुंबई।** एक स्थानीय अदालत ने बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की प्रबंधक करिश्मा प्रकाश की मादक पदार्थ मामले में अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई शनिवार को 10 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। इस मामले की जांच कर रहे स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने पिछली सुनवाई के दौरान अदालत को बताया था कि वह अभी प्रकाश के खिलाफ कोई सख्त कार्वाई (जैसे गिरफ्तारी) नहीं करेगा। विशेष लोक अभियोजक अतुल सर्पांडे ने कहा कि एनसीबी का आश्वासन जारी रहेगा लेकिन प्रकाश को जांच में सहयोग करना होगा। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से संबंधित मादक पदार्थ मामले की जांच कर रहे एनसीबी ने सिंतबर में प्रकाश से पूछताछ की थी और पिछले महीने फिर से उन्हें पूछताछ के लिए तलब किया गया था। इस मामले में गिरफ्तारी के डर के चलते प्रकाश ने विशेष एनडीपीएस अदालत के समक्ष अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। पिछली सुनवाई में प्रकाश के वकील ने कहा था कि वह जांच में सहयोग करेंगी और एनसीबी के समक्ष पेश होंगी।



# अनुपम खेर ने अपनी नई किताब योर बेस्ट डे इज टुडे का मुखपृष्ठ जारी किया

**मुंबई।** अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी नई किताब योर बेस्ट डे इज टुडे का मुखपृष्ठ शनिवार को जारी किया। खेर ने शुक्रवार को अपनी नई पुस्तक की घोषणा की थी जिसमें उन्होंने कोरोना वायरस संक्रमण के कारण लागू देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान के अपने अनुभवों को साझा किया है। खेर ने ट्विटर पर अपनी किताब का मुखपृष्ठ साझा किया, जिसमें खेर की तस्वीर है और उनके बगल में किताब का शीर्षक लिखा है। उन्होंने लिखा, भाइयों और बहनों, अपनी तीसरी किताब योर बेस्ट डे इज टुडे का मुखपृष्ठ पेश कर रहा हूं। उम्मीद है कि आपको पसंद आएगा। इस पुस्तक में खेर ने लॉकडाउन के दौरान के अपने अच्छे और बुरे अनुभवों को साझा किया है, खासतौर पर तब जब उनकी मां दुलारी और भाई राजू खेर को कोरोना वायरस का संक्रमण हुआ था। खेर इससे पहले भी दो पुस्तक लिख चुके हैं।



# मॉडल मिलिंद सोमन के खिलाफ गोवा में निर्वस्त्र दौड़ने पर मुकदमा

**पणजी।** गोवा पुलिस ने मॉडल मिलिंद सोमन के खिलाफ अश्लीलता फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। यह मुकदमा सोमन द्वारा कथित तौर पर यहां के एक तट पर निर्वस्त्र दौड़ते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट करने के सिलसिले में दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इस बाबत बृहस्पतिवार को राजनीतिक संगठन गोवा सुरक्षा मंच (जीएसएम) ने एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया।सोमन ने



अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें वह अपने 55वें जन्मदिन के मौके पर एक तट पर निर्वस्त्र दौड़ते हुए दिख रहे हैं। पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) पंकज कुमार सिंह ने बताया, गोवा सुरक्षा मंच की शिकायत पर सोमन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 294 (सार्वजनिक स्थल पर अश्लील कृत्य करना) और सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में सोमन ने फोटे खींचने का श्रेय अपनी पत्नी अंकिता कुंअर को दिया है। जीएसएम ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि मॉडल ने सार्वजनिक स्थान पर अश्लीलता की है। संगठन ने यह भी कहा कि तस्वीर गोवा को गलत तरीके से पेश करती है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को दक्षिण गोवा के कैनाकोना शहर में सरकारी संपत्ति में अनधिकृत तरीके से प्रवेश करने और एक बांध पर आपत्तिजनक वीडियो शूट करने के आरोप में अभिनेत्री-मॉडल पूनम पांडे और उनके पति को गिरफ्तार किया था।